# LOK SABHA DEBATES

**(Part I — Proceedings with Questions and Answers)**

***The House met at Eleven of the Clock***

**Monday, July 29, 2024 / Sravana 7, 1946 (Saka)**

## HON'BLE SPEAKER

**Shri Om Birla**

## PANEL OF CHAIRPERSONS

Shri Jagdambika Pal

Shri P. C. Mohan

Shrimati Sandhya Ray

Shri Dilip Saikia

Kumari Selja

Shri Raja A.

Dr. Kakoli Ghosh Dastidar

Shri Krishna Prasad Tenneti

Shri Awadhesh Prasad

# LOK SABHA DEBATES

## PART I – QUESTIONS AND ANSWERS

**Monday, July 29, 2024 / Sravana 7, 1946 (Saka)**

**CONTENTS** **PAGES**


| | |
|---|---|
| **REFERENCE RE: FELICITATIONS TO MS. MANU BHAKER ON WINNING BRONZE MEDAL AT PARIS OLYMPICS** | **1** |
| **ORAL ANSWERS TO STARRED QUESTIONS (S.Q. NO. 81 – 85)** | **1A – 30** |
| **WRITTEN ANSWERS TO STARRED QUESTIONS (S.Q. NO. 86 – 100)** | **31 – 50** |
| **WRITTEN ANSWERS TO UNSTARRED QUESTIONS (U.S.Q. NO. 921 – 1150)** | **51 – 280** |

**Uncorrected – Not for Publication** **LSS-D-II**

सत्यमेव जयते

# LOK SABHA DEBATES

**(Part II - Proceedings other than Questions and Answers)**

**Monday, July 29, 2024 / Sravana 7, 1946 (Saka)**

# LOK SABHA DEBATES

## PART II – PROCEEDINGS OTHER THAN QUESTIONS AND ANSWERS

*Monday, July 29, 2024 / Sravana 7, 1946 (Saka)*

**C ON T E N T S** **P A G E S**


| | |
|---|---|
| RULING RE: NOTICES OF ADJOURNMENT MOTION | 281 |
| PAPERS LAID ON THE TABLE | 282 - 98 |
| STATEMENTS RE: STATUS OF IMPLEMENTATION OF RECOMMENDATIONS IN 327TH, 332ND, 339TH, 344TH, 351ST, AND 357TH REPORTS OF STANDING COMMITTEE ON EDUCATION, WOMEN, CHILDREN, YOUTH AND SPORTS – LAID | 299 |
| Shrimati Raksha Nikhil Khadse | |
| ELECTION TO COMMITTEE | 300 |
| National Tiger Conservation Authority | |
| MATTERS OF URGENT PUBLIC IMPORTANCE | 301 - 20 |
| MATTERS UNDER RULE 377 – LAID | 321 - 32A |
| Shri Anup Sanjay Dhotre | 321 |
| Shri Rodmal Nagar | 321 |
| Shri Devendra Singh Alias Bhole Singh | 322 |
| Shri Raju Bista | 322 |
| Shri Pratap Chandra Sarangi | 323 |
| Shri Suresh Kumar Kashyap | 323 |
| Shri Alok Sharma | 324 |
| Captain Brijesh Chowta | 324 |
| Shri Dilip Saikia | 324 |
| Shri Bhartruhari Mahtab | 325 |

| | |
|---|---|
| Shri Dushyant Singh | 325 |
| Shri Ananta Nayak | 326 |
| Md. Rakibul Hussain | 326 |
| Shri Tanuj Punia | 327 |
| Dr. Shivaji Bandappa Kalge | 327 |
| Sushri Praniti Sushilkumar Shinde | 327 |
| Shri Ramashankar Rajbhar | 328 |
| Sushri Iqra Choudhary | 328 |
| Shri Bapi Haldar | 329 |
| Shri Kirti Azad | 329 |
| Shri Eswarasamy K. | 330 |
| Shri Dinesh Chandra Yadav | 330 |
| Shri Sanjay Dina Patil | 331 |
| Shri Amra Ram | 331 |
| Shri Maddila Gurumoorthy | 332 |
| Shri Rahul Kaswan | 332 |
| Shri Rajiv Pratap Rudy | 332A |
| Shri Vishaldada Prakashbapu Patil | 332A |
| Shri Prashant Yadaorao Padole | 332A |
| GENERAL BUDGET - GENERAL DISCUSSION AND UNION TERRITORY OF JAMMU AND KASHMIR BUDGET - GENERAL DISCUSSION AND UNION TERRITORY OF JAMMU & KASHMIR - DEMANDS FOR GRANTS (Contd. - Inconclusive) | 333 - 460 |
| Shri Dimple Yadav | 333 - 35 |
| Shri Suresh Kumar Kashyap | 336 - 38 |

| | |
|---|---|
| Shri Asaduddin Owaisi | 339 - 44 |
| Shri N.K. Premachandran | 345 - 49 |
| Shri K. Radhakrishnan | 350 - 52 |
| Shri Lavu Srikrishna Devarayalu | 353 - 54 |
| Shri Rahul Gandhi | 355 - 67 |
| … | 368 - 69 |
| Shri Vishnu Datt Sharma | 370 - 74 |
| Shri Awadhesh Prasad | 375 - 77 |
| Shri P.V. Midhun Reddy | 378 - 80 |
| @ Shri Subbarayan K. | 381 |
| Shrimati Satabdi Roy Banerjee | 382 - 83 |
| Adv. Francis George | 384 - 88 |
| Shrimati Anupriya Patel | 389 - 93 |
| Shri Varun Chaudhary | 394 - 95 |
| Shri Aga Syed Ruhullah Mehdi | 396 - 98 |
| Shri Balashowry Vallabhaneni | 399 - 402 |
| Shri Brijmohan Agrawal | 403 - 05 |
| Shri Vishaldada Prakashbapu Patil | 406 - 08 |
| Shri Naveen Jindal | 409 - 12 |
| # Dr. Thol Thirumaavalavan | 413 |
| Shri Vijay Kumar Hansdak | 414 - 15 |
| Shri Raju Bista | 416 - 19 |
| Shri Ujjwal Raman Singh | 420 - 21 |
| % Shri Naresh Ganpat Mhaske | 422 - 24 |


---

@ For English translation of the speech made by the hon. Member, Shri Subbarayan K in Tamil , please see the Supplement (PP 381A to 381D).

# For English translation of the speech made by the hon. Member, Dr. Thol Thirumaavalavan in Tamil , please see the Supplement (PP 413A to 413C).

% For English translation of the speech made by the hon. Member, Shri Naresh Ganpat Mhaske in Marathi, please see the Supplement (PP 422 - 424 ).

| | |
|---|---|
| **Adv. Chandra Shekhar** | **425 - 28** |
| **Shri Rajkumar Roat** | **429 - 30** |
| **Shri Pradan Baruah** | **431 - 32** |
| **Shri Aditya Yadav** | **433 - 34** |
| **Dr. Indra Hang Subba** | **435 - 36** |
| **Shri Eatala Rajender** | **437 - 38** |
| **Shri Mohmad Haneefa** | **439 - 42** |
| **Shri Umeshbhai Babubhai Patel** | **443 - 44** |
| **Shri Saleng A. Sangma** | **445 - 46** |
| **Shri Darshan Singh Choudhary** | **447 - 48** |
| **@ Shri Amar Sharadrao Kale** | **449** |
| **Shri Phani Bhusan Choudhury** | **450** |
| **Shri Joyanta Basumatary** | **451** |
| **Shri Murari Lal Meena** | **452 - 53** |
| **Dr. Shiv Pal Singh Patel** | **454** |
| **Dr. Namdeo Kirsan** | **455** |
| **Shri G. Kumar Naik** | **456 - 57** |
| **Shrimati Kamaljeet Sehrawat** | **458 - 60** |


---

**@ For English translation of the speech made by the hon. Member, Shri Amar Sharadrao Kale in Marathi, please see the Supplement (PP 449A to 449D).**

# LOK SABHA DEBATES

## PART II –PROCEEDINGS OTHER THAN QUESTIONS AND ANSWERS

***Monday, July 29, 2014 / Sravana 7, 1946 (Saka)***

## S U P P L E M E N T


| CONTENTS | | | PAGES |
|---|---|---|---|
| XXX XXX | XXX | | XXX |
| Xxx xxx | xxx | xxx | |
| Xxx xxx | xxx | xxx | |
| xxx xxx | xxx | | xxx |
| GENERAL BUDGET - GENERAL DISCUSSION<br>AND<br>UNION TERRITORY OF JAMMU AND KASHMIR BUDGET - GENERAL DISCUSSION<br>AND<br>UNION TERRITORY OF JAMMU & KASHMIR - DEMANDS FOR GRANTS | | | 381A - 81D &<br>413A - 13C &<br>422 – 24 &<br>449A - 49D |
| xxx | xxx | xxx | xxx |
| Shri Subbarayan K. | | | 381A - 81D |
| xxx | xxx | xxx | xxx |
| Dr. Thol Thirumaavalavan | | | 413A - 13C |
| xxx | xxx | xxx | xxx |
| Shri Naresh Ganpat Mhaske | | | 422 – 24 |
| xxx | xxx | xxx | xxx |
| Shri Amar Sharadrao Kale | | | 449A - 49D |
| xxx | xxx | xxx | xxx |

(1100/GG/SRG)

1100 बजे

(माननीय अध्यक्ष पीठासीन हुए)

**सुश्री मनु भाकर द्वारा पेरिस ओलंपिक्स में कांस्य पदक जीतने पर बधाई**

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय सदस्यगण, दिनांक 28 जुलाई, 2024 को पेरिस ओलंपिक्स में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में भारत की सुश्री मनु भाकर ने कांस्य पदक जीत कर इतिहास रच दिया है। वे शूटिंग स्पर्धा में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी बन गई हैं। उनकी इस सफलता से पूरे देश में उत्साह और उमंग का वातावरण बन गया है।

मैं इस सदन की ओर से तथा स्वयं अपनी ओर से सुश्री मनु भाकर को उनकी शानदार उपलब्धि के लिए बधाई देता हूँ। हम पेरिस ओलंपिक्स में भाग ले रहे अपने अन्य खिलाड़ियों को भी शुभकामनाएँ देते हैं तथा आशा करते हैं कि वे भी अपने शानदार प्रदर्शन से इन खेलों में देश के मान और सम्मान में वृद्धि करेंगे।

-----

… (व्यवधान)

**डॉ. शशि थरूर (तिरूवनन्तपुरम) :** स्पीकर सर, जिस समय यह अच्छी विजय हुई, उसी वक्त तीन विद्यार्थियों की दिल्ली में मृत्यु हुई है।… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय सदस्य, इस को विषय शून्य काल में लेंगे।

… (व्यवधान)

**सुश्री बाँसुरी स्वराज (नई दिल्ली) :** अध्यक्ष जी, यह घटना मेरे क्षेत्र की है। … (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय सदस्य, आपको इस विषय पर शून्य काल में बोलने का मौका देंगे। यह आपके क्षेत्र का विषय है, इसलिए आपको प्राथमिकता देंगे।

… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष:** प्रश्न काल, प्रश्न संख्या 81,

श्री कल्याण बनर्जी।

**(Q. 81)**

SHRI KALYAN BANERJEE (SREERAMPUR): Hon. Speaker, Sir, the application of Artificial Intelligence (AI) in India is having an impact on employment in various ways. It is a very big concern, as according to the available records, in the near future, about 69 per cent of the people in the country will lose employment during the tenure of this Government. In term of job displacement, a lot of arenas are there. And importantly, AI-powered task automation may replace jobs in sectors like manufacturing, customer service, and data entry. AI-driven efficiency improvements might lead to reduced workforce requirement in certain industries. AI might make some jobs redundant, especially those involved in repetitive or routine tasks. So, through you, I would like to ask the hon. Minister whether the Central Government has a plan to address the problem which is going to be faced. Nearly 69 million people will be displaced. What is the plan of the Central Government to address this issue?

In addition, I have a request to you. This is such a burning issue. So, I would like to request you kindly to allow a discussion under Rule 55 on this issue.

**डॉ. मनसुख मांडविया :** माननीय अध्यक्ष जी, माननीय सदस्य ने जो प्रश्न उठाया है, वह एक प्रिडिक्शन पर आधारित है। वर्ष 2016 में, वर्ल्ड बैंक की एक टीम ने कहा कि ऑटोमाइज़ेशन से दस सालों में भारत में 69 पर्सेंट, चाइना में 77 पर्सेंट, इजिप्ट में 85 पर्सेंट और इथियोपिया में 85 पर्सेंट जॉब्स जाएंगी। माननीय स्पीकर सर, यह अनुमान वर्ल्ड बैंक ने लगाया। दस सालों के बाद वास्तविकता और अनुमान में अंतर था। जब देश में इंटरनेट आया तब भी ऐसी बातें होती थीं कि देश में जॉब्स जाएंगी, दुनिया में जॉब्स जाएंगी। जबकि, इंटरनेट आने के बाद जॉब्स नहीं गईं, बल्कि नई जॉब्स क्रिएट हुईं। समय-समय पर किसी अनुमान के आधार पर कोई बात करते हैं तो उसका इफेक्ट यहां आ जाएगा और देश में जॉब्स कम हो जाएंगी, ऐसा नहीं है। जब देश में कम्प्यूटर आया, जब देश में मोबाइल आया, तब भी ऐसी बात होती थी कि देश में लोगों की नौकरी जाएंगी और जॉब्स कम हो जाएंगी।

(1105/KDS/RCP)

माननीय स्पीकर सर, मैं आपसे यह कहना चाहता हूं कि मोबाइल आया, मोबाइल से बात-चीत हो जाती है, मेल से बात-चीत हो जाती है। तो क्या रेलवे में कभी ट्रैफिक हुआ? इतना कम्युनिकेशन बढ़ा तो एयर ट्रिप में एयरपोर्ट पर कभी भीड़ कम हुई क्या? यह अनुमान है और जब मैं हेल्थ मंत्रालय में कोविड देख रहा था, उस वक्त मैं दुनिया के साथ बात कर रहा था। दुनिया में

कोविड चल रहा था, तो दुनिया अनुमान लगाती थी कि हिंदुस्तान में जितनी मृत्यु होंगी, उसके आधार पर दुनिया में मृत्यु काउंट होंगी।

स्पीकर सर, मुझे खुशी है कि पोस्ट कोविड पर मिलियन पॉपुलेशन पर इंडिया में सबसे कम मृत्यु हुई हैं, जो सत्य है। … (व्यवधान) इसलिए कल्याण जी, मैं आपको जवाब देता हूं कि यह अनुमान है कि कोई चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। सत्य आपके सामने दिख रहा है कि इंडियन इकोनॉमी 6 टू 7 परसेंट ग्रो कर रही है। जब देश की इकोनॉमी 7 टू 8 परसेंट ग्रो करती है, वह तब करती है, जब मैनुफैक्चरिंग बढ़ती है, सर्विस सेक्टर बढ़ते हैं, जब परचेज पावर बढ़ती है। जब ये सब होता है, तो ऑटोमैटिक रोजगार के अवसर भी बढ़ते हैं। चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। आज भी नैशनल सर्विस सेंटर पोर्टल पर जाइए, 19 लाख जॉब्स आज भी, 30 लाख जॉबदाता ने, कंपनियों ने रखी हैं कि आइए, यहां अप्लाई करिए। मैं पोर्टल की बात कर रहा हूं। यहां से बाहर जाकर तुरंत ही देखें। आपके परिवार में भी किसी को जॉब चाहिए और उसकी आवश्यकता के अनुसार क्वालिफिकेशन होगी, तो उसको भी जॉब मिलेगी। देश में जॉब की कमी नहीं है।

SHRI KALYAN BANERJEE (SREERAMPUR): This is not an answer that you have given. Anyway, we have to tolerate these things. This is an answer to avoid the answer. You did not reply to the question.

Sir, anyway, my second supplementary is this. It is nice to see from the reports of the Central Government regarding State-wise estimated unemployment during 2022-23 that so far as West Bengal is concerned, the unemployment rate is only 2.2 per cent, whereas in Kerala, in such a literate State, it is seven per cent and in Rajasthan, it is four per cent. In the Answer, it has been given that the various Ministries/Departments of the Government of India like the Ministry of Micro, Small and Medium Enterprises, etc. are implementing different employment generation schemes. You have mentioned about different schemes. I do not want to repeat them. What is employment? Regarding employment, there should be a relationship of an employee and an employer. It consists of posts. Some jobs can be created because of introduction of certain schemes. But it does not create an employer and employee relationship. Employment is completely a different thing. Earlier, in our country, the concept of employment was employment in the Central Government, State Government, private sector, etc. Laws were made applicable before termination. Like in the Central Government, laws are there, in the private sector, the Industrial Disputes Act was made applicable so that labour should not remain unemployed because of the hire and fire policy of any

employer. Now, whereas the Central Government is having a scheme today, in the private sector you do not have any control. The hire and fire policy is being applied and so many workers are being thrown out.

My question, therefore, is this. How will you save the workers, how will you give the security of employment in the minds of the workers who are working in a private establishment? I would also like to know whether you are seriously thinking to bring a legislation to control the private sector so that the hire and fire policy is not applied and the workers are not thrown out of employment.

(1110/KDS/PS)

**डॉ. मनसुख मांडविया :** स्पीकर सर, नौकरी में नौकरीदाता कभी अपने कर्मचारियों को निकालना नहीं चाहता, … (व्यवधान) लेकिन यदि उसे दूसरी जगह पर नौकरी मिलती है, किसी अच्छी जगह पर अवसर मिलता है या कोई फैक्ट्री या उसकी यूनिट बंद होती है, तो ऐसी स्थिति में कामदार को दूसरी जगह पर जाना पड़ता है।

आपने क्वोट किया है कि वेस्ट बंगाल में ढाई परसेंट अनइम्प्लॉयमेंट रेट है। देश की पॉपुलेशन की 7 प्रतिशत आबादी बंगाल में है और 075 परसेंट एफडीआई बंगाल में आ रही है। उसे बढ़ाने की आवश्यकता है। बंगाल देश का ही भाग है। मुझे उसके लिए कोई और कमेंट नहीं करना है। जब किसी राज्य में इंडस्ट्रीज आती हैं, सर्विस सेक्टर बढ़ता है, तब जाकर रोजगार निर्माण होता है। आपको इंडस्ट्रीज के सामने आंदोलन करना है और इंडस्ट्रीज बंद हो जाएं, कर्मचारी फ्री हो जाएं, तो कहते हैं कि उसके रोजगार की गारंटी दो। यह नहीं हो सकता। … (व्यवधान)

दूसरा, मैं अश्योर करना चाहूंगा कि वर्ष 2014 से पहले स्थिति यह थी कि दुनिया के डेटा की बात यहां हुआ करती थी। इंडिया में डेटा जेनरेट करना, उसके लिए रॉबस्ट सिस्टम करना, ऐसी कोई बात ही नहीं होती थी। मोदी सरकार जब से है, तब से सरकार ने तैयारी की कि डेटा जेनरेशन का सिस्टम देश में ही हो। बाहर तो होता है, लेकिन डेटा देश में क्रिएट होना चाहिए, जेनरेट होना चाहिए। यह डेटा विश्व में आज, हमारे यहां से लेबर फोर्स पार्टिसिपेशन डेटा है, दुनिया में उसकी सराहना की जाती है। यह डेटा वर्ष 2017-18 में पार हुआ।

**माननीय अध्यक्ष** : माननीय मंत्री जी एक प्रश्न में बीस-बीस मिनट नहीं लगेंगे।

**डॉ. मनसुख मांडविया** : स्पीकर सर, नहीं करूंगा, लेकिन मुझे रिप्लाई तो अच्छी तरह से देना चाहिए। मुझे अवसर दीजिए। इस माध्यम से मैं देश को बताना चाहता हूं कि भारत सरकार का ऑथेंटिक डेटा, जब हमारे एलएपीआर का सर्वे वर्ष 2017-18 में हुआ, तब देश में कुल मिलाकर 38 परसेंट लेबर पार्टिसिपेशन रेट था, जो बढ़कर आज 44 परसेंट है। वर्क पॉपुलेशन रेशियो 2017-18 में 31 परसेंट था, आज बढ़कर 40 परसेंट हुआ। अनइम्प्लॉयमेंट के लिए आपने ही कहा है कि 3 परसेंट से नीचे होना चाहिए, जो क्वेश्चन्स मैं पढ़ रहा था, वह भी आज कम होकर वर्ष 2017-18 में … (व्यवधान)

SHRI KALYAN BANERJEE (SREERAMPUR): Are you understanding the question?

DR. MANSUKH MANDAVIYA: I am understanding it very well. आपको भी समझता हूं और प्रश्नों को भी समझता हूं, बंगाल को भी समझता हूं, देश को भी समझता हूं। अनइम्प्लॉयमेंट रेट 6 परसेंट था, मोदी सरकार में इम्प्लॉयमेंट जेनरेशन हुआ, कई तरह की योजनाएं चलाई गई, लोगों को रोजगार का अवसर मिला और अनइम्प्लॉयमेंट रेट आज 3.2 परसेंट है और भविष्य में 3 परसेंट से कम जाएगा।

**माननीय अध्यक्ष** : मैं एक बात बताऊं, माननीय सदस्यों से मैंने आग्रह किया था कि बैठे-बैठे नहीं बोलें। जो सदस्य बैठे-बैठे बोलते हैं और मंत्रीगण उनका उत्तर देने लग जाते हैं, आप उनका उत्तर क्यों देते हैं? जो बैठे-बैठे बोलते हैं, उनका उत्तर ही मत दें, नोटिस ही न करें। आप स्पीकर की तरफ देखकर बात करें।

… (व्यवधान)

**श्री विष्णु दत्त शर्मा (खजुराहो) :** अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि सरकार ने युवाओं के रोजगार के संबंध में क्या कदम उठाए हैं? साथ ही उद्योगों में जो रिकॉर्ड स्किल्स हैं, उसमें डिमांड और सप्लाई के बीच में जो गैप है, उसके बारे में सरकार की क्या योजना है?

(1115/MY/SMN)

**डॉ. मनसुख मांडविया:** स्पीकर सर, यह जो बजट है, यह बजट ही युवा सेंट्रीक है, एम्प्लॉयमेंट सेंट्रीक बजट है। हमने पाँच साल में चार लाख यूथ के लिए, एम्प्लॉयमेंट जेनरेशन के लिए दो लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। यह आने वाले दिनों में देश के युवाओं के रोजगार सृजन के लिए बहुत उपयोगी होगा। आज भी देश के युवाओं के रोजगार के अवसर के लिए स्टैंड अप इंडिया, स्टार्ट अप इंडिया, मेक इन इंडिया के तहत कई टाइप के सेल्फ एम्प्लॉयमेंट, सेल्फ ऑन्ट्रप्रेन्योरशिप को प्रोत्साहित करने के लिए मदद की जाती है।

(इति)

**माननीय अध्यक्ष:** माननीय सदस्य, आप नए सदस्य हैं। जब तक आपका नाम नहीं बुलाया जाए, तब तक सदन में हम इस तरह से नहीं उठते हैं। हाथ देने से उठ नहीं जाते हैं।

… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष:** माननीय सदस्य, आप तो सीनियर सदस्य हैं। आपको बिल्कुल नहीं उठना चाहिए।

प्रश्न संख्या 82, श्री चन्द्र प्रकाश जोशी।

**(प्रश्न 82)**

**श्री चन्द्र प्रकाश जोशी (चित्तौड़गढ़) :** माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से एक महत्वपूर्ण विषय पर माननीय मंत्री महोदय से निवेदन करना चाहता हूं। पॉल्यूशन को लेकर माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में पिछले दस वर्षों में कई नवाचार हुए हैं। शहरों और गांवों में गंदगी को मिटाने और प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए कई नवाचार हुए हैं। लेकिन, अभी भी शहरों, कस्बों और गांवों में देखा जाता है कि कई इंडस्ट्री ऐसी होती हैं, जिनमें चाहे भूमि प्रदूषण हो, चाहे वायु प्रदूषण हो, चाहे जल प्रदूषण हो, इस प्रकार से उसके गंदे पानी को नदियों में बहा दिया जाता है। वहां पशु मरते हैं और आदमी पानी भी नहीं पी सकता है। इस प्रकार के प्रदूषण को नियंत्रण करने के लिए सरकार क्या प्रयास कर रही है? कई बार आसपास की खेती बंजर हो जाती है। ऐसी स्थिति में चाहे पीने का पानी हो, चाहे खेती का मुआवजा हो, इसके लिए क्या इस प्रकार का कोई मैकेनिजम बना है, जिससे उनकी पहचान करके लोगों की मदद की जा सके?

**श्री भूपेन्द्र यादव:** माननीय अध्यक्ष महोदय, नेशनल क्लीन एयन मिशन प्रोग्राम में पिछले दस वर्षों के अंतर्गत 15वें वित्त आयोग द्वारा 11,210 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए। जैसा कि माननीय सदस्य ने प्रश्न उठाया है, यह जो कार्यक्रम है, इसके अंतर्गत एयर क्वालिटी, वाटर क्वालिटी और सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट, इसके साथ-साथ दस मेनेजमेंट के लिए पैसा उपलब्ध कराया जाता है। जहां तक पानी के पॉल्यूशन का विषय है, माननीय सदस्य महोदय ने यह सही विषय उठाया है। हमने जिन 131 शहरों का चुनाव किया है, उनको इसी आधार पर लिया है कि उन्होंने विगत पांच वर्षों के एयर क्वालिटी के स्टैंडर्ड नहीं छुए है, जिसमें सारे विषय शामिल हैं। उसमें पानी का भी है, वायु का भी है, सॉलिड वेस्ड मैनेजमेंट का भी है। उसके लिए धनराशि प्रदान की जाती है। मैंने 131 शहरों की सूची भी इसके साथ संलग्न की है। उसमें हमारे द्वारा वाटर क्वालिटी को सुधारने के कार्य लगातार किये जाते हैं। इसकी सीपीसीबी के माध्यम से मॉनिटरिंग की जाती है और प्राण पोर्टल पर अपडेट भी होता है।

**श्री चन्द्र प्रकाश जोशी (चित्तौड़गढ़) :** माननीय मंत्री महोदय ने विस्तृत रूप से लिखित रूप में भी जवाब दिया है और अभी भी आपका जवाब आया है। पॉल्यूशन कंट्रोल के लिए कई बार प्लांटेशन किया जाता है और उसको बड़ी संख्या में सीएसआर में दर्शाया भी जाता है। क्या उसकी ऑडिट करने के लिए ऐसा कोई मैकेनिजम बना है, ताकि जो प्रदूषण हो, चाहे किसी भी प्रकार का हो, उसको कंट्रोल करने के लिए और जो प्लांटेशन है, निश्चित रूप से वह लगेंगे, उस क्षेत्र में प्रदूषण को नियंत्रित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे? क्या इस प्रकार का कोई कोई मैकेनिजम बना है कि कितने पौधे लगे हैं और कितने कार्यक्रम चल रहे हैं? इस बारे में मैं माननीय मंत्री महोदय से जानकारी चाहूंगा। बहुत-बहुत धन्यवाद।

**श्री भूपेन्द्र यादव:** माननीय अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य ने जो प्रश्न पूछा है, वह नेशनल क्लीन एयर मॉनिटरिंग का विषय है। उन्होंने एक सहायक प्रश्न उठाया है, जो पौधों के विषय में है। भारत सरकार में ग्रीन इंडिया मिशन के द्वारा यह कार्य किया जाता है।

अध्यक्ष महोदय, चूंकि माननीय सदस्य ने एक प्रश्न पूछा है। मैं एक महत्वपूर्ण विषय आपके माध्यम से सदन के संज्ञान में भी लाना चाहता हूं। इस पर्यावरण दिवस पर, 5 तारीख को माननीय प्रधानमंत्री जी के द्वारा एक बड़ा इनिशिएटिव 'एक पेड़ माँ के नाम' लागू किया गया है। मैंने आपके

माध्यम से सारे सांसद सदस्यों को पत्र भी लिखे हैं। हमने लोकल डीएफओ को इसका नोडल ऑफिसर बनाया है। चूंकि यह पृथ्वी हमारी माँ के समान है, माँ ही हमें जन्म देती है। पृथ्वी हमें खाने के लिए फ्रूट, एनर्जी, मेडिसीन से लेकर सब चीजें देती हैं। मैं आपके माध्यम से आह्वान भी करना चाहूंगा कि 'एक पेड़ माँ के नाम' एक मिशन है। यह ट्री प्लांटेशन के लिए एक बड़ा कार्यक्रम है। आपके माध्यम से यह सदन भी उसमें सहयोग करे, ऐसी हम अपेक्षा करते हैं।

**माननीय अध्यक्ष:** यह तो एक अच्छा प्रयास है। सभी माननीय सदस्य पर्यावरण के लिए चिंतित होकर पेड़ लगाने के अभियान को सफल बनाएं।

**श्री रोडमल नागर (राजगढ़) :** अध्यक्ष महोदय, ई-वेस्ट और सेमी कंडक्टर लेड इत्यादि से होने वाले प्रदूषण को नियंत्रित करने हेतु सरकार ने क्या-क्या कदम उठाए हैं?

**श्री भूपेन्द्र यादव:** अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य ने जो प्रश्न पूछा है, उन्होंने कहा है कि लेड वगैरह जो वायु में मिश्रित होते हैं या उससे जो पॉल्यूशन होता है, उसके लिए सरकार ने क्या कदम उठाया है। मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि केवल लेड ही नहीं, बल्कि हम जब किसी भी वायु की गुणवत्ता को जांच करते हैं तो हम उसमें देखते हैं कि कार्बनमोनो ऑक्साइड कितना है।

(1120/CP/SM)

नाइट्रोजन डी ऑक्साइड कितना है, सल्फर डी ऑक्साइड कितना है? पर्टिकुलर मैटर जो है, उसकी मात्रा और क्वांटिटी कितनी है? उसमें लेड भी आता है, उसमें डेजेन भी आता है, उसमें हाइड्रो कार्बन भी आता है। इन सबकी क्वालिटी को जब हम मॉनीटर करते हैं और किसी शहर में यह पाते हैं कि नॉन अटेनमेंट वह सिटी है, वह उन लक्ष्यों को पूरा नहीं कर पाता है तो फिर हम उसे नेशनल क्लीन मिशन प्रोग्राम में देते हैं। इसकी गुणवत्ता को सुधारने के लिए मैंने 15वें वित्त आयोग की जो राशि कही है, उस शहर में वायु की जो हानिकारक मात्रा है, उसको सुधारने के कार्यक्रम के लिए प्रदान करते हैं।

**श्री दीपेन्द्र सिंह हुड्डा (रोहतक) :** अध्यक्ष महोदय, मैं वायु प्रदूषण के संदर्भ में मंत्री जी से प्रश्न पूछना चाहूंगा। आईक्यू एयर की इस वर्ष प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार दुनिया के 50 सबसे वायु प्रदूषित शहरों में 42 हमारे देश में हैं। आपने नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम शुरू किया है। आपने उत्तर में विस्तृत जानकारी दी है कि सरकार को इसकी चिंता है, सरकार मॉनीटर कर रही है और योजनाएं बना रही है। आपके उत्तर में कहीं भी बजट का आबंटन नहीं दर्शाया गया है। इस गम्भीर समस्या के लिए क्या पर्याप्त बजट, जितना आप इस मामले को एड्रेस करने के लिए चाहते हैं, वह सरकार द्वारा आबंटित किया जा रहा है और उन योजनाओं का क्या ब्यौरा है? हम एनसीआर में देख रहे हैं कि ज्यादातर सरकार का ध्यान केंद्रित बजट आबंटन से समस्या का समाधान करने की बजाए, पेनाल्टीज़ लगाकर, जो किसान स्टबल बर्निंग हैं उन पर पेनाल्टीज़, व्हीकल पोल्यूशन पर पेनाल्टीज़, जो गाड़ियां इतने वर्ष से ज्यादा हो जाएं, उन गाड़ियों पर पेनाल्टीज़, पीनल एक्शन पर ज्यादा है। पीनल एक्शन के साथ-साथ इंसेंटिवाइज करके, बजट आबंटित करके इस ज्वलन्त समस्या का समाधान किया जाए।

**श्री भूपेन्द्र यादव:** अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य ने जो विषय कहा है कि हमने 131 शहरों का चुनाव किया है, उन 131 शहरों में लगातार वायु गुणवत्ता में सुधार करने के लिए हम कार्य कर रहे हैं। माननीय सदस्य ने दिल्ली के एनसीआर के विषय में प्रश्न किया है। यह जो कार्यक्रम चलाया जाता है,

हमने अपने एनेग्जर-2 में भी लिखा है, जैसे स्वच्छ भारत मिशन है, अटल मिशन फॉर रीजेन्युएशन एंड अर्बन ट्रांसफॉर्मेशन है, स्मार्ट सिटी मिशन है, सस्टेनेबल अल्टरनेटिव टूवर्ड्स अफोर्डेबल ट्रांसपोर्टेशन सिस्टम है, फास्टर एडॉप्टेशन एंड मैनुफैक्चरिंग ऑफ हाइब्रिड एंड इलेक्ट्रिक व्हीकल्स और नगर वन योजना, अगर इन सब योजनाओं को हम सम्मिलित रूप से दर्शाते हैं तो वे इस कार्यक्रम के अंतर्गत आते हैं। सरकार कोई जुर्माना लगाने का प्रयास नहीं कर रही। सरकार इसमें क्वालिटेटिव सुधार कर रही है। जैसे - दिल्ली के अंतर्गत हम वायु की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए बीएस-4 से बीएस-6 पेट्रोल पर गए हैं। दिल्ली में गुणवत्ता में सुधार करने के लिए हमने एक्सप्रेस-वे बनाए हैं, ताकि दिल्ली का मेन ट्रैफिक वहां से निकल जाए। पराली के लिए आप उत्तर में देखेंगे तो हमने लिखा है कि हमने सीएचसी सेंटर्स बनाए हैं, पराली के लिए मशीन्स दी हैं, किसानों को हायरिंग करने की सुविधा भी प्रदान की है। इवेन जो दिल्ली के आस-पास इंडस्ट्रियल पोल्यूशन होता है, उसमें हमने इंडस्ट्रीज़ को पीएनजी के ऊपर डॉयवर्ट करने का भी काम किया है। जो हमारे डीजी सेट लगते हैं, उनमें भी सुधार और गुणवत्ता के लिए हमने कार्य किया है। एयर क्वॉलिटी और वेस्ट मैनेजमेंट के लिए जो काम किए हैं, वे पूरे विस्तार से मैंने एनेग्जर-2 में लिखे हैं। माननीय सदस्य उसको ध्यानपूर्वक देखेंगे, मैं ऐसी अपेक्षा करता हूं।

**डॉ. राजेश मिश्रा (सीधी) :** अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि पर्यावरण प्रदूषण को रोकने के लिए, हॉस्पिटल वेस्ट मैनेजमेंट के लिए क्या बजट है? चूंकि हॉस्पिटल वेस्ट मैनेजमेंट को खत्म करने का सबसे अच्छा तरीका इंसिनरेटर होता है, तो कितने जिलों में इंसिनरेटर लगे हैं और जहां नहीं लगे हैं, वहां पर आगे क्या योजना है, ताकि हॉस्पिटल वेस्ट मैनेजमेंट की वजह से होने वाले प्रदूषण को रोका जा सके?

**श्री भूपेन्द्र यादव:** माननीय अध्यक्ष महोदय, 15वें वित्त आयोग के द्वारा जो राशि प्रदान की जाती है और विभिन्न राज्यों की जो समन्वित योजनाएं हैं, उनको लेकर कार्य होते हैं। 131 शहर भी अपने-अपने शहर के हिसाब से सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के लिए काम करते हैं। माननीय सदस्य को जिस पर्टिकुलर शहर में इसकी जानकारी चाहिए होगी, मैं उनको उपलब्ध करा दूंगा।

SHRI CHAMALA KIRAN KUMAR REDDY (BHONGIR): Sir, this question is regarding my Bhongir Lok Sabha constituency. There has been continuous pollution due to pharma and chemical industries in my constituency. Nearly ten to fifteen pharma and chemical industries are polluting the groundwater and soil. They are also emitting chemical gases in the air.

(1125/RP/NK)

Unfortunately, these companies are being operated by corporates and one of the Members in the Upper House also. The Environment Ministry kept the pharma industries in non-polluting category and the Central Government left the penal action to the State Pollution Boards. If the Boards do not take action, who will save the environment? At the same time, I would like to request the Government to conduct a comprehensive and impartial inspection with the help

of experts consisting of scientists from CPCB and the Indian Institute of Chemical Technology to save the environment because a lot of people who are suffering. There is an apathetic situation.

1126 hours (Shri Jagdambika Pal *in the Chair*)

**श्री भूपेन्द्र यादव:** माननीय सभापति महोदय, विभिन्न राज्यों में पॉल्यूशन का जो विषय है, चूंकि हमारे यहां संघीय ढांचा है। सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड केवल डायरेक्शन देता हूं, इश्यूज देता है। लेकिन स्टेट मैनेजमेंट का विषय स्टेट पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड द्वारा किया जाता है। अगर किसी एक विशेष शहर का कोई ऐसा मामला है, जिसमें नियमों का उल्लंघन हुआ है तो माननीय सदस्य मेरे संज्ञान में ला सकते हैं, लेकिन इसकी प्राथमिक जिम्मेदारी संघीय ढांचे के अंतर्गत स्टेट पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड की है।

**श्री राजीव प्रताप रूडी (सारण) :** माननीय सभापति, जब हमारा जन्म होता है, जन्म से लेकर अंतिम सांस तक, एक चीज हमारे शरीर में है, जो बिना किसी कन्डीशन्स के चलता रहता है, वह हमारा हार्ट है। उसको कुछ नहीं चाहिए, उसको स्वच्छ ऑक्सीजन चाहिए, चाहे हम रोते रहें, चाहे जगे रहें, चाहे गुस्से में हों, सोये रहें, वह हमेशा अपना काम करता रहता है। एक ऐसी चीज है, जिसके बारे में हम सोचते नहीं है। लेकिन हमारे जीवन का अंश वही है, जन्म से लेकर मृत्यु तक बिना किस पूछताछ के अपनी सेवा करता रहता है, उसके लिए स्वच्छ ऑक्सीजन की जरूरत होती है और वह कुछ नहीं मांगता है। यह संघर्ष उसी ऑक्सीजन का है।

जो सूची दी गई है, माननीय मंत्री जी ने बहुत अच्छा काम किया है, हमारी सरकार ने बहुत अच्छा काम किया है। मेरा सवाल है, एक छोटा सा शहर है, जो जयप्रकाश जी का गांव है, बिहार में छपरा है। हमारे पास जो प्रतिवेदन है वह तीन लाख के शहरों में सबसे अधिक पॉल्यूटेड शहर है। आपने जो सूची बनायी है, वह पूरे देश के लिए लागू होती है, क्या छपरा को भी इस सूची में शामिल करके पॉल्यूशन फ्री कराने के लिए कोई कार्रवाई करेंगे? वैसे शहर जो छूट गए हैं, फिर से पुन: सर्वेक्षण कराकर सम्मिलित करना चाहेंगे और योजनाओं से लाभान्वित करना चाहेंगे। यह मेरा सवाल है, यह पूरे देश के लिए है।

**श्री भूपेन्द्र यादव:** माननीय सभापति महोदय, माननीय सदस्य कहना चाह रहे हैं कि सांस है तो आस है। वह अपने शहर के बारे में बात कर रहे हैं। मैं इनसे कहना चाहूंगा कि जो फाइनेंस कमीशन का पैसा है, वह वर्ष 2025 तक के लिए है और बाकी नए स्टैन्डर्ड के लिए कमेटी का गठन किया गया है। आईआईटी रूड़की और आईआईटी दिल्ली का अध्ययन चल रहा है और यह अभी विचाराधीन है।

(इति)

**(Q. 83)**

HON. CHAIRPERSON (SHRI JAGDAMBIKA PAL): Question No. 83 – Shrimati Pratima Mondal ji.

SHRIMATI PRATIMA MONDAL (JAYNAGAR): Thank you, Sir, for giving me an opportunity to ask a supplementary question.

Sir, I would like to know from the hon. Minister of Education through you about the steps taken by the Government to counter rising cases of students' suicides in Kota amidst the current scenario of anxiety faced by the students due to the ongoing NEET scam saga as the deserving students who put in efforts and families' resources lost seats and will be in mental stress of such reoccurrences.

SHRI SUKANTA MAJUMDAR: Hon. Chairman, Sir, I would like to inform the hon. Member through you that several initiatives have been taken by our Government to curb the incidents of suicides among the students.

(1130/NKL/SK)

As the hon. Member asked about suicides happening in Kota, let me share a data. As per the NCRB's Annual Report on the Accidental Deaths & Suicides in India, only 1.2 per cent of the total suicide cases are related to the failure in examination.

Now, I would like to come to the initiatives taken by our Department. Our Department has taken several initiatives, and I would like to mention some of them. 'Manodarpan' is an initiative taken by our Department, which covers a wide range of activities that provide psychological support to the students, teachers and their families. … (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON (SHRI JAGDAMBIKA PAL): Hon. Minister, you kindly address the Chair.

… (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: Sougata Ray ji, your Member has already raised a supplementary question. Kindly have patience.

… (*Interruptions*)

SHRI SUKANTA MAJUMDAR: Even in the case of Kota, as asked by the hon. Member, the information that we received from the Rajasthan Government is this. The Rajasthan Government had issued the guidelines for the coaching institutes first time in the year 2022. The second set of guidelines was issued

in the year 2023 which is enforced by the District Administration of Kota. These guidelines issued by the Rajasthan Government and implemented by the District Administration of Kota, works for the betterment of mental health. … (*Interruptions*)

**माननीय सभापति :** माननीय मंत्री जी, आपने कहा कि सरकार द्वारा उपाय किए गए हैं। यह विषय कन्करंट लिस्ट में है। राज्य सरकार द्वारा क्या उपाय किए गए हैं?

… (व्यवधान)

SHRI SUKANTA MAJUMDAR: Yes, Sir. As we know, this matter is under the Concurrent List. … (*Interruptions*) I would like to mention some of the measures that have been taken by the Kota Administration. … (*Interruptions*) About 90 psychological counsellors have been appointed by the District Administration. As you know, almost 950 mental counsellors are also appointed by the Kota Administration. Moreover, a toll-free helpline number has also been in operation for the girl students. Several teams have been deployed by the Kota Administration, and almost 10,000 gatekeepers have been trained to identify the students who are under any kind of mental stress. So, these are some of the measures taken by them. Our Government has taken so many measures. They have also issued the guidelines. The Kota Administration is also doing its job well. Even the Kota Administration has launched a new initiative named "Dinner with DM" which provides leverage to the students to have dinner with the person sitting at the top of the District Administration. … (*Interruptions*)

**डॉ. मन्ना लाल रावत (उदयपुर) :** बच्चों की सुरक्षा हम सबकी चिंता का विषय रहा है। इस हेतु सीबीएसई ने सब स्कूलों के लिए डायरेक्शन्स जारी की हैं ताकि बसों में यात्रा करने वाले स्कूली छात्रों की सुरक्षा का ध्यान रखा जाए और इसके लिए बहुत से सूत्र दिए हैं।

मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि अगर किसी विद्यालय ने सूत्र का उल्लंघन किया है तो उनके खिलाफ क्या कार्रवाई की गई है? विशेषकर राजस्थान में अभी तक की क्या प्रगति है?

**डॉ. सुकान्त मजूमदार :** मैंने पहले ही बताया है कि सरकार ने बहुत से ऐसे इनीशिएटिव्स लिए हैं ताकि शिक्षार्थियों पर कम से स्ट्रेस आए। सरकार द्वारा ऐसी बहुत सी गाइडलाइन्स, हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूट और अन्य इंस्टीट्यूशन्स के लिए इश्यू भी की गई हैं।

जनवरी, 2024 में सरकार ने गाइडलाईन इश्यू की थी। माननीय सदस्य ने स्पेसिफिक केस का सवाल पूछा है। अगर माननीय सदस्य स्पेसिफिक डाटा के लिए मेरे साथ या मेरे ऑफिस से कांटेक्ट करेंगे तो उनको प्रोवाइड कर पाउंगा।

**माननीय सभापति:** उनका सवाल आ गया है, अगर माननीय सदस्य आपके ऑफिस से संपर्क न भी करें तो आप जवाब भिजवा दें।

... (व्यवधान)

(1135/VR/MK)

SHRI K. C. VENUGOPAL (ALAPPUZHA): Sir, students' suicide is one of the most important issues in the country. In 2023, in this regard an answer was given by the hon. Minister in the other House. During the past five years from 2018 to 2022, around 80 students have committed suicide only in the higher educational institutions like the IITs, IIMs, etc. One of the main reasons for these suicide incidents in these institutions is caste discrimination. Those who belong to the SC/ST/OBC categories are treated like second-class students. This issue should be considered in the most urgent manner. I do not know whether the Government is taking any action in this regard or not.

Sir, day before yesterday, one very sad incident happened in a coaching centre in Delhi. Three students have lost their valuable lives. This coaching centre, I am told by the media, has no approved building at all. Some of the coaching centres are running like mafias. Neither they have approvals nor they provide any facilities to their students. Is the Government going to take any action against such coaching centres? Have any guidelines been issued by the Government in this regard?

SHRI DHARMENDRA PRADHAN: Sir, the hon. Member has raised a question which is not related to the question put today. But, through you, I would like to assure this House that this Government is committed to total socio-psychological or mental protection of all the students, whether they are studying in a coaching centre or in an institution, from school education to higher education.

Regarding guidelines, the latest guidelines regarding coaching centres were issued by the Government of India in the month of January 2024. These are exhaustive and detailed guidelines issued to all the States. A lot of States like Rajasthan, Bihar, Goa, etc. have their own guidelines on regulation to look into the matter.

Regarding protection, this is a socio-psychological issue. We all have to take care of it. This is not an issue to deal with only through allegations and answers. ....*(Interruptions)* (ends)

**(Q.84)**

PROF. SOUGATA RAY (DUM DUM): Sir, I have studied the Minister's reply in detail. The situation is pathetic. They speak of achievements of '10-years of Modi Government'. In 2016, the number of migrating students was 3,69,000. In 2023, it was 8,94,000. It means that the number of students going abroad is increasing. This is called 'brain drain'. Now, why is this happening? We are producing good students. Most of them are being used as cyber coolies by multinationals abroad. The main reason for this is that our higher education is not of a high standard. In terms of higher education, we have only 11 institutes in the top 500 institutes in the world. Not even a single Indian University figures in terms of global ranking.

If the universities do not raise their standard of education, more and more bright students will be going abroad. The hon. Minister speaks so highly of his Government's achievements with regard to new Education Policy. What have you done to bring in more Indian Universities in the top 100 universities of the world? *....(Interruptions)*

**माननीय सभापति (श्री जगदम्बिका पाल) :** माननीय सदस्य, यह विषय जीरो आवर में आ रहा है।

माननीय मंत्री जी।

… (व्यवधान)

**माननीय सभापति:** माननीय मंत्री जी इसका उत्तर देंगे।

… (व्यवधान)

**प्रो. सौगत राय (दम दम) :** सर, मैंने तो शॉर्ट में ही बोला है। मैंने ज्यादा नहीं बोला। क्या आपने राजीव प्रताप रूडी जी का क्वैश्चन सुना है? उन्होंने पाँच मिनट तक क्वैश्चन किया है। … (व्यवधान)

**माननीय सभापति:** दादा, अब हो गया।

… (व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: What is your question?

PROF. SOUGATA RAY (DUM DUM): Sir, my question is this. What is the Government doing to improve the standard of higher education and of the Indian Universities so that more universities come within the top 100 universities of the world? There is not even a single one. What is the Minister doing with regard to that in spite of his tall talk about the National Education Policy?

(1140/SJN/SAN)

**श्री धर्मेन्द्र प्रधान :** सभापति महोदय, आदरणीय सौगत दा एक वरिष्ठ सदस्य हैं। हम सब उनका आदर भी करते हैं, लेकिन भारत की मेधा को इस प्रकार के राजनीतिक उद्देश्य से निंदा करना शायद दादा जैसे…(व्यवधान) दादा, कम से कम यह सदन आप जैसे वरिष्ठ सदस्य से इतनी शिक्षा चाहता है कि आप धैर्यपूर्वक मेरी बात तो सुन लीजिए।…(व्यवधान)

दादा, यह हमारे देश की मेधा शक्ति को और इन दिनों देश से बाहर जाना is not related only to the quality of education. There is no dearth of quality institutions in our country. You name IIT; you name NIT; you name IIMs. There are quality institutions in his own State. How can he demean the Jadavpur University's academic credentials in this way? Sir, IIT, Kharagpur is a very prestigious institution.

Mr. Chairperson, Sir, going abroad, at one point of time, was an issue. 'Brain drain' was the concept. Today, the reverse concept is there. It is now 'brain bank'. Let me cite a few names. Who are they? They are the products of Indian education system. They went abroad. They bring glory to our country. They bring name and fame to our country. Are they cyber coolies? Satya Nadella, the CEO of Microsoft, is a product of the Indian education system. Sundar Pichai, the CEO of Google, is a product of the Indian education system. He was a student of IIT, Kharagpur. Shantanu Narayen, the CEO of Adobe, is a product of the Indian education system. Arvind Krishna, the CEO of IBM, is a product of the Indian education system. Ajay Banga is a product of the Indian education system. Today, Indian brain, Indian talent is creating international pool in medicine, in digital world. … (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON (SHRI JAGDAMBIKA PAL): Please have patience.

SHRI DHARMENDRA PRADHAN: We can say that today the definition of work place has changed.

सभापति महोदय, अगर मैं चेन्नई शहर का उदाहरण दूं, तो पूरी दुनिया के कुल फाइनेंशियल मैनेजमेंट का लगभग 1/10 कैपेसिटी चेन्नई शहर से चल रहा है। क्या हम उसको साइबर बुलिंग कहेंगे? क्या ये बाहर से पढ़े हुए स्टूडेन्ट्स हैं? इस प्रकार से अंडर्माइन करना उचित नहीं है।

मैं आपके सामने विनम्रता के साथ इन दिनों इंडियन क्वॉलिटी इंस्टीट्यूशन्स के बारे में एक ही तथ्य रखना चाहता हूं। मैं बहुत पुरानी बात नहीं कहूंगा। वर्ष 2014 में विश्व की क्यूएस रैंकिंग में 500 संस्थानों में सिर्फ 9 संस्थान थे, जो आज बढ़कर 46 संस्थान हो गए हैं।

अगर आदरणीय दादा कहते हैं कि क्या हुआ है, तो पिछले 10 सालों में ये हुआ है। हम सब मिलकर इन संस्थानों और भारत के एजुकेशन सिस्टम को अंडर्माइन न करते हुए इसको आगे बढ़ाएं। यह देश का भविष्य और 21वीं सदी में हम सबका दायित्व बनता है।

HON. CHAIRPERSON: I think, Prof. Sougata Ray is satisfied.

PROF. SOUGATA RAY (DUM DUM): Sir, I am not satisfied at all. … (*Interruptions*)

Sir, I told you that in 2023, 8,94,783 students went abroad for study. Is it a matter of pride for us? Is this not brain drain? … (*Interruptions*) How will I be satisfied? The hon. Minister has said in the reply:

> "The Government recognizes the reality of a global workplace, especially in an era of knowledge economy. A successful, prosperous, and influential diaspora is viewed an asset for India. The Government's efforts are also aimed at harnessing the potential of the diaspora, including the sharing of knowledge and expertise."

In effect, what the Minister's reply states is that it is good if the Indian students go abroad. It is because then we have a very effective diaspora and they can clap when the Prime Minister goes to visit their country. But the fact is that the multinationals are stealing away our best brains. Sir, what I want to ask is … (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: Please make it brief. You should ask the question.

PROF. SOUGATA RAY (DUM DUM): Sir, I have got a Question after a long time. Please allow me two minutes and do not be impatient.

(1145/SNT/SPS)

Sir, what I want to know from the hon. Minister is this. The reply he has given is not satisfactory at all. He has avoided the main question. … (*Interruptions*) सर, क्वेश्चन पूछने दीजिए।… (व्यवधान)

**माननीय सभापति (श्री जगदम्बिका पाल) :** अभी शशि थरूर साहब को भी क्वेश्चन पूछना है।

PROF. SOUGATA RAY (DUM DUM): Sir, if you interfere so much, how can I ask?

My question is this. Do you know that foreign universities are setting up centres in India? The British Universities are holding fairs to invite Indian students to study there.

**माननीय सभापति :** आप, सप्लीमेंट्री क्वेश्चन में केवल एक क्वेश्चन पूछ सकते हैं। अगर आप कई विषयों का समावेश करेंगे तो ठीक नहीं है। आपने क्वेश्चन पूछ लिया है। You are so senior. You have been given enough time.

… (*Interruptions*)

PROF. SOUGATA RAY (DUM DUM): Will the Government of India take any steps to stop the foreign universities from setting up centres here to take away our students and to earn money? Both the British and Australian universities are doing this. What are you doing to stop them? You have opened campuses abroad. … (*Interruptions*)

**श्री धर्मेन्द्र प्रधान :** अध्यक्ष महोदय, यह देखने का एक नजरिया है, दृष्टिकोण है। हम भारत की वैश्विक ताकत को इतना अंडरमाइन न करें कि कहीं लोग जाते हैं, इसलिए ताली बजाते हैं। आज विश्व में विज्ञान, भाषा, इनोवेशन, मेडिसिन में भारतीय मेधाशक्ति की, इंडियन ओरिजिन मेधाशक्ति की एक ग्लोबल लीडरशिप आ रही है। मैं समझ नहीं पा रहा हूं। मैं भारतीय डायसपोरा पर गौरवान्वित हूं। You go to any economic hotspot in any part of the world. You go to Singapore; you go to Dubai; you go to London; you go to New York; and you go to Silicon Valley. The successful Indians are thriving like anything. We should be proud of them. Today, in the era of knowledge-based economy due to this connectivity, due to innovation, due to technology, the entire globe is syncing into a village. अपने विद्यार्थियों को, अपनी नई पीढ़ी को दुनिया के गुड स्टैंडर्ड से वंचित करना कितनी वाज़िब बात है? दादा, मैं इस पूरे विषय पर आपको फिर विनती करता हूं कि let us unanimously resolve it. What was the condition of West Bengal pre-independence era? All the great institutions were residing in Kolkata. What happened today? आपने जिस कॉज पर 30-35 साल करने पर भी लोगों को बेदखल किया था, do not get trapped in the same way, *dada*. You are a seasoned man. We all have to bring the entire country to a new level. … (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: Nothing will go on record.

*… (Interruptions) … (Not recorded)*

**माननीय सभापति :** प्रोफेसर सौगत राय जी, आप जानते हैं कि आज जो बच्चे भारत के बाहर पढ़ रहे हैं, उनसे 125 बिलियन का रिमिटेंस इंडिया को आ रहा है।

DR. SHASHI THAROOR (THIRUVANANTHAPURAM): Sir, I would like to briefly comment on the Minister's earlier answer before asking my question.

The hon. Minister has, of course, celebrated the high quality of institutions by saying we have 11 in the top 500, etc. But do understand, Mr. Minister, that of the number of students who are seeking a good education, what a small percentage gets into these excellent institutions. The IITs' admission rate is 0.08 per cent of applicants. So, you are looking at a country where beyond any shadow of a doubt, there is a lack of access to high quality education for the vast majority of students. We should not overlook that point because these

outstanding stalwarts have gone from a few islands of excellence in a vast ocean of mediocrity. Let us face it. We do need to improve it. … (*Interruptions*)

Sir, my question has not been asked. I would like to just make a comment. The question has the following part also. When I asked the question, part (f) is 'as to the reasons'. I did not get an answer for that, 'as to the reasons', from you. I must say the organisation I used to head in the Congress Party, the All-India Professionals' Congress conducted a study in Kerala about the reasons for why the students are trying to immigrate.

(1150/AK/MM)

We got 17 factors in the detailed survey that we had conducted of which one is certainly about lack of access to high-quality institutions and another one undoubtedly is the relative lack of academic freedom in Indian campuses in comparison with foreign campuses as well as, of course, greater social restrictions on the life of children here and so on and more opportunities for off-campus work. There are a number of matters to do with the environment in the academic universities, which we must understand. … (*Interruptions*)

**माननीय सभापति (श्री जगदम्बिका पाल) :** माननीय मंत्री जी।

… (व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: Hon. Member, you can only ask one question as a supplementary.

… (*Interruptions*)

DR. SHASHI THAROOR (THIRUVANANTHAPURAM): The Minister gave an answer, which avoids the question. I have read these two pages of reply and there is no answer on reasons for it. … (*Interruptions*) I am giving him some reasons and seeking his reply. … (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: I am asking the hon. Minister to reply.

… (*Interruptions*)

**माननीय सभापति :** माननीय मंत्री जी उत्तर दे देंगे।

… (व्यवधान)

DR. SHASHI THAROOR (THIRUVANANTHAPURAM): Is the Ministry aware of these factors that are motivating the students? What is the Ministry able to do to provide incentives for the students to remain in our country rather than go abroad? This is the question.

**माननीय सभापति :** माननीय मंत्री जी।

SHRI DHARMENDRA PRADHAN: Chairman Sir, I appreciate hon. senior Member Shashi Tharoor Saheb’s concern. Secondly, I will personally invite him to my office. I can go to your house. … (*Interruptions*)

SHRI N. K. PREMACHANDRAN (KOLLAM): Sir, this is not fair. The Member has asked a question in the House. … (*Interruptions*)

SHRI K. C. VENUGOPAL (ALAPPUZHA): Sir, what is this? The Question is the property of this House. … (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: The Minister is allowed to respond.

… (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: Please sit down.

… (*Interruptions*)

**माननीय सभापति :** माननीय मंत्री जी।

अगर मैं कह देता हूं माननीय मंत्री जी, तो फिर आप उत्तर दें, क्योंकि क्वैश्चन ऑवर में क्वैश्चन होना चाहिए।

SHRI DHARMENDRA PRADHAN: Chairman Sir, why are two of my dear friends from Kerala, namely Shri Venugopal ji and Shri Premachandran ji, so intolerant to us when I am appreciating some viewpoints of my dear friend Shashi Tharoor ji?

1152 hours (Hon. Speaker *in the Chair*)

Please listen to my answer first. This Government is open to take suggestions and ideas from anybody. Shashi Tharoor ji, in his capacity, has done something. He was the HRD Minister of this country and he is representing Kerala. Kerala has an aspirational society. I learn from him. There might be a lot of aspirational issues in his 17 points. Kerala people are very aspirational to go abroad, especially in the neighbouring areas. So, this is a holistic thing. … (*Interruptions*) We brought the National Education Policy after 34 years and for the first time in our country, our Government has envisioned a National Ranking Framework. We are very much insisting on coming out with reforms in MAT, MBA, etc., and we are committed to bring out our standards in our own institutions of our country, but education is such a vast subject that if one wants to be a global leader and wants to be a ‘*Vishwa Bandhu*’, then we cannot work in isolation. We have to open our ear and eyes. I am personally ready to accept any kind of positive suggestions from any Member of this august House.

(ends)

**(Q. 85)**

SHRI PUTTA MAHESH KUMAR (ELURU): Respected Sir, I thank you for giving me this opportunity to raise a supplementary on this important topic.

I thank the hon. Finance Minister for focussing on the importance of employment and announcing employment-linked incentives geared towards our youth who make up for more than one-fifth of our total population.

The previous State Government of Andhra Pradesh from 2019 to 2024 failed our youth miserably leading to our State having consistently higher percentages of unemployment as compared to the national average. Our leaders Sri Nara Chandrababu Naidu Garu and Sri Nara Lokesh Garu have strongly supported the need for a skill-based census to determine the abilities of our youth and accordingly device policy for their employment and skilling.

I would like to know this from the hon. Minister. Would the Union Government consider conducting a skill census for the entire nation for the benefit of our fresh graduates, young professionals and our youth along with the population census?

(1155/YSH/UB)

**डॉ. मनसुख मांडविया :** माननीय अध्यक्ष जी, माननीय सदस्य ने बहुत महत्वपूर्ण प्रश्न पूछा है कि एम्प्लॉयमेंट के लिए स्किल डेवलपमेंट बहुत आवश्यक है। स्किल्ड होना बहुत आवश्यक है। वर्तमान समय में हम देखते हैं कि कई जगहों पर युवा कहते हैं कि हमें एम्प्लॉयमेंट चाहिए, लेकिन एम्प्लॉयमेंट उनकी पंसद का होता है। हमें हर एक सेक्टर में एम्प्लॉयमेंट मिलना चाहिए। आज ऐसे कई सेक्टर्स हैं जैसे हम देखते हैं कि लोगों को प्लम्बर चाहिए, लेकिन प्लम्बर नहीं मिल रहा है। गैराज में काम करने वाला चाहिए, लेकिन वह भी नहीं मिल रहा है। ऐसे कई काम हैं, जिनके लिए स्किल की आवश्यकता होती है। इसलिए स्किल डेवलपमेंट बहुत आवश्यक है। माननीय सदस्य ने बहुत अच्छा प्रश्न किया कि उसके गैप को कैसे आइडेंटिफाई किया जाए।

SHRI DUSHYANT SINGH (JHALAWAR-BARAN): I rise to bring forth the status and impact assessment of the Jal Jeevan Mission (JJM), particularly focusing on my constituency of Jhalawar-Baran, Rajasthan, and its broader implications for rural India. Launched with a monumental outlay of Rs 3.6 lakh crore, JJM has significantly improved access to clean drinking water in rural areas nationwide. In Jhalawar-Baran, while JJM has made commendable strides in expanding infrastructure, challenges persist due to disparities in water availability, exacerbating issues of sustainable water management and reliable supply. These issues underscore the urgent need for enhanced oversight and accountability mechanisms to ensure the efficient execution of JJM initiatives. Therefore, I earnestly request the Hon'ble Minister of Jal Shakti to provide detailed insights into the data, successes and challenges faced in implementing JJM in Jhalawar-Baran. It is crucial for us to understand the strategies being employed to overcome these hurdles and enhance the mission's effectiveness in delivering 55 litres of water per person per day to every rural household by 2024. I thus seek the redressal of these critical issues and request the Ministry to ensure equitable access to safe drinking water for all rural communities across India, including those in Jhalawar-Baran.

(ends)

-----

**Re: Completion of work on Badampahar-Keonjhar Railway Link Project**

**श्री अनन्त नायक (क्योंझर) :** मैं आपका ध्यान ओडिशा में क्योंझर बादामपहाड़ रेलवे लिंक परियोजना के संबंध में आकर्षित करना चाहता हूं। बादामपहाड़ और क्योंझर के बीच रेलवे लाइन बिछाने की आधारशिला महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू द्वारा रखी गई। लेकिन मुझे यह कहते हुए दुख हो रहा है कि इस लाइन पर अभी तक काम शुरू नहीं हुआ है। ओडिशा में बादामपहाड़ हेमेटाइट अयस्क की खनिज संपदा के लिए प्रसिद्ध है। खनिज संपदा के अलावा, बादामपहाड़ अपनी प्राकृतिक सुंदरता के लिए भी बहुत लोकप्रिय है और इसमें पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। दोनों क्षेत्रों के बीच विशेष रूप से आदिवासी लोगों के बीच एक मजबूत सांस्कृतिक संबंध है। महोदय, दुर्भाग्य से इस क्षेत्र से क्योंझर को जोड़ने वाली कोई रेलवे लाइन नहीं है और घोषित रेलवे लाइन पर काम की गति बहुत धीमी है। दो क्षेत्रों के बीच रेल कनेक्टिविटी न केवल खनिज संसाधनों के परिवहन और औद्योगिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी, बल्कि इससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी लाभ होगा, युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा होंगे, क्षेत्र में मजबूत सांस्कृतिक बंधन और पर्यटन विकास होगा। इसलिए मैं माननीय रेल मंत्री से विनम्र अनुरोध करता हूं कि क्योंझर को बादामपहाड़ से जोड़ने वाली रेलवे लाइन का काम जल्द से जल्द पूरा किया जाए। (इति)

-----

**Re: Establishment of permanent benches of Guwahati High Court at Dibrugarh, Dhubri and Silchar**

MD. RAKIBUL HUSSAIN (DHUBRI): The principal seat of the Guwahati High Court, Assam is located in Guwahati, which poses significant distances for litigants from Dibrugarh (457 km), Dhubri (250 km), and Silchar (302 km). There has been a longstanding demand to establish Permanent Benches of the Guwahati High Court in these regions to alleviate the burden on the main court. Currently, the High Court in Guwahati is overburdened with a large number of pending cases, causing undue hardship to residents of Upper Assam, Lower Assam, and the Barak Valley. Establishing Permanent Benches at Dibrugarh, Dhubri, and Silchar would align with the policy of bringing justice closer to the people, reducing the need for litigants and witnesses to travel long distances. This move is seen as essential for effective administration of justice, ensuring accessibility and timely resolution of legal matters for all citizens, particularly those unable to bear the costs and logistical challenges of traveling to Guwahati. In conclusion, the establishment of Permanent Benches at these three locations namely Dibrugarh, Dhubri and Silchar of Assam is crucial for addressing the current imbalance and improving access to justice in Assam.

(ends)

-----

## Re: Request for stoppage of train (No.15054 and 15053) at Barabanki Railway Station

**श्री तनुज पुनिया (बाराबंकी) :** मैं आपको धन्यवाद देता हूँ कि आपने बाराबंकी लोकसभा क्षेत्र के अत्यन्त महत्वपूर्ण मुद्दे पर बोलने का अवसर दिया। महोदय, ट्रेन संख्या 15054 व 15053 लखनऊ से छपरा व छपरा से लखनऊ के लिए चलती है। दोनों ही ट्रेनें बाराबंकी जंक्शन से होकर ही गुजरती है लेकिन देवा-महादेवा की धरती पर इनका ठहराव नहीं है। अकेले लखनऊ में तीन स्टेशन पर दोनों ट्रेनों का ठहराव दिया गया है जबकि बाराबंकी जंक्शन पर ठहराव की मांग लम्बे समय से की जा रही है। लेकिन ट्रेनों का ठहराव नहीं होने के कारण छपरा, बलिया, गाजीपुर, वाराणसी, जौनपुर से बाराबंकी आने और जाने वाले यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड रहा है। अतः आपके माध्यम से मेरा रेल मंत्री जी से निवेदन है कि ट्रेन संख्या 15054 व 15053 का ठहराव बाराबंकी जंक्शन पर करने का कष्ट करें जिससे देवा-महादेवा के तीर्थयात्रियों और बाराबंकी की जनता को इसका लाभ मिल सकेगा।

(इति)

-----

## Re: Need to restart Marathwada Rail Coach Factory

**डॉ. शिवाजी बंडाप्पा कालगे (लातूर) :** मैं इस सम्मानित सदन के माध्यम से रेल मंत्री का ध्यान इस ओर आकर्षित करना चाहूंगा कि 2024 के लोकसभा चुनाव के मद्देनजर प्रधानमंत्री ने 13 मार्च 24 को लातूर (महाराष्ट्र) में मराठवाड़ा रोज़गार पैदा करने के माध्यम से मराठवाड़ा रेल कोच फैक्ट्री का उद्घाटन किया था। महोदय , यह खेद का विषय है कि पिछले चार महीनों में, एमसीएफ इस संबंध में कोई प्रगति करने में विफल रहा है, जिससे हजारों स्थानीय बेरोजगार युवा निराश हुए हैं। मैं रेल मंत्री से आग्रह करता हूं कि मराठवाड़ा रेल कोच फैक्ट्री को यथाशीघ्र चालू करने में हो रहे अत्यधिक विलंब पर ध्यान दे और इस कार्य को प्रगति से बढ़ाये।

(इति)

-----

## Re: Inclusion of Non-Priority Holder (NPH) citizens in Food Security Scheme

SUSHRI PRANITI SUSHILKUMAR SHINDE (SOLAPUR): I would like to know the steps taken by the Ministry of Food and Public Distribution to include Non-Priority Holder (NPH) citizens with orange ration cards in the Central Government's food security scheme. How will the Department ensure that NPH citizens with incomes slightly above the threshold still receive necessary food grains at concessional rates? A lot of families have been coerced into signing the give up food subsidy form. Since, 2014 a lot of families have been deprived of the free ration scheme under Food Security. I request the Ministry to inform me of the reasons for the same. (ends)

-----

## Re: Refund of money to investors of Sahara Cooperatives

**श्री रमाशंकर राजभर (सलेमपुर) :** लगभग 26 राज्यों के 2 करोड़ 76 लाख छोटे निवेशकों ने लगभग 80 हजार करोड़ रुपया सहारा कोऑपरेटिव में जमा किया। केंद्र सरकार ने एक पोर्टल लॉन्च किया, छह माह पूर्व सरकार द्वारा कहा गया कि 10 हजार रुपया प्रथमत: मिलेगा। लोगों ने जन सेवा केद्रों पर लाइन लगाकर पोर्टल पर अपना रिकॉर्ड ऑनलाइन किया ,लेकिन कुछ नहीं हुआ। यूपी में सहारा की स्कीमों में लगभग 85 लाख लोगों ने 22 हजार करोड़ का निवेश किया, चूंकि पूर्वांचल ही सहारा कंपनी का जन्मदाता था इसलिए पूर्वांचल के लोगों का पैसा छोटे दुकानदारों का भी पैसा छोटी-छोटी बचत कर जमा हुआ परंतु यह जमा पैसा नहीं मिलने से बेटियों की शादियां रुक गई, और सपने टूट गए, कंपनी के लाखों कर्मचारी भी जो कभी कर्मयोगी कहे जाते थे, आज फटेहाल हो गए हैं। कोर्ट , सरकार ,कंपनी के चक्कर में निवेशकों को पीसा जा रहा है। आपके माध्यम से मैं सरकार से पुरजोर मांग करता हूं की निवेशकों का पैसा हर हाल में दिलवाया जाए। (इति)

-----

## Re: Need to control incidents of mob lynching

**सुश्री इकरा चौधरी (कैराना) :** नेशनल इंटीग्रिटी को नुकसान पहुंचाने वाली कुछ चिंताजनक घटनाओं को सदन के संज्ञान में लाना चाहती हूं। सोशल मीडिया से गुमराह कर देने वाले संदेशों व भड़काऊ वीडियो के प्रसारण से मई व जून में देश भर में अलग-अलग राज्यों में 10 घटनाएं मोब वायलेस व लिंचिग की हुई है जिससे कम्युनल हार्मनी व नेशनल इंटीग्रिटी को धक्का पहुंचा है। इन घटनाओं में अधिकतर अल्पसंख्यक समुदाय व अनुसुचित जाति के सदस्य पीडित हो रहे है। इन घटनाओं के फौरन बाद मेरे संसदीय क्षेत्र कैराना के ही 03 निवासीगणो की रायपुर, छत्तीसगढ़ में द्वारा हत्या कर दी गई। उत्तर प्रदेश में भी अलीगढ़ में भीड़ द्वारा हत्या का एक मामला प्रकाश में आया है। ऐसी घटनाओं ने देश के जनमानस को चिता में डाल दिया है तथा इन घटनाओं को रोकने और पीड़ितों को न्याय सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी उपायों की जरूरत है। हमारे समाज को रेडिकलाइज करने वाले तत्वों की पहचान कर ऐसे व्यक्तियों व संस्थानों पर फौरन रोक लगाने की आवश्यकता है। मामला अत्यावश्यक सार्वजनिक महत्व का है। जिस पर तत्काल ध्यान देने और कार्रवाई की आवश्यकता है। माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा मॉब लिंचिंग व हिंसा को रोकने के लिए पूर्व में निर्देश जारी किए गए थे परंतु राज्यों द्वारा उन निर्देशों का पालन नहीं किया जा रहा है। केंद्र सरकार को इस संबंध में तत्काल गंभीर उपाय करने की आवश्यकता है। इन सभी मुद्दो पर सरकार की प्रतिक्रिया अपर्याप्त रही है। उपरोक्त गंभीर समस्या के समाधान खोजने और जवाबदेह सुनिश्चित करने के लिए मा० गृह मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करना चाहती हूं।

(इति)

-----

**Re: Need to take steps to save the heritage of Ganga Sagar Temple in Mathurapur Constituency**

SHRI BAPI HALDAR (MATHURAPUR): Located in Sagar assembly constituency under Mathurapur parliamentary constituency, Gangasagar is one of the holy pilgrimage sites of India and Bengal where lakhs of pilgrims from all over India come to seek the blessings of Kapil Maharaj throughout the year. At present, Kapil Muni temple is slowly progressing towards devastated sea dyke erosion. I am drawing the attention of the Hon'ble Minister of Jal Shakti save the temple as well as the heritage of Gangasagar, the heritage of Bengal, the heritage of India. The Government should immediately take effective steps to stop the sea dyke erosion. I would like to request that the Gangasagar Mela be declared as a national fair. Meanwhile, the Chief Minister of Bengal has repeatedly told the Central Government that this fair should be declared as a national fair, several letters have been sent to the concerned department, but all in vain. Therefore, it is my humble request to look into this matter seriously and take effective steps as soon as possible. (ends)

-----

**Re: Need to reconsider the decision to divest in Ferro Scrap Nigam Limited (FSNL)**

SHRI KIRTI AZAD (BARDHAMAN-DURGAPUR): The strategic disinvestment policy of the current Government warrants reconsideration, particularly as it targets the sale of highly efficient and profitable assets like Ferro Scrap Nigam Limited (FSNL). Despite consistently generating profits and maintaining a general reserve of Rs. 194 crores, FSNL has been marked for disinvestment. The company operates at an impressive capacity utilization rate of 96%, has made significant progress in energy conservation by producing 8,900 units of electricity, and dispatched 145.62 lakh metric tons of steel in 2022-23. Given FSNL's strong financial performance and alignment with the Steel Scrap Recycling Policy (2019), it is reasonable to expect continued improvement in its operations. Efficiently run public sector undertakings should be supported, not penalized, to ensure sustainable production. The planned disinvestment does not guarantee that the objectives of the Steel Scrap Recycling Policy will be met. Other profitable PSUs like BPCL, Container Corporation of India, and THDC India Limited also face similar disinvestment fate. It is crucial to preserve and enhance the capabilities of well-performing PSUs, ensuring they remain valuable national assets. Therefore, I urge upon the Hon’ble Minister of Finance to reconsider the decision to disinvest in FSNL. (ends)

-----

## Re: Construction of a new underbridge in Pollachi Parliamentary Constituency

SHRI ESWARASAMY K. (POLLACHI): In my Pollachi Parliamentary Constituency, on the Udumalpet - Madathukulamnew highway, a new Under Bridge (VUH Vehicular Underpass) has to be constructed for easy movement of vehicles. Large number of vehicles are passing daily through NH 83. There is no flyover on this highway near Punjabi Dhaba Junction (0+900 KM) and Vedapatti Junction (74+300 KM). Due to high traffic, many accidents took place resulting in loss of precious lives of people. Hence, construction of new Under Bridge (VUH - Vehicular Underpass) is very essential and also the S PUR Road New highway NH 83(0+900KM) and New highway NH 83 (74+300KM). The said Under Bridges are very essential; it is the long pending request of the people of my constituency.

(ends)

-----

## Re: Ensuring facility of ticket counter and other facilities at Mathahi Railway Station

**श्री दिनेश चंद्र यादव (मधेपुरा) :** बिहार राज्य के पूर्व मध्य रेलवे हाजीपुर अन्तर्गत समस्तीपुर डिविजन के सहरसा से बनमनखी रेलखंड के बीच मठाही स्टेशन मधेपुरा जिला मुख्यालय से सटे है, जिसका निर्माण आजादी के समय मे हीं हुआ था, जो सुविधाओं के लिए तरस रहा है, हालात यह हो गया है कि इस स्टेशन से करीब छह महीनों से टिकट भी नहीं मिल पा रहा है, जिससे आमलोगों को भारी कठिनाई हो रही है। मुझे जानाकारी मिली है कि इस स्टेशन पर रेलवे का कोई कर्मचारी भी नहीं रहता है, जबकि मठाही स्टेशन से प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में लोग यात्रा करते हैं। यात्रियों का मानना है कि टिकट नहीं मिलने के कारण वह बिना टिकट के हीं यात्रा करते हैं और गंतव्य स्थान पर उतरने के बाद उसे चेकिंग के समय फाईन भी भरना पड़ता है। रेलयात्री बिना टिकट लिये हीं यात्रा करने को मजबूर हो जाते है। इससे रेल राजस्व का भी क्षति हो रहा है। आग्रह है कि मठाही स्टेशन पर रेलयात्री को टिकट समेत अन्य सुविधाओं का समूचित व्यवस्था जनहित में करायी जाय।

(इति)

-----

**Re: Formation of urban street vendors policy**

SHRI SANJAY DINA PATIL (MUMBAI NORTH-EAST): There has been a growing mismanagement of hawkers in the Mumbai suburban region. The Bombay High Court in April 2024 asked the Brihanmumbai Municipal Corporation (BMC) to consider framing of policy for itinerant or mobile vendors with no fixed pitch assigned to them to allow vending in designated locations for certain time periods on certain days of the week. The Supreme Court of India on 27th February 2007 had directed the implementation of Hawkers section policy in the Mumbai region and also directed the formation of a state level Hawkers policy for the Municipal Councils, Municipal Corporations based on the National Policy on Urban Street Vendors. Yet till date, there has been very little development regarding this implementation. I urge upon the Government to look into this issue and issue directions regarding the formation of a State level Urban Street Vendors Policy.

(ends)

-----

**Re: Construction of sanctioned roads under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojana**

**श्री अमरा राम (सीकर) :** श्रीमान जी यह कि मेरे संसदीय क्षेत्र सीकर में प्रधानमंत्री सड़क योजना के अंतर्गत सड़कों की स्वीकृति हेतु प्रपोजल वर्ष 2021-22 में भेजे गए थे, परंतु आज दिनांक तक स्वीकृति जारी नहीं होने से बदहाल सड़को की स्थिति से आमजन परेशान है।

अतः निम्नलिखित सड़कों की स्वीकृति अविलंब जारी हो जिससे आम जनता को आवागमन में सुविधा प्राप्त हो सके।

1 खानडी भीमा जाना जिला सीमा तक 14 किलोमीटर
2 मुंडवाड़ा से धोद मुकुंदपुरा 13.8 किलोमीटर
3 कांसली फकीरपुरा ताजसर खेजडोलियान 6 किलोमीटर
4 बढ़ाढर किरडोली सावलोदा धायलान सावलोदा पुरोहितान बठोठ 16 किलोमीटर
5 सीकर कंवरपुरा माजीपुरा रूपपुरा भुवाला ओला की ढाणी धोद तक 23.6 किलोमीटर
6 रामपुर नागवा पेवा बोसाना सिंगरावट 33 किलोमीटर
7 रेटा लक्ष्मणपुर बाय खाचरियावास 25 किलोमीटर

(इति)

-----

**Re: Safety and security of former Chief Minister and Members of Parliament of Andhra Pradesh**

SHRI MADDILA GURUMOORTHY (TIRUPATI): Immediate intervention is needed from the Ministry of Home Affairs to set right the current situation for the Members of Parliament safety and security and protection of rights and privileges in Andhra Pradesh.

The utmost concern is the safety of our leader, former Chief Minister and YSRCP President. Despite being entitled to Z+ security cover, the Andhra Pradesh Government has failed to provide adequate protection. Instead of the mandated Z+ security cover, only a minimal 4+4 security detail has been assigned to him. You are aware that in 2019 and 2024, troublemakers had attacked him.

We are requesting the Ministry of Home Affairs to give suitable directions to its counterparts of the state to provide adequate security arrangements for our ex-Chief Minister. Additionally, there are alarming reports of law enforcement agencies obstructing YSRCP MPs and former MPs. This includes the unjust filing of FIRs against our leaders. These actions represent a direct attack on democratic principles.

I would, therefore, earnestly request the Ministry of Home Affairs for prompt action to restore order, uphold the rule of law, and ensure the safety of all citizens, especially leaders targeted for their political beliefs.

(ends)

-----

**Re: Need to provide houses under PM Awas Gramin Yojana**

**श्री राहुल कस्वां (चुरू) :** भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना की शुरूआत की गई थी, इस योजना में त्रुटिया होने के कारण आज भी काफी पात्र लोग इस योजना से वंचित है। मेरे चुरू जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत वर्ष 2021-22 में 6800 परिवारों को आवास आवंटित किया गया था, उसके बाद कोई टारगेट नहीं आया है, मार्च 2024 तक 24633 पात्र परिवारों प्रतिक्षा सूची में है। प्रधानमंत्री आवास योजना का पोर्टल गत तीन वर्ष से बंद पड़ा है। अतः मेरा आपसे अनुरोध है कि पुरानी गाईड लाईन में परिवर्तन कर इस योजना में आने वाली कमीयों को दूर किया जावे एंव प्रधानमंत्री आवास योजना का प्रतिवर्ष लक्ष्य तय कर पात्र व्यक्तियों को इस योजना में शामिल करते हुए प्रतिक्षा सूची के सभी शहरी एंव ग्रामीण क्षेत्र के पात्र लोगों को आवास उपलब्ध करवाये जावे।

(इति)

**Re: Rising cases of cancer related deaths in Bihar**

SHRI RAJIV PRATAP RUDY (SARAN): I wish to bring to the attention of the Ministry of Health and Family Welfare the critical issue of rising cancer deaths in Bihar. Bihar ranks fourth in India for registered cancer cases, with 1.40 lakh cases, two-thirds of which are advanced. A 2022 study shows a 25% increase in cancer cases in last 10 years, and oral cancer accounts for 51% of these cases and death in half of all oral cancer cases. Annually, 70,000-80,000 cancer deaths occur in Bihar, contributing to the national toll of 9 lakh deaths. Despite this staggering figure, the state has around only six medical colleges which have chemotherapy centers.

I urge upon the Government to:

1 Install more Population-Based Cancer Registries (PBCRs) in Bihar.
2 Establish additional chemotherapy centers in government medical colleges.
3 Implement early detection and awareness programs.

Immediate action is necessary to address this escalating health crisis.

(ends)

**Re: Implementation of Mhaisal Lift Irrigation Scheme in Maharashtra**

SHRI VISHALDADA PRAKASHBAPU PATIL (SANGLI): The Mhaisal Lift Irrigation Scheme (MLIS) is a crucial project addressing water scarcity in Maharashtra's drought-prone Sangli and Solapur districts. With an estimated cost of Rs 1,100 crore, the scheme aims to lift water from the Krishna River for agricultural and drinking purposes, potentially transforming the region's agricultural landscape. The MLIS promises to enable farmers to transition from drought-vulnerable crops to more lucrative cash crops and fruit cultivation, significantly boosting the local economy. Additionally, it's expected to provide low-interest financing to the state irrigation department for further water infrastructure development. However, implementation has faced significant delays, particularly affecting the Jat taluka of Sangli district. Farmers here have waited over three decades for the scheme's expansion. Responding to growing concerns, the Maharashtra Government recently sanctioned a Rs 1,900-crore project to expand the MLIS. While tenders were issued in January and a contractor finalized, work commencement remains pending. Many villages still rely on water tankers for basic needs, especially in the rain-shadow areas of Jat tehsil where inadequate rainfall exacerbates water scarcity. The successful implementation of the Mhaisal Lift Irrigation Scheme is crucial not only for boosting agricultural productivity but also for ensuring the overall development and stability of the region.

(ends)

**Re: Land acquisition by BHEL in Bhandara in Maharashtra**

**डॉ. प्रशांत यादवराव पडोले (भन्डारा-गोंदिया) :** महाराष्ट्र के भंडारा जिले के साकोली तालुका में BHEL इस कंपनी को क्या केंद्र सरकार की और से स्वीकृति दी गई थी। BHEL कंपनी ने किस आधार पर जमीन अधिग्रहित की और जमीन का अधिग्रहण 10 वर्ष से अधिक हो जाने के बावजूद अभी तक कंपनी शुरू क्यूं नहीं की गई है तथा किस कारणो से प्रकल्प का काम रुका हुआ है। केंद्र शासन द्वारा प्रकल्प शुरू करने के लिए की गए कार्यवाही की जानकारी देने के कृपा करे।

(इति)

# सामान्य बजट – सामान्य चर्चा
# और
# जम्मू-कश्मीर संघ राज्यक्षेत्र का बजट – सामान्य चर्चा
# और
# जम्मू-कश्मीर संघ राज्यक्षेत्र- अनुदानों की मांगें – जारी

1301 बजे

**श्रीमती डिम्पल यादव (मैनपुरी) :** सभापति महोदया, आपने मुझे बजट पर बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देना चाहती हूं। हमारा देश किसान प्रधान और कृषि प्रधान देश है। अगर हम हमारे किसान और युवाओं का भविष्य सुरक्षित नहीं कर पा रहे हैं, तो मैं समझती हूं कहीं न कहीं हम सब अपने फर्ज से डगमगा रहे हैं। वित्त मंत्री जी ने 9 प्राथमिकताओं की बात की और कृषि को जहां पहला स्थान दिया गया, वहीं मैं वित्त मंत्री से पूछना चाहती हूं कि कृषि, ग्रामीण अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर क्या है? जहां यह कहा गया था कि वर्ष 2022 तक आप किसान की आय दुगुनी कर देंगे और एमएसपी का वायदा किया गया था, तो मैं कृषि मंत्री जी से पूछना चाहूंगी कि आज एग्रीकल्चर इन्फ्रास्ट्रक्चर में कितना बजट सरकार द्वारा दिया जा रहा है? यूपी को इस बजट के तहत क्या मिला है? क्या एक भी मंडी पिछले 10 सालों में उत्तर प्रदेश में बनी है? किसान की जरूरी चीजों पर क्या इस सरकार ने जीएसटी माफ की है या खाद में सब्सिडी देने में सरकार कायम रह पाई है? जहां खुद प्रधान मंत्री उत्तर प्रदेश के विधान सभा चुनाव में आए थे, उत्तर प्रदेश की जनता से वहां के लोगों से उन्होंने वायदा किया था कि वह आवारा मवेशियों की समस्या से किसानों को निजात दिलाएंगे।

(1305/KDS/RCP)

आवारा पशुओं की जो समस्या है, जिसकी वजह से आज हमारा देश चौकीदार बन गया है, रात भर सो नहीं पा रहा है। इस समस्या को लेकर क्या कोई प्रावधान बजट में रखा गया है? इसी के साथ जहां किसान आंदोलन में लगभग 700 किसानों ने अपनी जान गंवाई, जहां उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी में किसानों को मंत्री जी के बेटों द्वारा रौंदा गया। हम इस सरकार को बताना चाहते हैं कि वर्ष 2014 से 2022 तक लगभग एक लाख किसानों ने आत्म हत्या की है। मैं कृषि मंत्री जी से पूछना चाहती हूं कि प्रधान मंत्री फसल बीमा के तहत कुल किसान लाभ कितना मिला है और यदि इसमें गिरावट आई है, तो कितनी आई है? यह सरकार लगातार एक दशक से किसानों की अवहेलना कर रही है। गांवों की अर्थव्यवस्था बुरी तरह चरमरा गई है। इसकी एक बड़ी वजह महंगाई है। जहां मनरेगा में सरकार ने 89 हजार करोड़ का बजट दिया है, हमारी मांग है कि कम से कम 100 दिन का वेजेज मनरेगा के तहत लोगों को सुनिश्चित किया जाए और मनरेगा का लगभग 20 प्रतिशत बजट बढ़ाया जाए। इसी के साथ शिक्षा में भी लगातार हमारा बजट घट रहा है। जहां यह आज टोटल बजट स्पेंडिंग एलोकेशन का केवल ढाई प्रतिशत

है। जहां यूनेस्को ने यह बेंचमार्क दिया है कि यह लगभग 4 से 6 प्रतिशत होना चाहिए, वहीं यूजीसी के फंड्स लगातार घटाए जा रहे हैं और इसको इस बार लगभग 60 से 61 प्रतिशत घटा दिया गया है। जहां हम सस्ती और अच्छी शिक्षा की बात करते हैं, वहां यह सरकार लगातार शिक्षा का बजट कम कर रही है। मैं समझती हूं कि हमारे देश के युवाओं और स्टूडेंट्स के प्रति इनकी नीयत साफ नहीं है, मंशा सही नहीं है।

महोदया, आज हमारे देश का युवा निराश है। जहां निराशा संभव को भी असंभव बना देती है। मैं समझती हूं कि रोजगार को लेकर जो वायदे किए गए थे, सरकार पूरी तरह इसमें विफल रही है और लगातार बेरोजगारी दर बढ़ रही है। जहां आज बेरोजगारी दर 9.2 प्रतिशत है, महिलाओं की बेरोजगारी दर 18.5 प्रतिशत है। मैं समझती हूं कि लगातार युवाओं का मनोबल गिराने का काम इस सरकार ने किया है। अग्निवीर जैसी योजना लाकर इस सरकार ने नौजवानों का, युवाओं का, इस देश की प्रतिष्ठा का सम्मान गिराने का काम किया है।

जो सरकार सोशल जस्टिस की बात करती है, वह आज भी जातिगत जनगणना से मुंह मोड़ रही है। अनुसूचित जाति, जनजाति पर होने वाले अपराध लगातार बढ़ रहे हैं और उत्तर प्रदेश में यह अपराध नंबर वन पर है। साथ ही महिलाओं के साथ जघन्य अपराध लगातार बढ़ रहे हैं। उत्तर प्रदेश आज इसमें भी टॉप लिस्ट पर है। मैं पूछना चाहती हूं कि महिलाओं की सुरक्षा को लेकर यह सरकार क्या कर रही है? उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार ने 1090 जैसी सेवा चलाकर माताओं, बहनों, बेटियों को सम्मान दिलाने, उनको उनका हक दिलाने का काम किया था, तो इस बजट में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर क्या प्रावधान रखा गया है?

महोदया, आज अगर स्वास्थ्य की बात करें, तो लगभग 1.9 प्रतिशत ऑफ जीडीपी का खर्च आज यह सरकार स्वास्थ्य के लिए दे रही है। There is no focussed agenda for the health care of the country irrespective of the fact that we are speaking about India being the fifth largest economy and moving towards the third largest economy. If we see the fast-growing population of the country, 1.9 percentage of the Budget is very less for the health services of the country. A decision to exempt three cancer drugs is a welcome move by the Finance Minister.

(1310/PS/MK)

But it is a very small step in the right direction.

महोदया, हमारे उत्तर प्रदेश लखनऊ में एक कैंसर इंस्टिट्यूट है, जिसमें लगभग एक हजार करोड़ रुपये लगे हैं और वह तैयार है, लेकिन केंद्र की सरकार और स्टेट की सरकार यह सुनिश्चित नहीं कर पा रही है कि वह कैंसर इंस्टिट्यूट सुचारु रूप से चल सके। कैंसर के केसेज लगातार देश में बढ़ रहे हैं। मेरा मानना है कि अगर यह कैंसर इंस्टिट्यूट सही ढंग से सरकार चला लेती है कि तो सस्ता इलाज हम अपने देशवासियों को दे पाएंगे। There is a massive

gap between the demand and supply in the healthcare infrastructure. डॉक्टर्स, नर्सेज और टेक्निशियन्स की बहुत भारी कमी है। ये जो बड़े-बड़े वायदे कर रहे हैं और जो बड़ी-बड़ी बातें कर रहे हैं कि हमने बहुत बड़े-बड़े एम्स और मेडिकल कॉलेजेज बना लिये हैं, लेकिन 100 परसेंट तरीके से कोई भी मेडिकल कॉलेज या एम्स सुचारु रूप से प्रदेश में नहीं चल पा रहे हैं, क्योंकि उनमें भारी डॉक्टर्स, नर्सेज और टेक्निशियन्स की कमी है।

इसी के साथ टीचिंग फैकल्टी में भी टीचर्स की भारी कमी है। सरकार जो कुपोषण की बात कर रही थी, भारत को जो एनीमिया मुक्त बनाने के बारे में बात कर रही थी तो मैं उनसे कहना चाहूंगी कि आप सभी अपने वायदों में विफल हुए हैं। आपने लोगों से जो भी वायदे किए थे, आपने सारे वायदे जनता के साथ तोड़ने का काम किया है।

महोदया, जहां ये जीडीपी की बात करते हैं, जहां ये थर्ड इकोनॉमी की बात करते हैं कि हमारा देश तीसरी बड़ी इकोनॉमी बनने जा रहा है, वहीं हमें पर कैपिटा इनकम की बात करनी है, हमें स्टैंडर्ड ऑफ लिविंग की बात करनी है, हमें महंगाई को बांधने की बात करनी है, हमें इलाज मुफ्त और सस्ता दिलाने की बात करनी है। आप जो कैपिटल एक्सपेंडिचर की बात कर रहे हैं तो मैं समझती हूं कि इसमें भी समय-सीमा तय होनी चाहिए कि इंफ्रास्ट्रक्चर से जो प्रोजेक्ट्स बन रहे हैं, उनकी समय-सीमा निर्धारित होनी चाहिए, क्योंकि यह टैक्स की मनी है।

**माननीय सभापति (श्रीमती संध्या राय) :** धन्यवाद माननीय सदस्या।

SHRIMATI DIMPLE YADAV (KANNAUJ): Madam Chairperson, I will take two minutes. यह जनता का पैसा है। इसे सही ढंग से इस्तेमाल करने के लिए हम सब प्रतिबद्ध हैं।

महोदया, मैं इसी के साथ कहना चाहूंगी कि reformative and evolutionary changes can come in the country even after eleven years. But dedication and concentration are required from the Government. Nothing can alter the past but responsible behaviour by the Government. I am not playing a blame game here. I am saying a responsible behaviour is the behaviour in which we are responding to the present situation. And if the Government plays a responsible behaviour, then formative changes can come in the country.

Thank you, hon. Chairperson Madam.

(ends)

1313 बजे

**श्री सुरेश कुमार कश्यप (शिमला) :** माननीय सभापति महोदया, मैं आपका बहुत-बहुत आभार प्रकट करता हूं कि आपने मुझे बजट भाषण पर बोलने का मौका दिया। सर्वप्रथम मैं इस बजट का समर्थन करता हूं। साथ ही साथ देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी और केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी का बहुत-बहुत धन्यवाद करता हूं कि एक सर्वस्पर्शी और सर्वव्यापी बजट इस सदन में प्रस्तुत किया गया है। मैं माननीय प्रधानमंत्री जी को उनकी तीसरी टर्म का पहला बजट और साथ ही साथ श्रीमती निर्मला सीतारमण जी का यह सातवां बजट भाषण है, मैं उनको बहुत-बहुत बधाई देता हूं। इस बार का बजट इस देश को एक नई दिशा देने वाला बजट है, जो इस देश के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करेगा। देश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में यह एक बड़ा कदम है। निश्चित रूप से यह एक गरीब कल्याण वाला बजट है।

(1315/SJN/SMN)

माननीय सभापति महोदया जी, पिछले 10 वर्षों के दौरान 25 करोड़ लोग गरीबी की रेखा से बाहर निकले हैं। मैं उसके लिए माननीय प्रधानमंत्री जी को धन्यवाद देता हूं। यह बजट गरीब कल्याण का बजट है। इसके साथ ही साथ 80 करोड़ गरीबों को लगातार मुफ्त राशन मिल रहा है। इस बजट में 'प्रधानमंत्री आवास योजना' के तहत तीन करोड़ अतिरिक्त घर बनाने की घोषणा की गई है। निश्चित रूप से गरीबों के लिए यह एक बहुत बड़ा तोहफा है।

शिक्षा के क्षेत्र सहित रोजगार एवं कौशल प्रशिक्षण के क्षेत्र में मोदी सरकार ने विशेष रूप से इस बजट में प्रावधान किया है। निश्चित रूप से इस देश के युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में यह एक बड़ा कदम है। आने वाले पांच वर्षों के दौरान कौशल विकास के माध्यम से 4.1 करोड़ युवाओं को इसका लाभ मिलेगा। निश्चित रूप से देश में बेरोजगारी की जो समस्या है, वित्त मंत्री जी ने एक करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप देने के साथ-साथ वेतन देने का भी एलान किया है। मैं समझता हूं कि यह एक बहुत ही सराहनीय कदम है।

केन्द्रीय बजट में जिस प्रकार से युवाओं, महिलाओं, श्रमिकों, किसानों, शिक्षा, कौशल विकास तथा एमएसएमई के लिए विशेष तोहफे दिए गए हैं। इसके साथ ही साथ प्रदेशों को बाढ़ प्रबंधन और उससे जुड़ी परियोजनाओं के लिए सहायता प्रदान करने की घोषणा की गई है, इसके लिए मैं माननीय प्रधानमंत्री जी और विशेष रूप से माननीय वित्त मंत्री जी को बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं।

सभापति महोदया, माननीय प्रधानमंत्री जी और माननीय वित्त मंत्री जी ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में हिमाचल प्रदेश को सहायता राशि दी है। हिमाचल प्रदेश में पिछले वर्ष आपदा आई थी, जिसके कारण हिमाचल प्रदेश को बुहत नुकसान हुआ था। देवभूमि में बादल फटने और भूस्खलन से विकास की गति शून्य हो गई थी। उसने हिमाचल प्रदेश को दशकों पीछे धकेल दिया था, जिसमें 509 लोगों की मृत्यु हुई थी। ऐसा जख्म बहुत सारे परिवारों को मिला है, जिसको ताउम्र नहीं भरा जा सकता है। प्राकृतिक आपदा के समय पुनर्वास के लिए आर्थिक मदद देने का ऐलान किया गया है, इसके लिए मैं माननीय प्रधानमंत्री जी को बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं, बहुत-बहुत आभार प्रकट करता हूं।

मुझे यह भी कहना है कि हमारे सामने विपक्ष के बहुत सारे साथीगण बैठे हुए हैं। जब हिमाचल प्रदेश की बात हो रही थी, तब बहुत सारे लोग टिप्पणी कर रहे थे। मैं कहना चाहूंगा कि हिमाचल प्रदेश एक पहाड़ी राज्य है और मैं समझता हूं कि आज वहां पर कांग्रेस पार्टी की सरकार है, अगर हिमाचल

प्रदेश को किसी प्रकार की मदद मिलती है, तो अच्छा है। यह तो 'इंडी' गठबंधन का हिस्सा है, इसलिए इन लोगों को भी खुशी होनी चाहिए। मुझे दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि इस बात को लेकर बहुत सारे लोग काफी दुखी नजर आए थे। मैं समझता हूं कि यह अच्छी बात नहीं है। उनको भी अपने क्षेत्र और प्रदेश की बात यहां रखनी चाहिए।

मैं विशेष रूप से केन्द्र सरकार को धन्यवाद देना चाहूंगा, क्योंकि आपदा के कारण हिमाचल प्रदेश को जो क्षति पहुंची थी, हिमाचल प्रदेश के लिए 'प्रधानमंत्री आवास योजना' के तहत 16,000 आवास स्वीकृत किए गए हैं। जिनके घर बह गए थे या ढह गए थे, मैं समझता हूं कि उनको बहुत बड़ी सहायता मिली है। केन्द्र सरकार ने हिमाचल प्रदेश को एनडीआरफ के तहत 1,732 करोड़ रुपये मुहैया कराए हैं, ताकि जो क्षति हुई है, उसकी भरपाई की जा सके। इसके साथ ही साथ 2,643 करोड़ रुपये 'प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना तृतीय' के तहत दिए गए हैं। हिमाचल प्रदेश में भारी बरसात के कारण सड़कें और पुल खराब हो गए थे, उनको फिर से बनाया जा सकेगा। मैं समझता हूं कि यह एक बहुत बड़ा कदम है।

हिमाचल प्रदेश को हर प्रकार की सहायता पहले भी दी गई है और आने वाले समय में भी केन्द्र सरकार ने और भी सहायता देने की घोषणा की है। यह निश्चित रूप से एक बड़ा कदम है। इस बार के बजट में हिमाचल प्रदेश को 10,351 करोड़ रुपये से ज्यादा की राशि स्वीकृत की गई है, यह एक बड़ा कदम है। हम चाहे रेल क्षेत्र की बात करें, एयर कनेक्टिविटी की बात करें या फिर इन्फ्रास्ट्रक्चर को बेहतर बनाने की दिशा में काम होंगे, यह एक बहुत बड़ा कदम है।

विशेष रूप से 2,968 करोड़ रुपये रेलवे के तहत स्वीकृत हुए हैं, जिसमें मेरे संसदीय क्षेत्र के लिए 300 करोड़ रुपये चंडीगढ़-बद्दी रेलवे लाइन के निर्माण के लिए स्वीकृत हुए हैं। मैं इसके लिए माननीय रेल मंत्री जी और केन्द्रीय वित्त मंत्री जी को धन्यवाद देता हूं। 'अमृत योजना' में चार रेलवे स्टेशंस हैं, जिसमें शिमला का रेलवे स्टेशन शामिल है, उसका भी उन्नयन किया जाएगा। यह एक बहुत बड़ा कदम है।

(1320/SPS/SM)

सभापति महोदया, मुझे थोड़ा समय और चाहिए। मैं यह कहना चाहूंगा कि जिस प्रकार से पहाड़ी क्षेत्रों में और विशेष रूप से उन राज्यों की जो भौगोलिक स्थिति है, जहां पर बार-बार बादल फटने की घटनाएं होती हैं, भूकम्प आता है, ओलावृष्टि होती है और ऐसी प्राकृतिक आपदाएं समय-समय पर आती रहती हैं, जिससे जान-माल का भारी नुकसान होता है। इन राज्यों और मैं विशेष रूप से पहाड़ी राज्यों की बात करना चाहूंगा, जिसमें हिमाचल प्रदेश, उत्तराखण्ड, असम, जम्मू कश्मीर, मणिपुर, मिजोरम, अरुणाचल, मेघालय, सिक्किम, नागालैंड, त्रिपुरा जैसे राज्य हैं, इनके लिए पूर्वोदय की तर्ज पर एक अलग मंत्रालय या मंत्रालय में एक विभाग गठित किया जाए, जो इन क्षेत्रों में इस प्रकार की जो प्राकृतिक आपदाएं आती हैं, उनका निरीक्षण करे और समय-समय पर इन प्रदेशों की आवश्यकतानुसार सहायता भी मुहैया करवाए। मैं केन्द्र सरकार के ध्यान में इस बात को लाना चाहता हूं।

महोदया, मैं प्रदेश से रिलेटेड बातें भी कहना चाहूंगा। आज हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस पार्टी की सरकार है, जो 18 महीने पहले सत्ता में आई थी। इन्होंने सत्ता में आने के लिए गारण्टियां दी थीं, वायदे किए थे, लेकिन 18 महीने बीतने के बाद एक भी वायदा यह सरकार पूरा नहीं कर पाई है। विकास को ग्रहण सा लग गया है। पूर्व सरकार ने जो योजनाएं हिमाचल प्रदेश में स्वीकृत की थीं, उन योजनाओं को बंद करने का काम किया है। मैं आपके ध्यान में लाना चाहता हूं कि आयुष्मान भारत योजना की तर्ज पर

हिमाचल प्रदेश में हिमकेयर स्वास्थ्य योजना प्रदेश सरकार ने शुरू की थी, जिसमें प्रत्येक व्यक्ति को मुफ्त इलाज की सुविधा दी गई थी, लेकिन इस सरकार ने सत्ता में आने के बाद उस योजना को बंद कर दिया। आज प्रदेश के लोगों के लगभग 370 करोड़ रुपये के बिल्स, विभिन्न हॉस्पिटल्स के हैं, को देना बाकी है, लेकिन सरकार ने इस योजना को स्क्रैप कर दिया है और प्रदेश की जनता के ऊपर एक बहुत बड़ा कुठाराघात किया है। इसी प्रकार से जो योजनाएं प्रदेश में शुरू हुई थीं, उन योजनाओं को आगे बढ़ाने के स्थान पर वे बंद कर दी हैं। इन्होंने महिलाओं के खातों में 1500 रुपये देने का वायदा किया था, वह पूरा नहीं कर पाए। इन्होंने प्रति वर्ष एक लाख रोजगार युवाओं को सरकारी नौकरी से देने का वायदा किया था, लेकिन एक भी रोजगार नहीं दे पाए। इन्होंने किसानों से दूध खरीदने का वायदा किया था और गोबर खरीदने का वायदा किया था, वह भी पूरा नहीं कर पाए। इन्होंने 300 यूनिट बिजली देने की भी बात कही थी, लेकिन उसको भी पूरा नहीं कर पाए।

**माननीय सभापति (श्रीमती संध्या राय) :** आप अपनी बात समाप्त कीजिए।

**श्री सुरेश कुमार कश्यप (शिमला) :** एक ऐसी सरकार, जो झूठ बोलकर सत्ता में आई। वह आज प्रदेश को पीछे धकेलने का काम कर रही है। … (व्यवधान) मैं आपके माध्यम से प्रदेश सरकार से आग्रह करना चाहूंगा कि इस प्रकार की जो जनकल्याणकारी योजनाएं हैं, उनको जारी रखा जाए और हिमाचल प्रदेश के हितों को आगे बढ़ाया जाए।

सभापति महोदया, मैं आपके सामने अपने क्षेत्र की कुछ मांगें भी रखना चाहूंगा, जो हिमाचल प्रदेश को आगे ले जाने के लिए विशेष रूप से आवश्यक है।

**माननीय सभापति :** माननीय सदस्य, आप अपनी बात समाप्त कीजिए।

**श्री सुरेश कुमार कश्यप (शिमला) :** सभापति महोदया, मैं दो मिनट और लेना चाहूंगा।

**माननीय सभापति :** आप अपनी बात एक मिनट में पूरी कीजिए।

**श्री सुरेश कुमार कश्यप (शिमला) :** सभापति महोदया, मैं एक मिनट में अपनी बात को समाप्त करना चाहता हूं। हिमाचल प्रदेश एक टूरिस्ट प्रदेश है। बाढ़ के कारण हिमाचल प्रदेश को बहुत नुकसान हुआ है। मेरा यह आग्रह रहेगा कि हिमाचल प्रदेश को टूरिज्म की दृष्टि से विकसित करने के लिए और अधिक सहायता दी जाए, ताकि हिमाचल प्रदेश का और विकास हो सके। पीएमजीएसवाई-3 की तर्ज पर हिमाचल प्रदेश में विकास हो। अब इस बजट में पीएमजीएसवाई-4 की घोषणा की गई है। इससे हिमाचल प्रदेश में अटल टनल की तर्ज पर टनल्स बनाकर सड़कें बनाई जाएं, ताकि समय की बचत हो या जाम की स्थिति से छुटकारा मिल सके। मेरा ऐसा निवेदन रहेगा।

महोदया, मेरे संसदीय क्षेत्र में एक सीसीआई सीमेंट प्लांट लगा है, जो जिला सिरमौर राजबन में है। यह काफी छोटा प्लांट है। इसको उन्नत किया जाए, क्योंकि वहां पर रॉ मैटेरियल की कमी नहीं है। इससे वहां पर ज्यादा उत्पादन हो सकेगा। इसी प्रकार से सीआरएफ और पीएमजीएसवाई में हिमाचल प्रदेश पर विशेष ध्यान दिया जाए। हिमाचल प्रदेश में बहुत सारे छोटे नदी-नाले हैं, उनका चैनलाइजेशन किया जाए। मेरे संसदीय क्षेत्र औद्योगिक क्षेत्र पाँवटा साहिब काला अम्ब को रेलवे के साथ जोड़ा जाए। आपने मुझे बोलने का मौका दिया, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

(इति)

1324 बजे

**श्री असादुद्दीन ओवैसी (हैदराबाद) :** मैडम, आपका शुक्रिया। बजट की स्पीच में फाइनेंस मिनिस्टर ने चार बिरादरियों का जिक्र किया। भारत की सबसे बड़ी अकलियत मुसलमान है, जो 17 करोड़ हैं। मैं हुकूमत से जानना चाहता हूं कि क्या 17 करोड़ मुसलमानों में गरीब नहीं हैं, नौजवान नहीं हैं, किसान नहीं हैं, ख्वातीन नहीं हैं? वतन-ए-अजीज में सबसे गरीब मुसलमान हैं। सबसे ज्यादा नाखवानगी मुस्लिम ख्वातीन में हैं। एआईडीएस और पीएलएफएस का डेटा यह बताता है कि मुसलमानों में सबसे कम असासे हैं और कंजम्प्शन लेवल दूसरे मजहबी ग्रुपों के बरइजबा सबसे कम है।

(1325/MM/RP)

मैडम, तालीमी इदारों में 15 और 24 साल की उम्र में एनरोलमेंट में मुसलमानों की सिर्फ 29 फीसद, शेड्यूल्ड कास्ट की 44 फीसद, हिन्दू ओबीसी की 51 फीसद और हिन्दी अपर कास्ट की 59 फीसद है। हायर एजुकेशन में मुसलमानों का एनरोलमेंट सिर्फ 5 फीसद है। पीएलएफएस का वर्ष 2018-19 का डेटा वेज एम्प्लॉय बताता है कि मुसलमान 22 फीसद थे, वर्ष 2022-23 में यह 15 फीसद हो चुका है। सेल्फ इम्प्लॉयमेंट में मुसलमान, हिन्दू और सिक्ख से ज्यादा 58.4 परसेंट हैं। रेग्युलर वेज एम्प्लॉयमेंट में सबसे कम मुसलमान 15 फीसद हैं और केजुअल लेबर में सबसे ज्यादा मुसलमान 26 फीसद हैं। मुसलमानों का रेग्युलर इम्प्लॉयमेंट में शेयर लॉस हो रहा है। मुसलमान नौजवानों को न रोजगार मिलता है, न तालीम के मवाके, न हुकुमत उनको तरबीयत सहुलियत दी जाती है। मोदी हुकूमत ने मुसलमानों को अछूत बना दिया है, न कोई सियासी नुमाइंदगी है, न मुल्क की तरक्की में उनको कोई हिस्सा दिया जा रहा है।

मैडम, माइनोरिटी वेलफयर मिनिस्ट्री के बजट में वर्ष 2023-24 में 38 फीसद की कमी कर दी गयी। इसको पांच हजार करोड़ से तीन हजार करोड़ कर दिया गया। इस साल के बजट में सिर्फ चंद सौ करोड़ रुपये का इज़ाफा किया गया है। मगर वर्ष 2023-24 के बजट के लेवल पर पैसे मुक्तसर नहीं किए गए। यह मोदी हुकूमत की … (<u>अध्यक्षपीठ के आदेशानुसार कार्यवाही-वृत्तान्त में सम्मिलित नहीं किया गया।</u>) कमिटमेंट है अक्लियतों के ताल्लुक से।

मैडम, अक्लियती स्कॉलरशिप- अक्लियतों के गरीब तुलबा और तालीबात को दी जाने वाली रकम में कमी कर दी गयी है। वर्ष 2019 में मोदी जी ने कहा था कि एक करोड़ स्कॉलशिप्स दी जाएंगी, लेकिन अभी सिफ 58 लाख दी जा रही हैं। 47 फीसद अक्लियती एप्लीकेंट्स को हर साल स्कॉलरशिप्स से महरूम कर दिया जा रहा है। 10 साल से मैं कह रहा हूं कि डिमांड ड्रिवन करो। डिमांड ड्रिवन के लिए सिर्फ तीन हजार करोड़ रुपये की जरूरत है, मगर यह हुकूमत सच्चाई और ईमानदारी से काम नहीं कर रही है। वर्ष 2007-08 से माइनोरिटी स्कॉलशिप नंबर्स में इज़ाफ़ा नहीं हुआ है। प्री-मैट्रिक स्कॉलरशिप में कुंडु कमेटी ने कहा था कि मुसलमानों में ड्रॉप आउट रेट प्राइमरी लेवल पर होता है। हुकूमत 9वीं क्लास से प्री-मैट्रिक स्कॉलरशिप के पैसे दे रही है। एनडीएमसी की इक्वैटी 800 करोड़ रुपये एक मज़ाक है। पीएमजेवीके में 910 करोड़ रुपये दिए गए। सारी दुनिया जानती है कि जहां मुसलमान बसता है, गांव में और शहर में, वह अंडर डेवल्प्ड एरिया है और आप ऊंट के मुंह में जीरा देकर मज़ाक कर रहे हैं। हज में 97 करोड़ रुपये। हज कमेटी एक रिश्वत का मरकज बन चुकी है। प्राइवेट टूर ऑपरेटर्स के एक लाइसेंस के लिए पैसे देना पड़ता

है। बिल्डिंग सिलेक्शन के लिए पैसे देने पड़ते हैं। मीना मुजल्फा में कंपनी के सिलेक्शन के लिए पैसे देने पड़ते हैं। मैं हुकुमत से मुतालिबा करता हूं कि इसे खत्म किया जाए और सीबीआई इंक्वायरी करवायी जाए। मोदी हुकूमत को मुसलमानों से नफरत को खत्म करना पड़ेगा। मुसलमानों को उनका दस्तूरी हक मिलना चाहिए। आप कैसे विकसित भारत बनाएंगे, अगर 17 करोड़ मुसलमानों से नफरत करेंगे।

मैडम, फाइनेंस मिनिस्टर की पूरी स्पीच में बच्चों का जिक्र नहीं है। आज हमारे देश में 67 लाख बच्चे रोज़ भूखे सोते हैं। 46 मिलियन बच्चे माल-न्यूट्रिशिन की वजह से स्टेंटेड हैं। 25 मिलियन बच्चे वेस्टेड हैं। इन मासूम बच्चों की यह बदकिस्मती और बदबख्ती है कि एक शख्स चाय बेचकर वजीरेआज़म बन गया।

The long-term capital gains tax was decreased from 20 per cent to 12.5 per cent. However, the indexation benefit has been removed and it would not apply to any property purchased after 2001. This will be detrimental to growth of real estate, limit household capital formation, and impact employment generation in construction sector. This change in the LTCG is a quasi-wealth tax on households, particularly, on the middle class.

As far as internship programme is concerned, अब पांच साल में एक करोड़ लोगों को इंटर्न कराएंगे यानी एक कंपनी को चार हजार लोगों को ट्रैन्ड करना पड़ेगा। मैं जानना चाहता हूं कि बड़ी कम्पनी के मायने क्या हैं? It is unachievable. Will it be based on market cap revenue or employee size? Maybe the Prime Minister Modi is asking Agniveer to do Internship after four years of service in Armed Forces.

Madam, 21 million people have given up all hopes and stopped looking at jobs. This brings down to 9 per cent the eligible population that is either employed or are looking for jobs. Maybe, the Finance Minister can introduce a *berozgaar* tax and tax on unemployed as well. There is no significant increase in the budget for social welfare and health care. It looks like Prime Minister Modi is saying: 'देश के मिडिल क्लास की सम्पत्ति पर पहला हक हमारे एलाइज़ का है।'

In real terms, the allocation in health sector, in AB-PMJAY, has declined. The Prime Minister said during G20: "In reality, India is hurting". This Government wants to increase FDI from China. Is the Prime Minister not concerned that our Armed Forces cannot patrol 26 patrolling points out of 65 in Ladakh? Maybe the Prime Minister wants the Chinese monopoly in the Indian markets. Import from China has crossed $101 billion in 2024. The Prime Minister Modi says Khelo India but in reality, the Budget has shown that the

Modi Government's policy is *jhelo* India. गरीब, मिडिल क्लास, फार्मिंग, सिटी डेवलर्स, मैन एंड विमिन, सब मोदी जी को झेल रहे हैं।

In the current financial year, till 5th February, 15,993 MSMEs have closed down and a total number of 35680 MSMEs have been closed down.

As far as Andhra Pradesh bifurcation is concerned, this Parliament has passed a law. For the last 10 years, the Modi Government has shown their intellectual dishonesty by not giving ITR, IIM, Bayyaram Steel Factory, Railway Coach Factory Kazipet, and recognition of Palmaru as a national project. This shows the intellectual dishonesty of this Government.

(1330/YSH/NKL)

Madam, I end my speech by quoting a famous poet, in which I am amending certain verses:

"133 करोड़ इंसानों जिंदगी से बेगानों,
सिर्फ हुक्मरानों ने तुम्हारा हक छीना है,
खाक ऐसे जीने पर यह भी कोई जीना है,
बेशऊर भी तुमको बेशऊर कहते हैं,
सोचता हो ये नादान कैसे हवा में रहते हैं,
133 करोड़ इंसानों, कब तक यह खामोशी,
चलते फिरते जिंदानों गरीब, ख्वातीन, नौजवानों,
किसानों से रोने की सदाएं आती हैं,
जब शबाब पर आकर खेत लहलहाता है,
किसके नयन रोते हैं, कौन मुस्कुराता है,
काश तुम भी समझो, काश तुम भी जानो,
किस कदर भयानक है, जुल्म का यह ढप देखो,
रक्त से आतिश व आहन देखते ही जाओगे,
देखते ही जाओगे होश में न आओगे।"

सभापति महोदया, अनएम्प्लॉयमेंट पर अभी बोला गया कि हम नौकरियां दे रहे हैं, तो शायर ने इनके बारे में अच्छा कहा है।

"फूल शाखों पर खिलने लगे तुम कहो,
जान जिंदो को मिलने लगे तुम कहो,
चाक सीनों के सिलने लगे तुम कहो,
इस खुली झूठ को, जहन की लूट को मैं नहीं मानता, मैं नहीं जानता।"

(इति)

جناب سلال الدین اویسی (حیدرآباد): میڈم، پہلے تو بہت شکریہ۔ بجٹ کی سپیچ میں فائننس منسٹر نے چار برادریوں کا ذکر کیا، بھارت کی سب سے بڑی اقلیت مسلمان ہے، جو 17 کروڑ ہیں، میں حکومت سے جاننا چاہتا ہوں کہ کیا 17 کروڑ مسلمانوں میں غریب نہیں ہیں، نوجوان نہیں ہیں، کسان نہیں ہیں، خواتین نہیں ہیں، وطنِ عزیز میں سب سے غریب مسلمان ہیں، سب سے زیادہ ناخواندگی مسلم خواتین میں ہیں۔ اے آئی ڈی ایس اور پی ایل ایف ایس کا ڈاٹا بتاتا ہے کہ مسلمانوں میں سب سے کم اثاثے ہیں اور کنزمپشن لیول دوسرے مذہبی گروپوں کے بہ نسبت سب سے کم ہے۔

میڈم، اعلیٰ تعلیمی اداروں میں 15 اور 24 سال کی عمر میں انرولمنٹ میں مسلمانوں کی صرف 29 فیصد، شیڈولڈ کاسٹ کی 44 فیصد، ہندو او بی سی کی 51 فیصد اور ہندو اپر کاسٹ کی 59 فیصد ہائر ایجوکیشن میں مسلمانوں کا انرولمنٹ صرف 5 فیصد ہے پی ایل ایف ایس۔ کا سال 2018-19 کا ڈاٹا اور جو پی ایل ایف ایس کا ڈاٹا بتاتا ہے کہ مسلمان 22 فیصد تھے، سال 2022-23 میں یہ 15 فیصد ہو چکا ہے۔ سیلف ایمپلائمنٹ میں مسلمان ہندو اور سکھ سے زیادہ 58.4 ہی رہی۔ ریگولر ویج ایمپلائمنٹ میں سب سے کم مسلمان 15 فیصد ہیں اور کیژول لیبر میں سب سے زیادہ مسلمان 26 فیصد ہیں۔ مسلمانوں کا ریگولر ایمپلائمنٹ میں شیئر لوس ہو رہا ہے۔ مسلمان نوجوانوں کو نہ روزگار مل رہا ہے، نہ تعلیم کے مواقع، نہ حکومت اقلیتی سہولیات دی جاتی ہیں۔ مودی حکومت نے مسلمانوں کو اچھوت بنا دیا ہے، نہ کوئی سروس نمائندگی ہے، نہ ملک کی ترقی میں ان کو کوئی حصہ دیا جا رہا ہے۔

میڈم، مائنورٹی افیئر منسٹری کے بجٹ میں سال 2023-24 میں 38 فیصد کی کمی کر دی گئی، اس کو 5000 کروڑ سے 3000 کروڑ کر دیا گیا۔ اس سال کے بجٹ میں صرف چند سو کروڑ روپئے کا اضافہ کیا گیا ہے۔ مگر سال 2023-24 کے بجٹ کے لیول پیپرس سے خرچ نہیں کئے گئے۔ یہ مودی حکومت کی) کارروائی میں شامل نہیں (کمیٹمنٹ ہے، اقلیتوں کے متعلق سے۔

میڈم، اقلیتی اسکالرشپ اقلیتوں کے غریب طلباء اور طالبات کو دی جانے والی رقم میں کمی کر دی گئی ہے۔ سال 2019 میں مودی جی نے کہا تھا کہ ایک کروڑ اسکالرشپ دی جائیں گی، لیکن ابھی صرف 58 لاکھ اسکالرشپ دی جا رہی ہیں۔ 47

فیصد قابلیتی اپلیکنٹس کو ہر سال اسکالرشپ سے محروم کر دیا جا رہا ہے۔ دس سال سے میں کہہ رہا ہوں کہ ڈیمانڈ ریویو کرو، ڈیمانڈ ریویو کے لئے صرف 3 ہزار کروڑ روپئے کی ضرورت ہے، مگر یہ حکومت سچائی اور ایمانداری سے کام نہیں کر رہی ہے۔ سال 2007-08 سے مائنورٹی اسکالرشپ نمبرس میں اضافہ نہیں ہوا ہے۔ پری-میٹرک اسکالرشپ میں کنڈو کمیٹی نے کہا تھا کہ مسلمانوں میں ڈراپ آؤٹ ریٹ پرائمری لیول پر ہوتا ہے۔ حکومت 9 کلاس سے پری-میٹرک اسکالرشپ کے پیسے دے رہی ہے۔ این-ڈی-اے میں سی کلیکو وی ٹی 800 کروڑ روپئے ایک مذاق ہے۔ پی ایم-جے-وی-کے میں 910 کروڑ روپئے دیئے گئے۔ ساری دنیا جانتی ہے کہ جہاں مسلمان بستا ہے، گاؤں میں اور شہر میں، وہ انڈر ڈیولپ رہتا ہے اور آپ اونٹ کے منہ میں زیرہ دے کر مذاق کر رہے ہیں، حج میں 97 کروڑ روپئے۔ حج کمیٹی ایک رشوت کا مرکز بن چکی ہے۔ پرائیویٹ ٹور آپریٹرس کے ایک لائسنس کے لئے پیسے دینے پڑتا ہے بلڈنگ سیلیکشن کے لئے پیسے دینے پڑتے ہیں۔ منی مذاق ہے میں کمپنی کے سیلیکشن کے لئے پیسے دینے پڑتے ہیں۔ میں حکومت سے مطالبہ کرتا ہوں کہ اس کو ختم کر دیا جائے اور سی بی آئی-ای ڈی انکوائری کروائی جائے۔ مودی حکومت کو مسلمانوں سے نفرت کو ختم کرنا پڑے گا۔ مسلمانوں کو ان کا دستوری حق ملنا چاہئے۔ آپ کیسے وکست بھارت بنائیں گے، اگر 17 کروڑ مسلمانوں سے نفرت کریں گے۔

میں فنانس منسٹر کی پوری اسپیچ میں بچوں کا فکر نہیں ہے۔ آج ہمارے دیش میں 67 لاکھ بچے روز بھوکے سوتے ہیں۔ 46 ملین بچے مال نیوٹریشن کی وجہ سے اسٹنٹیڈ ہیں۔ 25 ملین بچے ویسٹیڈ ہیں۔ ان معصوم بچوں کی یہ بدقسمتی اور بدبختی ہے کہ ایک شخص چائے بیچ کر وزیرِ اعظم بن گیا۔

اب پانچ سال میں ایک کروڑ لوگوں کو انٹرن کروائیں گے، یعنی ایک کمپنی کو چار ہزار لوگوں کو ٹریننگ کرنا پڑے گا۔ میں جاننا چاہتا ہوں کہ بڑی کمپنی کے معنی کیا ہیں؟ دیش کے مڈل کلاس کی سمپتّی پر پہلا حق ہمارے لائقوں کا ہے۔ غریب، مڈل کلاس فارمنگ، اسٹڈی ڈیولرس، مین اور ویمن، سب مودی جی کو جھیل رہے ہیں۔

133 کروڑ انسانوں، زندگی سب بیگانوں

صرف حکمرانوں نے تمہارا حق چھینا ہے

خلق ایسے جینے پر یہ بھی کوئی جینا ہے

بے شعور بھی تم کو بے شعور کہتے ہیں،

سچ بتا ہوں یہ نادان کس سے ہوا میں رہتے ہیں،

133 کروڑ انسانوں کی اب تک یہ خاموشی،

چلتے پھرتے زندانوں، نوجوان، نوجوانوں،

کسانوں سے رونے کی صدائیں آتی ہیں

جب شباب پر آکر کھیتی لٹتا ہے،

کس کے نین روتے ہیں کون مسکراتا ہے،

کاش تم بھی سمجھو کاش تم بھی جانوں،

کتنا درد بھرا ہے، ظلم کا یہ ٹھپہ دیکھو،

کتنے سے آتش و آہن کے ہاتھوں میں جاؤ گے،

کے ہاتھے ہی جاؤ گے ہوش میں نہ آؤ گے۔

چیئرمین صاحب، ان ایمپلائمنٹ پر اب بھی بولا گیا کہ ہم نوکریاں دے رہے ہیں، تو شاعر نے انکے بارے میں اچھا لکھا ہے

پھول شاخوں پر کھلنے لگے تم کہو،

جام زندوں کو ملنے لگے تم کہو،

چاک سینوں کے سلنے لگے تم کہو

اس کھلی جھوٹ کو، ذہن کی لوٹ کو میں نہیں مانتا، میں نہیں جانتا،

(ختم شد)

1332 hours

SHRI N. K. PREMACHANDRAN (KOLLAM): Thank you very much, Madam Chairperson, for affording me this opportunity to take part in the discussion on the Budget for the Financial Year 2024-25. I rise to oppose the Budget proposals for the year 2024-25 as it is not truly addressing the concerns of the common people of this country.

Madam Chairperson, this is the first Budget of the third term of the Modi Government. We, the Members of the Opposition, while taking part in the discussion on the Motion of Thanks on the President's Address, had discussed and observed that this is not an NDA Government but an 'N-square DA' Government because this is a Government, totally dependent on Naidu-Nitish, and is totally a dependent alliance Government. … (*Interruptions*) That is why the stability of this Government is a question. … (*Interruptions*)

Madam Chairperson, if you see the Budget proposals announced by Madam Nirmala Sitharaman ji, the hon. Finance Minister has substantiated and ratified the observations made by the Opposition that this is a Government whose survival and existence is at the political pleasure of these two parties, Janata Dal (U) and the TDP, led by Nitish and Naidu respectively. That is why, my first submission is that the stability of the Government is at question, and that this Government can collapse any time before completing its term in office. That is the first point I would like to make. … (*Interruptions*)

**रक्षा मंत्री (श्री राज नाथ सिंह) :** अध्यक्ष महोदय, नेता प्रतिपक्ष ने बजट से संबंधित जो भी भ्रांतियां पैदा की हैं तो जब बजट से संबंधित जवाब देने के लिए वित्त मंत्री जी खड़ी होंगी, उन भ्रांतियों को लेकर जो भी क्लेरिफिकेशन देना है, जो कुछ भी देश को संदेश देना है, वह अपनी तरफ से संदेश देंगी। मैं मानता हूं कि बजट को लेकर कई भ्रांतियां पैदा की गई हैं, लेकिन देश की सीमा की सुरक्षा जिन सेना के बहादुर जवानों के हाथों में रहती है, यह इस देश की सुरक्षा का संवेदनशील मुद्दा है। सेना से जुड़े हमारे अग्निवीर के जवानों को लेकर देशवासियों को गुमराह करने की कोशिश की जा रही है, मैं उस संबंध में कहना चाहता हूं कि जब भी आपका आदेश होगा, इस सदन के समक्ष मैं अग्निवीरों को लेकर पूरी तरह से अपना स्टेटमेंट देने को तैयार हूं।

(1445/MM/UB)

**श्री राहुल गांधी (रायबरेली) :** स्पीकर सर, मुझे जवाब देना है।

**माननीय अध्यक्ष :** उन्होंने कुछ नहीं कहा है। उन्होंने आपके शब्दों को लेकर बोला है।

**श्री राहुल गांधी (रायबरेली) :** स्पीकर सर, उन्होंने मेरा नाम लिया है।

**माननीय अध्यक्ष :** उन्होंने कहा है कि वे अग्निवीर के विषय पर चर्चा करने के लिए तैयार हैं।

**श्री राहुल गांधी (रायबरेली) :** सर, डिफेंस मिनिस्टर ने कहा कि मैंने अग्निवीर की बात उठायी। पहले भी डिफेंस मिनिस्टर ने कहा था कि शहीद अग्निवीर परिवारों को कम्प्नसेशन दिया गया है। उन्होंने हाउस में कहा कि एक करोड़ रुपये कम्प्नसेशन दिया गया है। मगर, सर, वह गलत था। सर, उस शहीद के परिवार को इंश्योरेंस दिया गया था, कम्प्नसेशन नहीं दिया गया था।

**माननीय अध्यक्ष :** नो।

**श्री राहुल गांधी (रायबरेली) :** सर, मैं यह कहना चाहता हूं कि यह सच है। सर, कम्प्नसेशन दिया गया था। यह सच है।… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** नो।

**श्री राहुल गांधी (रायबरेली) :** सर, यह सच्चाई है और इसको कोई नकार नहीं सकता है। सर, मैं आखिरी बात कहना चाहता हूं कि आपने एक चक्रव्यूह बना दिया है और मीडिया वालों को आपने पिंजरे में बंद कर दिया है, उनको बाहर निकाल दीजिए। … (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** आप प्रतिपक्ष के नेता हैं।

… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** आप क्यों हंस रहे हैं?

… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** क्या आपका यह तरीका सही है?

… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** आप बैठे-बैठे टिप्पणी न करें।

… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** आप प्रतिपक्ष के नेता हैं। मैं आपसे यह अपेक्षा करता हूं कि आप नियम-प्रक्रिया को कृपया पूरा पढ़ लें। मुझे अच्छा लगेगा अगर आप नियम-प्रक्रिया को पूरा पढ़ लेंगे।

… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** कभी भी सदन के मामले में कोई भी माननीय सदस्य टिप्पणी नहीं कर सकता है। यह व्यवस्था अध्यक्ष के तहत होती है।

… (व्यवधान)

**श्री राहुल गांधी (रायबरेली) :** सर, बेचारे मीडिया वाले हैं … (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** वे बेचारे नहीं हैं। आप उनके लिए 'बेचारा' शब्द मत बोलिए।

**श्री राहुल गांधी (रायबरेली) :** नॉन-बेचारे मीडिया वाले … (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** वे बेचारे नहीं हैं।

… (व्यवधान)

**श्री राहुल गांधी (रायबरेली) :** नॉन-बेचारे, नॉट बेचारे मीडिया वाले। … (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** मैं यहा बैठा हूं। वह आसन से बात कर रहे हैं तो आसन को बात करने दीजिए।

… (व्यवधान)

**श्री राहुल गांधी (रायबरेली) :** सर, नॉट बेचारे मीडिया वालों ने मुझ से कहा है कि आपसे हाथ जोड़कर कहें कि उनको निकलने दें। क्योंकि वे बड़े डिस्टर्बेंस में हैं।

**माननीय अध्यक्ष :** आप सदन के नेता हैं।

… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** आपको बैठे-बैठे बोलने की इजाजत नहीं है।

… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** आप लोग बैठे-बैठे टिप्पणी मत कीजिए।

… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** मैंने पहले भी कहा है कि आप नियम-प्रक्रिया का पूरा अध्ययन कर लें। सदन की किसी भी व्यवस्था के मामले में, आप प्रतिपक्ष के नेता हैं, आप मुझे चैम्बर में आपकर मिलें, कोई परेशानी हो, किसी को एलाऊ न किया हो, कोई भी बात हो तो हमें बताएं। लेकिन सदन के अंदर, सदन की व्यवस्थाओं पर प्रश्न न उठाएं। यह मेरी आपसे अपेक्षा है।

श्री विष्णु दत्त शर्मा।

1449 बजे

**श्री विष्णु दत्त शर्मा (खजुराहो) :** अध्यक्ष महोदय, मैं आपका हृदय से आभार प्रकट करता हूं कि आपने मुझे बजट, 2024-25 पर इस सदन में बोलने का मौका दिया।

महोदय, आज पूरा देश गौरवान्वित है कि भारत के संसदीय लोकतंत्र में लगातार तीसरी बार भारत के प्रधान मंत्री के तौर पर किसी ने शपथ ली तो भारत के प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने शपथ ली है। मैं इस सदी के राष्ट्र नायक प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी को और हमारी वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी को इस अभूतपूर्व ऐतिहासिक बजट के लिए हार्दिक बधाई और धन्यवाद देता हूं।

(1450/YSH/SRG)

माननीय अध्यक्ष जी, यह जो बजट प्रस्तुत हुआ है, यह वर्ष 2047 के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने वाला बजट है। अब यह बात अलग है कि मैं अभी इस सदन का माहौल देख रहा था और मुझे उसके बाद बोलने का अवसर मिला है। देश का विपक्ष इस देश के अंदर केवल नकारात्मक, झूठ और छल-कपट की राजनीति करना चाहता है। यह इस देश का दुर्भाग्य है कि इस प्रकार का विपक्ष आज इस भूमिका में सदन के अंदर बोल रहा है और ये इस भूमिका को लगातार प्रस्तुत कर रहे हैं।

माननीय अध्यक्ष जी, जब औवेसी जी बोल रहे थे तो यह कह रहे थे कि 17 करोड़ मुसलमानों को इस बजट के अंदर कोई अवसर नहीं मिला है। मैं आज कहना चाहता हूँ कि भारत के अंदर माननीय प्रधान मंत्री मोदी जी ने, हमारी वित्त मंत्री जी ने 10 वर्षों के अंदर सबका साथ, सबका विकास और सबके विश्वास पर जो काम भारत के अंदर किया है, वह सिर्फ भारत के प्रधान मंत्री मोदी जी ने ही किया है। हर समाज, वर्ग के लिए यह बजट सर्वस्पर्शी, सर्व समावेशी और विकासोन्मुखी तथा 140 करोड़ देशवासियों की आशाओं, आकांक्षाओं और अमृतकाल के सभी संकल्पों को सिद्ध करने वाला रहा है।

आम बजट 2024-25 में विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का आर्थिक दस्तावेज इस बजट के माध्यम से माननीय प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में प्रस्तुत हुआ है। मैं इस सदन के अंदर कहना चाहता हूँ कि जब हम मध्य प्रदेश का चुनाव लड़ रहे थे, तब मध्य प्रदेश के चुनाव में उस समय हमको मध्य प्रदेश की जनता ने कहा कि मध्य प्रदेश के मन में मोदी हैं और मध्य प्रदेश के मन में मोदी के अभियान के साथ हमने विधान सभा में रिकॉर्ड बनाया और लोक सभा के अंदर तो देश के इतिहास में 29 की 29 सीटें जीतकर मोदी जी को मध्य प्रदेश की जनता ने आशीर्वाद दिया।

इसलिए माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आज कहना चाहता हूँ कि इस बजट के अंदर, जो वर्ष 2024-25 का बजट … (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय सदस्य, एक मिनट रुक जाइए। प्लीज माननीय सदस्य, बैठ जाइए। सुरेश जी, मणिक्कम जी, प्लीज बैठिए। आप सदन की मर्यादाओं का ध्यान रखिए।

**श्री विष्णु दत्त शर्मा (खजुराहो) :** अध्यक्ष महोदय, वर्ष 2024-25 का बजट माननीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी ने जो प्रस्तुत किया है, उस बजट के अंदर मैं मध्य प्रदेश की ओर से माननीय प्रधान मंत्री जी को धन्यवाद देना चाहता हूँ। माननीय प्रधान मंत्री जी ने इस बजट के अंदर मध्य प्रदेश के लिए 97 हजार 907 करोड़ रुपये दिए हैं, जो कि पिछले बजट की तुलना में 11 हजार 205 करोड़ रुपये अधिक हैं। प्रधान मंत्री मोदी जी के मन में मध्य प्रदेश हमेशा रहा है, इसलिए मैं मध्य प्रदेश की जनता की ओर से माननीय प्रधान मंत्री जी और माननीय वित्त मंत्री जी को धन्यवाद देता हूँ।

माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं वित्त मंत्री जी को हार्दिक धन्यवाद देता हूँ और रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव जी को भी धन्यवाद देता हूँ कि बजट में रेल मंत्रालय ने 14 हजार 738 करोड़ रुपये मध्य प्रदेश को दिए हैं, जो कि कांग्रेस के समय में केवल 632 करोड़ रुपये थे। माननीय प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में माननीय वित्त मंत्री जी ने आज मध्य प्रदेश का रेल बजट 14 हजार 738 करोड़ रुपये का दिया है।

मध्य प्रदेश में रेलवे का 100 प्रतिशत इलेक्ट्रिफिकेशन हुआ है। यह एक एतिहासिक कदम माननीय प्रधान मंत्री जी नेतृत्व में हुआ है। विगत 10 वर्षों में 1062 फ्लाईओवर से लेकर कई प्रकार की रेल की सौगातें माननीय प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में मध्य प्रदेश को मिली हैं। माननीय प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने वर्ष 2014 में शपथ ली थी और उन्होंने तब कहा था कि मेरी सरकार गरीबों को समर्पित सरकार है। मैं आज इस सदन में उल्लेख करना चाहता हूँ कि कांग्रेस ने 55 वर्षों तक इस देश पर राज किया और कांग्रेस के उस समय के प्रधान मंत्री, चूँकि मैं उनके नाम का उल्लेख इसलिए नहीं करना चाहता हूँ, क्योंकि वे सदन के सदस्य नहीं है, लेकिन मैं कहना चाहता हूँ कि वे कहते थे कि यदि हम गरीब के लिए 100 रुपये भेजते हैं तो 85 पैसे दलाल और बिचौलिए खा जाते हैं, केवल 15 पैसे गरीब तक पहुंचते हैं।

(1455/RAJ/RCP)

1455 बजे (श्री ए. राजा पीठासीन हुए)

आज मैं गर्व के साथ कह सकता हूं कि वर्ष 2014 के बाद माननीय प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने गरीबी हटाने का नारा नहीं दिया, लेकिन आज इस देश में माननीय प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में बजट में फिर से जो प्रावधान किए गए हैं, उनके आधार पर, गरीब कल्याण योजनाओं के आधार पर 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर उभर कर आए हैं। यह मोदी जी के कारण ही इस देश में संभव हुआ है।

माननीय सभापति महोदय, 'प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना' वर्ष 2020 से लागू हुई। इससे 80 करोड़ गरीब परिवारों को नि:शुल्क अनाज मिला है। 'आयुष्मान भारत योजना' के माध्यम से 20 करोड़ लोगों को फ्री में इलाज कराने का अधिकार मिला है। 'प्रधानमंत्री आवास योजना' के तहत माननीय प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने चार करोड़ परिवारों को उनके सर पर छत देकर उनके जीवन में खुशी लाने का काम किया है। माननीय प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने

'प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना' के माध्यम से 10 करोड़ से अधिक बहनों को चूल्हे से मुक्ति दिला कर गैस सिलेंडर्स उपलब्ध कराने का काम इस भारत में किया है।

आज मैं कहना चाहता हूं कि 'प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना' के माध्यम से अटल बिहारी वाजपेयी जी ने गांव-गांव को सड़कों से जोड़ने का प्रयास किया। आज माननीय प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने इस देश में एक-एक गांव को सड़कों से जोड़ने का प्रावधान इस बजट किया है। अगर 25 हजार ग्रामीण बस्तियों में कोई बस्ती बची है, जिनकी रोड कनेक्टिविटी नहीं है, उन बस्तियों में 'सड़क संपर्क योजना' के तहत सड़कों के निर्माण का प्रावधान इस बजट में किया गया है। आज मैं इस बजट के लिए माननीय प्रधान मंत्री जी और माननीय वित्त मंत्री जी को धन्यवाद देता हूं।

'प्रधानमंत्री स्वनिधी योजना' के माध्यम से 78 लाख रेहड़ी-पटरी वालों को आर्थिक संबल प्रदान किया गया है। लोग कहते हैं कि मोदी है तो मुमकिन है। आज मैं इस सदन में कहता हूं कि अगर कोई गरीब प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत प्रदान किए जा रहे आवास से वंचित है, तो इस बजट के माध्यम से फिर तीन करोड़ परिवारों को आवास प्रदान कराने काम माननीय मोदी जी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी, एनडीए की सरकार करेगी।

माननीय सभापति महोदय, इस देश में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजनाओं के माध्यम से लोगों को सुविधाएं प्रदान की जा रही है। जब हम छिंदवाड़ा का चुनाव लड़ रहे थे, तो लोग कहते थे कि पता नहीं छिंदवाड़ा किसका गढ़ है। उस समय मैंने कहा था कि छिंदवाड़ा किसी का गढ़ है, तो वह माननीय प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी के गरीब कल्याण योजनाओं के हितग्राहियों का गढ़ है और भारतीय जनता पार्टी ने ऐतिहासिक बहुमत से छिंदवाड़ा में विजय श्री हासिल कर वहां उस गढ़ को तोड़ने का भी काम किया है।

इस देश में माननीय प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने गुड गवर्नेंस दी है। मैंने कहा था कि कांग्रेस के माननीय प्रधान मंत्री कहते थे कि इस देश में गरीब तक केवल 15 पैसे पहुंचते हैं, तब माननीय प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने जन धन एकाउंट्स खोल कर 51 करोड़ लोगों के लिए इस देश में यह व्यवस्था सुनिश्चित कर दी है कि अगर गरीब के खाते में एक रुपए भेजा जाता है, तो उनके खाते में 99 पैसे नहीं बल्कि एक रुपए ही पहुंचेगा। यह माननीय प्रधान मंत्री जी ने सुनिश्चित किया है। जब उन्होंने जन धन एकाउंट्स खोला था, तब वे मजाक उड़ाते थे, लेकिन आज मैं कहना चाहता हूं कि जब वर्ष 2014 में वे दलाल और बिचौलिए चले गए, तो उसके बाद देश में गरीबों को सुकून मिला है। डायरैक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से 34 लाख करोड़ रुपए सीधे लाभार्थी के खातों में पहुंचाए गए हैं। आज मैं इस सदन में बजट भाषण में बताना चाहता हूं कि 2.7 लाख करोड़ रुपए की बचत भारत को डीबीटी के माध्यम से हुई है। इस देश में मोदी जी हैं। मोदी जी ने इस बात को भी मुमकिन करने का प्रयास किया है। हमारे विपक्ष के लोग अभी लगातार हंगामा करते रहे, वर्ष 2014 से पहले इस देश की सरकार भ्रष्टाचार के नाम से जानी जाती थी।

(1500/KN/SM)

मैं इस सदन में एक बात का और उल्लेख करना चाहता हूं। अखिलेश जी भी यहां पर बैठे हुए हैं। मैं बुंदेलखंड क्षेत्र का सांसद हूं। हमारे आज के नेता, प्रतिपक्ष वर्ष 2008 में टीकमगढ़ जिले के एक टिपरिया गांव की बहन भंजन बाई के घर गए थे। अभी वह उदाहरण दे रहे थे कि मैं इनसे मिला, मैं उनसे मिला। मैं उनसे पूछना चाहता हूं कि जब वर्ष 2008 में आपकी सरकार थी, वर्ष 2014 तक आपकी सरकार चली तो टिपरिया गांव की उस बहन भंजन भाई का इतने सालों में क्या हुआ था? आपको याद नहीं होगा, लेकिन आज मैं गर्व से कहता हूं कि उस बहन के सिर पर छत देने का काम अगर किसी ने किया है तो भारत के प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने किया है।

मैं नेता प्रतिपक्ष जी से कहूंगा कि आप बुंदेलखंड की गरीबी और सूखे पर अलाप करके आए थे। वर्ष 2014 के बाद मोदी जी की सरकार बनी। मोदी जी की सरकार ने बुंदेलखंड के लिए इस बजट के अंदर प्रावधान करने का काम किया है, इसलिए मैं माननीय प्रधान मंत्री जी का, माननीय वित्त मंत्री जी का अभिनंदन करता हूं। अटल जी का वह सपना पूरा करने का काम माननीय प्रधान मंत्री जी ने किया है। माननीय प्रधान मंत्री जी मोदी जी ने केन-बेतवा लिंक परियोजना के लिए 44,605 करोड़ रुपये पिछले बजट में प्रावधान करके बुंदेलखंड को दिये। आज मैं कहना चाहता हूं कि वह बुंदेलखंड अब सूखा बुंदेलखंड नहीं है। वह हरा-भरा बुंदेलखंड होगा। वह बुंदेलखंड अब गरीब बुंदेलखंड नहीं, बल्कि समृद्धशाली बुंदेलखंड बनेगा। जो लोग बुंदेलखंड का मजाक उड़ा रहे थे, आज आप वहां जाएंगे तो आपको सरपट हाइवेज मिलेंगे। बुंदेलखंड के खजुराहो का टूरिज्म बढ़ा है। आज इस सदन में मैं कहना चाहता हूं कि माननीय प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने बुंदेलखंड के क्षेत्र में जिस प्रकार से विकास की गति को आगे बढ़ाने का काम किया है, हम आज माननीय प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी को धन्यवाद देते हैं।

हम देखते हैं कि आज़ादी के 70 वर्षों में 7 'एम्स' ही खुल पाए थे, लेकिन आज मोदी जी ने देश के अंदर 23 'एम्स' खोलकर भारत को स्वास्थ्य की सुविधाओं में अवसर दिया है। 387 मेडिकल कॉलेजेज की जगह 706 मेडिकल कॉलेजेज, मेडिकल की सीट्स – जो डॉक्टर बनाने के लिए केवल 51 हजार थीं, आज देश के अंदर 1 लाख 7 हजार हो गई हैं। वर्ष 2014 में केवल 17 एयरपोर्ट्स थे, वह वर्ष 2023 में बढ़कर 148 हो गए हैं। बजट में प्रावधान करके इंफ्रास्ट्रक्चर के अंदर माननीय प्रधान मंत्री मोदी जी ने इस बजट के माध्यम से देश के विकास की राह को और प्रशस्त किया है, इसलिए हम कहते हैं कि मोदी हैं तो मुमकिन है।

मैं आपको बताना चाहता हूं कि जब गरीब मां का बेटा देश का प्रधान मंत्री बनता है तो वह गरीब के दर्द को समझता है। इसलिए केवल भाषण देना, केवल न्यूसेंस की पॉलिटिक्स करना, केवल झूठ और छलकपट की राजनीति करने से यह देश नहीं चलेगा। मैं आज कहना चाहता हूं कि माननीय प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने बुंदेलखंड की जनता के लिए चाहे वह वन्दे भारत एक्सप्रेस हो, हाइवेज हो और चाहे टूरिज्म के अंदर गति देने का काम किया हो, बुंदेलखंड के अंदर अब औद्योगिकीकरण से लेकर स्वास्थ्य की सुविधाओं के साथ नेचुरोपैथी, योग तथा अध्यात्म का केन्द्र बनाने का काम भी माननीय प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी के माध्यम से हमारे इस बजट के अंदर प्रावधान करने का काम किया है।

महोदय, कांग्रेस की सरकारों के द्वारा वर्षों से उपेक्षित किसान और कृषि – दोनों के विकास के प्रति आज मोदी जी की सरकार ने अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की है। इस बजट में कृषि और संबंधित क्षेत्रों के लिए 1.52 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान करके किसानों के लिए, सभी प्रमुख फसलों के लिए उच्च

समर्थन मूल्य की 1.8 लाख करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता देकर किसानों के उत्थान के लिए अपना प्रतिबद्ध होने का वचन माननीय प्रधान मंत्री जी ने दिया है।

(1505/VB/RP)

आज मैं कहना चाहता हूँ कि भारत विश्व का सबसे युवा राष्ट्र है। देश में 65 प्रतिशत से अधिक जनसंख्या 35 वर्ष से कम आयु के लोगों की है। 15 से 29 वर्ष की आयु के युवाओं की संख्या 38 करोड़ है।

HON. CHAIRPERSON (SHRI A. RAJA): Hon. Member, please conclude now.

… (*Interruptions*)

**श्री विष्णु दत्त शर्मा (खजुराहो) :** वहीं प्रधानमंत्री मोदी जी के विकसित भारत के संकल्प के प्रति 18 वर्ष की आयु के फर्स्ट टाइम के वोटर्स, 1.85 करोड़ हैं। इन नौज़वानों ने विवेकानन्द के आदर्शों पर चलने वाली नरेन्द्र मोदी जी की सरकार को आज इस देश में फिर से तीसरी बार चुनकर भेजा है। इसलिए आज मैं कहना चाहता हूँ, इस बजट के अन्दर, आरबीआई की रिपोर्ट के अनुसार, पाँच वर्षों में 8 करोड़ से अधिक रोज़गार के अवसर सृजित हुए हैं। वर्ष 2017 से 2024 के बीच 6 करोड़ 20 लाख सब्सक्राइबर्स ईपीएफ से जुड़े हैं।

HON. CHAIRPERSON: Hon. Member, please conclude now.

… (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: Hon. Member, seven or eight members from your party have also given their names. You have already exhausted your time. Please conclude within a minute.

… (*Interruptions*)

**श्री विष्णु दत्त शर्मा (खजुराहो) :** मैं माननीय प्रधानमंत्री जी और माननीय वित्त मंत्री जी का अभिनन्दन करता हूँ कि इस बजट के अन्दर युवाओं के लिए दो लाख करोड़ रुपए का प्रावधान माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने किया है।

महोदय, 5 वर्षों में 4 करोड़ 10 लाख युवाओं को रोज़गार मिलेगा। यह बजट प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने का बजट है। इसलिए आज मैं इस सदन में कहना चाहता हूँ कि स्वामी विवेकानन्द जी ने कहा था- "मुझे कुछ ऐसे नौज़वान चाहिए, जो मेरे मन के अनुरूप हैं, तो इस देश का परिदृश्य बदल जाएगा।" लेकिन आज इस बजट में, माननीय प्रधानमंत्री जी ने युवाओं को जो ताकत दी है, मैं कहना चाहता हूँ कि श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी ने देश के युवाओं से कहा था… (व्यवधान)

(इति)

HON. CHAIRPERSON: Shri Awadhesh Prasad.

… (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: Hon. Member Shri Awadhesh Prasad, please carry on. Your mike is on. Nothing else will go on record.

… (*Interruptions*)… *(Not recorded)*

1507 बजे

**श्री अवधेश प्रसाद (फ़ैज़ाबाद) :** माननीय सभापति जी, मैं आपके प्रति बहुत ही आभारी हूँ कि आपने मुझे बजट पर बोलने का अवसर दिया है।

मान्यवर, मैं मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम की धरती, डॉ. राममनोहर लोहिया, आचार्य नरेन्द्र देव और अशफ़ाकउल्ला की शहीदी धरती से आया हूँ। मान्यवर, मैंने वित्त मंत्री जी द्वारा रखे गए 70 पृष्ठों के बजट को देखा। मैंने कई बार देखा, दूरबीन लगाकर देखा, लेकिन इसमें अयोध्या का नाम नहीं है, इसमें उत्तर प्रदेश का नाम नहीं है। मान्यवर, यह वह अयोध्या है, यह प्रभु श्रीराम की मर्यादा की अयोध्या है, केवल अयोध्या में ही नहीं, बल्कि प्रभु श्रीराम की मर्यादा सारे देश-दुनिया में फैली है।

मान्यवर, भारतीय जनता पार्टी ने अयोध्या के नाम पर राजनीति की है, व्यापार किया है। मैं आज बहुत ही दुखी मन से बोल रहा हूँ, मैं इस आदरणीय सदन में निवेदन कर रहा हूँ कि अयोध्या के नाम को, अयोध्या के विकास को पूरी तरह से नकारा गया है। ऐसा इसलिए है क्योंकि मैं दलित जाति का हूँ। हमारे नेता अखिलेश यादव जी ने मुझे एक सामान्य सीट से टिकट दी और 22 जनवरी से लेकर जब तक चुनाव हुए, वहाँ देश के कोने-कोने से अवधेश प्रसाद को हराने के लिए लोग आए, समाजवादी पार्टी को हराने के लिए, अखिलेश यादव के उम्मीदवार को हराने के लिए आए। लेकिन प्रभु श्रीराम की कृपा मेरे ऊपर थी, इसलिए जनता ने उनको नकार दिया है।

(1510/PC/NKL)

मान्यवर, इसलिए नकारा है, क्योंकि वहां के लोगों को, जो प्रभु श्रीराम की प्रजा थी, श्री राम को बहुत प्यारी थी, उन लोगों को सताया गया है, उनके घरों को ढहाया गया है।

मान्यवर, चाहे वह रामपथ का मामला हो, चाहे एयरोड्रम का मामला हो, चाहे अन्य निर्माण का मामला हो। लोगों के दो-दो पीढ़ियों के मकान को बुल्डोजर लगाकर ढहाया गया है। बच्चे चिलचिलाती गर्मी में रोते थे, महिलाएं रोती थीं, बुजुर्ग रोते थे। आज अफसोस के साथ कहना पड़ रहा है कि बुल्डोजर चलने के कारण घर ढहने से नगर में तीन लोगों की मौतें हुई हैं।

मान्यवर, इसीलिए भारतीय जनता पार्टी को पूरी तरह से नकारा गया है। जब माननीय उच्चतम न्यायालय ने अयोध्या में मंदिर निर्माण का आदेश दिया, तब बड़े पैमाने पर जमीनें खरीदी गईं, जमीनों में घोटाला किया गया।

मान्यवर, एक जमीन ऐसी है, जो दो करोड़ की थी और दो घंटे के बाद उसे 18 करोड़ में बेचा गया है। ये खरीदने वाले कोई दूसरे नहीं हैं, वे भारतीय जनता पार्टी के लोग हैं। किसानों को बर्बाद किया गया है, तबाह किया गया है। इसीलिए, जनता आज पूरी तरह से नाराज है।

मान्यवर, अगर किसी ने काम किया है, तो हमारे नेता माननीय श्री अखिलेश यादव जी ने किया है। उन्होंने मेडिकल कॉलेजेज़ बनाए हैं, सीवर लाइन्स बनाई हैं और बिजली के तारों को अंडरग्राउंड किया है। इन्होंने तो केवल अयोध्या की जनता को छलने का काम किया है।

मान्यवर, हमारे यहां 'गुप्तार घाट' है, जहां निषाद लोग रहते हैं और भगवान राम को प्यारे हैं, निषादों की बस्ती को धराशायी कर दिया है और वहां पर दुकानें बनाई हैं। दुकानें किसको दी हैं? बड़े-बड़े करोड़पतियों को दुकानें दी हैं और निषाद समाज को बिगाड़ा-उजाड़ा गया है। आज वहां की जनता बहुत परेशान है।

मान्यवर, मैं कहना चाहता हूं कि इस माननीय सदन के समक्ष कहना चाहता हूं कि वहां की जनता इतनी नाराज है कि वर्ष 2027 में जब चुनाव होगा, तब भारतीय जनता पार्टी का सफाया हो जाएगा और जब वर्ष 2029 में फिर चुनाव आएगा, तो इस देश में भारतीय जनता पार्टी का सफाया हो जाएगा।

हमारे नेता ने कहा है कि हम अयोध्या को ऐसा स्थान बनाएंगे, ऐसा शहर बनाएंगे कि दुनिया भर से लोग उसको देखने के लिए आएंगे, एक उदाहरण बनेगा, इन्होंने तो केवल चौपट किया है।

मान्यवर, मैं एक बात कहना चाहता हूं कि इस सदन द्वारा एक कमेटी बना दी जाए और कमेटी इस बात की जांच करे कि कितना घोटाला हुआ है? जमीन किसने खरीदी है और निर्माण चाहे रामपथ में हुआ हो, चाहे हवाई अड्डे में हुआ हो, चाहे रेलवे में और जमीनों में हुआ हो। उसकी जांच कराई जाए और जांच की रिपोर्ट माननीय सदन के सामने रखी जाए। 'दूध का दूध और पानी का पानी' हो जाए। किस तरह से अयोध्या को ठगा गया है, उसको नकारा गया है, यह देश के सामने आ जाएगा।

इन्हीं शब्दों के साथ मैं आपके प्रति बहुत आभारी हूं कि आपने वर्ष 2024-2025 के बजट पर हो रही इस महत्वपूर्ण चर्चा में बोलने का मुझे अवसर दिया।

हम तो उम्मीद करते थे, हमारे प्रधान मंत्री जी ने कहा था कि भाइयों और बहनों, दो करोड़ नौकरी होंगी, 100 दिन में महंगाई कम होगी और किसानों की आमदनी दोगुनी होगी। बजट के 70 पेजों में यह कहीं नहीं है। … (व्यवधान)

मान्यवर, मुझे कहना है कि एक बहुत बड़े शायर हैं, जिन्होंने साफ लिखा है, प्रसिद्ध शायर हैं श्री जावेद अख़्तर, उनका एक शेर है –

“जीना मुश्किल है कि आसान ज़रा देख तो लो,
लगते हैं लोग परेशान ज़रा देख तो लो,
ये नया शहर तो है ख़ूब बसाया तुमने,
क्यों पुराना हुआ वीरान ज़रा देख तो लो।”

HON. CHAIRPERSON (SHRI A. RAJA): Please conclude.

… (*Interruptions*)

**श्री अवधेश प्रसाद (फ़ैज़ाबाद) :** मान्यवर, सिर्फ दो मिनट और दीजिए। अयोध्या का मामला है। ये नकार दें, लेकिन आपसे तो हम उम्मीद करते हैं।

(1515/RV/VR)

मान्यवर, यह सरकार पूरी तरह से दलित विरोधी है। एक बहुत बड़े विद्वान थे, वे वर्धा यूनिवर्सिटी, महाराष्ट्र के वी.सी. थे। उन्होंने डा. भीमराव अम्बेडकर पर रिसर्च किया है और उन पर एक अच्छी किताब लिखी है। उन्हें सस्पेंड करके नौकरी से निकाला गया जबकि वे देश में एक बड़े काबिल व्यक्ति हैं। अगर उनका कोई अपराध है तो यही है कि वे बस शिड्यूल्ड कास्ट में पैदा हुए।

मान्यवर, यह वित्त मंत्री जी का बजट भाषण है और यह हमारे आदरणीय राष्ट्रपति जी का अभिभाषण है। बजट भाषण जैसा कवर राष्ट्रपति जी के अभिभाषण का होना चाहिए था, लेकिन यह क्या हो रहा है? इससे ज्यादा क्या कहा जा सकता है? यह अनुसूचित जाति के लिए एक मजाक है। राष्ट्रपति जी हमारे देश की गौरव हैं, लेकिन वे शिड्यूल्ड कास्ट हैं, हमारी कौम में पैदा हुई हैं। यह देश में चलने वाला नहीं है।… (व्यवधान)

मान्यवर, हम अयोध्या से जीत कर आए हैं। इनका पूरे देश से सफाया हो जाएगा और हमारे नेता आदरणीय अखिलेश यादव ने कहा है कि हम अयोध्या को ऐसा स्थान बनाएंगे कि दुनिया के लोग उसे देखने आएंगे। इन्होंने तो व्यापार किया है, इन्होंने ठगा है।

हमारे प्रधान मंत्री जी शिड्यूल्ड कास्ट के एक व्यक्ति के यहां चाय पीने गए थे और उन्होंने कहा कि बहुत बढ़िया हो जाएगा। हरिजन बिरादरी के यहां वे चाय पीने गए थे और कहा था कि बहुत अच्छा हो जाएगा, विकास हो जाएगा, पर आज उसे दिखवा लें, वह परिवार वैसा-का-वैसा ही है। इन्होंने अयोध्या को ठगा है, व्यापार किया है। इसकी जांच कराई जाए।

मान्यवर, आपको बहुत-बहुत धन्यवाद।

(इति)

1517 hours

SHRI P. V. MIDHUN REDDY (RAJAMPET): Thank you, hon. Chairman for letting me speak on this Budget. First of all, I would like to congratulate our hon. Finance Minister for assuming the charge once again.

Sir, coming to the issues of our State, I would like to say that a Special Category status was promised to us during the split of our State. It was promised by both the BJP and the Congress and all the other parties which were there at the time of split of our State. So, we demand that a Special Category status should be given to us.

I would also like to submit that we do not believe in this package that has been given. The package is like a myth. While giving this package, they are just talking about one or two things, which are part of the Andhra Pradesh Reorganization Act. We are not going to accept this package.

I would also like to remind to my friends from the Telugu Desam Party that they have been demanding a Special Category status for the State since 2019. I wish that they stick to the same stand. Keeping aside politics, we, the YSR Party is ready to work with all other parties, including the TDP for Special Category status in the interest of the State. We demand the Special Category status for our State. It should be replaced with the said package.

The hon. Finance Minister was talking about the Polavaram Project. It is true that the Polavaram Project is a lifeline for our State. We would like to know from the hon. Finance Minister, though it is a national project, why was execution of the project given to the State Government? What was the reason behind it? The NDA Government was in power. Giving the execution work to the State Government is a sort of a blunder for this project. The whole project has been messed up. It was accepted at 2014 rates, which is not at all acceptable. It is 10 years now. Who is going to bear the cost of escalation?

Sir, we would also like to bring to the notice of the House the blunder which happened in the construction of the diaphragm wall of the dam. For any dam to be built, whether upstream or downstream, there needs to be a cofferdam built. The purpose of the cofferdam is to prevent flood during the construction so that the main dam does not get affected. But what happened in the Polavaram Project? The diaphragm wall, which is the foundation of the main dam, was built without the cofferdam being completed. Thereby the flood

eroded the whole diaphragm wall. If the project is built on the same diaphragm wall, it is going to affect the security and safety of the project, and it is going to lead to a huge catastrophe. I would like to know, since the diaphragm wall is damaged, who is going to bear the cost of diaphragm wall which has to be built parallelly, and which has to be constructed again? It is going to cost thousands of crores of rupees. Is the State going to bear this or the Centre going to bear this? We do not accept this being put as a burden on the people of our State.

(1520/SAN/GG)

We also demand that land acquisition for Polavaram Project be executed simultaneously along with the construction of the project. Any escalation in costs due to delays because of these blunders should also be borne by the Central Government. That is our demand.

The hon. Finance Minister announced that Rs. 15,000 crore are being given for the construction of Amravati. If this is a loan, who is going to bear this? What is the advantage for the people of our State? Is it a part of the FRBM limits given to our State or is it over and above that? As of now, what we understand is that it is the amount collected by way of taxes from our people, What is the advantage that we are going to get from this amount of Rs. 15,000 crore? We appreciate any help being done to the State, but we demand that it should be in the form of a grant and not a loan.

Sir, we also want to know the timeline for Kadapa-Bangalore railway line. Now, the TDP and the BJP are in power in the State. We would like to know when the Kadapa-Bangalore railway line will be finished.

We also oppose the privatisation of Visakhapatnam Steel Plant. If we sell Visakhapatnam Steel Plant at this juncture without a proper iron-ore mine, there is no way justice will be done. We demand that iron-ore mines should be allotted for Visakhapatnam Steel Plant and the Government owns it. If iron-ore mines are allotted to Visakhapatnam Steel Plant, it will be highly profitable and a big asset for our country. We strongly oppose the privatisation of Visakhapatnam Steel Plant.

We also demand that whatever other promises have been made in the AP Reorganisation Act, they should also be fulfilled. It has been ten years since the promises were made and the tenure of AP Reorganisation Act is also

over. We want to know what is happening for Visakhapatnam Metro and Kadapa Steel Plant.

There were also promises made in the form of ‘Super Six’ during the election. Since NDA is in power in our State, we would like to know the timeline for the execution of these ‘Super Six’ promises. We hope that ‘Super Six’ promises will not become ‘Sorry Six’ promises for our State. We wish and hope that the promises would be kept. It was promised that immediately after coming to power, all the ‘Super Six’ promises would be taken care of, but we do not find it happening. Apart from one promise, nothing else has been kept.

Sir, I would also like to bring to the notice of the House that without proper law and order, investments will not come to the State. For example, I have been prevented from going into my constituency. They attacked me. They burnt my vehicles. They destroyed my vehicles. The attack took place in full glare of all the TV channels. Finally, a case of attempt to murder was booked against me. After an attack happened on me, a reverse case was filed against me. Such is the law and order situation in the State. If the law and order situation is so bad in our State, how will investments come into our State? I demand from the Government that law and order should be restored in our State, and all the violence should be put an end to.

I would request the Government not to cut down on the capital expenditure of Rs. 11 lakh crore for various other reasons.

I also demand that MSMEs should be given top priority because MSMEs contribute 33 per cent to our GDP and 45 per cent to our exports. They have huge issues in raising capital. They also have huge issues in regulatory compliances. So, if these things are taken care of, MSMEs will grow further, which will be good for the economy of our country. It is one of the major steps we need to take for achieving a $ 5 trillion economy.

I hope that the hon. Finance Minister will address all our concerns. With these words, I conclude my speech.

Thank you.

(ends)

(1525-1530/CP/AK)

1525 hours

*SHRI K. SUBBARAYAN (TIRUPPUR): Hon Chairperson Sir, Vanakkam. I wish to say some of my views on behalf of the Communist Party of India on the Budget for the year 2024-25. Some assurances are given in this Budget. The ruling dispensation has already not fulfilled the assurances given by them earlier. How can we believe their new assurances? They have not behaved in the last 10 years as trustworthy ones to believe. Neither have they fulfilled their promises. These new assurances are like befooling us once again as they did earlier.

This Union Government is talking time and again about progress and development. Where is progress? And where is development? WHO and UNICEF say that 74.1 per cent Indians are malnourished. If 3/4th of our population is malnourished, then where this development or progress is taking place? Is this ruling party trying to befool us?

The Economic Survey of India says that inflation is under control. But what is the real situation? This year July, inflation has been increasing more than 9.4 per cent. Price rise is again on the rise. If this Government talks about progress and development, it is just an eyewash and nothing else.

Bihar and Andhra Pradesh have been provided special funds and financial assistance. We welcome this. We welcome the help being extended to Andhra Pradesh and Bihar. Have Andhra Pradesh and Bihar only asked for financial help during the

* Original in Tamil

elections? This help is not extended to these States in order to help them in the right perspective. In order to meet your cheap political aspirations, I want to say that this is a political stunt staged by you. This is not a help extended by them honestly. That is why, I would like to say that this help will be in such a fashion.

Today we have unemployment issues in our country. They are giving false hopes of fulfilling many aspirations. The MSMEs provide the maximum employment.

The MSMEs provide 30 per cent of employment. Who have given pressure to these MSMEs? This BJP is pro-monopolies. They support fully the corporate companies and the multi-national companies. Micro Small and Medium Enterprises are being affected due to their wrong policies. If we want to support the MSMEs, then the GST levied on them should be reduced. Their loans should be reduced or waived off.

I want to mention about agriculture. What is the contribution of agriculture to our GDP before 10 years? What is the contribution of agriculture to our GDP today? We urge that a White Paper should be presented by this Government on this issue.

What is the development that has taken place in agriculture? Rural areas are emptied. They are the ones who shattered the rural economy. They have really shattered our rural economy. Therefore, unemployment problems continue to rise.

Similar is the case with 100-Day Employment Scheme. I wish to stress that they are silently destroying the 100-day employment guarantee scheme. I want to make a request to the hon. Finance Minister and the ruling party that 100 days of work should be

increased to 200 man-days of work under the MGNREGA Scheme. Similarly, daily wages should be increased from 100 days to 200 man-days. Daily wage should be not less than Rs. 500 per day. As a result of this guarantee, at least 33 crore people will be benefitted. Rural unemployment will be reduced.

The UPA Government introduced MGNREGA- a good Act, for providing work to the rural citizens, which should be implemented. I want to know the action taken in this regard by the hon. Finance Minister.

I also mentioned about this during the discussion on the Vote of Thanks to the hon. President's Address to the MPs of both the Houses of Parliament. The MP's MPLAD Scheme has an allocation of Rs 5 crore per annum. Out of which, Rs.90 lakh will be collected as GST. Is there a basis to this? This is tax collection fund for the MPs to spend for the people of their constituencies allocated under the MPLAD Scheme. But GST is levied on this. Is there any estimation? Kindly ponder over this. After deduction of GST, it would be Rs 4 crore per annum. Only an amount of Rs 65 lakh can be provided to each Assembly Constituency. How can you fulfil the needs?

The hon. Chief Minister of Tamil Nadu Shri M.K. Stalin is giving Rs 4 crore as Local Area Development Fund to each Assembly Constituency in Tamil Nadu. Moreover, this has been exempted from GST. If we calculate MPLAD, it just comes to allocation of just Rs 65 lakh to each Assembly Constituency in an MP Constituency. I urge upon the hon. Finance Minister to provide Rs. 4 crore to each Assembly Constituency in a Parliamentary Constituency.

I urge that a reply to this be made by the hon. Finance Minister. Otherwise, you scarp this Scheme. We do not want this. If you want to make it effective, you should enhance the MPLAD amount.

I want to talk about the electoral bonds. I will finish my speech after talking about this issue of electoral bonds. The Union Government does not have any moral responsibility to talk about corruption. This is not my statement. This is the statement made by the hon. Supreme Court of India. It said that the amount collected through electoral bonds is illegal. I want to request the hon. Finance Minister to confiscate all the money collected illegally through electoral bonds, be it any party. I urge that such money should be taken to the Government treasury. Therefore, I request you, please do not talk about corruption.

I want to quote what our saints have said in Rig Veda. We want a knowledge which will not create enemies. But unfortunately, here the ruling party is fully aimed to create enemies. It is their full-time profession. This is their profession by tradition. They want to destroy the harmony in the country. Patriotic Indians are rather ready to destroy such evil acts. The primary duty of patriotic Indians is to remove the BJP from power.

Thank you, Vanakkam.

(ends)

1533 बजे

**श्रीमती शताब्दी राय बनर्जी (बीरभूम) :** सर, बजट ऐसी चीज है, जिसका देश के सभी लोग इंतजार करते हैं। गरीब यह सोचकर इंतजार करते हैं कि थोड़ा तेल के दाम कम हो जाएं, आलू के दाम कम हो जाएं, मेडिसिन्स के दाम कम हो जाएं और वे बच्चे, मां-बाप को थोड़ी अच्छी जिंदगी दे सकें। मिडिल क्लास यह सोचता है कि पेंशन में कुछ टैक्स बेनिफिट हो जाए, कुछ बैंक का इंट्रेस्ट बढ़ जाए, कहीं पेट्रोल का दाम कम जो जाए, जिससे बाइक लेकर आफिस जा सके। अपर क्लास, जिनके पास बहुत पैसा है, वे सोचते हैं कि कॉर्पोरेट का जो लोन है, वह कैसे माफ हो और पॉलिटिकल इन्फ्लुएंस से कैसे बैंक से पैसे लें और बाहर भाग जाएं।

इस बजट में न बच्चे की बात की गई, न फार्मर्स की बात की गई, न देश की बात की गई। इसमें सिर्फ दो स्टेट्स की बात हुई। हम लोग जैसे पीपीपी मॉडल बोलते हैं, वैसे यह बजट बीबीबी है, मतलब बीजेपी बजाओ बजट। दो स्टेट्स को बचाने की चक्कर में यह बजट पेश किया गया।

The failure of Government has always been covered by using past tense, and the long-term result has been pronounced by using future tense. On the ground, only tension and suffering of the people at the bottom stand unchanged.

(1535/NK/UB)

An important question stands, did the Government undertake the actual impact assessment of the last budget? Certainly, the Government did not do it because of the following facts. Fact A: As on March 2023, the Global Nutrition Report by the World Health Organization says that 34.7 per cent of children under the age of five years are still affected, which is higher than the average of 21.8 per cent in the Asia region. India has made no progress towards achieving the target of removing malnutrition. Still 17.3 per cent of children under the age of five years are affected by malnutrition which is highest in the world. And, fact B: As per the Global Hunger Index, 2022, Report, child mortality rate in India was 3.3 per cent.

On these two unfortunate facts, we saw the development of two further unfortunate realities. First, the word ‘children’ remained absolutely absent from the hour-long Budget Speech. Second, the Ministry of Women and Child Development has seen a marginal increase of 2.5 per cent in its budget allocation for the financial year 2024-2025. In 2024, we have been

told that the budget allocation on education has increased to six per cent of GDP. The drop-out rate in class 10 stood at 20.6 per cent in 2023. The Budget speech not only had no mention on primary or higher education, but also the allocation on education has merely increased by 0.74 per cent from the year 2023-24, which is below three per cent of GDP.

In February, 2024, before election, the focus was on GYAN - Garib, Yuva, Annadata and Nari. Besides the NITI Aayog's report, many other study reports say that 'out of pocket' health expenditure is one of the primary causes of household financial problems, leading to poverty in low and middle-income groups. In July, 2024, GYAN lost the focus. The budget for health received only 1.7 per cent rise from the previous year, which is less than the allocation made in the interim Budget.

डायरेक्ट बेनिफिट्स कुछ नहीं है, इन्फ्रास्ट्रक्चर, जॉब क्रिएशन कुछ नहीं है। फ्लड्स वेस्ट बंगाल में नहीं होता है? हर साल फ्लड होता है। हम लोगों के चीफ मिनिस्टर नई जिन्दगी देते हैं, नया घर देते हैं, इसमें वेस्ट बंगाल के लिए कुछ नहीं है। रेल के बारे में कुछ नहीं, रेल में सेफ्टी और सिक्योरिटी का हाल ऐसा हो गया है कि अगर टिकट लिया और रेल का टिकट कन्फर्म हुआ तो एलआईसी एजेंट घर आ जाता है कि आप जाओगे तो वापस नहीं आओगे, रेल का ऐसा हाल हो गया है।

हर स्टेट में कुछ न कुछ टूरिज्म है, जिसे आप सपोर्ट दे सकते हैं, जिसे प्रमोट कर सकते हैं, लेकिन कुछ नहीं किया। आप कश्मीर के बारे में बात किया, क्या किया? जब अनुच्छेद 370 हटा तो पुराने एमपजी को याद होगा कि सेंट्रल हॉल में हम लोगों को कश्मीरी फूड देना स्टार्ट किया था। उस समय लगा था कि कश्मीरी फूड दे रहे हैं तो उसके लिए फीलिंग है, 370 हटा, लेकिन प्यार है। उसे प्यार-फीलिंग नहीं कहते, उसको हिपोक्रेसी कहते हैं, जो गवर्नमेंट ने किया था।

जो एमपीलैड हम लोगों को मिलता है, एक असेम्बली क्षेत्र के लिए 70 लाख रूपये, जो अडानी-अम्बानी के एक महीने के ब्रेकफास्ट का पैसा है, वह डेवलपमेंट के लिए दे रहे हैं, हम कैसे डेवलप करें? अगर आप एमपीलैड नहीं बढ़ाएंगे तब भी हम लोग वोट लेकर आ जाएंगे। जो बीबीबी - बीजेपी बचाओ बजट पेश किया है। नेक्सट टाइम कभी देश बचाओ बजट भी करेंगे, इसी इंतजार और उम्मीद से मैं अपनी बात समाप्त करती हूं।

(इति)

1539 hours

ADV. FRANCIS GEORGE (KOTTAYAM): Sir, we are almost reaching the fag end of this discussion on Budget 2024. The hon. Finance Minister in her speech said that the focus of the Budget is on four major classes, that is, the poor, the women, the youth and the *annadata*, the farmer.

(1540/SRG/SK)

She also said that the Government announced higher MSP a month ago for all major crops delivering on the promise of 50 per cent margin over cost to the farmers. The farmers are on the path of agitation again. The second farmers' agitation is going on, and they are detained at the border of Punjab and Haryana at Shambhu and Khanauri to prevent them from entering the capital city of New Delhi.

Sir, our annadatas are out in the sun and rain braving the brutality of the police and the paramilitary forces since February this year. The death toll of farmers is mounting.

As we all know, in the first farmer's agitation, more than 700 farmers lost their lives and they are still being treated like aliens and invaders. The Leader of the Opposition rightfully pointed out all this. What disservice has this hapless lot, who form more than 60 per cent of our population, done to this country? How can we treat them like this?

Sir, I would like to cite one instance. When the war in Afghanistan was over, that country was short of food grains, there was famine, hunger, and world over, almost many countries contributed food grains to help them. As good neighbours, we also sent food grains to Afghanistan. The Taliban leadership said, out of the food grains, the wheat they got from all over the world, the best quality wheat was supplied by India. Who produced this best quality wheat? Is it the Government or the political class like us? It was these people who produced the best quality wheat which brought glory to our country. They are the ones who are out languishing at Shambhu and Khanauri at the border.

Sir, the Finance Minister spoke about a lot of programmes for the farming community. What are the farmers demanding? The farmers are demanding Minimum Support Price as per the C2+50 per cent, recommended by the National Commission on Farmers, headed by late Professor M.S.

Swaminathan. They demand pension for farmers and agricultural workers. They are demanding waiver of farm debts. Unfortunately, the Budget is totally silent on all these aspects. The INDIA bloc, the Leader of the Opposition said, if we come to power, we will fulfil this C2+ 50 per cent formula, as promised by the NDA during all the elections they have won. They have not done anything, and in this Budget also they are not prepared to do anything.

Sir, when we look at the facts, from 2019-20 onwards, there is a decline in allocation for agriculture. It was 5.44 per cent in 2019-20. But when it comes to 2024-25, the allocation is only 3.15 per cent. The way the government helps the farmers, I would like to cite one more instance. Even as the Session is on, I am told about the India-Malaysia collaboration on palm oil and agriculture. An agreement has been signed by the hon. Agricultural Minister, Shri Shivraj Singh Chauhan, and the Minister for Plantations and Commodities of Malaysia, Mr. Abdul Ghani to deepen bilateral agricultural cooperation and especially a national mission on edible oil, oil palm. What is this surreptitious move? The Parliament is not being informed about this bilateral agreement between Malaysia and India? When we go through it, is this the way the Government helps our oilseed farmers? When I made enquiries, I could find that there is a company called Wilmar International Limited. It is having 83,000 acres of palm plantation in Malaysia. Now, Mr. Adani, has purchased 50 per cent stake of this company. Now, this Wilmar International is Wilmar Adani Limited.

From 2024 onwards, now the import duty is exempted. What was the import duty for edible oil? It was 44 per cent till 2023. Then 12 per cent was reduced, it was reduced to 32 per cent. Now, from 2024 April onwards, there is no duty at all for import of edible oil.

(1545/RCP/KDS)

There is only an agricultural cess of five per cent. Now it goes out of the Custom's control. It will affect our small, medium and the coconut farmers in Kerala, Tamil Nadu, Andhra Pradesh, and in all the Southern States. Also, in Bundelkhand area in UP and Madhya Pradesh where all other oilseeds are being grown, our small, medium and marginal farmers are going to be affected. The Government is not at all bothered.

The Kerala Government has made some demands before the Finance Minister, before the Union Government. Kerala is in a very serious financial

crisis. Kerala seeks a special package of Rs.24,000 crore to tide over the financial crisis. The State is not even able to pay salaries and pensions properly due to the financial crisis it faces. This is not like a bonanza which has been given to Andhra Pradesh or Bihar. We will be paying this back. But to tide over the crisis, we have asked for a special package of Rs.24,000 crore. The Finance Minister is mum on this.

Regarding the GST revenue sharing, instead of the 50:50 formula, we have demanded 60:40 revenue sharing, that is, 60 per cent to the States and 40 per cent to the Centre. I mean it does not benefit Keala alone. It will benefit all the States.

We have demanded for giving special assistance to the Vizhinjam Port. The Vizhinjam Project is not only for Keala but this is the country's flagship project also. I need not say that it will be of great benefit to the country. We have demanded only Rs.5,000 crore in this regard by raising the borrowing ceiling to 3.5 per cent from the three per cent limit of the GSDP.

The All India Institute of Medical Sciences is a long-promised project to Kerala. No final announcement has been made in this regard. We expected that the Finance Minister will announce it in the Budget. The Centre has declared a project called the National Industrial Corridor Development Programme of the Government of India under which the Kochi-Bengaluru Industrial Corridor was taken up. Kerala has put up one project, namely, Global City in Kochi as part of this particular project. Nothing has been done. Now, we are being told that this entire project is being withdrawn.

Then I come to the Medical Devices Park at Thonnakkal in Thiruvananthapuram District. This is a very vital area where we are importing all these devices. If we can start this particular Park, we can avoid the import.

Last but not least is rubber which is a strategic crop. We have sought MSP of Rs. 250 per kilogram for rubber. Now the ASEAN Multilateral Agreement is being renegotiated, and it is going to be renewed. Rubber has been put as an industrial raw material. We demand that it has to be brought back to the agricultural list. Then only we can have all the benefits that other agricultural commodities get from the Agriculture Ministry.

HON. CHAIRPERSON (SHRI A. RAJA): Please conclude now.

ADV. FRANCIS GEORGE (KOTTAYAM): Sir, I am just concluding. The import duty on gold and silver has been reduced from 15 per cent to six per cent. That is a good move. We hope that it will curtail smuggling. But something more has to be done in this particular sector because the IT Act says that the gold traders have to collect a copy of the PAN card of the customers who make purchases worth Rs.2 lakh and more. Now, at the present rates, Rs.2 lakh means only 30 grams can be purchased. It will create a lot of practical problems. Also, the limit shall be raised to Rs.5 lakh. It is also estimated that 15 per cent of the total gold deposit, which comes to about 30,000 tonnes, is in India, and also about 800 to 1000 tonnes are being imported every year. If the Government starts a gold deposit bond scheme, thereby if 10 per cent of this accumulated stock can be brought in the market, there would not be any need for import which will boost our foreign exchange.

The Government should direct the banks to restart the Agriculture Gold Loan Scheme at four per cent interest rate, which was of great help to the small, ordinary, medium farmers and the general public. That has been now totally stopped. Only the Gramin Banks operate it now. I would request the Finance Minister to give immediate instructions to all the public sector banks and the scheduled commercial banks to restart this programme.

Coming to the Employees' Provident Fund Pension Scheme, it is so unfortunate that the total collection from the PF contribution is Rs.12 lakh crore. The accumulated Pension Fund is Rs.7,80,388 crore, but the average pension given is only Rs.784.

(1550/SM/KDS)

HON. CHAIRPERSON (SHRI A. RAJA): Please wind up your speech.

ADV. FRANCIS GEORGE (KOTTAYAM): I request the Finance Minister to immediately raise this to at least Rs. 9,000 or Rs.10,000. About Rs.7,80,308 crore is there. But these poor people are being given only Rs.784 as pension.

Why have the States to go for this kind of special packages? The 16th Finance Commission has started its work. The 14th Finance Commission raised the State share of net proceeds from 32 per cent to 42 per cent. Then, what did the Centre do? The Centre raised the cesses and surcharges to circumvent this by raising this 10 per cent devolution to the States.

There is no official publication which provides annually the aggregated estimates of the net proceeds or net divisible pool, the total amount of cesses

and surcharges collected by the Union Government and the total collection of taxes is being decided like this.

HON. CHAIRPERSON: Please conclude now. Otherwise, I will be compelled to take the name of the next speaker.

ADV. FRANCIS GEORGE (KOTTAYAM): Sir, I am concluding. This is a very vital issue. According to Article 79, net proceed means any tax or duty the proceeds thereof reduced by the cost of collection. We have to understand this.

The Seventh Schedule of the Constitution gives greater powers to the Union Government to collect direct and indirect taxes than the States. But larger proportion of spending responsibilities lies with the States. According to the 15$^{th}$ Finance Commission, when the States incurred 61 per cent of the total revenue expenditure, they collected only 38 per cent of the total revenue receipts. This is the reason why the States have to seek special compensation or special packages.

Sir, since the 16$^{th}$ Finance Commission has started its work, I hope that more funds will be devolved to the States so that they can recover or they can compensate their financial crises which they are facing.

HON. CHAIRPERSON: Please summarise your speech.

ADV. FRANCIS GEORGE (KOTTAYAM): Sir, there are a lot of issues.

HON. CHAIRPERSON: But how can I accommodate the time? You have to decide your points.

ADV. FRANCIS GEORGE (KOTTAYAM): Sir, I am concluding. So, I hope the Finance Minister will reconsider all these things and help a State like Kerala in overcoming from its financial crisis.

On the unemployment issues, this morning, the concerned Minister was stressing on generation of employment in this country. But the rate of unemployment today is at a high and severe level. According to the Centre for Monitoring Indian Economy, it was 9.2 per cent in June, 2024. Among the degree holders, it is 40 per cent. Only 20.9 per cent workers have regular income. This is the situation of our country.

So, I hope more and more funds will be allotted to the States so that they can survive their financial crisis which they are facing, especially the State of Kerala. I thank you for giving me the time.

(ends)

1553 बजे

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री; तथा रसायन और उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती अनुप्रिया पटेल) :** धन्यवाद सभापति महोदय, मैं सबसे पहले तो माननीय वित्त मंत्री जी को निरंतर सातवीं बार देश का बजट प्रस्तुत करने के लिए बहुत बधाई देती हूं और विकसित भारत की राह को प्रशस्त करने वाला बजट प्रस्तुत करने के लिए उनका अभिनन्दन भी करती हूं। देश ने तीसरी बार लगातार 62 वर्षों के बाद हमारी सरकार को चुना है, इसलिए आम जनमानस की उम्मीदें भी 3 गुना हैं। माननीय वित्त मंत्री जी को मैं बधाई देना चाहती हूं कि इस देश को तीसरे कार्यकाल में जनता की उम्मीदों को पूरा करने के लिए तीन गुना तेज गति से काम करने वाला बजट उन्होंने देश को सौंपा है।

महोदय, हालांकि मेरे विपक्ष के मित्रों ने कहा कि यह कुर्सी बचाओ बजट है, यह एनडीए का बजट है, यह भारत का बजट नहीं है। मैं विपक्ष के अपने मित्रों को कहना चाहती हूं कि यह एनडीए का बजट है और यह भारत का बजट है, क्योंकि भारत ने एनडीए को चुना है, आपको नहीं चुना है और भारत ने एनडीए को तीसरी बार लगातार चुना है।

(1555/MK/RP)

महोदय, एनडीए को इसलिए चुना है, because NDA is of the people, by the people, and for the people of Bharat. मैं जानती हूं कि आप इस बात से सदमे में हैं। आपने बहुत सारी अफवाहें फैलाईं, बहुत सारा भ्रम फैलाया, लेकिन फिर भी तीसरी बार देश ने मोदी जी के नेतृत्व पर ही मुहर लगाई है और एनडीए को ही चुना है। अब आप यह मान लीजिए कि एनडीए का बजट भारत का बजट है। आप जो बार-बार एनडीए सरकार के कोलैप्स होने के सपने देखते रहते हैं, ये आपके मुंगेरीलाल के हसीन सपने कभी पूरे नहीं होने जा रहे हैं। हमारी सरकार पूरे पांच साल चलेगी और तीन गुना तेज गति से अपने तीसरे कार्यकाल में अपने सारे कमिट्मेंट्स पूरा करेगी, जो वादे हमने देश से किए हैं।

सभापति महोदय, मैंने अभी माननीय एलओपी का भाषण सुना। मुझे लगा बजट भाषण होगा। बजट भाषण में, बजट के अलावा सब कुछ था, केवल बजट नहीं था । बजट की हलवा सेरेमनी का चित्र भी था, उसका भी उल्लेख था। कास्ट सेंसस का भी उल्लेख था। सब कुछ था, बस बजट नहीं था। मैं एलओपी को और विपक्ष के मित्रों को सिर्फ इतना ही कहना चाहती हूं… (व्यवधान) मैं अभी बजट पर बात करूंगी। आप सुन तो लीजिए। … (व्यवधान) आप बिल्कुल सुनिए। अभी आप धैर्य रखिए। मैं सब बातों का जवाब दूंगी।

सभापति महोदय, देश में सबसे लंबे समय तक कांग्रेस और यूपीए की सरकार रही है। अगर अपने कार्यकाल में, अपने बजट की हलवा सेरेमनी के चित्र की कमियों की चिंता की होती या कास्ट सेंसस की चिंता की होती तो आज आप जो कह रहे हैं, इस देश के एससी, एसटी, ओबीसीज को आपकी चिंता जायज नजर आती। लेकिन, आज जब आप सत्ता से बाहर होने पर यह चिंता व्यक्त करते हैं तो देश का एससी, एसटी और ओबीसी समझता है कि आपकी यह चिंता केवल सत्ता में वापस आने की व्याकुलता से अधिक और कुछ भी नहीं है।

सभापति महोदय, अब मैं बजट पर आती हूं। हमारी सरकार ने देश के किसान, देश के युवा, देश की महिला, देश के गरीब, देश के मिडिल क्लास, इन सबको अपनी प्राथमिकता में रखा है। मैं बात अगर कृषि की करूं तो हमारी सरकार ने 1.52 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। कुछ महत्वपूर्ण बातें, जलवायु परिवर्तन आज देश और दुनिया के लिए एक बहुत बड़ी चुनौती है। ऐसी परिस्थिति में हमें टिकाऊ कृषि की जरूरत है। इसलिए, हमारी सरकार ने 109 किस्म की नई किस्मों को लाने की बात की है, जो प्रतिकूल मौसम की परिघटनाओं का सामना कर सकती हैं और कृषि को टिकाऊ बना सकती हैं। इसके साथ ही नैचुरल फॉर्मिंग की बात है,

आज यह वर्तमान समय की और आने वाले भविष्य की जरूरत है कि हम प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दें। हम मिट्टी की सेहत का ख्याल करें और देशवासियों की सेहत का भी ख्याल करें। हमारी सरकार ने इस बजट में टिकाऊ कृषि के साथ-साथ देश की खाद्य सुरक्षा बढ़ाने पर भी ध्यान दिया है। मेरे विपक्ष के मित्र, जो यहां बैठे हुए हैं, इनमें से कौन असहमत होगा कि आज देश को नैचुरल फॉर्मिंग की जरूरत नहीं है या देश को ऐसी फसल की किस्मों की जरूरत नहीं है, जो मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों में टिकी रहे। क्या आप इस बात से सहमत नहीं हैं कि आज हमारी दलहन और तिलहन के लिए जो इम्पोर्ट डिपेंडेंस है, उसको हमें कम करना चाहिए और अपने डोमेस्टिक प्रोडक्शन को बूस्ट करना चाहिए। हमारी सरकार ने ये तमाम प्रयास इस बजट में किए हैं। इसलिए, यह किसानों की भलाई का बजट है।

सभापति महोदय, जहां तक विषय एमएसपी का है तो अनेक नई फसलों को एमएसपी के दायरे में लाने का काम हमारी सरकार ने दस सालों में किया है।

(1600/SJN/NKL)

आपने यूपीए सरकार के 10 सालों में एमएसपी पर जो खरीद की थी, वह महज 45 करोड़ मीट्रिक टन फसलों की थी, जबकि हमारी सरकार ने पिछले 10 सालों में 70 करोड़ मीट्रिक टन फसल की खरीद एमएसपी पर करने का काम किया है। इसलिए संसद के फ्लोर से देश के किसानों को गुमराह करने का काम बंद होना चाहिए। सभापति महोदय, हमारी सरकार की प्राथमिकता में देश के युवा हैं। बजट पेश होने से पहले इकोनॉमिक सर्वे आया, उसमें दो महत्वपूर्ण बातें कही गई हैं। पहली यह है कि हमारे देश के कॉलेजेज़ से हर साल जो ग्रेजुएट्स निकल रहे हैं, उसमें 51 प्रतिशत से कुछ अधिक ऐसे हैं, जो एम्प्लॉयेबल नहीं हैं, नौकरी पाने योग्य नहीं हैं। इसका एक कारण यह भी हो सकता है कि आज उद्योगों को जिस स्किल सेट की आवश्यकता है, वह हमारे युवाओं के पास नहीं है। इसके साथ ही तमाम ग्लोबल अनसर्टेनिटीज़ और इकोनॉमिक डिप्रेशन की परिस्थितियों के बाद भी भारत की अर्थव्यवस्था जिस तेज गति से आगे बढ़ रही है, उसको देखते हुए एवं उससे तालमेल बिठाते हुए हमें रोजगार सृजन करने की आवश्यकता है। ये दो बातें इकोनॉमिक सर्वे में कही गई हैं।

हमारी सरकार ने जो बजट पेश किया है, उसमें इन दोनों बातों का ध्यान रखा है। सरकार ने युवाओं की स्किलिंग और युवाओं के रोजगार के लिए 2 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। 'एम्प्लॉयमेंट लिंक्ड इंसेटिव स्कीम' के तहत तीन योजनाएं लाई गई हैं। मैं उसके विस्तार में नहीं जाऊंगी, क्योंकि मुझसे पहले बहुत सारे वक्ता उसकी चर्चा कर चुके हैं। यह एक कोशिश है कि प्राइवेट सेक्टर को रोजगार के नज़रिए से सरकार कैसे मदद करेगी। स्किलिंग के लिए भारत सरकार, राज्य सरकार और इसके साथ ही साथ हमारा प्राइवेट सेक्टर 20 लाख युवाओं को स्किलिंग करने जा रहा है। इसके लिए हमारे 1,000 से ज्यादा आईटीआईज़ को अपग्रेड किया जाएगा, ताकि युवाओं को उद्योगों की आवश्यकता के अनुरूप हम स्किल सेट दे सकें।

सभापति जी, आज इंडस्ट्रीज़ के पास स्किल्ड लेबर्स की शॉर्टेज़ है। आईटीआईज़ के माध्यम से हम जिन ट्रेड्स में स्किलिंग देते हैं, जैसे फिटर है, प्लंबर है, कारपेंटर है, इलेक्ट्रीशियन्स हैं, बहुत सारे सेक्टर्स और बहुत सारी इंडस्ट्रीज़ में इनकी भी आवश्यकता पड़ती है। स्किलिंग के साथ-साथ हमारी सरकार ने एक महत्वपूर्ण इंटनर्शिप योजना का ऐलान किया है, जिसमें देश की टॉप 500 कंपनियों में 1 करोड़ से ज्यादा युवाओं को हम इंटर्नशिप की सुविधाएं देंगे। ऐसा इसलिए है, क्योंकि ऐसे बहुत सारे उदाहरण हैं। बहुत सारे सक्सेज़फुल बिजनेस लीडर्स अपनी कंपनीज़ में इंटर्न्स के रूप में शुरुआत करके आगे बढ़े हैं, क्योंकि उसके लिए जो जरूरी एक्सपोजर या एक्सपीरियंस है, उनको अपनी कंपनीज़ में काम करते हुए मिला है। ऐसे बहुत सारे सेक्टर्स हैं, जैसे मैन्युफैक्चरिंग, रियल स्टेट, इन्फ्रास्ट्रक्चर, कंस्ट्रक्शन, ऑटोमोबाइल, बैंकिंग, रिटेल, लॉजिस्टक इत्यादि, जिसमें आज लेबर डिमांड सप्लाई का मिसमैच है और एक स्किल गैप है, जिसको भरने की एक कवायद ये इंटर्नशिप योजना है। इसलिए हमारे विपक्ष के मित्रों को भी इसमें कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए कि टॉप 500 कंपनीज़ में इंटर्नशिप का अवसर देश के युवाओं को मिले।

सभापति महोदय, अब मैं 'पूर्वोदय योजना' का जिक्र करना चाहूंगी। देश का संतुलित विकास एक गंभीर चिंता का विषय है, यह आज से नहीं, बल्कि बहुत लंबे समय से है। हमारी सरकार ने देश के समग्र, संतुलित, सर्वस्पर्शी विकास पर सदैव बल दिया है। 'पूर्वोदय योजना' के तहत हमारे देश के पूर्वी

हिस्से में जो पांच राज्य हैं – बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और आंध्र प्रदेश। ये पिछड़े राज्य हैं, विकास की मुख्य धारा से वंचित हैं।

हमारी सरकार ने इस योजना के माध्यम से इन राज्यों की चिंता की है, जो पूर्ववर्ती सरकारों ने कभी नहीं की थी, जो कि दुर्भाग्यपूर्ण है। हां, ये जरूर है कि इसमें हमारी सराकर ने पांचों राज्यों की चिंता की है, लेकिन दो राज्य - बिहार और आंध्र प्रदेश को लेकर हमारे विपक्ष के साथी थोड़ा उत्तेजित भी हुए हैं। उन्होंने कहा कि इनकी थाली में तो बहुत कुछ आ गया है, बाकी राज्यों को तो कुछ नहीं मिला है, जबकि इस योजना के तहत पांचों राज्य लाभान्वित किए जा रहे हैं।

(1605/SPS/VR)

अध्यक्ष महोदय, क्या आंध्र प्रदेश और बिहार देश का हिस्सा नहीं है? मैं यह सवाल विपक्ष के साथियों से पूछना चाहूंगी। मैं यह भी कहना चाहती हूं कि आंध्र प्रदेश का विभाजन तो यूपीए सरकार के दौरान हुआ था। एपी रीऑर्गेनाइजेशन एक्ट में जिस राज्य को जो मदद मिलनी चाहिए थी, वह आपको देनी चाहिए थी, लेकिन आपने अपने कर्तव्य का पालन नहीं किया। वह हम कर रहे हैं। आंध्र प्रदेश का जो ज्यादा विकसित हिस्सा था, वह तेलंगाना के साथ चला गया। आंध्र प्रदेश को अपनी नई राजधानी सेट अप करने के लिए केंद्र की मदद की जरूरत है और केंद्र कर रहा है। आप जो काम अधूरा छोड़ कर गए थे, हमने वह कर दिया है। बिहार के झारखंड से अलग होने के बाद तमाम रिपोर्ट्स बताती हैं कि वह कितना पिछड़ गया है। उसकी वित्तीय परिस्थितियां बेहतर नहीं है। हम उसको सुधारने के लिए अपने राज्य की मदद कर रहे हैं। आपकी नजरों में बिहार और आंध्र प्रदेश अलग हो सकता है, लेकिन हमारे लिए नहीं है। आप भारत जोड़ो की बात करते हो और देश को टुकड़ों-टुकड़ों में देखते हो। हम देश को टुकड़ों-टुकड़ों में नहीं देखते हैं। हम अपने पूर्वी क्षेत्र के पांचों राज्यों को इस योजना के तहत लाभान्वित करने जा रहे हैं।

अब मैं प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम योजना का उल्लेख करना चाहती हूं। यह ऐसी योजना है, जिसके तहत देश के 63 हजार गांवों में पांच करोड़ जनजातीय समुदाय लाभान्वित होने जा रहा है। जनजातीय समाज की आबादी हमारे पश्चिम बंगाल, ओडिशा और झारखंड, इन सभी राज्यों में है। क्या इस योजना का लाभ इन राज्यों की जनजातीय आबादी को नहीं मिलना चाहिए? मैं यह विपक्ष के मित्रों से पूछना चाहती हूं। हमारी सरकार का बजट पूरे देश के हित में है, चाहे युवा हो, जनजातीय हो, किसान हो, महिला हो या गरीब हो। इसमें महिलाओं के लिए तीन लाख करोड रुपए का प्रावधान किया गया है। देश की इकोनॉमी आज 5वें नंबर पर है और हम इसे तीसरे नंबर की इकोनॉमी बनाने के लिए संकल्पित हैं। यह तब तक नहीं हो सकता है, जब तक हमारे देश के श्रम बल में, हमारे देश की वर्क फोर्स में देश की आधी आबादी की प्रतिभागिता न हो। हमने तीन लाख करोड़ रुपये का प्रावधान महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए किया है। महिलाओं के लिए वर्किंग वूमेन हॉस्पिटल्स, क्रैच्स, प्रॉपर्टी खरीद के नाम पर स्टाम्प शुल्क को कम करना, ऐसे तमाम प्रयास किए गए हैं। हमारे दस वर्षों के कार्यकाल में भी किए गए हैं। वूमेन लेड डेवलपमेंट की स्कीम पर हमारी सरकार ने काम किया है। हमारी तमाम ऐसी योजनाएं हैं, जो महिलाओं को केन्द्रित करके ही बनाई गईं, उनमें चाहे शौचालय का निर्माण हो, चाहे उज्ज्वला गैस का कनेक्शन हो, चाहे जल जीवन मिशन हो। ऐसी बहुत सारी योजनाओं ने महिलाओं के जीवन में क्रांतिकारी बदलाव किया है और हमारे सारे प्रयास उसी के

कंटीनुएशन में हैं। हमारी सरकार ने इस बजट के माध्यम से तय किया है कि 25 हजार ऐसी नई ग्रामीण बसावटें हैं, जिनको प्रधान मंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत संपर्क मार्ग से जोड़ने काम करेंगे। गरीबों को उनका आशियाना मिले, इसकी चिंता लगातार तीसरे कार्यकाल में भी बनी हुई है। तीन करोड़ नए आवास, जिनमें से एक करोड़ शहरी क्षेत्र में और दो करोड़ ग्रामीण क्षेत्र में हमारी सरकार ने बनाने का संकल्प लिया है।

अध्यक्ष महोदय, जो कामगार हैं, उनके लिए भी पीपीपी मोड पर हम किराए के घर का प्रावधान कर रहे हैं, यानी गरीब की चिंता भी इस बजट में स्पष्ट रूप से माननीय वित्त मंत्री जी ने की है। इसके साथ ही 25 करोड़ गरीबों को हम गरीबी रेखा से बाहर निकालकर लाए हैं तो वह इसलिए संभव हुआ है, क्योंकि हमने गरीबी मिटाने के प्रयास पूरी ईमानदारी से किए हैं, जो आप नहीं कर पाए थे। आप गरीबी हटाओ का नारा देते रहे, लेकिन आपके आंकड़ों में गरीब कभी भी गरीबी से बाहर नहीं निकल पाया, किंतु महज दस वर्षों में हमने 25 करोड़ गरीबों को गरीबी रेखा के बाहर निकाला है। हमने उनको मल्टी डाइमेंशनल पावर्टी से बाहर निकालकर दिखा दिया है और पांच साल बाद बढ़े हुए आंकड़े लेकर इसी पार्लियामेंट में आपके सामने आएंगे। वर्ष 2030 तक सात करोड़ के लगभग, यह आंकड़ा ऊपर नीचे भी हो सकता है, देशवासी जिस तरीके से ग्रामीण क्षेत्रों से शहरों में बस रहे हैं, ये बड़ी संख्या में बसेंगे और इनका जीडीपी कंट्रीब्यूशन 66 प्रतिशत है।

(1610/MM/SAN)

विकसित भारत बनाना है तो हमारी शहरी आबादी का और भी कंट्रीब्यूशन जीडीपी में बढ़ेगा। 80 प्रतिशत से भी अधिक हो सकता है। इसलिए जरूरी है कि हम अपने शहरों का उचित विकास करें, उनको ग्रोथ हब्स बनाएं और उनके लिए भी 30 लाख से अधिक आबादी के सौ ऐसे शहरों को, जो तमाम आधुनिक सुविधाएं हैं, चाहे जल आपूर्ति की हो, सीवेज ट्रीटमेंट की हो, सॉलिड वेस्ट मेनेजमेंट की हो, इसको बढ़ावा देने की बात माननीय वित्त मंत्री जी ने की है।

इसके अलावा हेल्थ सेक्टर का बजट 12.9 प्रतिशत बढ़कर अब 90958 करोड़ रुपये का हो चुका है। सात हजार करोड़ रुपये की इसमें वृद्धि हुई है। कैंसर के मरीजों के लिए, चूंकि इनकी संख्या हर वर्ष ढाई प्रतिशत बढ़ रही है। पिछले वर्ष भी हमने 15 लाख के करीब कैंसर केसेस देखे और ओरल कैंसर, लंग कैंसर, ब्रैस्ट कैंसर और ओवेरियन कैंसर काफी तेजी से देश में बढ़े हैं। इसके लिए हमने कैंसर के मरीजों के लिए भी बजट में सौगात दी है और तीन ऐसी दवाएं हैं, जिन पर कस्टम ड्यूटी को घटाकर दाम कम किए हैं ताकि सस्ता और सुलभ इलाज देश की जनता को उपलब्ध हो सके।

सर, बातें बहुत सी हैं, लेकिन समय कम है, इसलिए मैं इतना ही कहना चाहती हूं कि माननीय वित्त मंत्री जी ने देश को आत्मनिर्भर बनाने का, देश को तीसरे नंबर की अर्थव्यवस्था बनाने का और देश को वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने का एक रोडमैप प्रस्तुत किया है, जिसके लिए मैं उनको धन्यवाद देती हूं। … (व्यवधान) उत्तर प्रदेश को इस बजट की एक-एक योजना का लाभ मिलने जा रहा है। … (व्यवधान) आप चिंता मत कीजिए। उत्तर प्रदेश की चिंता आपने कभी नहीं की है। इसीलिए आप सत्ता से बाहर हैं। … (व्यवधान)

(इति)

1612 बजे

**श्री वरुण चौधरी (अम्बाला) :** धन्यवाद सभापति महोदय।

महोदय, आपके माध्यम से पहली बार मुझे इस सदन में बोलने का मौका मिल रहा है, इसके लिए मैं आपका धन्यवाद करता हूं। मैं अपने नेताओं का, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस और अम्बाला लोक सभा क्षेत्रवासियों का धन्यवाद करता हूं, जिन्होंने मुझे यहां चुनकर भेजा है।

महोदय, बजट में बहुत सी बातें हुईं। विकसित भारत बनाने का लक्ष्य रखा गया है। यह बहुत अच्छी बात है, लेकिन आज तक उसका कोई रोड मैप जारी नहीं हुआ है। इस सरकार ने पंचवर्षीय योजनाओं को बंद कर दिया। जिसमें जवाबदेही थी, बताना पड़ता था, जमीन पर कुछ काम करना पड़ता था। 25 वर्ष की योजना चलायी गयी है ताकि न कोई पूछने वाला रहे और न कोई बताने वाला रहे।

सर, हरियाणा प्रदेश से केन्द्र सरकार में तीन-तीन मंत्री होने के बाद भी पूरे के पूरे बजट में हरियाणा का नाम तक नहीं है। यह बहुत दुख की बात है। हवाई चप्पल वालों को हवाई जहाज में बैठाने की बातें हुई थीं। यहां चर्चा भी हुई कि किस तरह से कितनी-कितनी महंगी टिकटें मिलती हैं। आम आदमी तो छोड़िए, ठीकठाक आदमी भी जहाज में नहीं चढ़ पा रहा है। हालत यह हो गयी है कि हरियाणा में हमारी चलती हुई पैसेंजर ट्रेन्स को भी बंद कर दिया गया है। आम आदमी आज पैसेंजर ट्रेन में भी नहीं चढ़ सकता है। हरियाणा प्रदेश में नया कारखाना तो क्या लगना था, चले-चलाए कारखाने भी बंद हो गए हैं। हमारा पिंजोर में एचएमटी का बहुत बड़ा कारखाना बंद कर दिया गया है। बहुत समय से मांग आ रही है कि यमुना नगर से चंडीगढ़ वाया नारायणगढ़ रेल चलनी चाहिए, उस पर भी कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। हरियाणा के गांवों और शहरों में पानी के निकासी की समस्या बहुत बड़ी है, लेकिन उस पर भी कोई बात नहीं की गयी है। टैक्स तो लिया जाता है, लेकिन सुविधा कुछ नहीं मिलती है। सर, इस तथाकथित अमृतकाल में युवा देश छोड़कर जा रहे हैं। जिस देश का युवा ही देश में नहीं रहेगा, वह देश कैसे विकसित होगा। अपराध, महंगाई, बेरोजगारी और नशा बढ़ता जा रहा है।

(1615/YSH/SNT)

हमारे हरियाणा प्रदेश में आए दिन गोलियां चलती हैं, फिरौतियां मांगी जाती हैं। आज यह हाल है कि हरियाणावासी और उनके साथ पूरा देश यह कह रहा है कि अमृतकाल कुछ चुनिंदा लोगों के लिए है। आमजन के लिए यह अमृतकाल नहीं है। अभी 'स्किल इंडिया' की बात हो रही थी कि 20 लाख लोगों को अगले पांच सालों में प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसी तरह की बात वर्ष 2015 में भी की गई थी, तब टारगेट 30 करोड़ का था कि सात सालों में 30 करोड़ लोगों को प्रशिक्षित किया जाएगा।

सर, जनता जानना चाहती है, हरियाणावासी जानना चाहते हैं, देशवासी जानना चाहते हैं कि वह पिछले वाला जुमला था या यह इस बार वाला जुमला है? किसानों की आय दोगुनी करने की बात हुई थी और यहां एमएसपी की गारंटी भी नहीं दी जा रही। एमएसपी की गारंटी पर भी बात नहीं कर रहे हैं। दो करोड़ नौकरियां देने की बात थी। 10 लाख नौकरियां तो केन्द्र सरकार के

कार्यालयों में खाली पड़ी हैं, उनको भरने की कोई बात नहीं है। एससी/एसटी वर्ग का बैकलॉग सालों साल से खाली है, उसको भरने की कोई बात नहीं है और जब हमारे साथियों द्वारा सवाल लगाकर पूछा गया तो उसका ठीक से जवाब तक नहीं दिया गया।

सर, हर सिर पर छत आने की बात वर्ष 2022 तक पूरी होनी थी और अब कह रहे हैं कि अगले पांच सालों में तीन करोड़ घर बनाए जाएंगे। हर सिर पर छत तो वर्ष 2022 तक ही आ जानी थी तो यह इस बार वाला जुमला है या पिछली बार वाला जुमला था? सेस और सरचार्ज एक्सपोन्शली बढ़ते जा रहे हैं, जिसका डेवलूशन नहीं होता है। 15वें फाइनेंस कमीशन ने कहा था कि 41 प्रतिशत डेवलूशन होना चाहिए। सेस और सरचार्ज के कारण केवल 32 प्रतिशत ही डेवलूशन हो रहा है, जिससे राज्य सरकारों का, खास तौर पर जो विपक्ष की राज्य सरकारें हैं, उनका गला घोंटा जा रहा है। मेरी आपके माध्यम से प्रार्थना है कि सेस और सरचार्ज को भी डिवॉल्व करना चाहिए।

सर, इसी बजट के अंदर डिपार्टमेंट ऑफ इकोनॉमिक अफेयर्स द्वारा 62 हजार करोड़ रुपये की डिमांड की गई है और यह किस नाम से की गई है – नई योजनाओं के नाम से। उन नई योजनाओं की कोई जानकारी ही नहीं है कि वे कौन सी नई योजनाएं हैं। क्या इस सदन को यह जानकारी नहीं देनी चाहिए कि 62 हजार करोड़ रुपये किन योजनाओं पर खर्च होंगे? इसकी कोई जानकारी नहीं है?

1619 बजे (श्री पी. सी. मोहन पीठासीन हुए)

सर, बात होती है कि हम तीसरे नम्बर की जीडीपी पर अपने देश को लेकर जाएंगे और साथ ही यह नहीं बताया जाता है कि आज हम जीडीपी पर कैपिटा में 144 वें स्थान पर हैं। हम हंगर इंडेक्स में 111वें स्थान पर हैं। पूरे विश्व में हम चाइल्ड वेस्टिंग दर में सबसे नीचे हैं। 80 करोड़ से अधिक लोगों को अन्न दिया जाता है। जैसा कि हमारे नेता श्री दीपेन्द्र सिंह हुड्डा जी ने भी मांग की थी कि ये वे लोग हैं, जो स्वाभिमानी हैं, देश के नागरिक हैं, वे भी काम मांगते हैं, जिससे उनको भी वेतन मिले। हरियाणा के अंदर जब कांग्रेस की सरकार थी तो हुड्डा साहब मुख्य मंत्री थे। उस समय हर वर्ग का ध्यान रखा गया था और आज यह हाल है कि यदि कोई भी व्यक्ति अपनी बात रखना चाहता है तो उस पर डंडे चलाए जाते हैं। लोगों की बात नहीं सुनी जाती है।

ये हाल है कि महीनों-महीनों तक हमारे कर्मचारी धरने पर रहते हैं, लेकिन उनकी कोई बात सुनने नहीं जाता है। अभी चर्चा हो रही थी कि हमारे किसान बॉर्डर पर बैठे हैं।

(1620/RAJ/AK)

सर, यह देश हमारा है। किसान देश के ही नागरिक हैं। वे अपने देश की राजधानी में नहीं आ सकते हैं, ये हालात हैं। आपको उनकी बात सुननी चाहिए, हल निकालना चाहिए, लेकिन यह तानाशाही है और हम तानाशाही के खिलाफ लड़ रहे हैं। एमएसपी की लीगल गारंटी के लिए बार-बार बात उठ रही है, लेकिन उस पर सरकार का कोई बयान नहीं है।

सर, आखिर में मैं यही कहूंगा:

हम होंगे कामयाब एक दिन,
मिलेगी इन जुमलों से निजात एक दिन।

बहुत-बहुत धन्यवाद, जयहिंद।

(इति)

1621 बजे

**श्री आगा सैय्यद रूहुल्लाह मेहदी (श्रीनगर) :** मिस्टर चेयरमैन, यहां पर यूनियन बजट के साथ-साथ जम्मू-कश्मीर का भी बजट टेबल किया गया है। जम्मू-कश्मीर का बजट डिसकस नहीं किया जा रहा है, बल्कि टेबल किया गया है। अभी तक एक माननीय मैम्बर, जो जम्मू-कश्मीर से ताल्लुक रखते हैं, उनके अलावा जम्मू-कश्मीर के हवाले से किसी ने बात नहीं की है।

चेयरमैन साहब, मैं आपके माध्यम से यह बात बताना चाहता हूं कि बजट का यहां पर होना, जम्मू-कश्मीर का बजट पार्लियामेंट में प्रेजेंट करना, पार्लियामेंट के जरिए बनाया जाना, यूनियन गवर्नमेंट के जरिए बनाया जाना, यह सॉवरन बिट्रेयल है, जम्मू-कश्मीर के लोगों के साथ धोखा है। यह डेमोक्रेसी के साथ एक बहुत बड़ा मजाक है, जो जम्मू-कश्मीर के लोगों के साथ किया जा रहा है। लोग डेमोक्रेसी में इस तरह के फैसले खुद लेते हैं, अपने लिए लेते हैं, जिसे कहते हैं – democracy by the people, for the people, of the people. मगर आप देखें कि जम्मू-कश्मीर का बजट जम्मू-कश्मीर के लोग नहीं बनाते हैं, जम्मू-कश्मीर की स्टेट यह नहीं बनाता है। आज 70 सालों के बाद जम्मू-कश्मीर के लोगों के साथ इतना बड़ा धोखा किया गया और उस रियासत को इस हद तक गिराया गया कि उससे उसका बजट, उसके फैसले करने का हक भी छीना गया। उन वायदों के प्रिंसिपल्स के बरक्स, जिन प्रिंसिपल्स के बुनियाद पर हमने इस यूनियन के साथ ऐक्सेशन किया था कि हम अपने फैसले खुद लेंगे, जम्मू-कश्मीर स्टेट अपना फैसला खुद लेगा, अपना रास्ता खुद बनाएगा और हमें वह अख्तियार, हमें वह पावर इस यूनियन के संविधान ने दी थी। आज आप देखिए, हमें अपने फैसले लेने का अख्तियार नहीं है, अपने लिए रास्ते बनाने का अख्तियार नहीं है। हम पर फैसले थोपे जाते हैं। बजट यहां पर बनाया जाता है। आज आप मुझे बताइए, हर एक रियासत का, हर एक स्टेट के बाशिंदे यहां पर बैठे हुए हैं। किस स्टेट में ऐसा होता है कि उस स्टेट का बजट वह स्टेट खुद न बनाए, बल्कि वह उस पर थोपा जाए। वे फैसले उन पर थोपे जाएं। हम से हमारा हक छीना गया। हर तरह के डेमोक्रेटिक राइट्स जो उस स्टेट के बनते थे, आपने वे वर्ष 2019 में छीने। आर्टिकल 370 एक कड़ी थी, जिसके जरिए हम इस मुल्क से जुड़े थे और उस आर्टिकल के जरिए हमें वे हुकूक दिए जाते थे। हमें अपने सब्जेक्ट्स पर लेजिस्लेट करने का हक दिया जाता था। हम से पूछे बगैर यहां पर आर्टिकल 370 हटाया गया। हम से पूछे बगैर हमारे खिलाफ फैसले लिए गए। हमसे पूछे बगैर हमारा स्टेट्स और हमारा डेमोक्रेटिक राइट छीना गया। नतीजा यह है कि आज आप कहते हैं कि जम्मू-कश्मीर यूनियन टेरिटरी है, जिसे मैं आज भी कबूल नहीं करता हूं। एक ऐसी रियासत जिसके पास अपनी लेजिस्लेटिव पावर थी, कॉन्स्टिट्यूशनल पावर थी, लेकिन आज उनके पास कुछ नहीं है। नतीजा यह निकला है कि बजट यहां पर बनाया जाता है और उस बजट में जम्मू-कश्मीर के लोगों के साथ मजाक किया जाता है। मैं इम्प्लॉयमेंट के बारे में कहना चाहता हूं। जम्मू-कश्मीर में वर्ष 2019 के बाद आज पहली बार 70 सालों में अनइम्प्लॉयमेंट सबसे ज्यादा है। हमसे हमारे इख्तियारात छीने गए। हम डिसिजंस नहीं लेते हैं। आपका वायसराय वहां पर डिसिजन लेता है, जिसे आप एलजी कहते हैं। नतीजा यह निकला कि वहां पर अनइम्प्लॉयमेंट सबसे ज्यादा है। अनइम्प्लॉयमेंट इतनी ज्यादा है कि अगर

वहां लोग रोजगार के लिए अप्लाई करना भी चाहते हैं, तो आपके पास उतने रिसोर्सेज नहीं हैं, जगह नहीं है, जिनके जरिए आप उनको इम्प्लॉयमेंट दे सकें। आप उनकी जरूरत को पूरा कर सकें।

(1625/KN/UB)

आप एम्प्लॉयमेंट के हवाले से बहुत सारे लेवल्स पर जम्मू कश्मीर के लोगों के साथ जंगें लड़ रहे हैं। यहां पर नई रिजर्वेशन पॉलिसी लागू की गई। वह हमने नहीं बनाई, जम्मू कश्मीर के लोगों ने नहीं बनाई। वह यहां पर बनाई गई और वहां पर थोपी गई। 70 परसेंट रिवर्जेशन बढ़ाई गई, ओपन मेरिट को 30 परसेंट तक कम किया गया। ओपन मेरिट के लिए अब जगह सिर्फ 30 परसेंट बनती है। यह एक ऐसी लड़ाई है, जहां पर ये चाहते हैं कि वहां पर क्लास वार हो। सोसायटी के जो मुख़्तलिफ़ सेक्शंस हैं, वे आपस में लड़ें। हमारी जो बैकवर्ड क्लासेज हैं, जिनके लिए हम चाहते हैं और हमेशा से रिजर्वेशन थी, हम चाहते थे कि उनको सपोर्ट मिले। वे ऊपर आए। उनको ओपन मेरिट के साथ लड़ाया जा रहा है। चूंकि जो तनासुख़ है, पॉपुलेशन का जो रेश्यो है, वह उस हद तक नहीं है, जिस हद तक रिजर्वेशन बढ़ाई गई। रिजर्वेशन 70 परसेंट के हद तक बढ़ाई गई, ओपन मेरिट को घटाया गया, जिससे क्लास वार, सैक्शन वार होने का खतरा है। मेरी गुजारिश है, मुझे गुजारिश करते हुए शर्म आती है, क्योंकि मैं फिर से कहूंगा कि हमारे हाथ में इख्तियार ही नहीं है। इन्हें भी सोचना चाहिए। एक रियासत है, जहां पर हमें उस हद तक गिराया गया है कि यहां पर आकर भीख मांगनी पड़ती है। हम अपने फैसले नहीं ले पाते हैं। इनसे गुजारिश है कि ओपन मेरिट को या सुप्रीम कोर्ट की जो कैप है, उस हद तक रखें या पॉपुलेशन का जो रेश्यो है, पॉपुलेशन के हिसाब से जो कैटेगरीज हैं, आप उस हिसाब से रिजर्वेशन करें ताकि ओपन मेरिट पर इस वक्त जो तलवार चल रही है, वह न हो। हमारे लोग वहां पर इसका खामियाजा उठा रहे हैं।

इसी के साथ-साथ कोविड की वजह से वैकेंसीज फिल करने के लिए जो डिले हुआ था, अगर यहां पर सब को याद हो तो कोविड से पहले वर्ष 2019 में स्टेट पर ताला लगाया गया था। उस दौरान स्टेट ने काम नहीं किया। उसके बाद कोविड आया। उसके बाद वैकेंसीज फिल होनी थी, उसके लिए वक्त नहीं दिया गया। वैकेंसीज फिल नहीं की गईं उसका नतीजा यह हुआ कि हमारे जो बच्चे हैं, लड़के-लड़कियां हैं, वे ओवर एज होने शुरू हो गए हैं। हमारी गुजारिश है कि जो 28 साल की कैप है, उसको बढ़ाया जाए। उनको एज रिलेक्सेशन दी जाए, एगजम्प्शन दी जाए। वर्ष 2019 में कोविड के दौरान आपने जो लॉकडाउन किया था, जिस दौरान स्टेट ने काम नहीं किया, वैकेंसीज फिल नहीं हुईं, उनको एज रिलेक्सेशन दी जाए। आज वे 32 साल, 33 साल के हो गए हैं इसलिए उनको वन टाइम एगजम्प्शन दी जाए, एज रिलेक्सेशन दी जाए, ताकि वे अप्लाई कर सके।

हॉर्टिकल्चर हमारा बहुत बड़ा सेक्टर है, बैकबोन है। आप उस हॉर्टिकल्चर के साथ भी लड़ाई दो लैवल्स पर लड़ रहे हैं। चेयरमैन सर, मैं आपके जरिये इन्हें बताना चाहता हूं। एक, हमारे लिए पेस्टिसाइड्स, खाद् वगैरह यहां से जो भेजी जाती है, वह जान-बूझकर टॉक्सिक भेजी जाती है। उससे हमारे पेड़-पौधे खराब किए जाते हैं। दूसरे लैवल पर, हमारे कश्मीर से जो सेब आता था, अगर आपने सुना हो, तो उसे पिछले साल रोका गया। मुल्क से बाहर चाहे ईरान हो, चाहे यूएसए हो, वहां से सेब लाया जाता है, विदाउट टैक्स, विदाउट इम्पोर्ट ड्यूटी सेब लाया जाता है।

बाहर के सेब से यहां की मार्केट, मंडियां भरी गई हैं, जिस पर इम्पोर्ट ड्यूटी नहीं लगाई गई है। कश्मीर से आने वाले सेब को रोका जाता है। कश्मीर के हॉर्टिकल्चर को टॉक्सिक पेस्टिसाइड्स से खराब किया जाता है। दो लैवल्स पर हमारे साथ जंग लड़ी जाती है। हमारी इकोनॉमी को कमजोर किया जाता है। हमारे हॉर्टिकल्चर को कमजोर किया जाता है। मेरी गुजारिश है, हम चाहते हैं, जम्मू कश्मीर की अवाम चाहती है कि इम्पोर्ट ड्यूटी लगाई जाए। बाहर से जो सेब आता है, उस पर इम्पोर्ट ड्यूटी लगाई जाए। हमें जो टॉक्सिक पेस्टीसाइड्स भेजा जाता है, उस हवाले से काम किया जाए। यह पेस्टिसाइड्स हमारे बीच न भेजा जाए। हमारे साथ इस तरह की जंगें न लड़ी जाएं। … (व्यवधान) मैं वह बात भी करूंगा। मेरे पास वक्त ज्यादा नहीं है। आपका हाथ घंटी पर है। हमारे साथ हर तरह की ज्यादती होती है। वक्त भी उस तरह की एक ज्यादती है। मैं जानता हूं।

मैं एक बात न चाहते हुए यहां पर दोहराना चाहता हूं। मैं यहां पर इलैक्शन की भीख मांगने के लिए नहीं आया हूं। मैं यहां पर अपना स्टेटस और अपना कॉन्स्टीट्यूशनल राइट्स, जो 370 के जरिये हमें दिया गया था, मैं वह मांगने आया हूं। चेयरमैन साहब, मैं इस वक्त की स्पीच कनक्लूड करते-करते आपके जरिये पूरे मूल्क को याद दिलाना चाहता हूं कि सुप्रीम कोर्ट ने इस गवर्नमेंट को डायरेक्शन दी थी कि सितम्बर तक वहां पर डेमोक्रेटिक गवर्नमेंट कायम की जाए। सुप्रीम कोर्ट की डायरेक्शन के मुताबिक अगले महीने सितंबर का महीना शुरू होने वाला है मगर अभी तक … (व्यवधान)

**माननीय सभापति (श्री पी. सी. मोहन) :** आप प्लीज कनक्लूड कीजिए।

**श्री आगा सैय्यद रूहुल्लाह मेहदी (श्रीनगर) :** सर, मैं बस एक मिनट में कनक्लूड कर रहा हूं। वहां के इलैक्शन के लिए अभी भी कोई प्रोसेस शुरू नहीं हुआ है। आपसे गुजारिश है। डेमोक्रेसी के लिए फोर द स्पिरिट ऑफ डेमोक्रेसी – उन्हें डायरेक्शन दें। कम से कम सुप्रीम कोर्ट की डायरेक्शन पर अमल करें और वहां पर इलैक्शन करवाएं। यहां पर जैसे अखिलेश जी ने कहा कि इन्होंने सीट्स बढ़ाई हैं।

(1630/VB/SRG)

ये मुल्क भर में रिज़र्वेशन और पिछड़े क्लासेज के बारे में बातें करते हैं, तो ये जवाब दें कि बजट में, अपने प्लान में और जम्मू-कश्मीर की एसेम्बली में इन्होंने उस हवाले से क्या किया है?

मैं आपका बहुत ही ज्यादा शुक्रगुज़ार हूँ कि आपने मुझे वक्त दिया। अगर और वक्त मिलता, तो मैं ज्यादा कह पाता। आपसे गुज़ारिश है कि जो बातें मैंने कही हैं, उन पर गौर करें और हमारी तरफ से भी बात करें। इनका अटेंशन जम्मू-कश्मीर की तरफ लें और हमारे मसले हल कराएं।

बहुत-बहुत शुक्रिया।

(इति)

1631 hours

SHRI BALASHOWRY VALLABHANENI (MACHILIPATNAM): Sir, thank you for giving me this opportunity to speak on the Budget presented by the hon. Finance Minister on 23rd July.

Let me take this opportunity to congratulate Shrimati Nirmala Sitharaman Garu for taking charge of the Finance Ministry again, and also for presenting the Budget a record seventh time. This is the third consecutive Government of NDA. Modi Ji has been elected as the Prime Minister for the consecutive third term. The people of this country have shown faith in Modi ji and have voted for his leadership and given a strong mandate to NDA. In the last 10 years, under his leadership, this country has witnessed bold economic reforms like `Make in India' Initiative, GST, labour reforms etc., to social reforms like Beti Bachao Beti Padhao, Pradhan Mantri Jan Dhan Yojana, Ujjawala Yojana etc. I am only mentioning a few here, there are so many. Hon. PM Modi has left a long-lasting impact on our nation. Under his leadership in the last 10 years, we have achieved the remarkable growth. We are the fastest growing economy. We are the fifth largest economy and we will definitely be the third largest economy in the course of the next few years. His policies are not only helping us grow domestically, but also on the world Map. This present Budget reflects the future vision of Modi Ji. The initiatives and economic policies announced in this Budget will push India's growth and our vision to become the third largest economy in the world and also make India a Viksit Bharat.

Sir, this Budget specially focuses on youth and employment generation. The Government has introduced internship programme which will benefit one crore youths with an internship allowance of Rs. 5,000 per month. The Budget also focuses on skill training of youth and encouraging women employment.

Sir, I come from Andhra Pradesh. Its financial conditions is not hidden. The previous AP Government has done nothing for the progress of the State and made it more miserable for the present Government to even survive.

Sir, I am grateful that this Budget has assured the implementation of all the commitments made to Andhra Pradesh as given in the AP Re-organisation Act. I am grateful that the FM has assured a special financial assistance of Rs. 15,000 crore to Andhra Pradesh. It is a first step towards re-building our State.

It is a long journey, and we would definitely work together in bringing Andhra Pradesh's lost glory back.

Speaking of AP Re-organization Act, this would majorly include, setting up of oil refinery, setting up of steel plant and setting up of port.

The Machilipatnam Port is already under development. It is financed by the PFC. I seek the hon. Minister’s consideration and support for the holistic development of the Port with due emphasis on maritime development, roads, rail infrastructure development under its Gati Shakti Programme. I am sure, a timely completion of this project would definitely help AP in its economic development.

Secondly, setting up of steel plant at Kadappa is also proposed. It is an unrealised dream and a long-term demand of the State. We need your due consideration and support in this regard as well.

Thirdly and very importantly, for setting up of oil refinery near Machilipatnam Port, a good area of land bank is also available in Machilipatnam Port.

(1635/RCP/PC)

I would request the Government to consider this project at Machilipatnam. There are two more important issues. The first one is regarding the permanent capital city of Andhra Pradesh, and the second one is regarding the Polavaram Irrigation Project. As everyone of us here is aware, Andhra Pradesh till date does not have a permanent capital city. The hon. Minister has given us the financial assistance for the development of the capital city, that is Amaravati. I am thankful to the Government.

Regarding the Polavaram Project, importantly, the Finance Minister has mentioned financing and early completion of the Polavaram Irrigation Project which is the lifeline for Andhra Pradesh and its farmers. As Madam has also rightly said in her Budget speech, this is not only for Andhra Pradesh, but it will facilitate our country’s food security as well. This shows the importance of the Polavaram Project. Apart from what has been given to my State, I would also like to speak about the Budget in general.

Regarding capital infrastructure and PLIs, first and foremost, we all appreciate the fact that the Budget aims to boost infrastructure development in the country and the same will create employment. Our Government has given

more importance to capital infrastructure and push for manufacturing through Production Linked Incentive Schemes. India's capex has almost doubled in the last three years from Rs.5.9 lakh crore in the financial year 2022 to Rs.11.11 lakh crore in the financial year 2025. The PLI schemes have crossed over Rs.1.03 lakh crore of investments. There is Rs.8.61 lakh crore worth of production and sales till November 2023, and they have generated employment of 6.78 lakhs, which is a big step forward in our economic progress, encouraging private investments and new ideas. This approach has led to a significant growth in areas like mobile manufacturing, solar energy, battery storage and various other industries. This has further helped in attracting global manufacturers, and creating millions of jobs for people with various skills. Additionally, the PLI schemes have helped and strengthened our domestic production capabilities to achieve India's vision of Atmanirbhar Bharat. Under the leadership of Modi ji, the Government is creating a sustainable and inclusive future.

With regard to financial health of our banks, the Indian financial system is stronger than ever with regard to capital adequacy, low levels of non-performing assets and healthy profitability. Many thanks to the significant reforms and vigilant governance. I have served on the Finance Committee for the last five years and I have witnessed the first-hand transformation. According to the RBI's Financial Stability Report, the gross NPAs of commercial banks fell to a 12-year low of 2.8 per cent in March 2024. Our Government is giving priority to financial inclusion. This improvement has restored confidence in our banking system which is now in an excellent shape to support further growth. India has topped the global rankings in digital payments. Digital transactions have gone up.

Sir, 46 per cent of global digital transactions are done in India. India accounted for 46 per cent of the global real-time payments. It is worth to note that digital transactions in India have grown 90-fold in the last 12 years.

With regard to agriculture and rural development, the Government has taken various initiatives to develop the agriculture sector. I only request the Government to allocate sufficient funds for adopting the modern methods, and it should support this sector by reducing the GST on the agricultural inputs.

There is also a need for increasing the rural infrastructure, including digital connectivity, etc.

(1640/PS/RV)

Hon. Chairperson, Sir, at present, farmers are getting credit limit of Rs. 3 lakh on Kisan Credit Card with seven per cent as interest rate, of which the Government is paying four per cent and the farmers are paying the balance rate of three per cent interest. With increased prices of input material, I would like to request you to consider doubling the limit of Kisan Credit Card to Rs. 6 lakh so that the farmers have sufficient leverage to spend on agriculture.

More importantly, I have been raising the issues faced by the tenant farmers on various occasions in this very House. The tenant farmers need utmost attention of the Government and they should be treated at par with the other farmers. The tenant farmers do not have any access to Government schemes, and particularly, they do not have any financial support from the Government. I, once again, request the Government that tenant farmers should also be included in the financial schemes, particularly the Kisan Credit Scheme, Kisan Samman Nidhi, etc., like the other farmers.

Hon. Chairperson, Sir, lastly, I come to Dr. Bhogaraju Pattabhi Sitaramayya Memorial Building. Dr. Bhogaraju Pattabhi Sitaramayya was the founder of Andhra Bank. Every Telugu-speaking person had a special connect with the Andhra Bank. For us, banking means Andhra Bank. As you know, after the amalgamation of banks, the Andhra Bank had merged with the Union Bank of India. Dr. Bhogaraju Pattabhi Sitaramayya was one of the freedom fighters and he started the first bank in Machilipatnam, which is my constituency.

I request you to consider a proposal for constructing a knowledge park and also a museum. This has been a long-pending demand. I request the hon. Minister of Finance and the MD of the Union Bank of India to consider the said demand.

With these words, I support this Budget. Thank you, Sir.

(ends)

1642 बजे

**श्री बृजमोहन अग्रवाल (रायपुर) :** माननीय सभापति महोदय, मैं माननीय मोदी जी के इस तीसरे कार्यकाल में 48,21,000 करोड़ रुपये का जो बजट प्रस्तुत किया गया है, उसका स्वागत करता हूं, अभिनन्दन करता हूं। माननीय प्रधान मंत्री और सीतारमण जी को मैं बहुत-बहुत बधाई देता हूं।

महोदय, मैं यह कह सकता हूं कि देश के इतिहास में शायद सदियों के बाद यह तब्दीली हुई है। हमारे यहां मुगलों ने राज किया, अंग्रेजों ने राज किया, कांग्रेस ने राज किया, पर मोदी जी का राज आने के बाद इस देश की जनता को एक-एक पल सुनहरा लग रहा है। अगर इस देश में तब्दीली हुई है तो मोदी जी के आने के बाद हुई है। इस देश में विकास हुआ है।

महोदय, मैं नेता, प्रतिपक्ष जी की बातों को सुन रहा था। नेता, प्रतिपक्ष जी जब खड़े हुए तो 'जोड़ो, जोड़ो, भारत जोड़ो' की बात हो रही थी। पर, इस देश को तोड़ने का काम किसने किया?… (व्यवधान) पाकिस्तान किसने बनाया?… (व्यवधान) जरा बताइए, किसने बनाया पाकिस्तान? … (व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON (SHRI P.C. MOHAN): Please speak on the Budget.

**श्री बृजमोहन अग्रवाल (रायपुर) :** कोको द्वीप को बर्मा को किसने दिया?… (व्यवधान) क्या आपके पास इसका कोई जवाब है?… (व्यवधान) आप जरा यह बताइए कि चीन को हमारा हिस्सा किसने दिया?… (व्यवधान) लद्दाख के हमारे हिस्से को किसने पाकिस्तान को दिया?… (व्यवधान) जब डोकलाम में चीन आगे बढ़ रहा था, तब राहुल गांधी जी चीन के दूतावास में बैठे हुए थे, चीन के दूतावास में जाकर उनके साथ समझौता कर रहे थे।… (व्यवधान)

राहुल गांधी जी का भाषण मैंने बहुत ध्यान से सुना।… (व्यवधान) वे 'नीट' की बातें कर रहे थे, पर छत्तीसगढ़ की पी.एस.सी. परीक्षा में कांग्रेस की सरकार में इतना भ्रष्टाचार हुआ कि उसके चेयरमैन आज जेल में हैं।… (व्यवधान) जिन राज्यों में आज कांग्रेस की सरकारें हैं, आप उनके बारे में बात क्यों नहीं करते हैं?… (व्यवधान)

(1645/GG/SMN)

माननीय सभापति महोदय, मैं छत्तीसगढ़ से आता हूँ। … (व्यवधान) छत्तीसगढ़ प्रभु राम का वनगमन मार्ग है। छत्तीसगढ़ माँ कौशल्या की जन्मभूमि है। छत्तीसगढ़ प्रभु वल्लभाचार्य की जन्मभूमि है। छत्तीसगढ़ से महानदी निकलती है, चित्रोत्पला नदी निकलती है। … (व्यवधान) प्रभु राम वनगमन मार्ग के कारण प्रभु राम वहां के भांजे हैं। रामायरण की एक चौपाई है – 'जाको प्रभु दारुण देही, ताकि मति पहले हर लेही॥' मुझे लगता है कि राहुल जी और विपक्ष की मति को भगवान ने पहले ही हर लिया है। अरे! जिस पार्टी को 244 सीटें मिलती हैं, उसको 99 सीटें वाला बोलता है कि तुम फेल हो गए। मैं पूछता हूँ कि 244 नंबर ज्यादा हैं कि 99 नंबर ज्यादा हैं। … (व्यवधान) आप लोगों को क्या हो गया है? … (व्यवधान) अरे! बताइए न, आप क्यों इतने उत्साह में हैं? … (व्यवधान) बताइए कि 244 नंबर ज्यादा होते हैं कि 99 नंबर ज्यादा होते हैं?

HON. CHAIRPERSON (SHRI P.C. MOHAN): Please address the chair.

**श्री बृजमोहन अग्रवाल (रायपुर) :** माननीय सभापति जी, अभी वे बोल रहे थे कि इस बजट में एससी के लिए कुछ नहीं है, एसटी के लिए कुछ नहीं है, पिछड़े वर्ग के लिए कुछ नहीं है। ज़रा बताइए कि प्रधान मंत्री आवास किसको मिलेंगे? ज़रा बताएं कि हर घर, नल से जल योजना का फायदा किसको मिलेगा? ज़रा बताइए कि चार करोड़ नौजवानों को अगर रोज़गार मिलेगा तो उससे किसको फायदा मिलेगा? … (व्यवधान) आपकी तरह एससी, एसटी एवं पिछड़े वर्ग का शोषण करने वाले मोदी जी नहीं हैं। … (व्यवधान) मोदी जी ने इस देश को चार जातियों में बांटा है - एक युवा होगा, एक किसान होगा, एक गरीब होगा, एक महिला होगी। वे किसी भी जाति-धर्म के हों, सबका विकास होगा। … (व्यवधान) आपने क्या किया? आप इस बजट का विरोध क्यों कर रहे हैं? … (व्यवधान) क्योंकि आपको इस देश का विकास पसंद नहीं है, किसानों का विकास पसंद नहीं है, महिलाओं का विकास पसंद नहीं है, युवाओं का विकास पसंद नहीं है। आपको देश की सीमाओं का विकास पसंद नहीं है। … (व्यवधान) सभापति महोदय, इनको अगर पसंद है तो सिर्फ एक परिवार, दो परिवार और पांच परिवारों का विकास पसंद है। … (व्यवधान) राहुल जी, एससी, एसटी एवं पिछड़े वर्ग की बहुत बातें कर रहे थे। मैं उनसे पूछना चाहता हूँ कि आप क्यों प्रतिपक्ष के नेता बन गए? आपने किसी एससी, एसटी या पिछड़े वर्ग को क्यों नहीं बनाया? क्या कांग्रेस में कोई एससी, एसटी, ओबीसी जीत कर नहीं आया? … (व्यवधान) मैं पूछता हूँ क्यों नहीं बनाया? … (व्यवधान)

माननीय सभापति महोदय, यह बजट इस देश के 140 करोड़ की जनसंख्या वाली जनता के सपनों को पूरा करने वाला बजट है। यह बजट भारत की तरक्की का बजट है। यह बजट हिन्दुस्तान को सशक्त बनाने वाला बजट है। यह बजट हिन्दुस्तान को शक्तिशाली बनाने वाला बजट है। यह बजट भारत को स्वाभिमानी बनाने वाला बजट है। यह बजट भारत को आत्मनिर्भर बनाने वाला बजट है। … (व्यवधान) मुझे लगता है कि निर्मलमा सीतामरण जी ने बजट की जो किताब सभी को दी है, शायद उस किताब को आपने पढ़ा नहीं है। अगर पढ़ा है तो आपको दृष्टिदोष है। … (व्यवधान) यहां की हमारी एनेक्सी में आँख के इलाज करने वाले डॉक्टर हैं। … (व्यवधान) ज़रा आप जा कर वहां दिखा लीजिए और आँख के दोष को दूर कर लीजिए।

माननीय सभापति जी, हमारे प्रतिपक्ष के साथी, राहुल जी बार-बार मंहगाई की बात कर रहे थे। मैं आपको बताना चाहता हूँ कि वर्ष 1999 में जब अटल बिहारी जी प्रधान मंत्री थे, उस समय इनफ्लेशन दर 4.67 पर्सेंट थी, वर्ष 2005 में यह 5.80 थी। जब कांग्रेस का राज वर्ष 2012-13-14 में था, तब इनफ्लेशन दर 11.12 प्रतिशत थी। आज इनफ्लेशन दर 4.83 पर्सेंट है। यानि आज मंहगाई दर सात पर्सेंट कम है। आप कभी इसको देखते क्यों नहीं है?

अभी ये बात कर रहे थे कि मध्यम वर्ग के लिए कुछ नहीं कर रहे हैं। ज़रा आप बताएं कि इनकम टैक्स में जो कमी की गई है, 7 लाख 75 हज़ार रुपये तक का स्टैंडर्ड डिडक्शन होगा, उसमें सैक्शन 87(a) में 7 लाख 75 हज़ार रुपये तक कोई इनकम टैक्स नहीं लगेगा। क्या आपने कभी किया था? आपने दो लाख रुपये से ज्यादा कभी नहीं बढ़ाया।

(1650/MY/SM)

अभी लगभग आठ लाख रुपये तक डिडक्शन्स के बाद इनकम टैक्स नहीं लगेगा।

सभापति महोदय, मैं लॉ का छात्र भी रहा हूं। मैंने भारत के संविधान को भी पढ़ा है। भारत के संविधान में क्या लिखा है- संपूर्ण प्रभुत्वसंपन्न राष्ट्र की संकल्पना की गई है।… (व्यवधान)

सभापति जी, मैंने तो अभी शुरू ही किया है।… (व्यवधान) आप चीन से चंदा लेंगे, उससे काम नहीं चलेगा।… (व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON (SHRI P.C. MOHAN): Please address the Chair.

**श्री बृजमोहन अग्रवाल (रायपुर) :** आप चीन से चंदा लेने का काम करते हो, उसके अलावा कोई काम नहीं करते हैं।… (व्यवधान)

माननीय सभापति महोदय, इसमें महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए दो लाख करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। क्या आपने कभी महिलाओं की सशक्तिकरण की बात की थी?… (व्यवधान)

माननीय सभापति महोदय, राहुल गांधी जी छतीसगढ़ गए थे। उन्होंने वहां के कांग्रेस पार्टी का घोषणा पत्र जारी किया था। उस घोषणा पत्र में कहा कि हर महिला को 500 रुपये महीने का देंगे। उसका क्या हुआ? आपने उनको पैसा नहीं दिया। आज छतीसगढ़ में हमारी सरकार 1000 रुपये महिलाओं को महीने की दे रही है, 12000 रुपये साल का दे रही है।

HON. CHAIRPERSON: Please conclude your speech.

**श्री बृजमोहन अग्रवाल (रायपुर) :** माननीय सभापति महोदय, मैं दो मिनट में अपनी बात समाप्त करूंगा। ये लोग भारत की कल्पना टुकड़ों-टुकड़ों में करते हैं। ये भारत की कल्पना पाँच पार्ट्स में करते हैं। अगर टोटल में कोई भारत की कल्पना करता है तो नरेन्द्र मोदी जी करते हैं, भारतीय जनता पार्टी करती है। हम विकसित भारत बनाने के लिए यहां पर काम कर रहे हैं। क्या आपने 60 सालों में अनुच्छेद 370 हटायी, आपने अयोध्या में प्रभु राम भगवान का मंदिर बनाया, आपने कभी कश्मीर में पत्थरबाजी खत्म की? साउथ पोल में विश्व का कोई देश नहीं जा पाया। अगर चंद्रमा के साउथ पोल में कोई गया तो हमारा भारत गया। उस पर आपको भी गर्व होना चाहिए। हमारी अर्थव्यवस्था जो 11वें नंबर पर थी, उसको पांचवे नंबर और तीसरे नंबर पर लाने वाला कोई है तो नरेन्द्र मोदी जी हैं। यह आपके बस की बात नहीं है। भारत पर कोई हमला करता है और उसके घर में घुस कर जवाब देने वाला अगर कोई है तो हमारे नरेन्द्र मोदी जी हैं। अगर सेमी कंडक्टर चिप्स का कोई निर्माण कर सकता है, तो हमारे नरेन्द्र मोदी जी के राज में हो सकता है। अगर भारत में 5जी आ सकता है तो नरेन्द्र मोदी जी के राज में आ सकता है। भारत में अगर प्रतिदिन दो महाविद्यालय खुल सकता है तो मोदी जी के राज में खुल सकता है। भारत में प्रतिदिन 30 किलोमीटर सड़क बन सकता है तो मोदी जी के राज में हो सकता है। हमारी सरकार पांच राज्यों में किसान क्रेडिट कार्ड बनाने की योजना लाई है। उच्च शिक्षा के लिए 10 लाख रुपये तक लोन देने की योजना लाई गई है। कारीगरों के लिए डोरमेट्री बनाने की योजना लाई गई है। वेतनभोगी कर्मचारियों के लिए मानक कटौती 50 हजार रुपये से बढ़ाकर 75 हजार रुपये कर दी गई है। पेंशनभोगियों के लिए 15 हजार करोड़ रुपये से बढ़ा कर 25 हजार करोड़ रुपये कर दी गई है। प्रधानमंत्री आवास योजना में 3 करोड़ आवास बनेंगे। अभी मैं सुन रहा था। क्या कभी आपने ऐसा किया? राजीव जी के राज में प्रधानमंत्री आवास के लिए 12 हजार रुपये मिलते थे। आज ढाई-ढाई लाख रुपये मिल रहे हैं। 1 करोड़ शहरी आवास बनाए जाएंगे। आपने चांद पर तिरंगा नहीं लहराया। मोदी जी ने चांद पर भी तिरंगा लहरा दिया। उन्होंने गरीबों-वंचितों को सम्मान दिया, किसानों का कल्याण किया, नारी शक्ति को ताकतवर बनाया। अभी तो मनुष्यों के आधार कार्ड बन रहे हैं, अब मोदी जी के राज में किसानों की जमीन का भी आधार कार्ड बनेगा। शहरी जमीनों के भी आधार कार्ड बनेंगे।… (व्यवधान)

(इति)

1654 बजे

**श्री विशालदादा प्रकाशबापू पाटील (सांगली) :** सभापति महोदय, आपने मुझे बोलने का अवसर का अवसर दिया, इसके लिए आपका धन्यवाद।

महोदय, मैं और मेरे निर्वाचन क्षेत्र के लोग बहुत ध्यान से बजट भाषण को सुन रहे थे। हमें यह आशा थी कि सांगली को इस बजट से कुछ हासिल होगा, लेकिन दुर्भाग्य यह रहा कि सांगली तो दूर, लगभग डेढ़ घंटे के भाषण में एक बार भी मेरे राज्य महाराष्ट्र का नाम नहीं लिया गया।

(1655/CP/RP)

असम और बिहार में आने वाली बाढ़ की बात की गई। महाराष्ट्र में भी बाढ़ आती है, लेकिन महाराष्ट्र में बाढ़ और उससे होने वाली जान और माल की हानि की बात अर्थ मंत्री जी ने नहीं की। आंध्र प्रदेश के अमरावती की बात की गई, उनको हजारों करोड़ रुपये का फंड दिया गया। महाराष्ट्र में भी एक अमरावती है, लेकिन उसका जिक्र नहीं किया गया।

सांगली, जो मेरा निर्वाचन क्षेत्र है, वह भी चाहता है कि स्मार्ट सिटी में उसका समावेश हो। उसका नाम न स्मार्ट सिटी में समाविष्ट हुआ, न वहां हवाई अड्डे के लिए कोई निधि दी गई। बिहार की सिंचाई योजनाओं के लिए एआईबीपी और पीएमकेएसवाई से निधि देने की बात की गई। मेरे महाराष्ट्र में, मेरे सांगली क्षेत्र में विस्तारित महसा, विस्तारित टेम्बू प्रकल्पों के लिए एआईबीपी से निधि देने के लिए अर्थ मंत्री जी को कोई जरूरत महसूस नहीं हुई।

महोदय, भारत के टैक्स का 37 फीसदी हिस्सा महाराष्ट्र से आता है। भारत की जीडीपी का 14 फीसदी हिस्सा महाराष्ट्र देता है। सरकार का लक्ष्य है कि 5 ट्रिलियन की इकोनॉमी बनायेंगे। अगर महाराष्ट्र से 1 ट्रिलियन की इकोनॉमी न बने, तो देश की 5 ट्रिलियन इकोनॉमी मुमकिन नहीं है। महाराष्ट्र के विकास के बिना इस भारत राष्ट्र का विकास होना नामुमकिन है। मैं महाराष्ट्र के स्टेट एंथम, जो हमारा राज्य गान है, उससे एक लाइन आपको बताता हूं।

सर, इतिहास गवाह है कि दिल्ली का तख्त सलामत रखने की जिम्मेदारी महाराष्ट्र लेता था, लेता है और लेता रहेगा, चाहे वह आर्थिक हो, सामाजिक हो, साहित्यिक हो या राजनैतिक हो। यह जो सरकार बनी है, इसको सलामत रखने का काम भी महाराष्ट्र ने 17 सांसद देकर किया है। हमें भूल जाओ, हमारी तरफ मत देखो, लेकिन उन 17 सांसदों को देखकर महाराष्ट्र के लिए कुछ तो देना चाहिए था। कुछ सांसद मुस्करा रहे हैं। इनको देखकर फिल्म का एक गाना याद आता है, 'तुम इतना जो मुस्करा रहे हो, क्या गम है जिसको छिपा रहे हो।' मैं जानता हूं कि इन्हें डर है कि वापस निर्वाचन क्षेत्र में जाकर क्या कहेंगे, यह दु:ख उनको सता रहा है। मैं इनकी मजबूरियां समझता हूं। बैसाखियों पर बनी हुई सरकार से लोग और क्या अपेक्षा करेंगे? मुझे डर है कि यह बैसाखियों पर मजबूरन चलने वाली सरकार अपना देश न डुबा दे।

सर, राज्यों की बात छोड़ते हैं, सामान्य लोगों की अपेक्षाओं पर क्या-क्या किया? मैं यह पूछना चाहता हूं। एमएसपी को लीगलाइज करने की बात थी, यह इन्होंने नहीं की। किसान कर्ज से मर रहे हैं, उनका कर्ज माफ करने की मांग की, वह नजरंदाज कर दी। महंगाई सीमित रखने के लिए तो इन्होंने कुछ किया ही नहीं। ईपीएस में 7 हजार रुपये मासिक पेंशन देने की बात हुई, वह मांग  इन्होंने नजरंदाज कर दी। भूमिहीन किसानों को पीएम सम्मान योजना में समाविष्ट करने की बात की, वह मांग भी इन्होंने ठुकरा दिया। फर्टिलाइजर्स और सीड्स पर लगने वाले जीएसटी को भी इन्होंने माफ नहीं किया। मनरेगा में 400 रुपये तक मिनिमम वेज बढ़ाने की मांग की थी, वह भी इन्होंने नहीं दी।

इन्होंने जो नहीं दिया, तो नहीं दिया। जो दिया है, उस पर मैं एक मिनट बात करूंगा। They have again decided to continue with giving food subsidy to 80 crore people.  It is a very ironic issue because the entire BJP's plan or the election manifesto was going around telling people, "Vote us back to power." आपकी फूड सब्सिडी खत्म हो जाएगी। फूड सब्सिडी की बात करते हैं और खुद इन्होंने अपने बजट में फूड सब्सिडी पर देने वाला प्रोविजन कम कर दिया है।

सर, ये किसानों के वेलफेयर की बात करते हैं। साढ़े 13 फीसदी फर्टिलाइजर की सब्सिडी के लिए होने वाला प्रोविजन इन्होंने कम किया है। ये इंटर्नशिप की बात करते हैं। 500 फर्म मिलकर 20 हजार लोग हायर करेंगे, मुझे यह मुमकिन नहीं लगता है। ये 3 करोड़ घर बनाने की बातें करते हैं। मैंने पूरा बजट छान मारा। पिछले बजट से इस बजट में सिर्फ 5 फीसदी ज्यादा प्रोविजन किया है। ये किसे फंसाने की कोशिश कर रहे हैं? बजट में 70 हजार करोड़ रुपये पिछले वोट ऑन एकाउंट में और 60 हजार करोड़ रुपये इस वोट ऑन एकाउंट में इन्होंने न्यू स्कीम्स के लिए दिए हैं। कौन सी न्यू स्कीम्स हैं? इससे क्या होने वाला है?

(1700/NKL/NK)

Sir, is this a Budget only of announcements or a Budget only for actual provisions?

हमारे संत तुकाराम महाराज जी का एक अभंग सुनाता हूं:-

*Saint Tukaram ji talked about this kind of people who only pay lip service to the people. They look good but lack substance.

इसका अर्थ यह है कि बातों की कढ़ी चावल से किसी का पेट नहीं भरता। परसों बजट से खुश एक सांसद बोले कि विशाल यह तो ट्रेलर था, पिक्चर अभी बाकी है। ये ट्रेलर और पिक्चर जैसी बातों से मैं पूरा डर जाता हूं। परसों बीबी ने एक पिक्चर का ट्रेलर देख लिया और मुझे पिक्चर दिखाने ले गई। दिक्कत यह है कि ट्रेलर देखकर पिक्चर तो चले गए, लेकिन आधे घंटे में बोर हो गया, बकवास पिक्चर थी, बाहर आ गए। मेरी दिक्कत सरकार से यही है कि ट्रेलर तो ये बहुत अच्छा बना लेते हैं, लेकिन इनसे पिक्चर नहीं बनती क्योंकि डायरेक्टर में ही प्रॉब्लम है। इस बार तो ट्रेलर भी बकवास हुआ।

Sir, I will conclude by mentioning a simple point. I want to tell them why they have lost in the States like Maharashtra. They may go on and talk about how the Constitution was brought in and caste equation was brought in. But that is not the reason for them losing majority of the States of India.

There is an article by Indian Express, which says that in every State, where the GDP has dropped, the BJP has lost. And, if they continue with this kind of economic policy, I assure you that आने वाले महाराष्ट्र और हरियाणा के चुनाव में ये वापस हारेंगे। मेरा अनुरोध है कि इकोनॉमी पर ध्यान दो वरना आप ज्यादा दिन उस तरफ नहीं रहने वाले हैं। धन्यवाद।

(इति)

---

*Original in Marathi

1702 hours

SHRI NAVEEN JINDAL (KURUKSHETRA): Hon. Chairman Sir, I am grateful to you for granting me this opportunity to speak on this Budget. First and foremost, I extend my heartiest congratulations to the hon. Finance Minister, Shrimati Nirmala Sitharaman ji for presenting the Budget for a record seventh time.

Sir, this budget is an important step in the spectacular journey of our country to be developed by 2047. The unprecedented development and progress witnessed by us during the last decade under the inspiring leadership of our hon. Prime Minister, Shri Narendra Modi is admirable. It is admirable because at a time when most of the countries, including the developed ones, were facing economic challenges and challenges on other fronts, India, in spite of its very large population and diversity, had set an example of a truly welfare State and a model economy.

Sir, we are already the fifth-largest economy in the world, and in the next few years we are going to go on to become the third-largest. This is a great achievement. It is something that we can all be very proud of.

Sir, when we see the budget from a social perspective, it is not just a 'Bahujan Hitay, Bahujan Sukhay', but also a 'Sarvajan Hitay, Sarvajan Sukhay' Budget. It contains welfare measures and schemes for the marginalised and deprived, including women, poor, farmers, Scheduled Castes, Scheduled Tribes, and youths, who constitute more than 65 per cent of our population. But I find it sad that not a single word of appreciation has come from the hon. Members adorning the benches in front of us. If it is only for the sake of criticism, then in my view, they are at risk of losing their credibility.

Sir, due to paucity of time, I will limit myself only to two of the Budget priorities. The first is productivity and resilience in agriculture, and the second is employment and skilling. Hopefully, my hon. friends will be able to appreciate the Budget at least on these two critical points.

Sir, a mammoth sum of Rs. 1.95 lakh crore have been allocated in respect of agriculture and farmers' welfare and Rs. 2.65 lakh crore have been allocated for rural development. This is indeed a very laudable step and will certainly go a long way in improving the lot of our Annadatas, the hands that feed us.

Sir, through your kind self, I would like to draw the attention of this august House to a pioneering measure included in this Budget, that is, initiation of one crore farmers to natural farming by our hon. Prime Minister. There is a growing

realisation that only natural farming is the most health-friendly and environmentally sustainable form of farming. It is much better compared to chemical farming. It is much more economical than organic farming.

Sir, our hon. Prime Minister has been a strong votary of natural farming, and has been spearheading this noble cause. We are thankful to him for making this a reality in this Budget. I am confident that this would be a game-changer not only for India but also for the entire world.

(1705/VR/SK)

Sir, all the hon. Members of this August House are well aware that due to unabated use of chemical fertilizers, pesticides, insecticides, weedicides, etc. mother earth will be soon rendered barren. The food that most of us consume is toxic and full of harmful elements leading to cancer and various other serious elements. Therefore, it is high time we put the clock back by adopting a practice like natural farming to rejuvenate mother earth and restore organic carbon and other critical elements including helpful bacteria and earthworms back into the soil.

Sir, I too was not very familiar with natural farming till recently. But hearing about it from our hon. Prime Minister in his various speeches, I discussed it with eminent experts like Acharya Devvrat ji, hon. Governor of Gujarat and Padmasri Dr. Hari Om, who are leading this initiative. I am convinced about its overwhelming benefits. It is really the need of the hour. We need to act on a war footing with a sense of urgency. I would request the Government to set up easily accessible, specialized procurement centres for this natural produce as the farmers will get a much higher price for this produce, increasing the farmer's income. Also, this would help us in becoming *aatmanirbhar* in case of fertilizers, and we will not have to import any fertilizers from outside.

Sir, the second issue that I wish to speak about is skill development. It is an issue which is very close to my heart. In my view, skill development is the most important issue for young India. While we speak extensively about unemployment, we hardly speak about the shortage of skilled workforce for the Indian industry. I would like to thank the hon. Prime Minister for making education and skilling aspirational through the National Credit Framework. To facilitate this, the Government has announced upgradation of 1000 ITIs by upgrading infrastructure of skilling in future technologies and training of the trainers.

Sir, I would like to make some suggestions as I have seen a lot of ITIs all over the country. Most of the ITIs that we have work in one shift only. If they start working in two shifts, they will be able to train double the number of students. Moreover, they should also be producing goods for the market. If they are producing goods for the market, they will not have any shortage of raw materials to practice on. We also need to ensure high quality training and standards. We need to have tie ups with the best skilling institutes in the world so that their curriculum and courses are approved by them. Our courses should also be recognized internationally.

Sir, our students need to be trained in Artificial Intelligence (AI), robotics, instrumentation and automation, hydraulics, mechatronics, machine learning, internet of things, etc. They also need to be trained in good spoken English and other soft skills. Once they are well trained, they will be able to work for big companies in India. They will be able to start their own ventures, and if they wish to go abroad, they will be able to go abroad through legitimate channels, and not having to resort to donkey routes. We also need to have a scheme to operate ITIs under the Public Private Partnership mode and not for profit institutions, as this will solve the challenge of hiring top class trainers in new technology. Some ITIs could also be working as repair shops, where people can take their tractors and cars, and the students will get real time experience while learning.

Sir, I am also deeply impressed by the vision of internships on a large scale in the top 500 companies to create skilled workforce in the country. Through you, Sir, I would assure this august House of making it a huge success in our company, Jindal Steel & Power.

(1710/KDS/SAN)

सभापति जी, कौशल विकास पर बोलते हुए मैं बहुत भावनाओं से भरा हुआ हूं, क्योंकि मुझे मेरे प्रेरणास्रोत मेरे पिता स्व. ओपी जिंदल जी की याद आ रही है, जो 11वीं लोक सभा के सदस्य थे। उन्होंने अपने हाथों से हल चलाने से लेकर अपने हाथों से स्टील उद्योग में काम किया। बाबू जी कारखानों में काम करने वालों के कौशल व सम्मान पर सदैव ध्यान देते थे। वह हाथ से काम करने वालों को भगवान विश्वकर्मा का स्वरूप मानते थे। इंजीनियर्स को भी वह उनसे सलाह लेने को कहते थे।

महोदय, स्व. ओपी जिंदल जी ने देश को स्टील के उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने के लिए व पिछड़े दलितों को पूरा सम्मान दिलाने के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। उनके उच्च आदर्शों से प्रेरणा लेते हुए मैं आपके माध्यम से इस गरिमामयी सदन में संकल्प लेता हूं कि विश्व के धर्म क्षेत्र

और मेरे कर्म क्षेत्र, हरियाणा के कुरुक्षेत्र व कैथल जिले में तथा छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले के अंदर हम भारत के सबसे अच्छे नहीं, बल्कि दुनिया के सबसे अच्छे विकास कौशल केंद्र साबित करेंगे।

महोदय, हम यह भी सुनिश्चित करेंगे कि हमारे हरियाणा के सभी आईटीआई और वोकेशनल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट्स हमारे माननीय प्रधान मंत्री जी की अपेक्षाओं के अनुरूप उच्चकोटि का प्रदर्शन करें। माननीय प्रधान मंत्री जी ने कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय की जिम्मेदारी जयंत चौधरी जी को दी है, जो खुद एक युवा हैं। हमें विश्वास है कि वे इसमें बहुत अच्छा काम करके दिखाएंगे। मैं जिस क्षेत्र से आता हूं, वह विश्व का धर्म क्षेत्र है। ऋग्वेद, सामवेद की रचना इसी धर्मक्षेत्र, कुरुक्षेत्र में हुई। यहीं पर महाभारत के दौरान भगवान श्री कृष्ण ने गीता का उपदेश दिया। हमारे माननीय प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने पिछले 10 वर्षों में हरियाणा और गीता स्थली कुरुक्षेत्र के विकास के लिए बहुत-कुछ किया है, जिसके लिए हम हरियाणावासी उनके आभारी हैं।

महोदय, मैं हरियाणा के मेरे कुछ साथियों द्वारा बजट की चर्चा के दौरान हरियाणा की अनदेखी की बात पर दो शब्द कहना चाहूंगा। अगर वे बजट को ध्यान से पढ़ेंगे तो पाएंगे कि सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय बजट में हरियाणा के लिए भी विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत बहुत धन आवंटित किया गया है। उनकी जानकारी के लिए मैं संक्षेप में बता देता हूं कि वर्ष 2024-25 में 13 हजार 6 सौ करोड़ से भी अधिक की राशि हरियाणा को प्राप्त होगी। प्राकृतिक खेती की योजना, जिसके बारे में मैंने विस्तार से कहा, अभी हरियाणा में केवल 6 हजार एकड़ के अंदर ही हमारे किसान भाई इसका प्रयोग कर रहे हैं। अगर हम सब मिलकर काम करें, इसको 6 हजार से 6 लाख हम करवा सकते हैं और इससे हमारे किसानों का व्यय कम होगा और आमदनी दोगुनी हो सकती है।

महोदय, कौशल विकास के लिए आवंटित 2 लाख करोड़ की धनराशि से हरियाणा के युवाओं को भी भरपूर लाभ मिलेगा। एमएसएमई से संबद्ध योजनाओं से हरियाणा की लगभग 1 लाख 16 हजार इकाइयां भी लाभान्वित होंगी। प्रधान मंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, जिसके अंतर्गत ग्रामीणों को घरों में मुफ्त बिजली मिलेगी। वह भी जल्द शुरू होने वाली है। आपके माध्यम से मेरा हरियाणा के सभी माननीय सांसदों से आग्रह है कि इस बजट के जनहितकारी प्रावधानों से अपने हलके के लोगों को अवश्य अवगत कराएं, ताकि वे इन कल्याणकारी योजनाओं का पूरा लाभ उठा सकें।

महोदय, मैं सदन में उपस्थित सभी साथियों से यह आग्रह करूंगा कि इस बजट का समर्थन करें, क्योंकि राष्ट्र निर्माण एक महायज्ञ है, इसलिए सभी से आहुति अपेक्षित है। आपने मुझे बजट पर बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपका बहुत आभारी हूं। धन्यवाद, जय हिंद।

(इति)

(1715/SNT/MK)

1715 hours

DR. THOL THIRUMAAVALAVAN (CHIDAMBARAM): Hon. Chairperson Sir, Vanakkam. This Budget seems to have been prepared without keeping the comprehensive development of our country. The interests of the people belonging to the working class, particularly the marginalised sections of our society have not been taken into account in this Budget. This is just a Budget to appease and satisfy one or two allies in the Coalition Government of NDA and it mostly reflects their sentiments concerning to keep this Government in power for the next five years intact by doing such appeasement. This is a Budget of partiality. This Budget is prepared just by ignoring the State Governments where the parties of INDIA Alliance are in power.

The hon. Chief Minister of Tamil Nadu Thiru Thalapathy M.K. Stalin, as a protest to condemn this Budget, has openly announced that he will not participate and hence boycotted the meeting of the General Council of NITI Aayog meeting. Not only that I wish to bring to your notice that the hon. Chief Minister of Tamil Nadu has organised several agitations throughout Tamil Nadu condemning the Union Budget. However, the hon. Chief Minister of West Bengal Ms Mamata Banerjee attended the NITI Aayog meeting but she was ill-treated by way of switching off her microphone when she was continuing her speech. I strongly condemn this disrespectful act. I also pinpoint that such things should not occur. The States where the non-BJP parties are in power and the States where the parties of INDIA are in power have been ignored in this Budget. Some States including Tamil Nadu have not accepted the implementation of the National Educational Policy, NEP. There are issues in implementation of NEP as there are contradictions in the basic policies and these States do not accept those contradictions. Funds that are due under the Samagra Shiksha Abhiyan are not released to Tamil Nadu and this Government is engaged in blackmail politics. I strongly condemn this. The hon. Minister of School Education of Tamil Nadu Shri Anbil Mahesh Poyyamozhi along with hon. MPs and officials met the Union Minister of Education Shri Dharmendra Pradhan in person and placed this demand. The hon. Minister informed them that the funds would only be released if the Tamil Nadu Government gives a written signed assurance that the NEP would be implemented in Tamil Nadu. I strongly condemn this blackmail tactics of the Government. I urge that Samagra Shiksha Scheme funds should be released immediately.

Hon. Chairman Sir, this Budget is a big disappointment for farmers. They wanted that a law should be legislated as regards the Minimum Support Price for their hard-earned produce. But this Government does not seem to pay attention to their demand. This Government has reduced funds meant for food subsidy and fertilizer subsidy. The farmers throughout the country are shocked due to this decision of the Government. The allocation for MNREGA was not increased. The same amount of funds is allocated to this 100 day employment scheme as it was done in the previous years. Adequate funds have not been allocated for education. Last year Rs 45,234 crore was allocated for education and only an amount of Rs 38,416 crore was spent by them. They have approximately Rs 7,000 crore of unspent account. This is a matter of concern. This year they have announced Rs 46,315 crore. Will they spend the whole allocated amount is another question mark? Hon Chairman Sir, the Department of Higher Education has seen a drastic cut in fund allocation by Rs 10,000 crore. I not only condemn this reduction but also, want this amount that is reduced should be allocated again. The IITs have seen a reduction of Rs. 60 crore in their fund allocation this year.

Hon. Chairman Sir, during last December this Government passed so many legislations after suspending many Opposition MPs. It includes three Acts relating to criminal procedure. Article 348 of the Constitution clearly states that all these Acts and their names and titles should be in English. But why the name of IPC was given as Bharatiya Nyaya Sanhita? The people of this country are questioning you why the law relating to Criminal Procedure Code was renamed as Bharatiya Nagarik Suraksha Sanhita. Why is it so? And the Indian Evidence Act has been named as Bharatiya Sakshya Adhiniyam. People of India are questioning this use of Sanskrit names in these three Acts. Hon Ministers should reply. This is against the Constitution of India. This is against Article 348 of the Constitution. This should be given up. I urge that all these three revised laws should be repealed. On 26th of this month and today the 29th of July 2024, so many advocates from Tamil Nadu have held agitations in Delhi stressing their demand to withdraw these Acts. I also want to stress in this august House that all the three criminal procedure Acts should be withdrawn and the old Acts should be in their place. Hon. Chairperson Sir, there is a separate Ministry for Social Justice. Almost 80 per cent of our population is looked after by this Ministry. In Tamil Nadu we have a separate Ministry for the welfare of the Adidravida people. Similarly, there are separate Commissions for SCs and STs at the national level. They are called as National Commission for Scheduled Castes and National Commission for Scheduled Tribes. I urge that a

separate Ministry should be created for the Scheduled Castes and another separate Ministry for the Scheduled Tribes. There should be a separate Ministry for the differently-abled persons as well. I urge that there should also be a separate Ministry for Minorities.

Atrocities against the SCs and STs have risen throughout the country. Atrocities against women have also increased. Uttar Pradesh is affected very much because of honour killing and this is spreading towards the southern States. I urge upon the Union Government that a separate law should be enacted to check and prevent honour killing in India.

There is an important demand about post-matric scholarship. They came with a proposal in the year 2019 to scarp this scholarship from 2018 onwards. On behalf of Viduthalai Chiruthaigal Party, we opposed this decision. We met the then hon. Union Minister in this regard and stressed that Post-matric scholarships should be continued without any timeline. Then they said Rs. 35,000 crore would be allocated till the year 2025. If it is so, then every year Rs. 7,000 crore should have been allocated. But they have not done so. Even now it is unknown that on what criterion, they have allocated funds for this scheme. Since the students will be studying generation after generation, no timeline should be fixed for such a scholarship scheme. I am duty-bound to urge that these Post-matric scholarships should be continued for long with adequate allocation. Under SC Sub-plan and ST Sub-plan, funds should be allocated in proposition to their population. In India, the SCs constitute 15 per cent of the population. The total outlay of this Budget is Rs 48, 20, 000 crore. And only 2 lakh crore have been allocated in this Budget. As per proportionate allocation it should have been more than Rs 7 lakh crore for the SCs. Not only for SCs, even the STs and the Minorities should get allocation of funds in proportion to their total population. This is my pertinent demand to the Union Government.

As mentioned by our hon. Leader of the Opposition, the people belonging to the marginalised sections of our society particularly, the Scheduled Castes, the Scheduled Tribes, OBCs, Minorities, Differently-abled are all ignored by this Government in this Budget. I want to submit that such a Government will not last long for a full term of five years. I want to give you a warning in this regard. You should not only engage in appeasing your coalition partners but you should also show concern towards the interests of the working class. With this I conclude. Thank you.

(ends)

1725 बजे

**श्री विजय कुमार हाँसदाक (राजमहल) :** सर, मैं अपनी पार्टी जेएमएम की तरफ से इस बिल को अपोज़ करने के लिए खड़ा हुआ हूं। मैं इस सदन में तीसरी बार आया हूं और मुझे लगता है कि जितनी बार जीतते हैं, उतनी ही जिम्मेदारी बढ़ती है। यहां पर इस सरकार का 11वां बजट पर पेश हुआ है, मुझे लगता है कि वह जिम्मेदारी सत्ता पक्ष की तरफ से बिल्कुल नहीं दिख रही है। हां, एक चीज बिल्कुल समझ में आई है कि ए स्क्वायर प्लस बी स्क्वायर और एक्स्ट्रा टू एबी वाला बहुत दिन से सुन रहे थे, इस बार आंध्र प्रदेश और बिहार को जो मिला है, हमको वह टू एबी इस बार समझ में आया है। आंध्र प्रदेश में बीजेपी लेड गवर्नमेंट द्वारा वहां पर नई सरकार बनने के बाद जितने लोगों को मारा गया, जितने लोगों ने आत्मदाह किया, सुसाइड किया, उसका भी आंकड़ा देखना चाहिए। हमारे मुख्य मंत्री को 5 महीने से ऊपर जेल में रखा गया। हम दोनों तरह के चरित्र का कंपेरिजन दिखाना चाहते हैं कि एक सरकार क्या करती है और हमारे सीएम 5 महीने अंदर रहने के बावजूद, वहां पर कुछ नहीं होता है, फिर भी वह ऑफिस रिज्यूम करके जनता के लिए काम करना स्टार्ट करते हैं।

सर, टैक्स स्लैब में जो घटाया गया है, उसमें ऐसा कहा जा रहा है कि चमत्कार हो गया है। हमारे यहां वर्ल्ड का सबसे हाईएस्ट पेइंग टैक्स सिस्टम है। इनकम टैक्स के ऊपर टैक्स, जो चीजें खरीदते हैं, उस पर टैक्स लगाते हैं, कोई बचत करते हैं, उसमें टैक्स लगता है, कुछ बेचना चाहते हैं, उस पर टैक्स लगता है। इतना हाईएस्ट पेइंग टैक्स सिस्टम होने के बावजूद टैक्स स्लैब में जो कटौती की गई है, उसके बाद जो पीठ थपथपाई जा रही है, मैं इसको चमत्कार ही कहूंगा। हर बार जीडीपी की बात की जाती है। मुझे जीडीपी की ज्यादा समझ नहीं है, लेकिन जितना सुनता हूं, मुझे उससे समझ में आता है कि हमारे देश की जो पॉपुलेशन है और हमारे यहां जो इकोनामिक सिस्टम रन करता है, प्रत्येक वर्ष या पांच साल में इकोनामिक ग्रोथ क्या होनी चाहिए, वह प्रेडिक्शन यहां के अर्थशास्त्री कर देंगे। उसके एक्सपर्ट सदन में बहुत लोग बैठे हुए हैं, लेकिन हमारे यहां की जीडीपी क्या है, हमारे यहां पब्लिक सेक्टर किस तरह से ग्रोथ कर रहा है, हम यहां से क्या एक्सपोर्ट कर रहे हैं, हमारे यहां कितना जॉब क्रिएशन हो रहा है, इन सब चीजों पर अगर हम बोलेंगे और उसके बाद हम कहेंगे कि हमारे यहां कुछ बढ़िया हो रहा है, तब हमको समझ में आएगा। हमने इतने घंटे का बजट सुन लिया, लेकिन समझ में नहीं आया कि आखिर में क्या हो रहा है। तीसरी बार की सरकार बनने के बाद अगर अभी भी आप इसी तरह से घुमाते रहेंगे और देश को गर्त में ले जाते रहेंगे तो फिर जिम्मेदारी आपकी ही है।

सर, झारखंड की तरफ से हम देश को सबसे ज्यादा माइनिंग देते हैं और हर एक चीज देते हैं। जितनी माइनिंग होती है, जितनी उसकी रॉयल्टी है और हमारा जितना बकाया पड़ा हुआ है, हम उसकी कई वर्षों से मांग कर रहे हैं। अगर हमें वही मिल जाए तो हम अपने झारखंड का विकास कर लें। जब पीएम आवास की बात की गई तो हमारे यहां पीएम आवास रोका गया। अगर आप पीएम आवास ही दे देते। वहां पीएम आवास बंद होने के बाद हम लोगों ने झारखंड में अपना अबुआ आवास योजना शुरू की। ऐसी कई योजनाओं में झारखंड को अनदेखा किया जा रहा है। मैं कहूंगा कि हमारे यहां की हेमंत सरकार से सीख लेनी चाहिए कि किस तरह से वहां की कल्याणकारी योजनाएं हैं। वह पांच

महीने जेल में रहने के बाद बाहर निकले और किस तरह से लगन के साथ लोगों के लिए काम कर रहे हैं, आप वहां की हर एक योजना निकालकर देखिए और उनसे सीखने की जरूरत है।

सर, यहां पर बांग्लादेश का बहुत ज्यादा जिक्र हो रहा था। मैं राजमहल लोक सभा से बिलॉन्ग करता हूं। यहां पर राजमहल लोक सभा का नाम कई बार लिया गया है और झारखंड में बांग्लादेशी प्रभाव का नाम लिया गया है। आप वहां की इकोनॉमी और यहां की इकोनॉमी को भी थोड़ा समझाएं। बंगाल और बांग्लादेश हमारे बगल में ही है। हमारे यहां से कई टन्स में पत्थर जाता है। वह अपनी शोर लाइन हमारे यहां के पत्थर से बना रहे हैं। पूरे विश्व की क्लॉथ इंडस्ट्री वहां पर जाकर बस गई है। वहां की जीडीपी क्या है और हमारे यहां की जीडीपी क्या है, उसको समझ लीजिए। वहां से लोग हमारे यहां क्यों आएंगे? आज जो इकोनॉमी बांग्लादेश की है, उसकी वजह से उल्टे हमारे यहां से लोग नौकरी लेने के लिए जाएंगे। आपने देश की जो स्थिति यहां पर बना रखी है और कोई जॉब क्रिएशन भी नहीं है। कोविड के बाद से अभी तक जॉब क्रिएशन के साथ एक तुलनात्मक बात होनी चाहिए कि कितनी जॉब्स का नुकसान हुआ और प्रत्येक वर्ष आपने कितनी नई जॉब्स क्रिएट कीं? पुरानी न बताएं, बल्कि ये बताएं कितनी नई जॉब्स क्रिएट कीं, उस पर बात होनी चाहिए। सिर्फ आंकड़ों का खेला खेलकर यहां पर पूरे देश को भ्रमित करने का काम किया जा रहा है। जहां तक बांग्लादेश की बात की जा रही है तो हमारे यहां गोड्डा में जो पावर प्लांट है, वहां से पूरे बांग्लादेश के लिए बिजली जा रही है, लेकिन हमारे यहां झारखंड के लिए कुछ नहीं मिल रहा है। बांग्लादेश की स्थिति हम से बहुत बढ़िया है।

(1730/MM/SRG)

मैं कहना चाहता हूं कि जिस तरह से झारखण्ड में लगातार माइनिंग हो रही है। रेलवे को हम जितना दे रहे हैं, उसकी बनिस्पत जितना हम लोगों को मिल रहा है, उसका रिजल्ट आपको झारखण्ड स्टेट के रिज़ल्ट से समझ में आ रहा होगा कि जितना वहां के आदिवासियों और गैर आदिवासियों ने झारखण्ड में बीजेपी और बीजेपी के एलाइंस को नकारा है। यह बात उनको समझ में आनी चाहिए। वे लगातार जो गलती कर रहे हैं, उसको उन्हें सुधारना चाहिए। दूसरा, मैं यह कहना चाहूंगा कि पूरे बजट को देखने के बाद मैं यह कह सकता हूं कि यह बजट न युवाओं के लिए है, न यह किसानों के लिए है और न महिलाओं के लिए है। मैं यह कहना चाहता हूं कि आपसे हाथ जोड़कर विनती है कि विश्व गुरू और भगवान बनने से अच्छा है कि आपको देश ने जो बनाया है, वह बनकर के सही ढंग से इस देश के लोगों के लिए काम कीजिए। आपको जो जिम्मेदारी दी गयी है, उसको ठीक ढंग से पूरा कर लीजिए क्योंकि तीसरी बार आपको जनता ने यहां बैठाया है तो आपकी कुछ जिम्मेदारी है। आप भगवान का नाम लेते हैं, जितने धार्मिक स्थल हैं या धार्मिक इम्पोर्टेंस की एमपी सीट्स हैं, उन सबको आपने लूज़ किया है। आपको ऊपर वाला जो संदेश दे रहा है, अगर वह भी आप समझ नहीं पाए तो हम इंसान जो यहां बैठे हैं, वह क्या आपको समझा पाएंगे। धन्यवाद।

(इति)

1731 बजे

**श्री राजू बिष्ट (दार्जिलिंग) :** धन्यवाद सभापति महोदय। आपने मुझे वर्ष 2024-25 के बजट पर बोलने का समय दिया। मैं दार्जिलिंग की जनता का भी आभारी हूं जिन्होंने मुझे दूसरी बार उनकी आवाज इस सदन में बनने का मौका दिया। मैं आदरणीय प्रधान मंत्री मोदी जी को और वित्त मंत्री सीतारमण जी को कि बजट में हर पहलू को ध्यान में रखकर के बजट तैयार किया गया है। बजट में युवाओं की बात की गयी है। यूथ स्किलिंग, इम्प्लॉयमेंट, एग्रीकल्चर और इंफ्रास्ट्रक्चर, जिसमें अर्बन डेवलमेंट भी है और रूरल डेवलपमेंट भी है, इनोवेशन, मैन्युफेक्चरिंग और विमिन लेड डेवलपमेंट पर जोर दिया गया है। भारत युवाओं का देश है और आज का युवा कल का भारत है। युवाओं के रोजगार और स्किलिंग के लिए भारत सरकार दो लाख करोड़ रुपये खर्च करेगी। पांच साल में 4 करोड़ 10 लाख युवाओं को रोजगार देने का इसमें लक्ष्य रखा गया है। भारत की 500 फॉर्च्यून कम्पनियों में उनको एक साल की ट्रेनिंग भी मिलेगी और स्टाइपंड के नाते पांच हजार रुपये प्रति माह भी मिलेगा। जिन युवाओं को पहली बार नौकरी मिलेगी, उनको भारत सरकार 15 हजार रुपये डायरेक्ट भारत सरकार देने का काम भी करेगी। इतना ही नहीं हायर एजुकेशन के लिए दस लाख रुपये तक का लोन भी मिलेगा और जिसका तीन परसेंट ब्याज, जो लगभग 40 परसेंट हो जाता है, वह भारत सरकार भरेगी। इंफ्रास्ट्रक्चर पर जोर दिया गया है जिसके लिए 11 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का आवंटन किया गया है और रूरल इंफ्रास्ट्रक्चर फंड के लिए 2.66 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। प्रधान मंत्री आवास योजना के अंतर्गत तीन करोड़ नये घर बनेंगे। प्रधान मंत्री आवास योजना अर्बन के अंतर्गत एक करोड़ घर बनेंगे, जिसके लिए 10 लाख करोड़ रुपये का खर्च भारत सरकार करेगी। पीएमजनमन योजना के तहत 24104 करोड़ रुपये जनजातीय विकास के लिए रखे गए हैं। मैं प्रधान मंत्री जी को बधाई देना चाहूंगा कि पहली बार चाय बागान के बारे में इस बजट में कहा गया है। नॉर्थ बंगाल और असम के चाय बागान में काम करने वाले श्रमिक, जिनमें ज्यादातर महिलाएं हैं, उनके बच्चों की एजुकेशन और देखरेख के लिए एक हजार करोड़ रुपये का आवंटन बजट में हुआ है। मैं नॉर्थ बंगाल और असम की जनता की ओर से प्रधान मंत्री जी को बधाई देना चाहूंगा।

महोदय, मैं अब बंगाल की बात करना चाहता हूं। आजादी के समय बंगाल बेस्ट बंगाल था। उसको टीएमसी ने आज सबसे वर्स्ट बंगाल बना दिया है। … (व्यवधान) आप चिल्लाते रहो, मैं आंकड़े बताता हूं। … (व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON (SHRI P.C. MOHAN): Please address the Chair and talk only on the Budget.

**श्री राजू बिष्ट (दार्जिलिंग) :** महोदय, मैं बजट पर ही बोल रहा हूं।

(1735/YSH/RCP)

जो काम ईस्ट इंडिया कंपनी करती थी, आज टीएमसी भी पंश्चिम बंगाल के साथ वही व्यवहार कर रही है। वहां पर अनेक योजनाएं, जिनमें चाहे मनरेगा हो, स्वच्छ भारत हो, प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना हो, आवास योजना हो, आरआईडीएफ का फंड हो, मुफ्त राशन हो या चाहे बॉर्डर एरिया डेवलपमेंट फंड हो, हर जगह घोटाला है। यहां तक इन्होंने शिक्षा को भी नहीं छोड़ा है। … (व्यवधान) अभी ओलंपिक चल रहा है तो मैं यह कहना चाहूंगा कि अगर आज करप्शन के ऊपर ओलंपिक में कॉम्पिटिशन होता तो टीएमसी को गोल्ड मेडल मिलता। हम ईज ऑफ डुइंग की बात करते हैं, लेकिन ईज ऑफ डुइंग करप्शन में टीएमसी नम्बर वन है। … (व्यवधान)

पश्चिम बंगाल को सात लाख करोड़ रुपये का कर्जा टीएमसी की देन है। पश्चिम बंगाल में 35 सालों तक सीपीएम शासन में थी। उस समय 1 लाख 90 हजार करोड़ रुपये का कर्जा था आज वह बढ़कर 7 लाख करोड़ रुपये का हो गया है। मैंने टीएमसी से एक रुपया नहीं लिया, लेकिन मेरे ऊपर 70 हजार रुपये का कर्जा इन्होंने डाला है। पश्चिम बंगाल की मंथली पर-कैपिटा कंजम्पशन नॉर्थ ईस्ट के आठों स्टेट्स से भी कम है। इन्हें शर्म आनी चाहिए।

आजादी के समय पश्चिम बंगाल की मैन्युफैक्चरिंग 30 परसेंट कंट्रीब्यूट करती थी, जो आज 3 परसेंट से भी कम रह गई है। यह भी इन्हीं की देन है। यह कहते हैं कि केन्द्र सरकार इनको पैसे नहीं देती है। मैं इनको डेटा के साथ कहना चाहता हूँ कि प्रधान मंत्री आवास योजना, प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना और मनरेगा, हालांकि मैं आपके सामने मनरेगा का आँकड़ा रखना चाहता हूँ। यह बड़ा मैजिक नम्बर है।

आधार लिंक होने से पहले मनरेगा के 3.88 करोड़ कार्ड थे और जैसे ही आधार लिंक हो गया तो ये सिर्फ 2.5 करोड़ रह गए। … (व्यवधान) यानी 1 करोड़ 35 लाख फर्जी कार्ड बांग्लादेशी नागरिकों के बने थे। इतना ही नहीं चौबीस परगना जिले में मनरेगा के 38 लाख कार्ड थे और आधार लिंक होते ही 15 लाख विलुप्त हो गए। इसी तरह मुर्शिदाबाद में 33 लाख मनरेगा के कार्ड थे, जिनमें से 13 लाख आधार लिंक करते ही गायब हो गए। यह हकीकत है।

चाहे चिटफंड घोटाला हो, टीचर घोटाला हो, पीडीएस घोटाला हो, कोयला घोटाला हो, मनरेगा, आवास योजना, हर घर जल, गाय की तस्करी, सभी घोटालों में टीएमसी लिप्त है। यहां तक कि टीएमसी के शासन में मुख्य मंत्री की पेंटिंग का भी घोटाला हो गया। मैं इनके एक नेता को सुन रहा था। उन्होंने नॉर्थ बंगाल की बात की। मैं उसे भी

आपके समक्ष रखना चाहूंगा। नॉर्थ बंगाल में आठ डिस्ट्रिक्ट्स हैं, जिनकी आबादी करीब-करीब तीन करोड़ है। हम रिसोर्स में भी रिच हैं और पश्चिम बंगाल को सबसे बड़ा रेवेन्यू भी नॉर्थ बंगाल देता है। हमारे पास चाय है, ट्रेड है, हाइड्रो है, टूरिज्म है और फॉरेस्ट भी है। इतना कुछ होते हुए भी और हमारा कंट्रीब्यूशन होते हुए भी पश्चिम बंगाल का सालाना बजट 3.88 लाख करोड़ रुपये का है, लेकिन नॉर्थ बंगाल डेवलपमेंट बोर्ड को 860 करोड़ रुपये मिलते हैं। शायद दीदी को पता भी नहीं होगा, यह पूरे बजट का 0.002 परसेंट है।

हमारे चाय बागान बंद हो रहे हैं। हमारे सिनकोना बागान बंद हो चुके हैं। इन्होंने सिर्फ नॉर्थ बंगाल को ठगा है और हमें लूटा है। ... (व्यवधान) नॉर्थ बंगाल के लोग स्वाभिमानी हैं। हम अपने पैरों पर खड़े होना चाहते हैं। इतना ही नहीं इन्होंने कहा कि बजट में पश्चिम बंगाल को कुछ नहीं मिला है। मैं आपके सामने कुछ आँकड़े लेकर आया हूँ। बजट में 93 हजार करोड़ रुपये सिर्फ पश्चिम बंगाल को मिल रहा है, जो कि महाराष्ट्र से ज्यादा है। डेढ़ लाख करोड़ रुपये इंटरेस्ट फ्री, आपको 50 सालों तक ब्याज नहीं देना है, यह पश्चिम बंगाल के लिए भी है।

'पूर्वोदय योजना', जिसके अंतर्गत अमृतसर से लेकर कोलकाता तक इंडस्ट्रियल कॉरिडोर बनेगा, जिसमें पश्चिम बंगाल के युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। एक करोड़ अर्बन हाउसिंग बनेंगे, जिसमें कोलकाता, दुर्गापुर, आसनसोल, सिलीगुड़ी जैसे शहरों को इसका लाभ मिलेगा। दो करोड़ आवास बनेंगे और इतना ही नहीं रेलवे की तरफ से 14 हजार करोड़ रुपये आवंटन हुए हैं और ऑलरेडी 60 हजार करोड़ रुपये के रेलवे के काम पश्चिम बंगाल में चल रहे हैं। 100 नए अमृत स्टेशन बनेंगे, जिसमें सिलीगुड़र और जलपाईगुड़ी भी है।

अब मैं तीस्ता फ्लड की बात करता हूँ। इनके एक नेता ने कहा था कि तीस्ता फ्लड के दौरान सिक्किम को पैसे मिले, लेकिन पश्चिम बंगाल को कुछ नहीं मिला।

(1740/RAJ/PS)

सर, हकीकत यह है कि अक्टूबर, 2023 में जैसे ही फ्लड आया तो सिक्किम ने इसको डिजास्टर घोषित किया और एसडीआरएफ एवं एनडीआरएफ का 10 प्रतिशत पैसा वहां की जनता को मिला, लेकिन पश्चिम बंगाल ने डिजास्टर घोषित नहीं किया, तो हमारी जनता को कुछ नहीं मिला। मैं इस बजट के लिए वित्त मंत्री जी को बधाई देना चाहूंगा कि इसमें 11,500 करोड़ रुपए का आवंटन किया गया है, जिसमें से बंगाल को 1200 करोड़ रुपए मिलेंगे।

मैं आपके माध्यम से बंगाल सरकार से निवेदन करता हूं कि तीस्ता फ्लड पीड़ितों को यह पैसा मिले। सर, मैं अपने कुछ क्षेत्रों की दो-तीन बातें आपके समक्ष रखूंगा।

दार्जिलिंग हिल्स, तराई और दुआर्स लंबे समय से एक स्थायी राजनीतिक समाधान की मांग करती आई हैं। इसके कारण अतीत में कई आंदोलन हुए हैं। वर्ष 1986-88 के आंदोलन के माध्यम से दार्जिलिंग गोरखा हिल काउंसिल बना। वर्ष 2007 से वर्ष 2011 के आंदोलन के कारण गोरखालैंड टेरिटेरियल एडमिनिस्ट्रेशन बना। जो सेमी-ऑटोनोमस बॉडी थी, उसको पश्चिम बंगाल ने चलने नहीं दिया। हमारे क्षेत्र में आए दिन बहुत तेजी से डेमोग्राफी चेंज हो रही है। हमारा इलाका बहुत सेंसिटिव है, जिसमें बांगलादेश, नेपाल, भूटान और बगल में चाइना भी है। वोट बैंक के कारण बांगलादेशी और रोहिंग्या आए दिन चाय बागान में अपना घर बना रहे हैं।

मैं आपके माध्यम से भारत सरकार से निवेदन करता हूं कि आज हमारे मुल निवासी गोरखा, आदिवासी, कोच, मेचे, राभा, टोटो, राजबंशी, बंगाली भाषी और हिन्दी भाषी समुदाय खतरे में हैं। इसीलिए इस क्षेत्र का स्थायी समाधान भारत के संविधान के अंतर्गत हो, जिसमें टीएमसी का कोई हस्तक्षेप न हो। गोरखा समुदाय में 11 जनजातियां जो आजादी के समय, वर्ष 1951 के सेंसस तक ऑलरेडी हिल ट्राइब के रूप में जानी जाती थीं, जिनमें, भुजेल, गुरुङ, मंगर, नेवार, जोगी, खस, राई, सुनुवार, थामी, याखा यानी देवान और धीमाल थीं। ये वर्ष 1931, 9141 और वर्ष 1951 के सेंसस में भी जनजाति थे। मैं सरकार से निवेदन करता हूं कि इनको जनजाति का दर्जा जल्द से जल्द मिले।... (व्यवधान)

सर, इसका एक बड़ा कारण है कि भारत-नेपाल एक मित्र देश है।... (व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON (SHRI P.C. MOHAN): Hon. Member, please conclude the speech. You have spoken for more than 10 minutes.

**श्री राजू बिष्ट (दार्जिलिंग) :** वर्ष 1950 की इंडो-नेपाल फ्रेंडशिप ट्रीटी की धारा सात के अंतर्गत जो भी भारतीय गोरखा हैं, वे नेपाली कहे जाते हैं। वे नेपाल के सिटिजन कहे जाते हैं। इससे हमें बहुत पीड़ा है। आए दिन हमारे जवान भारत मां की सेवा करते हुए शहीद होते हैं।

मैं आपके माध्यम से निवेदन करना चाहता हूं कि उन्हें जनजाति का दर्जा मिले। तीस्ता बाढ़ पीड़ितों को उनका अधिकार मिले।... (व्यवधान)

(इति)

1743 बजे

**श्री उज्ज्वल रमण सिंह (इलाहाबाद) :** सभापति महोदय, आपने मुझे बोलने का मौका दिया है, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। मैं इलाहाबाद की धरती, जहां से पंडित नेहरू, लाल बहादुर शास्त्री, इंदिरा गांधी, राजीव गांधी और विश्वनाथ प्रताप सिंह जैसे लोग प्रधान मंत्री बने। जिसने हरिवंश राय बच्चन, फिराक गोरखपुरी, अकबर इलाहाबादी, धर्मवीर भारती और सूर्यकांत त्रिपाठी निराला जैसे विश्व विख्यात कवि और शायर देश को दिए हैं। आज इस सरकार द्वारा कुर्सी बचाओ बजट पेश किया गया है, मैं इस पर चार पंक्तियों से अपनी बात शुरू करता हूं :

डबल इंजन वाले डर गए,
चुनावी वायदे से मुकर गए
कुर्सी की लोभ में मर गए
और गिरने की हर हद से गुजर गए।

सरकार का यह हाल है। भारत के इतिहास में इतना दिशाहीन बजट कभी नहीं आया। मैं आपसे कहना चाहता हूं कि जिनका मकसद सिर्फ और सिर्फ कुर्सी बचाना है। इस बजट में देश हित में कोई ऐसा काम नहीं किया गया है। इसमें कोई ऐसा काम नहीं बताया गया है, इसमें ऐसी कोई एक दिशा नहीं बताई गई है, जिससे देश आगे बढ़ सके। यह अपनी नीतियों और कार्यक्रमों का नहीं बल्कि केवल जो सरकार के सहयोगी हैं, उनके कहने पर उनको बचाने के लिए, उनको आगे बढ़ाने का बजट है। यह बजट केवल अपने मित्रों को फायदा पहुंचाने का बजट है। इस बजट में शिक्षा के क्षेत्र में पैसे कम किए गए हैं। यह दुखदायी और पीड़ादायक है। आप शिक्षा को जीडीपी का मात्र ढ़ाई प्रतिशत दे रहे हैं, लेकिन चाइना इसमें पांच प्रतिशत दे रहा हैं। चाइना में 56,600 करोड़ रुपए शिक्षा पर खर्च किए जाते हैं, लेकिन भारत में शिक्षा पर 1440 करोड़ रुपए खर्च किए जाते हैं। फर्क एक प्रतिशत का है, लेकिन एक प्रतिशत का फर्क 40 हजार करोड़ रुपए का फर्क लाता है। आप शिक्षा को खत्म करके देश को आगे नहीं बढ़ा सकते हैं। मैं एक लाइन इसके बारे में कहना चाहूंगा।

इल्म बढ़ाता है उसको घटा सकता नहीं
ये वह दौलत है, जो कोई चुरा सकता नहीं है।

(1745/KN/SMN)

अगर आप अपने नौजवानों को, अपने देशवासियों को अच्छी शिक्षा देते, अगर आप शिक्षा का बजट 6 परसेंट जीडीपी पर ले जाते तो कहीं न कहीं यह देश आगे बढ़ता। लेकिन इस सरकार ने इसको कम करने का काम किया है। इसका फोकस शिक्षा नहीं है। इसका फोकस स्वास्थ्य नहीं है। स्वास्थ्य का यह हाल है कि अगर आप प्रयागराज में बीमार हो जाए तो उसको कोई अस्पताल नहीं मिलता है। आप पूरे देश में एम्स बनाने की बात करते हैं, लेकिन आप प्रयागराज को एम्स देने की बात नहीं करते हैं। प्रयागराज के साथ, पूरे उत्तर प्रदेश के साथ सौतेला व्यवहार किया गया। उत्तर प्रदेश को विशेष पैकेज दिया जाना चाहिए था। चाहे बुंदेलखंड का क्षेत्र हो, चाहे पूर्वांचल का इलाका हो, वह पूरे देश में सबसे पिछड़ा हुआ है। अगर आप लोगों ने वहां विशेष पैकेज दिया होता, तो आज आपकी यह दशा नहीं होती, पूरा बुंदेलखंड हारने का काम किया और पूरा पूर्वांचल हारने

का काम किया। इसलिए मैं आप लोगों से कहना चाहता हूं। … (व्यवधान) साथियो, सुनने का भी माद्दा रखिये।

हम चीन से मुकाबला करने की बात करते हैं। एजुकेशन पर खर्च लगातार कम होता जा रहा है। ऐसी दशा में मैं आपके माध्यम से सरकार को बताना चाहूंगा कि सरकार आम आदमी का दर्द नहीं समझती है। आम आदमी की शिक्षा और विकास पर ध्यान नहीं देती है। अपनी कुर्सी बचाने की यह चाहे जितनी कोशिश कर लें, जनता की जब आह निकलती है, तो बड़ी-बड़ी हुकूमतों को हिला देती है। आपको समझना चाहिए कि जनता की आज आह निकल रही है। आज मध्यम वर्ग कराहा रहा है। जिस तरीके से आप इंडेक्सेशन खत्म कर रहे हैं, आपने उसे लगाकर खत्म किया। आप पिछले रास्ते से इनहेरिटेंस टैक्स लाने का जो प्रयास कर रहे हैं, मध्यम वर्ग इस चीज को समझता है। आज मध्यम वर्ग परेशान किससे है? वह इनफ्लेशन से परेशान है, नौकरी न मिलने से परेशान है। उसके बच्चे बेरोजगार घूम रहे हैं, वह उससे परेशान है। आज किसान किस चीज से पेरशान है? आप एमएसपी की जो लीगल गारंटी नहीं दे रहे हैं, इससे किसान परेशान हैं। लेकिन यह सरकार इस बात का दर्द समझने को तैयार नहीं है।

मैं आप लोगों से कहना चाहूंगा। मैं प्रयागराज की धरती से आता हूं, वहां पर नैनी इंडस्ट्रियल एरिया है। जब देश के प्रधानमंत्री बने तो उन्होंने कहा था कि इंडस्ट्रियल एरिया को रिवाइव करने का काम करेंगे। वर्ष 2014 से 2024 आ गया, एक भी इंडस्ट्री को पुनर्जीवित करने का काम इस सरकार ने नहीं किया। मैं सरकार से कहना चाहता हूं कि अगर आप दोहरा रुख अपनाएंगे, सौतेला व्यवहार अपनाएंगे तो कहीं न कहीं जनता आपको दंडित करने का काम करेगी। कोल जाति को जनजाति का दर्जा देने की बात मुलायम सिंह यादव जी और अखिलेश यादव जी की सरकार ने कही थी। उसका प्रस्ताव भेजा था। लेकिन आपकी सरकार ने कोल को जनजाति का दर्जा देने की बात नहीं की। मैं आप लोगों से कहना चाहता हूं कि अखिलेश यादव जी और मुलायम सिंह यादव जी की सरकारों ने 17 जातियों को जनजाति का दर्जा देने का प्रस्ताव उत्तर प्रदेश की विधान सभा में पास करके भेजा था। लेकिन इस सरकार ने 17 जातियों को जनजाति का दर्जा नहीं दिया। मैं बस अंत में एक बात कहकर, नज़ीर अकबराबादी का एक शेर कहकर कुर्सी बचाओ सरकार को चेतावनी देना चाहता हूं और मैं अपनी बात को खत्म करना चाहता हूं। नज़ीर अकबराबादी का शेर है, जो मैं आपके बीच रख रहा हूं–

"क्या मसनद तकिया मुल्क मकाँ क्या चौकी कुर्सी तख़्त छतर
सब ठाठ पड़ा रह जावेगा जब लाद चलेगा बंजारा।"

इसलिए साथियों, मैं इस सरकार को कहना चाहूंगा, जो किसान विरोधी बजट है, नौजवान विरोधी बजट है, महिला विरोधी बजट है, जो शोषित और वंचित वर्ग के खिलाफ बजट है, इसका हम लोग पुरजोर विरोध करते हैं। हम जातिगत जनगणना की बात करते हैं, देश में जनगणना की बात करते हैं। … (व्यवधान) महोदय, इसके साथ आपका आभार, बहुत-बहुत धन्यवाद।

(इति)

1749 बजे

**श्री नरेश गणपत म्हस्के (ठाणे) :** महोदय, आज बजट पर हो रही चर्चा में मुझे बोलने की अनुमति दी, इसके लिए मैं आपका धन्यवाद करता हूं। सर्वप्रथम मैं महाराष्ट्र के गौरव छत्रपति शिवाजी महाराज, भारत रत्न डॉ. बाबा साहेब अम्बेडकर जी, महात्मा फुले जी, हिन्दू हृदय सम्राट, शिव सेना प्रमुख माननीय बाला साहेब ठाकरे जी को नमन करता हूं।

(1750/VB/SM)

मैं धन्यवाद देता हूँ मेरे गुरुवर धर्मवीर आनंद दीघे साहब को, मैं हमारे पंत प्रधान नरेन्द्र मोदी जी को धन्यवाद देता हूँ, हमारे पार्टी के नेता, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे जी को, जिन्होंने मुझे इस सदन का सदस्य बनने का सौभाग्य दिया। मैं अपने क्षेत्र ठाणे की जनता को कोटि-कोटि प्रणाम करता हूँ, जिन्होंने मुझे नगर सेवक, महापौर और अब सांसद बना दिया।

माननीय अर्थ मंत्री निर्मला सीतारमण जी ने देश का जो अर्थ-संकल्प पेश किया है, वह देश को विकास की तरफ लेकर जाने वाला है, इसलिए मैं उनका अभिनन्दन करता हूँ।

*After the presentation of this Budget 2024-25, the opposition leaders have been discussing about it inside and outside this house. A few members from Maharashtra have also joined them. They say, this budget is meant to protect and secure this Government and it is only to please particular states only. But I want to tell them that this budget is also for the states ruled by opposition parties. When this Government declare various schemes, it does not mean that only BJP ruled States will only benefit, around 4.1 crore youths from other states would also be benefitted during next 5 years. This budget will be useful for all the youths of our Country.

इस योजना से महाराष्ट्र के गांव का बच्चा भी माइक्रोसॉफ्ट और गूगल में इंटर्नशिप करेगा और बंगाल का बच्चा भी उसमें शामिल होगा। जो एक्सप्रेसवे बनेंगे, अस्पताल बनेंगे, 11 लाख करोड़ रुपए का कैपिटल एक्सपेंडिचर होगा, क्या उससे सिर्फ हम लोग लाभान्वित होंगे? इससे समाज का हर व्यक्ति लाभान्वित होगा, जिसने इस सरकार पर भरोसा किया है। The INDIA Alliance leaders are constantly criticizing this budget.

लेकिन इनकी सोच अंग्रेजों वाली ही है। वे कहते थे- 'डिवाइड एंड रूला' ये लोग उसे डिवाइड एंड रूल एंड फूल के रूप में आगे लेकर जा रहे हैं। मतलब यह है कि जनता को पहले धर्म के नाम पर बांटो, जाति के नाम पर और अब बजट के नाम पर।

*When they were taking the oath, everybody was uttering the Slogans, 'Jai Samvidhan, Jai Samvidhan'. But, if we refer to historical incidents, we will come know how they had suppressed constitution. The then Prime Minister of India, Shri Rajiv Gandhi did not implement the Mandal Commission Report. They dismissed around 99 State Governments using Article 356. They toppled the Sharad Pawar Govt in 1980 and imposed President's Rule. On the other hand, only NDA saved

---

* Original in Marathi

and secured constitution. We supported to implement Mandal comission Report in 1989. In the year 2001, we amended Article 16 and changed the Supreme Court verdict. We strengthened the SC, ST Act in 2018 and changed the Supreme Court decision once again.

आपकी बारी आयी, तो आपने सुप्रीम कोर्ट का निर्णय सिर्फ एक समाज के लिए, उनको खुश करने के लिए चेंज किया और हमारी मुस्लिम बहनों के साथ नाइंसाफी की। इसलिए संविधान की रक्षा करने की बात वे न करें, जो संविधान का चीरहरण करने की बात करते थे।

*They are sloganeering for Constitution without reading it. Same way they are criticizing the budget even without going through it. Few people from Maharashtra are criticizing it without any reason. They know very little about it and they had accepted it earlier. You are saying that nothing has been allocated to Maharashtra. But on the contrary, around Rs 78,000 crore will be given to Maharashtra through Central Tax Collection. Rs 600 crore package has been declared for Vidarbha and Marathwada. It would help in stopping farmers' suicides in these regions. For Rural roads Rs 400 crore, for Dedicated Economic Corridor Rs 466 crore, for MUTP Rs 3,908 crore, for Mumbai Metro Rs 1087 crore, Rs 683 crore for Nagpur Metro, Rs 814 crore for Pune Metro, for Nag River Rejuvenation Rs 500 crore, for Mula-Mutha River conservation 790 crore and other schemes worth crores of rupees have also been declared in this budget.

Around Rs 15,940 crore has also been allocated for Railways in this year's budget. Railway projects worth Rs 1 lac crore are being implemented in Maharashtra. These projects would benefit the people residing in all the Lok Sabha constituencies in Maharashtra. But still they are asking what has been given to Maharashtra.

Our hon. Prime Minister had given priority to Maharashtra earlier too. Rs 10.5 lac crore have been given to Maharashtra for the various projects like road construction, railway projects, railway station upgradation, Vadhavan Port Project, Mumbai- Ahmedabad Bullet Train, Airport development, Air connectivity, Samruddhi Mahamarg, Mumbai Coastal Road, Atal setu; Mumbai, Pune, Nagpur Irrigation projects etc. These projects were materialized and implemented just because of his kind help. Our hon. Home Minister has also helped to solve the problem of taxes worth Rs 6,000 crore imposed on Sugar Mill.

They are determined not to acknowledge these great works done by our Govt. They are not ready to accept reality.

---

* Original in Marathi

(1755/PC/RP)

सभापति महोदय, कांग्रेस को दस वर्षों के बाद विपक्ष के नेता का आधिकारिक पद मिला है। इसके लिए आपको बधाई है और उम्मीद है कि आप अगले कई वर्षों तक उस पद की गरिमा बढ़ाएंगे, क्योंकि आपका आर.ए.सी. टिकट है, जो कभी कन्फर्म नहीं होने वाला है। विपक्ष के नेता श्री राहुल गांधी जी हैं। … (व्यवधान) सुबह मैंने देखा, मैं एक नया खासदार हूं, राहुल का अर्थ होता है – भगवान बुद्ध का पुत्र। लेकिन, यहां तो अलग ही लग रहा था। वे अपने नेतृत्व में पूरे देश में भ्रम फैलाने की बातें कर रहे हैं।

पहले आलू डालकर सोना निकालने की बात की, फिर अभय मुद्रा की बात की। नेताजी, सदन की गरिमा को समझिए। यह किसी पार्टी का कार्यालय नहीं है, यह संसद है। यह तो बचपना है, विपक्ष के कुछ लोग बचपना कर रहे हैं। मैं तो नया आदमी हूं, पहली बार खासदार बना हूं। यह सब देखते हुए मुझे अपना महानगर पालिका का सभागृह याद आया। मेरे यहां कभी भी विपक्ष के नेता लोगों ने इस तरह का बचपना नहीं किया।

HON. CHAIRPERSON (SHRI P.C. MOHAN): Hon. Member, please conclude the speech.

… (*Interruptions*)

**श्री नरेश गणपत म्हस्के (ठाणे) :** सर, बस दो मिनट का समय और दीजिए।

*This is "Rahu Kaal" under the leadership of Shri Rahul Gandhi. They cannot pacify this 'Raahu' from his Kundli, because these congressmen consider only one family as their nation.

"तुम्हारे पांव के नीचे कोई ज़मीन नहीं,
कमाल ये है कि फिर भी तुम्हें यकीन नहीं।"

(1800/NKL/RV)

HON. CHAIRPERSON (SHRI P.C. MOHAN): Hon. Members, it is 6 o'clock right now and I have a long list of speakers to speak on this important issue. If the House agrees, I extend the time of the House till 8 o'clock.

SEVERAL HON. MEMBERS: Yes, Sir.

HON. CHAIRPERSON: Okay.

Mhaske ji, you please conclude your speech now.

*SHRI NARESH GANPAT MHASKE (THANE): You have completely failed in the Lok Sabha litmus test. Shri Narendra Modi once said that he did not know about the polities of lies.

(ends)

HON. CHAIRPERSON: Now, Adv. Chandra Shekhar.

---

* Original in Marathi.

1800 बजे

**एडवोकेट चन्द्र शेखर (नगीना) :** सभापति महोदय, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद कि आपने मुझे बजट पर अपनी बात रखने का अवसर प्रदान किया।

महोदय, मैं अपनी बात को शुरू करते हुए बहुजन समाज में जन्मे सभी सन्तों, गुरुओं और महान पुरुषों को नमन करता हूं। इसके साथ-साथ मैं भारत की महान जनता को भी धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने इस बार लोकतंत्र की रक्षा की।

सभापति महोदय, पिछले दस सालों में सरकार की नीतियों के कारण गरीब और गरीब हुआ है और अमीर और अमीर हुआ है, यानी गरीबों और अमीरों के बीच फासला बढ़ गया है। सारे देश की सम्पत्ति को चन्द अमीरों के हाथों में दे दिया गया है। यह हमारे संविधान की मंशा और समतावादी समाज के लक्ष्य के खिलाफ है। अत: हमारी नीतियां गरीबों के पक्ष में भी होनी चाहिए।

महोदय, जातिगत जनगणना, जो आज एस.सी., एस.टी., ओबीसी यानी कि बहुजन समाज के लिए जीवन-मरण का प्रश्न है, इसके बारे में बजट में कोई बात नहीं कही गयी है। इसके बाद जनसंख्या के अनुपात में बहुजन समाज को सभी क्षेत्रों में हिस्सेदारी मिलनी चाहिए, तभी बाबा साहेब अम्बेडकर का समतामूलक समाज का जो सपना है, वह पूरा होगा।

महोदय, यह कैसा विकसित भारत है, जिसमें आज भी सफाई कर्मचारी को पक्की नौकरी नहीं मिल रही है और उसको गटर में उतरने को मजबूर किया जा रहा है। उनके लिए अलग-से कोई बजट नहीं है। अगर सरकार चाहे तो बजट बन सकता है। एस.सी., एस.टी. का जो सब-प्लान मिलता था, जो पैसे मिलते थे, उसे बजट से हटा दिया गया है। इसके साथ-साथ देश के स्तर पर आशा, आंगनवाड़ी, भोजन माता, ग्राम सेवक, पी.आर.डी. जवान, होमग्रार्ड्स के मानदेय में बढ़ोतरी नहीं हुई है। ऐसा कुछ भी नहीं दिख रहा है कि उनके जीवन में खुशहाली आए। इनका मानदेय बढ़ना चाहिए।

1802 बजे (डॉ. काकोली घोष दस्तीदार <u>पीठासीन हुईं</u>)

विधवा, वृद्ध, विकलांग पेंशन को 500 रुपये प्रति माह से बढ़ाकर 5,000 रुपये किया जाना चाहिए क्योंकि महंगाई बढ़ रही है। देश में प्रधान मंत्री जन कल्याण योजना के तहत एस.सी., एस.टी., ओबीसी और मुस्लिम को कितने घर दिए गए, इसका कोई आंकड़ा सरकार के पास नहीं है। इसी तरह, एस.सी., एस.टी., ओबीसी के कितने परिवारों के लिए शौचालय की व्यवस्था उपलब्ध करायी गयी? आज भी सिद्धार्थनगर और ऐसे तमाम जिलों में शौचालय की व्यवस्था नहीं है। इस पर ध्यान देना चाहिए।

देश भर में एस.सी., एस.टी., ओबीसी के जो रिक्त पद पड़े हुए हैं, उन बैकलॉग पदों को भरना चाहिए। सरकार ने इसके बारे में कुछ नहीं कहा।

महोदया, यह कैसी विश्व की पाँचवी अर्थव्यवस्था है, जिसमें आज भी एस.सी., एस.टी. पर अत्याचार हो रहे हैं, महिलाओं के साथ रेप हो रहे हैं, उनकी हत्या हो रही है। अगर आप एन.सी.आर.बी. के डेटा को देखेंगे तो आपको खून के आँसू रोने पड़ेंगे। युवा बेरोजगार है। वह सड़कों पर है। 80 करोड़ लोगों को पाँच किलोग्राम राशन से जीवन-यापन करना पड़ रहा है। एस.सी., एस.टी. को जो बजट मिलता है, मेरे दायीं तरफ जो साथी बैठे हैं, उन्हें यह सुनकर बुरा लगेगा कि कर्नाटक में इन्होंने 14,732 करोड़ रुपये दूसरी योजना में लगा दिए और मध्य प्रदेश में आपने 95,000 करोड़ रुपये दूसरे कामों में लगा दिए। भाई, हमें जो मिलता है, वह तो हमसे मत छीनो!

महोदया, इस बजट में एम.एस.पी. की लीगल गारंटी की कोई बात नहीं हुई है। किसानों को जो 6,000 रुपये मिलते हैं, उसे बढ़ाकर 12,000 रुपये करना चाहिए। प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना का सारा प्रीमियम सरकार दे, उसका बोझ किसानों पर न हो।

महोदया, प्रोमोशन में रिज़र्वेशन को लागू नहीं किया गया। पुरानी पेंशन को बहाल नहीं किया गया। इस पर चर्चा नहीं हुई। देश में मनरेगा समेत न्यूनतम मजदूरी की दर 700 रुपये होनी चाहिए। 'समान काम, समान वेतन' की पॉलिसी लागू होनी चाहिए। रसोई की चिंता करते हुए 500 रुपये प्रति सिलिंडर से ज्यादा दाम नहीं होने चाहिए, जिससे महिलाओं को राहत मिल सके। बिजली के दामों में भी कमी होनी चाहिए। बेरोजगार युवाओं को 5,000 रुपये भत्ता मिलना चाहिए, जिससे वे अपनी पढ़ाई का खर्च उठा सकें।

महोदया, मैं अपने क्षेत्र के विषय में कहना चाहता हूं कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में नगीना में एक एम्स बनना चाहिए, एक आई.आई.टी. बनना चाहिए, एक आई.आई.एम. बनना चाहिए। नगीना लोक सभा संसदीय क्षेत्र में उद्योग-धंधे लगने चाहिए। नगीना की कताई मिल को पुन: शुरू कराना चाहिए। सरकार की आर.आर.टी.एस. योजना को मेरठ से आगे बढ़ाकर मुज़फ्फरनगर, सहारनपुर से नजीबाबाद होते हुए नगीना तक ले जाना चाहिए। नजीबाबाद से मुम्बई के लिए एक ट्रेन चलनी चाहिए। नगीना, स्योहारा और किरतपुर में रेल ओवरब्रिज बनने चाहिए।

सभापति महोदया, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय को 13,000 करोड़ रुपये दिए गए और जनजातीय कार्य मंत्रालय को 13,000 करोड़ रुपये दिए गए। इन्हें कुल 26,000 करोड़ रुपये दिए गए, जो कुल बजट 48.20 लाख करोड़ रुपये का लगभग 0.54 प्रतिशत है जबकि एस.सी., एस.टी. की संख्या 25 प्रतिशत से ज्यादा है। अगर बहुजन समाज की जनसंख्या को भी मिलाएंगे तो यह 85 प्रतिशत से ज्यादा है और हमारे विकास के लिए सरकार बजट का मात्र एक प्रतिशत पैसे खर्च कर रही है, जबकि हमें 25 प्रतिशत पैसे मिलने चाहिए।

(1805/GG/VR)

यह ऊंट के मुंह में ज़ीरे के समान है। जो कहावत हमने बहुत पहले से सुनी है। पिछले लंबे समय से हमारे साथ धोखा हो रहा है। लेकिन अब यह नहीं चलेगा। चंद लोगों के तराज़ू से देश के संसाधन नहीं बटेंगे। यह इस देश का बहुजन समाज बर्दाश्त नहीं करेगा। संसाधनों का बंटवारा संख्या के आधार पर होगा। मान्यवर कांशीराम साहब ने नारा लगाया था कि 'न तो अब वोट हमारा राज तुम्हारा चलेगा' और आज हम कह रहे हैं कि 'न ही वोट हमारा, नोट तुम्हारा भी नहीं चलेगा।'

आपके माध्यम से सरकार से मेरी एक मांग है। सरकार इस योजना का श्रेय भी खुद ही ले ले कि बहुजन समाज के अत्यंत गरीब परिवार को एक लाख रुपये सालाना दे। इसके लिए दस लाख करोड़ रुपये खर्च होंगे। लेकिन इस एक लाख करोड़ रुपये की योजना से एक झटके से परिवार गरीबी की रेखा से ऊपर आएंगे और उनके बच्चों का कुपोषण खत्म होगा, अच्छी शिक्षा मिलेगी, महिलाओं को सम्मानजनक जीवन मिलेगा और इससे वास्तव में 'सबका साथ, सबका विकास' का नारा सार्थक होगा। अगर प्रश्न यह है कि इसके लिए पैसा कहां से आएगा तो उसका जवाब यह है कि जब अमीरों का 16 लाख करोड़ रुपये माफ हो सकता है, कॉर्पोरेट टैक्स को घटा कर लाखों-करोड़ों रुपये का चूना सरकारी खजाने को लगाया जा सकता है, पैट्रोल-डीज़ल की एक्साइज़ ड्यूटी बढ़ाई जा सकती है तो सरकार गरीबों को पैसा क्यों नहीं दे सकती है?

महोदया, समय आ गया है कि अब एससी एवं एसटी के लिए निजी क्षेत्रों में आरक्षण की व्यवस्था होनी चाहिए। मेरी आपसे यह भी माँग है, क्योंकि अब समय की माँग है और देश तेज़ी से आगे बढ़ रहा है तो मैं यह कहूंगा कि इस सरकार का, जो 'सबका साथ-सबका विकास' का नारा लगभग असत्य महसूस होता है, क्योंकि अल्पसंख्यकों में से मुसलमानों, जैनों, सिखों और बुद्धिस्टों के लिए कुछ दिख नहीं रहा है। उनके कल्याण के लिए कोई योजना नहीं है। मदरसों को जो बजट मिलता था, वह कम कर दिया गया है। लोग आर्थिक तंगी से मर रहे हैं। इंटर्नशिप की बात हुई है, लेकिन परमामेंट रोज़गार नहीं है। कल दिल्ली में बच्चों के साथ क्या हुआ है? उनकी सुरक्षा की ज़िम्मेदारी किसकी है? वे आए तो आईएएस, आईपीएस बनने, लेकिन वे यहां से लाशें बन कर गए हैं। कोई ध्यान नहीं दे रहा है, किसी की नज़र नहीं है।

महोदया, मैं आपसे यह भी आग्रह करूंगा कि हम ग्रामीण क्षेत्रों से आए हुए लोग देश से बड़ा प्रेम करते हैं और हम यह महसूस करते हैं कि सरकारें हमें सुनेंगी, सरकारें हमारे बारे में सोचेंगी। लेकिन आज़ादी के 75 साल बाद भी ऐसा महसूस होता है और जिसको 'अमृतकाल' कहा जा रहा है, आज भी एससी, एसटी एवं ओबीसी के लोगों पर अत्याचार हो

रहा है। दो दिन पहले ही एक व्यक्ति को गोली से उड़ा दिया गया और राजस्थान में एक व्यक्ति की गर्दन काट दी गई है। ये घटनाएं देख कर घर से निकलते हुए भी डर लगता है कि घर वापस लौटेंगे कि नहीं लौटेंगे। सरकार से मेरा आग्रह है कि अगर आज़ादी के 75 साल बाद भी हमारी हत्याएं हो रही हैं तो हमारी माँ को भी दर्द हुआ होगा, जब उसने हमें पैदा किया होगा।

हमारी बहनों को भी हमारे खोने का दर्द होता होगा। आपकी कैसी कानून व्यवस्था है? आपके पास सब कुछ है, फिर भी आप महिलाओं के रेप नहीं रोक पा रहे हैं, हत्याएं नहीं रोक पा रहे हैं, गरीबों, दलितों, पिछड़ों, किसानों, मज़दूरों की जान नहीं बचा पा रहे हैं। किसान सुसाइड कर रहा है, नौजवान सुसाइड कर रहा है और बड़ी-बड़ी बातें होती हैं। इधर भी अच्छे लोग हैं, उधर भी अच्छे लोग हैं, लेकिन अच्छाई तब होगी, जब ज़मीन पर भी कुछ काम दिखाई देगा। महोदया, ज़मीन पर कोई काम दिखाई नहीं दे रहा है। जब किसी योजना की बात आती है तो सरकार हमसे मुंह मोड़ लेती। आप देखिए कि एजुकेशन का बजट कम कर दिया। हैल्थ का बजट कम कर दिया। जब मैं अपने क्षेत्र में गया, तो आप विश्वास कीजिए, अस्पतालों में डॉक्टर्स नहीं हैं, स्कूलों में मास्टर नहीं हैं और कोई भर्ती ऐसी नहीं है, जिसका पेपर न लीक होता हो। देश किस तरफ जा रहा है और इसमें नौजवानों का भविष्य क्या है, इसके बारे में भी हमें चिंता करनी चाहिए।

महोदया, अंत में अपनी बात को समाप्त करते हुए मेरा आपसे और आपके माध्यम से सरकार से आग्रह है कि यहां बाहर बाबा साहेब अम्बेडकर की मूर्ति लगी हुई थी, जो कि करोड़ों लोगों की आस्था से जुड़ा हुआ विषय है। आप विश्वास कीजिए कि उसको ले कर इतना गुस्सा है। मैं हाथ जोड़ता नहीं हूँ, लेकिन मैं हाथ जोड़ कर आपसे आग्रह कर रहा हूँ, सरकार से एवं प्रधान मंत्री जी से आग्रह है कि अम्बेडकरवादियों के सम्मान का ध्यान रखते हुए, उनके दिल की पीड़ा को समझते हुए, उनके दर्द का ध्यान रखते हुए उस मूर्ति को पुन: स्थापित करवा दीजिए। अगर इसमें कोई राजनीतिक कारण है तो वह अलग बात है। मगर मैं आपसे कहना चाहता हूँ इस वज़ह से लोगों में बहुत गुस्सा है। जिस दिन अम्बेडकरवादी गुस्सा हो जाएगा, वह फिर इस सरकार को, जो 2024 में आ गई है, उसको आने वाले चुनावों में ऐसा सबक सिखाएगी कि दोबारा यह पलट के नहीं देख पाओगे।

मैं आपका धन्यवाद करता हूँ। मुझे विश्वास है कि सरकार मेरी बातों पर गौर करेगी और गरीबों के बारे में सोचेगी तथा गरीबों को आगे बढ़ने के अवसर प्रदान होंगे

धन्यवाद

(इति)

1809 बजे

**श्री राजकुमार रोत (बांसवाड़ा) :** सभापति महोदय, मैं आपका धन्यवाद करता हूँ कि आपने मुझे बजट पर बोलने का अवसर प्रदान किया। पक्ष और विपक्ष दोनों ने बजट को ले कर काफी चर्चा की है। जब देश का बजट आता है, तब देश का युवा एक आस लगा कर बैठता है कि इस बार कुछ अच्छा होगा। देश का गरीब, आदिवासी, एससी यह आस लगा कर बैठता है कि कुछ अच्छा होगा। हमारे राजस्थान की बात करें तो ये लोग राजस्थान में डंका बजा रहे थे कि डबल इंजन की सरकार है, सब कुछ हो जाएगा।

(1810/MY/SAN)

जब हमने केंद्र और राज्य का बजट देखा तो उसमें कुछ भी नहीं पाया। पूरे देश के एससी, आदिवासी और युवाओं को लग रहा है कि डबल इंजन की सरकार की दावा करने वाली सरकार का इस बार का जो बजट है, वह कहीं न कहीं सिर्फ बिहार व आंध्र प्रदेश तथा सरकार बचाने का बजट साबित हुआ है। इस बार जुमलेबाज का बजट आया है और इसे देश की जनता देख रही है। मैं बांसवाड़ा लोक सभा क्षेत्र से आता हूं। मैं बांसवाड़ा-डूंगरपुर की जनता को धन्यवाद देना चाहता हूं, जिन्होंने मुझे चुन कर यहां भेजा है। हमारे प्रधानमंत्री जी ने कहा था कि जिसकी कोई पहचान नहीं हैं, जिसका कोई नाम नहीं है, जिसका कोई रिकॉर्ड नहीं है, ऐसे व्यक्ति को जीता कर क्या करोगे। लेकिन, बांसवाड़ा-डूंगरपुर की जनता ने ठान लिया था कि यह लोकतंत्र है, राजतंत्र नहीं है, इसे राजतंत्र तय करने का किसी को ठेका नहीं है। यह लोकतंत्र है। वहां की जनता ने ठान लिया था कि इस बार राज कुमार रोत लोक सभा में जाएगा।

महोदया, मैं पूरे सदन के माध्यम से अपनी जनता को धन्यवाद देना चाहूंगा। मोदी जी ने वहां के बड़े-बुजुर्गों को कहा था कि घर-घर जाकर राम-राम बोल देना और चुनाव जीताना। वहां के बड़े-बुजुर्गों ने ठान लिया और कह दिया था। उन्होंने मेरे और आपके माध्यम से उन तक संदेश पहुंचाया है। उन्होंने मुझे कहा था कि मोदी जी से कह देना कि पिछले दस सालों में देश के आदिवासियों को उजाड़ने का काम हुआ है। देश के अंदर धर्म की राजनीति हुई है। देश में जनता के खातों में 15 लाख रुपये देने और 2 करोड़ बेरोजगारों को नौकरी देने की बात करके उन्होंने दस साल राज किया। इस बार हम उनको सबक सिखाएंगे। उन्होंने मेरे माध्यम से मैसेज पहुंचाया है कि यह गुरू गोविंद की धरती है, मावजी महाराज की धरती है, संत सूरमाल महाराज की धरती है। मानगढ़ धाम में 1500 आदिवासी शहीद हुए थे। वहां पर मोदी जी दो बार आए, लेकिन मानगढ़ के आदिवासी समुदाय के लिए एक शब्द भी नहीं बोल कर गए। उनके लिए वह कुछ नहीं करके गए। उन्होंने मैसेज पहुंचाया है कि आदिवासी समुदाय जाग गया है। अब वह वैसा आदिवासी समुदाय नहीं रहा, जो बहकावे में आ जाएगा और वोट दे देगा।

माननीय सभापति महोदया, अभी जो वर्तमान स्थिति बनी हुई है, बजट के अंदर मैंने देखा कि धातुओं के खनन को लेकर उद्योगपतियों को टैक्स में छूट दी गई है। यह खनन कहां हो रहा है, यह हमारी धरती पर हो रहा है, हमारे देश में हो रहा है, पहाड़ों में हो रहा है, जंगलों में हो रहा है। वहां पर जीव-जंतु रहते हैं। वहां हमारे आदिवासी समुदाय भी रहते हैं, लेकिन उन आदिवासियों के लिए क्या प्रावधान किया गया है? अगर आदिवासी इलाके के अंदर देखा जाए तो वहां आदिवासी समुदाय बैठा हुआ है, लेकिन उनको आज तक जमीन का पट्टा नहीं मिला हुआ है। वह आजादी के पहले से बैठा हुआ है और अपनी जमीन की बात करता है।

सभापति महोदया, यहां पर सत्ता को लेकर होड़ मची रहती है। सत्ता पाने के लिए बहुत कुछ बोला जाता है। मैं कहना चाह रहा हूं कि हमें सत्ता नहीं चाहिए, बल्कि हमें अपना अस्तित्व बचाना है। हमें

अपना स्वाभिमान बचाना है। हमें अपना जल, जंगल और जमीन बचाना है। देश के अंदर देखा गया कि जब आदिवासी समुदाय जल, जंगल और जमीन की बात करता है तो उसको नक्सलवाद का ठप्पा दे दिया जाता है। उसको नक्सलवाद के नाम पर मारा जाता है। हम छतीसगढ़ के बस्तर इलाके में देखते हैं। वहां पर 11 साल की एक बच्ची को मारा जाता है और कहा जाता है कि वह नक्सलाइट थी। तीन-चार साल के बच्चों को मारा जाता है, गर्भवती महिलाओं को मारा जाता है। आदिवासी समुदाय जब भी अपने हक-अधिकार की बात करता है तो उस पर नक्सलाइट का ठप्पा लगाया जाता है।

सभापति महोदया, आदिवासी और एससी समुदाय को फ्री की योजना दी जाती है। हम कहते हैं कि फ्री की योजना मत दीजिए, बल्कि हमें अपना हक दे दो। हमें जल, जंगल और जमीन का मालिकाना हक दीजिए। संविधान के अंदर शेड्यूल फाइव और सिक्स के अंदर जो रिजर्वेशन पॉलिसी लागू की गई है, उसको धरातल पर लागू किया जाए।

सभापति महोदय, मैंने देखा है कि भाजपा अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग चीजों के बारे में कहती है। कई जगह वह कहती है कि बीफ खाओ, कई जगह कहती है कि मत खाओ। हमारे आदिवासी समुदाय के लिए एक धर्म कोड की लंबे समय से माँग चल रही है। हमारे आदिवासी समुदाय को अलग से धर्म कोड दिया जाए। आजादी से पहले वर्ष 1871 से वर्ष 1951 तक अलग जनगणना हुई है। आज आदिवासी समुदाय का कोई व्यक्ति ईसाई धर्म अपना रहा है, कोई हिन्दू धर्म अपना रहा है। आदिवासी समुदाय अलग-अलग जगह बँटा हुआ है। आज आदिवासियों की पहचान खत्म हो रही है। हमारा समुदाय लंबे समय से कह रहा है कि आदिवासियों के लिए जनगणना में अलग से कॉलम और धर्म कोड होने चाहिए। झारखंड के अंदर 11 नवंबर, 2020 को झारखंड विधान सभा में अलग से आदिवासी धर्म के कॉलम को लेकर एक प्रस्ताव पास हुआ। उस समय विपक्ष में भाजपा थी और उसने समर्थन दिया। उसने कहा कि आदिवासी समुदाय धर्म की व्यवस्था में चाहे हिन्दू हो, ईसाई हो, वह उसमें नहीं आता है। आदिवासियों की अलग परंपरा और रीति-रिवाज है, इसलिए उनका धर्म कोड जारी किया जाए। आज राजस्थान में अलग तरीके से माहौल बनाया जाता है। हम कहते हैं कि हमें किसी धर्म में नहीं रहना है। हम आदिवासी हैं और आदिवासी रहने दिया जाए।

(1815/CP/SNT)

माननीय सभापति महोदया, कोई वनवासी कहते हैं तो कोई कुछ और कहते हैं। जो व्यवस्था बनी है, उस व्यवस्था के अंदर हम कई बार कहते हैं कि हमें कुछ मत दो। एजुकेशन को लेकर नई शिक्षा नीति बनी है। … (व्यवधान) अभी घंटी बजने वाली है, मैं दो मिनट में अपनी बात समाप्त करूंगा। नई शिक्षा नीति के तहत यह प्रावधान किया गया है कि 6 साल का बच्चा होगा, इसके बाद उसे पहली क्लास में एडमिशन दिया जाएगा। मैं कहना चाह रहा हूं कि यह निजीकरण को बढ़ावा देने का तरीका है, ताकि सरकारी संस्थाएं खत्म हों, निजीकरण हो। मैं अंत में एक ही चीज कहना चाहूंगा … (व्यवधान)

मैडम, मेरे लोक सभा क्षेत्र के अंदर गुजरात और राजस्थान प्रदेश का बार्डर है, जहां पर माही और कंडणा है। मैं सरकार से कहना चाहता हूं कि अगर आदिवासी समुदाय और उस क्षेत्र के लिए कुछ करना चाहते हैं तो इरीगेशन के तहत माही और कंडणा से प्रोजेक्ट तैयार करके उस इलाके के अंदर रखा जाए। आप सबका धन्यवाद।

(इति)

1816 बजे

**श्री प्रदान बरूआ (लखीमपुर) :** महोदया, आपने मुझे बजट पर बोलने का मौका दिया, इसके लिए धन्यवाद। मैं सर्वप्रथम प्रधान मंत्री जी को धन्यवाद ज्ञापित करता हूं। असम के आहोम किंगडम का माउंट बोरियल साइट को वर्ल्ड हैरीटेज साइट में मोदी जी के विशेष प्रयास से स्थान मिला। मैं इसके लिए मोदी जी को बहुत-बहुत धन्यवाद ज्ञापित करता हूं। वर्ष 2024-25 का बजट आत्मनिर्भर भारत, विकसित भारत बनाने के लिए मजबूत फाउंडेशन देने वाला बजट है। मोदी जी ने 10 सालों में सोशियो-इकोनामिक डेवलपमेंट में बहुत काम किया, आयुष्मान भारत लाए, प्रधान मंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना लाए, प्रधान मंत्री आवास योजना लाए, नेशनल लाइवलीहुड मिशन लाए, उजाला योजना लाए, पीएम विश्वकर्मा योजना लाए, पीएम किसान केसीसी लोन, हर घर जल, पीएम स्वनिधि योजना लाए। मोदी जी ने सोशियो-इकोनामिक डेवलपमेंट के अलावा सोशल सिक्योरिटी में भी 10 सालों में काफी अच्छा काम किया। जन-धन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना जैसी योजनाएं लाए, जिसकी वजह से 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर आए।

इन्फ्रास्ट्रक्चर में देश भर में काफी सुधार हुआ है। मेरे क्षेत्र में पहले मीटर गेज लाइन थी, वह भी अबंडन्ड थी। आज उसका ब्रॉड गेज में कन्वर्जन हो चुका है। वहां ट्रेन्स चलने लगी हैं। आज राजधानी ट्रेन भी उस क्षेत्र में चल रही है। मेरे तीन डिस्ट्रिक्ट्स हैं, तीनों डिस्ट्रिक्ट्स में मेडिकल कॉलेज बना, इंडियन एग्रीकल्चरल रिसर्च इंस्टीट्यूट बना, इंजीनियरिंग कॉलेज बना, बोगीबील ब्रिज बना, भूपेन हजारिका का ब्रिज बना। मैंने देखा कि जो ब्रिजेज़ हैं, उनके काम में 15-20 साल लग गए। उस समय रेलवे का बजट 2,120 करोड़ रुपये था और आज की डेट में रेलवे का बजट 10,376 करोड़ रुपये है। ब्रिज बनाने के साथ-साथ मोदी जी ने 5 हजार करोड़ रुपये का बजट तुरन्त प्रदान किया था। इसके अलावा एग्रीकल्चर में भी काफी सुधार हुआ। इसका हमारे क्षेत्र में भी फायदा मिला। स्वाइल हेल्थ कार्ड से शुरू किया और अभी डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर तक मोदी जी एग्रीकल्चर सैक्टर को लेकर गए। पीएम किसान योजना और साथ-साथ केसीसी लिंकेज भी हर फार्मर्स को दे रहे हैं।

मोदी जी ने फरवरी, 2024 तक 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' अभियान चलाया। इस अभियान की वजह से लोगों को और आगे ले जाने का काम हुआ। उस टाइम मोदी जी ने जब अभियान किया था, मेरे दो डिस्ट्रिक्ट्स में सिर्फ 12 हजार और 17 हजार लोगों को पीएम किसान योजना का लाभ मिला था।

(1820/NK/AK)

आज की डेट में 70-80 हजार लोगों को पीएम किसान सम्मान निधि मिला है। इसके अलावा, आईटीआई अपग्रेडेशन के लिए एक हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। मेरीज कन्सर्नड मिनिस्टर से रिक्वेस्ट है कि असम में ज्यादा से ज्यादा फंड दिया जाए। नार्थ ईस्ट के युवा को इंटर्नशिप और दूसरा मौका मिले, इसके लिए वहां बड़ी-बड़ी कंपनीज नहीं हैं, एक-दो पीएसयूज ही हैं। ज्यादा से ज्यादा आईआईटी के अपग्रेडेशन के लिए फंड दिया जाए, यह मेरी विनती है।

इसके साथ-साथ एनसीवीटी का जो नार्म्स है, अभी लेवल 6 तक सीखाया जाता है। मोदी जी के आने के बाद देश में जो भी इन्फ्रास्ट्रक्चर आ रहा है, वह इंटरनेशनल लैवल का है। आईटीआई लैवल को 6-7 तक लाना पड़ेगा। इसके लिए इक्विपेंट्स, मशीनरी, टूल्स, लैब्स, फैक्लटीज भी उसके साथ जुड़े, यह मेरी माननीय मंत्री जी से विशेष रिक्वेस्ट है। इसके अलावा, 100 इंडियन पोस्ट पेमेंट बैंक नार्थ ईस्ट के लिए एलॉट किये हैं। मेरी एक विनती है कि इंटीरियर से इंटीरियर लोकेशन चूज की जाए, टेलीकम्युनिकेशन सर्विस भी शुरू की जाए। हमारा जो परपज है, आज डिजिटल बिजनेस हो रहा है, डिजिटल ट्रांजेक्शन हो रहा है, उसका मौका नार्थ ईस्ट के काफी इलाकों में नहीं मिल रहा है। अगर प्रॉपरली सिलेक्शन इंटीरियर इलाके में हो जाए तो यह मौका उन इलाकों में भी जरूर मिलेगा। यह मेरा कन्सनर्ड मिनिस्टर से रिक्वेस्ट है।

इस बार बजट में फ्लड और इरोजन के बारे में भी उल्लेख किया गया। मैं माननीय मंत्री जी को बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं। असम में बीजेपी की सरकार चल रही है। एटीएस में 5 हजार 800 करोड़ रुपये सेंट्रल अस्सिटेंस मिल रहा है, उसमें से 5000 हजार करोड़ रुपये लास्ट तीन सालों से मिल रहे हैं। मुझे उम्मीद है, इस बार नार्थ ईस्ट में फ्लड और इरोजन के मिटिगेशन के लिए सेंट्रल अस्सिटेंस मिलेगा। इससे अच्छा काम असम और नेबरिंग स्टेट में होगा। इसके अलावा, बजट में टी-गार्डन के लिए एक हजार करोड़ रुपये दिये, इसके लिए मैं माननीय मंत्री जी को धन्यवाद देता हूं। टी-बोर्ड के 721 करोड़ रुपये दिये हैं, इसलिए माननीय मंत्री जी को धन्यवाद देता हूं। 63 हजार ट्राइबल विलेज को आगे ले जाने का काम इस बजट में रखा गया। इसके लिए मैं माननीय मंत्री जी को बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं। अंत मे, मैं इस बजट का समर्थन करते हुए अपनी वाणी को विराम देता हूं। बहुत-बहुत धन्यवाद।

(इति)

1824 बजे

**श्री आदित्य यादव (बदायूं) :** सभापति महोदय, सर्वप्रथम मैं सदन और मेरे निर्वाचन क्षेत्र बदायूं की जनता को धन्यवाद दूंगा कि उन्होंने मुझे आज संसद में अपनी बात रखने का मौका दिया है, बजट की चर्चा में अपनी बात कहने का मौका दिया। जब वित्त मंत्री जी अपना बजट पेश कर रही थीं, उस समय बहुत बड़ी-बड़ी बातें किसानों को लेकर कही गईं, नौजवानों के लिए कहीं गईं, महिलाओं के लिए कही गईं। लेकिन सच्चाई यह है कि हमारा देश कृषि प्रधान देश है। 60 प्रतिशत से ज्यादा आबादी आज किसानी में है, लेकिन जब सरकार किसानों की बात करती है तो किसानों को भी याद आता है कि जब प्रधानमंत्री जी ने वर्ष 2014 में किसानों की आय दोगुनी करने की बात कही थी। आज हम कहां खड़े हैं। हमने इन दस सालों में देखा कि किस तरीके से किसान आंदोलन के जरिए एमएसपी की मांग थी। स्वामीनाथन कमेटी की बात करते हैं तो सामने से पक्ष के लोग हल्ला करते हैं कि हमने स्वामीनाथन कमेटी की रिपोर्ट को लागू किया है। लेकिन सच्चाई यह है कि स्वामीनाथन की जो मूल आत्मा थी, न्यूनतम समर्थन मूल्य, आज भी यह सरकार उसे लागू नहीं कर पाई है। सरकार इस बात को याद रखे, जब सर्दी, गर्मी, बारिश और धूप किसान झेल रहा था, सर्दी में बैठ कर अपनी मांगों को लेकर लड़ रहा था, उस समय सरकार ने अपना मुंह फेरकर किसानों का अपमान किया।

(1825/SK/UB)

हमें याद रखना होगा, जब 700 से ज्यादा किसानों ने अपना बलिदान दिया, उस समय मौजूदा सरकार ने उनके बलिदान को पहचानने से भी इंकार कर दिया था। हमें याद रखना होगा कि आज भी देश के किसी न किसी कोने में कई परिवार हैं, जिन्होंने अपने मुखिया को खोया है। उनके बच्चों के बारे में सोचिए। किसान अपने बच्चे को पढ़ाने के लिए, शिक्षा दिलाने के लिए खेत में मजदूरी करता है, लेकिन आज उस परिवार का भविष्य क्या है?

मैं बदायूं लोकसभा क्षेत्र से आता हूं, वहा सिंचाई को लेकर बहुत बड़ी समस्या है। बदायूं के पास दो नदियां बहती हैं, लेकिन इसके बावजूद भी इन नदियों से सिंचाई करने के लिए कोई कनैक्टिविटी नहीं है। मैं सरकार से पूछना चाहता हूं कि आने वाले समय में किसानों के खेतों की सिंचाई के लिए क्या प्रावधान किए गए हैं? इस समय मेरे लोकसभा क्षेत्र में सारे किसान ट्यूबवैल पर निर्भर हैं। इस समय बिजली की यह

स्थिति है कि हम गांवों में 10-15 दिन तक बिजली की आपूर्ति नहीं कर पा रहे हैं। सरकार की तरफ से सर्वे किया गया था और अधिकारियों ने बताया कि 56 सब-स्टेशन्स हैं, लेकिन कम से कम 35 सब-स्टेशन्स और होने चाहिए। उनकी रिपोर्ट पर सरकार ने निर्णय लिया और अब 33 सब-स्टेशन्स को घटाकर मात्र आठ सब-स्टेशन्स किए जाने की बात आ रही है। किसान इस समय पीड़ित है और हमारे क्षेत्र में त्राहिमाम मचा हुआ है, इसलिए बिजली की समस्या को शीघ्र ही देखा जाए और इन समस्याओं को समझा जाए।

मैं आपके माध्यम से सरकार से कहना चाहता हूं कि सिर्फ उत्तर प्रदेश ही नहीं, कई प्रदेशों में किसानों के लिए अगर कोई गंभीर समस्या बनती जा रही है तो वह आवारा पशुओं की है। किसान और उसके परिवार को दिन में सड़ती धूप में खेत में मेहनत करनी पड़ती है और रात में जागकर फसल की रखवाली आवारा पशुओं से करनी पड़ती है। जब आवारा पशु रात में खेत चर जाते हैं तो किसान का नुकसान होता है और वहीं आवारा पशु जब सड़क पर जाते हैं तो किसी न किसी नौजवान या महिला की जान ले लेते हैं। जब किसानों की बात की जाती है और किसान सम्मान निधि की ओर देखकर सरकार अपनी पीठ थपथपाती है। आंकड़े कहते हैं कि रूरल सैक्टर में खरीद की क्षमता घटती जा रही है, निश्चित तौर पर हमें समझना होगा कि किसान सम्मान निधि किसी काम की नहीं है।

मैं यूथ का नेतृत्व करता हूं, देश में 35 प्रतिशत नौजवान हैं, जिनकी मूलभूत सुविधाएं एजुकेशन और जॉब अपॅारच्युनिटीज़ हैं। आज सरकार कहीं भी जॉब देने में असमर्थ होती चली जा रही है। हमारे देश के 80 प्रतिशत से ज्यादा नौजवान बेरोजगार घूम रहे हैं। आने वाले समय में नौजवानों के रोजगार के लिए सरकार को कुछ करना चाहिए। मुझ जैसे कई नौजवान हैं जो यूनिवर्सिटीज़ में छात्र राजनीति में आगे बढ़कर इन सदनों में लोगों का नेतृत्व करते हैं, लेकिन अब उत्तर प्रदेश में छात्र राजनीति को खत्म करके कहीं न कहीं नौजवानों को आगे आने से रोका जा रहा है।

मैं छात्रों के लिए केवल इतना कहना चाहता हूं कि इलाहाबाद यूनिवर्सिटी जैसी संस्थाओं में, जहां होस्टल की फीस बहुत कम रखी जाती थी ताकि किसानों के बच्चे पढ़-लिख सकें, अगर 400 प्रतिशत फीस बढ़ाई जाती है तो किसानों के लिए बहुत मुश्किल की बात होगी। धन्यवाद।

(इति)

1829 बजे

**डॉ. इन्द्रा हांग सुब्बा (सिक्किम) :** माननीय सभापति जी, आपने मुझे बजट डिसकशन में बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपका धन्यवाद करता हूं। मैं सर्वप्रथम सिक्किम और सिक्किम की जनता की ओर से माननीय वित्त मंत्री जी को बधाई और शुभकामना देते हुए इस बजट का समर्थन करता हूं।

यह बजट, विशेषकर युवाओं को सक्षम और सशक्त बनाने वाला बजट है। हमारे देश को विकसित बनाने के संकल्प के साथ यह बजट पेश किया गया है।

(1830/KDS/SRG)

हमें बहुत खुशी है कि इस सत्र में, इस बजट में युवाओं को सशक्त बनाने के लिए और ज्यादा इम्प्लॉयबल बनाने के लिए बजट में प्रावधान किया गया है। यह बहुत पहले होना चाहिए था, लेकिन जो भी हो, देर से हुआ, फिर भी आज हमारे युवाओं को सक्षम बनाने के लिए स्किलिंग और स्किल डेवलपमेंट को इस बजट में बहुत इम्पॉर्टेंस दिया गया है। हम जैसे युवा लोग, जिसमें 50 प्रतिशत से ज्यादा आबादी इस देश में युवाओं की है। सारे राज्यों में अनइम्प्लॉयमेंट के इश्यूज हैं। इसको आगे ले जाकर बजट में समावेश करना बहुत ही फॉरवर्ड लुकिंग बजट हमें लगता है। हम इसका समर्थन भी करते हैं और इसको अच्छे से इम्प्लीमेंट करने के लिए सारी पार्टियां, अक्रॉस द पार्टी लाइन हमें एक साथ होकर युवाओं को सक्षम बनाना जरूरी है।

महोदया, बजट में कहा गया है कि एक करोड़ युवाओं को 5 सौ टॉप कंपनीज में इंटर्नशिप दिया जाएगा, जिसका प्रावधान बजट में किया गया है, लेकिन अक्सर यह हुआ है कि जब इंटर्नशिप दी जाती है, तब किसी बड़ी कंपनी में स्किलिंग के लिए लिया जाता है, तो बड़े शहरों में जो होता है और बड़े शहरों के नजदीक के गांवों को ही यह मौका मिलता है। जैसे सिक्किम दिल्ली से लगभग हजार किमी दूर है, जहां के लोगों को इंटर्नशिप का मौका ज्यादा नहीं मिलता। हम वित्त मंत्री जी से यह भी निवेदन करते हैं कि इसको इम्प्लीमेंट करते वक्त सारी राज्य सरकारों को और राज्य सरकारों की जितनी भी मशीनरीज हैं, जितने भी इंस्टीट्यूशन्स हैं, उनको भी साथ लेकर इसको इम्प्लीमेंट किया जाए, ताकि दूर गांव में बैठे एक युवा को भी मौका मिले कि एक बड़ी कंपनी में वह इंटर्नशिप करे और उसके बाद उस कंपनी में उसको भी नौकरी करने का मौका मिले।

महोदया, स्किलिंग की जहां तक बात है, तो आज हम जब ग्रेजुएट हो चुके हैं, जब लोगों ने बीए, बीएससी, एमए सब कर लिया है, उसके बाद हम उनकी स्किलिंग करने की बात सोच रहे हैं, लेकिन मुझे लगता है कि अगर विकसित भारत बनाना है, तो हमें सोचना चाहिए कि ये स्किलिंग स्कूल लेवल और स्कूल करिकुलम से ही शुरू होनी चाहिए ताकि जब वह अपनी डिग्री खत्म करे, तब तक उसे एक एक्स्ट्रा स्किल भी मिले और कहीं भी काम करने को

एक्स्ट्रा सक्षम बना सके। यहां बजट में बहुत ही विजनरी चीज को लाया गया है- नैचुरल फार्मिंग।

महोदया, आपको पता ही है कि सिक्किम में नैचुरल फार्मिंग बहुत पहले से ही प्रैक्टिस करके आए हैं। इसको इम्प्लीमेंट करते वक्त हमारा अनुभव भी रहा है और इसकी रिसर्च पेपर्स ने भी पुष्टि की है कि जब नैचुरल फार्मिंग में हम शिफ्ट करते हैं, तो उस टाइम प्रोडक्शन 37 प्रतिशत से लेकर 50-60 प्रतिशत तक कम हो जाता है। इस समय जब हम नैचुरल फार्मिंग में शिफ्ट करने की सोच रहे हैं, तो किसानों को बहुत ज्यादा इंसेंटिवाइज करना जरूरी होता है, उनको इंसेंटिव देना जरूरी होता है, ताकि ज्यादा से ज्यादा किसानों को हम इन्करेज कर सकें कि वे नैचुरल फार्मिंग की तरफ जाएं और इसकी प्रैक्टिस करें। सिक्किम में नैचुरल फार्मिंग को जबरदस्ती इम्प्लीमेंट किया गया। उस टाइम जिस तरह से नैचुरल फार्मिंग में प्रोडक्शन कम हो गया, जिस कारण बहुत सारे किसानों ने फार्मिंग ही छोड़ दी। हमारी सरकार आने के बाद हम उनको इन्करेज कर रहे हैं कि नैचुरल फार्मिंग के प्रोडक्शन को बढ़ाएं और बाहर एक्सपोर्ट करने की भी सुविधाओं का इसमें प्रावधान होना चाहिए। मैं कैमिकल व फर्टिलाइजर की स्टैंडिंग कमेटी में चार साल रहा हूं। चार सालों में कभी भी बायो फर्टिलाइजर्स और ऑर्गेनिक मैन्योर के बारे में ज्यादा डिस्कशन नहीं हुआ। जितना भी इंसेंटिव फर्टिलाइजर्स में दिया जाता है, वहां पर इसका डिस्कशन होता है, लेकिन बायो मैन्योर को प्रोक्योर करने का डिस्कशन कभी नहीं हुआ। इसको भी आगे ले जाना चाहिए ताकि जो भी फार्मर नैचुरल फार्मिंग करना चाहता है, उनको भी इसकी सुविधा मिलनी चाहिए। मैं वित्त मंत्री जी को सिक्किम की ओर से बहुत धन्यवाद देता हूं। … (व्यवधान)

मैडम, दो मिनट, दो ही पॉइंट्स हैं, उनको खत्म करने के बाद मैं कनक्लूड कर दूंगा। तीस्ता फ्लड जो सिक्किम में 2023 में हुआ, उसके लिए हमें असिस्टेंस दिया जाएगा, यह बजट में बताया गया है। हम बहुत खुश हैं। सिक्किम सरकार प्रधान मंत्री जी को भी बहुत-बहुत धन्यवाद देना चाहती है, लेकिन फ्लड का खतरा यहां तक ही नहीं है, सिक्किम में और एंटायर हिमालय में इतना ज्यादा ग्लेशियर लेक्स हैं कि क्लाइमेट चेंज की वजह से जिस तरह से ग्लेशियर डिप्लीट हो रहा है, जिससे ग्लेशियर लेक्स का आकार बढ़ता जा रहा है और वह डैंजरस होता जा रहा है। सिक्किम में 300 से ज्यादा ग्लेशियर लेक्स हैं, जिसमें 16 से ज्यादा अभी डैंजरस हो चुकी हैं। इसके मिटिगेशन के लिए हम सिक्किम की ओर से इतनी ही रिक्वेस्ट भारत सरकार से करते हैं कि सिक्किम में एक रीजनल सेंटर फॉर ग्लेशियलोजी बनाया जाए, जहां मिटिगेशन के लिए काम किया जाए। इसके साथ प्रधान मंत्री जी को बहुत-बहुत धन्यवाद देते हुए मैं कनक्लूड करता हूं।

(इति)

(1835/KDS/RCP)

1835 बजे

**श्री इटेला राजेंदर (मल्काजगिरि) :** धन्यवाद सभापति महोदया, वित्त मंत्री जी ने जो बजट पेश किया था, उसका सम्पूर्ण रूप से मैं सपोर्ट कर रहा हूं। आज मैंने एलओपी की बात सुनी थी। एग्रीकल्चर के बारे में बहुत बातचीत हुई थी। अनइम्प्लॉयमेंट, यूथ के लिए भी बातें कही गई थी और एक बात बहुत स्ट्रेस के साथ सोशल जस्टिस के बारे में बताया था। मैं पूछना चाहता हूं कि 77 वर्ष की आजादी में इस देश के अंदर 50 साल से अबव का जिसने शासन किया था, वह कांग्रेस पार्टी ने किया था। कांग्रेस पार्टी ने जिस टाइम शासन किया था, उस समय देश के अंदर हजारों किसानों ने सुसाइड किया था। वर्ष 2014 तक खेती के काम के लिए उस सरकार ने कुछ भी नहीं किया था। स्वामीनाथन कमीशन की रिपोर्ट आने के बाद उस टाइम की सरकार ने कुछ भी इफेक्टिव मेजर्स नहीं लिए थे। मोदी सरकार आने के बाद वर्ष 2014-15 में एमएसपी 1360 रुपये था, आज 10 साल बाद एमएसपी 2320 रुपये हो गया है। आज किसानों के बारे में स्वामीनाथन कमेटी को पूरी तरह इम्प्लीमेंट करने वाली सरकार मोदी सरकार है।

मैडम, दूसरी बात, नैचुरल फार्मिंग के बारे में अभी हमारे मित्र ने जो बात की है, वह फैक्ट है। 30-40 परसेंट प्रोडक्टिविटी कम होती होगी। वर्ष 2014 से एक हेक्टेयर में 2050 किलोग्राम भी नहीं था, अभी प्रोडक्टिविटी बढ़कर 2552 किलोग्राम आ रहा है। इसमें नैचुरल फार्मिंग और सीरील्स प्रोडक्शन के लिए भारत सरकार और मोदी जी जो सोच रहे हैं, वह कैंसर, रीनल फेल्योर्स अलग-अलग डिजीज जो बढ़ती जा रही हैं, इस देश को डिजीज से बचाने हेतु जरूर सोचना चाहिए। मोदी सरकार आज हमारे लोगों की हेल्थ के बारे में सोच रही है और उस पर अमल होने के लिए हमारी सरकार जो स्टेप्स ले रही है, उसका स्वागत करना हमारा कर्तव्य है।

मैडम, इस देश में सोशल जस्टिस के बारे में बात की जा रही है। हमारे तेलंगाना में आज तक कांग्रेस पार्टी ने शासन किया था, एक भी दलित मुख्य मंत्री नहीं हुआ, एक भी गिरिजन मुख्य मंत्री नहीं हुआ था और एक भी ओबीसी मुख्य मंत्री नहीं हुआ था। मैं पूछना चाहता हूं कि एलओपी को कि वर्ष 2014 में जब कांग्रेस पार्टी अपोजीशन के रूप में बैठी थी, इनको एलिजिबिलिटी नहीं मिली थी। तब अपोजीशन लीडर कौन था, ये तो नहीं हैं?

(1840/MK/PS)

वर्ष 2019 में भी इनको एलिजिबिलिटी नहीं मिली थी। उस समय भी इनके पास फ्लोर लीडर नहीं था। अभी एलिजिबलिटी मिलने के बाद इनको फ्लोर लीडर मिला है। भारतीय जनता पार्टी ने इस देश में एक ओबीसी को प्रधानमंत्री बनाया है। जब हमारे प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी थे, उस समय हमने अब्दुल कलाम को प्रेसिडेंट बनाया था। वर्ष 2014 में गवर्नमेंट आने के बाद मोदी जी ने एक दलित बेटा को राष्ट्रपति बनाया था। ये इसकी कभी कल्पना नहीं कर सकते है। ये जो एससीज, एसटीज और ओबीसीज के बारे में बात करते हैं, अभी एक एसटी राष्ट्रपति, एक आदिवासी महिला को राष्ट्रपति बनाया तो भारतीय जनता पार्टी ने बनाया है। ये सोच भी नहीं सकते हैं और कल्पना भी नहीं कर सकते हैं। ये दलित जाति के लिए बात कर रहे हैं, मैंने अभी नहीं

देखा है, लेकिन लास्ट कैबिनेट में आउट ऑफ 76 मिनिस्टर्स में से एससीज के 12 लोग मंत्री थे, 8 लोग एसटी के मंत्री और ओबीसीज के 27 मंत्री थे। जो एससीज के बारे में, एसटीज के बारे में और ओबीसीज के बारे में कल्पना करने वाली और उस पर अमल करने वाली जो पार्टी है, वह भारतीय जनता पार्टी है। हम क्वैश्चन नहीं कर सकते हैं।

महोदया, मुझे कल भाषण देने के लिए मौका दिया गया था। मैं फॉर्मर फाइनेंस मिनिस्टर हूं। मैंने सभी भाषण को सुना है। क्या भाषण दिया गया, वह मैं नहीं बोल सकता हूं, क्योंकि ये लोग बहुत एक्सपीरियंस्ड लोग हैं। लेकिन, आज कहा गया कि यह काम का बजट नहीं है, प्रजा का बजट नहीं है, इस बजट में ऑपोजिशन राज्यों को गलत वितरण किया गया है, ये सारी बातें गलत हैं।

महोदया, इस बजट में जैसा हमारे साथी ने कहा कि बहुत साल के बाद अनएम्पलॉयड युवा के बारे में सोचकर पैसा एलोकेट करके, इस इश्यू को टैकल करने का जो निर्णय लिया गया है, वह बहुत स्वागतयोग्य है। आज यह इश्यू केवल भारत में ही नहीं है बल्कि सारी दुनिया में, आज अमरिका भी अनएम्पलॉयमेंट का प्रॉब्लम फेस कर रहा है। आज दुनिया के अंदर इंफ्लेशन ज्यादा हो रहा है। आज दुनिया के अंदर इकोनॉमिकल रिसेशन हो रहा है। इसके बावजूद मोदी जी की सरकार ने एक ही बात सोची कि जो युवाशक्ति दुनिया के अंदर भारत में ज्यादा है, उसको प्रोडक्टिविटी में रखना है। इस युवा शक्ति को देश को आगे बढ़ाने के लिए मौका देने का जो निर्णय लिया था, वह निर्णय केवल स्वागत करने के लिए नहीं है, अगर उस निर्णय पर अमल करें तो यह देश, जो अभी दुनिया की फिफ्थ इकोनॉमी देश है, आने वाले दिनों में डेफिनेटली थर्ड इकोनॉमी बनेगा।

महोदया, मैं दो-तीन विषय रखना चाहता हूं। इन्होंने एसीज के बारे में बात की थी, ठीक है, लेकिन जो एससीज, एसटीज, ओबीसीज महिलाएं शौच के लिए बाहर लोटा लेकर जाती थीं, उनके लिए 12 करोड़ मकान के अंदर टॉयलेट बनाकर उन लोगों का जिसने रेस्पेक्ट बढ़ाया, वह मोदी जी ने बढ़ाया। यह काम कांग्रेस पार्टी ने नहीं किया था।

महोदया, ये कहते हैं कि कुछ भी नहीं हुआ, कुछ भी नहीं हुआ। ... (व्यवधान) मैं पढ़ता हूं, आप मुझे दस मिनट टाइम दे दीजिए। The number of rural tap water, जो पहले 3.2 करोड़ था, आज 13.8 करोड़ है। वर्ष 2014 तक the export of goods and services 28 लाख 56 हजार 781 था। आज ये कल्पना भी नहीं कर सकते हैं, आज यह 64 लाख 56 हजार 15 है। आप देखिए कि यूपीए गवर्नमेंट में क्या था और एनडीए गवर्नमेंट क्या है। वर्ष 2014-15 तक प्रोडक्शन 252 मिलियन टन्स था।

(1845/SJN/SMN)

पहले 130.2 मिलियन टन था, लेकिन अभी 328.9 मिलिटन टन है। पहले अनाज की उपज प्रति हेक्टेयर 2,028 किलो थी, लेकिन आज प्रति हेक्टेयर 2,525 किलो है। इससे पहले मैंने बताया था कि वर्ष 2014 में एमएसपी 1,360 रुपये थी, लेकिन आज 2,320 रुपये है। पहले फॉरेन एक्सचेंज 18,28,375 करोड़ रुपये था, लेकिन आज 53,91,255 करोड़ रुपये है। पहले हाउसहहोल्ड के इलेक्ट्रिफिकेशन के लिए 2,86,97,592 रुपये थे।...(व्यवधान)

(इति)

1846 बजे

**श्री मोहम्मद हनीफ़ा (लद्दाख) :** सभापति महोदया, आपने मुझे बजट 2024-25 पर बोलने का मौका दिया, उसके लिए मैं आपका शुक्रिया अदा करता हूं।

मैडम, इस बजट में लद्दाख के लिए तकरीबन 6,000 करोड़ रुपये का एलोकेशन किया गया है। पिछले बजट में भी तकरीबन इतना ही एलोकेशन किया गया था, लेकिन उसको रिवाइज्ड करके 4,500 करोड़ रुपये किया गया था। उसका कारण यह बताया गया कि वहां पर खर्च कम किया गया है।

मैडम, लद्दाख का जियोग्रॉफिकल हालत और मौसमी हालत ऐसी है कि वहां पर वर्किंग सीजन बहुत देर से शुरू होता है। वहां पर बारिश के बाद तकरीबन वर्किंग सीजन शुरू होता है। बजट में जो रिव्यू किया जाता है, वहां पर सितंबर माह में किया जाता है। उसको खर्च करने के लिए बारिश और सितंबर माह के बीच बहुत कम वक्त होता है। सितंबर माह तक बिलिंग प्रोसीजर तैयार नहीं होता है। रिव्यू के वक्त एक्सपेंडिचर सामने नहीं आ पाता है।

ये जो मुद्दा है, उसको मैंने माननीय वित्त मंत्री साहिबा के सामने भी रखा था। सितंबर माह में जो रिव्यू किया जाता है, अगर लद्दाख में नवंबर-दिसबंर माह में रिव्यू किया जाए, तो दिसंबर माह तक बिलिंग प्रोसीजर कंप्लीट हो जाता है और पूरी तरह से एक्सपेंडिचर सामने आ जाता है। एक्सपेंडिचर के आधार पर 6,000 करोड़ रुपये अनाउंस हुए हैं, उसको रिवाइज्ड करके उस रकम को कम किया जाता है। अगर दिसंबर माह में रिव्यू किया जाए, तो उस वक्त लद्दाख का एक्सपेंडिचर पूरी तरह से सामने आ जाता है। वहां के लिए जो बजट अनाउंस होता है, ताकि वहां मुक़म्मल तौर पर उसको खर्च किया जाएगा।

मैडम, लद्दाख में ऑटोनोमस हिल डेवलेपमेंट काउंसिल है, जो एक वाहिद संस्था है, एक सेटअप है, वहां पर ग्रास रूट लेवल से आवाम के चुने हुए नुमाइंदे उस काउंसिल में जाते हैं और वहां पर ग्रास रूट लेवल पर प्लान तैयार किया जाता है। मगर 6,000 करोड़ रुपये का जो बजट अनाउंस किया जाता है, उसका महज 10 प्रतिशत उस काउंसिल के अख़्तियार में दिया जाता है। मेरी मांग है कि बजट का कम से कम 40 से 50 प्रतिशत ऑटोनोमस हिल डेवलेपमेंट काउंसिल के अख़्तियार में दिया जाए।

जब यहां पर पिछली बार जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन बिल लाया गया था, उस वक्त माननीय गृह मंत्री साहब ने यहां पर वादा किया था कि ऑटोनोमस हिल डेवलेपमेंट काउंसिल की जो पावर है, उसको एम्पॉवर किया जाएगा, उसको घटाया नहीं जाएगा, लेकिन ऑटोनोमस हिल डेवलेपमेंट काउंसिल के पास जो कैपेक्स बजट जाता है, जब वर्ष 2019 में यूटी बना था, उससे पहले ये नॉन लैप्सेबल हुआ करता था, लेकिन अब वह लैप्सेबल है। इस बजट से हिल काउंसिल को तकरीबन 40 से 50 प्रतिशत दिया जाए और उसको नॉन लैप्सेबल बनाया जाए।

(1850/SPS/SM)

ऑनरेबल मैडम, आज यहां पर एम्प्लॉयमेंट पर काफी बातें हुई हैं। यहां पर कहा गया है कि यह जो बजट है, यह एम्प्लॉयमेंट सेंट्रिक बजट है, लेकिन आज लद्दाख में सबसे बड़ा चैलेंज है,

सबसे बड़ा मसला है, सबसे बड़ी परेशानी है तो वह बेरोजगारी है। वर्ष 2019 में लद्दाख को यूटी बनाया गया। … (व्यवधान) मैडम, प्लीज, लद्दाख के कुछ इश्यूज़ यहां पर रखना बहुत जरूरी है। लद्दाख में आज बेरोजगारी का मसला सबसे बड़ा चैलेंज है। लद्दाख में पिछले पांच साल से खासकर गैजेटेड पोस्ट की कोई भी रिक्रूटमेंट नहीं हुई है। वहां पर अभी तक पब्लिक सर्विस कमीशन नहीं बना है। यह पहले जम्मू कश्मीर पब्लिक सर्विस कमीशन के साथ था। यह यूटी बना और उससे अलग हुआ, लेकिन अभी तक यहां पर पब्लिक सर्विस कमीशन नहीं बना है। रिक्रूटमेंट रूल्स बन रहे हैं। … (व्यवधान)

**माननीय सभापति (डॉ. काकोली घोष दस्तीदार) :** अब अपनी बात समाप्त कीजिए।

**श्री मोहम्मद हनीफ़ा (लद्दाख) :** मैडम, उस दिन भी मुझे टाइम नहीं दिया गया था। कुछ इश्यूज़ हैं, जिनको यहां पर रखना जरूरी है।

**माननीय सभापति:** आप ले कर दीजिए।

**श्री मोहम्मद हनीफ़ा (लद्दाख) :** मैडम, लद्दाख का जो नौजवान तबका है, पढ़ा-लिखा यूथ है, वह आज परेशान है, फ्रस्ट्रेटेड है। बहुत सारे जवान, बहुत सारे पढ़े-लिखे यूथ ओवर एज हो गए हैं। लद्दाख में रिक्रूटमेंट सिस्टम को जल्द से जल्द शुरू किया जाए। वहां पर पीएसी का गठन किया जाए। अगर लद्दाख को अलग से पीएसी देने में मुश्किल है तो जम्मू कश्मीर पीएसी के साथ रखा जाए और जल्द से जल्द रिक्रूटमेंट शुरू की जाए। वहां पर 80 परसेंट रिज़र्वेशन की बात गवर्नमेंट की पिछली हाई पावर कमेटी मीटिंग में हुई थी। वहां पर 80 परसेंट रिज़र्वेशन मिलना चाहिए। वहां पर एलआरसी मेंडेटरी होना चाहिए। ये लद्दाख की परेशानियां हैं। मैडम, इसके अलावा भी बहुत सारे इश्यूज हैं।

(इति)

**جناب محمد حنیفہ (لدّاخ):** میڈم چیئرمین صاحبہ، آپ نے مجھے بجٹ 2024-25 پر بولنے کا موقع دیا، اس کے لئے میں آپ کا شکریہ ادا کرتا ہوں۔

میڈم، اس بجٹ میں لداخ کے لئے تقریباً 6000 کروڑ روپئے کا ایلوکیشن کیا گیا ہے۔ پچھلے بجٹ میں بھی تقریباً اتنا ہی ایلوکیشن کیا گیا تھا، لیکن اس کو ریوائز کر کے 4500 کروڑ کیا گیا تھا، اس کی وجہ یہ بتائی گئی تھی کہ وہاں پر خرچ کم کیا گیا ہے۔

میڈم، لداخ کا جیوگرافیکل حالت اور موسمی حالت ایسی ہے کہ وہاں پر ورکنگ سیزن بہت دیر سے شروع ہوتا ہے، وہاں پر بارش کے بعد تقریباً ورکنگ سیزن شروع ہوتا ہے۔ بجٹ میں جو وی وکیا جاتا ہے، وہاں پر ستمبر ماہ میں کیا جاتا ہے۔ اس کو

خرچ کرنے کے لئے بارش اور ستمبر ماہ کے بیچ تک کم وقت ہوتا ہے۔ ستمبر ماہ تک بلنگ پروسیس زیادہ تر نہیں ہوتا ہے۔ یہی وجہ ہے کہ وقت پر ایکسپینڈیچر سامنے نہیں آتا ہے۔

یہ جو مدعا ہے، اس کو میں نے محترم وزیرِ مالیات صاحبہ کے سامنے بھی رکھا تھا۔ ستمبر ماہ میں جو ریویو کیا جاتا ہے، اگر لداخ میں نومبر دسمبر ماہ میں ریویو کیا جائے، تو دسمبر ماہ تک بلنگ پروسیس زیادہ کمپلیٹ ہو جاتا ہے اور پوری طرح سے ایکسپینڈیچر سامنے آجاتا ہے۔ ایکسپینڈیچر کے حساب سے اوپر 6000 کروڑ روپئے ایلوکیشن ہوئے ہیں، اس کو ریوائز کر کے اس رقم کو کم کیا جاتا ہے۔ اگر دسمبر ماہ میں ریویو کیا جائے، تو اس وقت لدّاخ کا ایکسپینڈیچر پوری طرح سے سامنے آجاتا ہے۔ وہاں کے لئے جو بجٹ ایلوکیشن ہوتا ہے، اتنا وہاں مکمل طور پر اس کو خرچ کیا جائے گا۔

میڈم، لدّاخ میں آٹونومس ہل ڈیولپمنٹ کونسل ہے، جو ایک واحد اِدارہ ہے، ایک سیٹ اپ ہے، وہاں پر گراس روٹ لیول سے عوام کے چُنے ہوئے نمائندے اس کونسل میں جاتے ہیں اور وہاں پر گراس روٹ لیول پر پلان تیار کیا جاتا ہے۔ مگر 6000 کروڑ روپئے کا جو بجٹ ایلوکیشن کیا جاتا ہے، اس کا محض 10 فیصد اس کونسل کے اختیار میں دیا جاتا ہے۔ میری مانگ ہے کہ بجٹ کا کم سے کم 40 سے 50 فیصد آٹونومس ہِل ڈیولپمنٹ کونسل کے اختیار میں دیا جائے۔

جب یہاں پر پچھلی بار جموں کشمیر ری آرگنائزیشن بِل لایا گیا تھا، اس وقت محترم وزیرِ داخلہ صاحب نے یہاں پر وعدہ کیا تھا کہ آٹونومس ہِل ڈیولپمنٹ کونسل کی جو پاور ہے، اس کو امپاور کیا جائے گا، اس کو گھٹایا نہیں جائے گا، لیکن آٹونومس ہِل ڈیولپمنٹ کونسل کے پاس جو کیپیکس بجٹ جاتا ہے، جب سال 2019 میں یو ٹی بنا تھا، اس سے پہلے یہ نون لیپس ایبل ہوا کرتا تھا لیکن اب وہ لیپس ایبل ہے۔ اس بجٹ سے ہِل کونسل کو تقریباً 40 سے 50 فیصد دیا جائے اور اس کو نون لیپس ایبل بنایا جائے۔

آنریبل میڈم، آج یہاں پر ایمپلائمنٹ پر کافی باتیں ہوئی ہیں۔ یہاں پر کہا گیا ہے کہ یہ جو بجٹ ہے، یہ ایمپلائمنٹ سنٹرک بجٹ ہے لیکن آج لدّاخ میں سب سے بڑا

چیلینج ہے، سب سے بڑا مسئلہ ہے، سب سے بڑی پریشانی ہے تو وہ بے روزگاری ہے۔ سال 2019 میں لدّاخ کو یوٹی بنایا گیا۔ (مداخلت) میڈم پلیز لدّاخ کے کچھ ایشوز یہاں پر رکھنا بہت ضروری ہے۔ لدّاخ میں آج بے روزگاری کا مسئلہ سب سے بڑا چیلینج ہے۔ لدّاخ میں پچھلے پانچ سال سے خاص کر گزیٹیڈ پوسٹ کے لیے کوئی بھی ریکروٹمنٹ نہیں ہوئی ہے۔ وہاں پر ابھی تک پبلک سروس کمیشن نہیں بنا ہے۔ یہ پہلے جموں کشمیر پبلک سروس کمیشن کے ساتھ تھا۔ یوٹی بنا اور اس سے الگ ہوا لیکن ابھی تک یہاں پبلک سروس کمیشن نہیں بنا ہے، یوٹی کو ریکروٹمنٹ رولز بن رہے ہیں۔ (مداخلت)

میڈم، اس دن بھی مجھے ٹائم نہیں دیا گیا تھا۔ کچھ ایشوز ہیں، جن کو یہاں پر رکھنا ضروری ہے۔

میڈم، لدّاخ کا جو نوجوان طبقہ ہے، پڑھا لکھا ہوتا ہے، وہ آج پریشان ہے۔ بہت سارے جوان، بہت سارے پڑھے لکھے ہوتے ہوئے اوور ایج ہو گئے ہیں۔ لدّاخ میں جو ریکروٹمنٹ سسٹم کو جلد سے جلد شروع کیا جائے، وہاں پر پی۔ایس۔سی کا گٹھن کیا جائے۔ اگر لدّاخ کو الگ سے پی۔ایس۔سی۔ بنانے میں مشکل ہے تو جموں کشمیر پی۔ایس۔سی کے ساتھ جوڑا جائے اور جلد سے جلد ریکروٹمنٹ شروع کیا جائے۔ وہاں پر 80 فیصد ریزرویشن کی بات گورنمنٹ کے پچھلے دنوں ہائی پاور کمیٹی میٹنگ میں ہوئی تھی۔ وہاں پر 80 فیصد ریزرویشن ملنا چاہئے۔ وہاں پر ای۔آر۔ایس۔ مینڈیٹری ہونا چاہئے۔ یہ لدّاخ کی پریشانیاں ہیں میڈم، اس کے علاوہ بھی بہت سارے ایشوز ہیں۔

(ختم شد)

1852 बजे

**श्री उमेषभाई बाबूभाई पटेल (दमन और दीव) :** अध्यक्ष महोदया, आपने वर्ष 2024-25 के वित्त बजट पर मुझे बोलने का मौका दिया, मैं इसके लिए आपका आभारी हूं। भारत सरकार द्वारा लाया गया बजट बहुत अच्छा है और हर तबके के लोगों का ख्याल रखकर बनाया गया है, ऐसा मुझे लगता है, लेकिन हमारे प्रदेश के लिए इसमें विशेष कुछ नहीं है। हम केन्द्र से संचालित हैं तो हमारा विशेष ध्यान रखना चाहिए था।

महोदया, इस बजट में लाई गई योजनाएं जब तक धरातल पर इंप्लीमेंट नहीं होती हैं, तब तक इसका फायदा नहीं है। हमारे प्रदेश में बिल्कुल ऐसा ही हो रहा है। हमारे प्रदेश के प्रशासक जी के अड़ियल रवैए और गलत नितियों के चलते, सरकार की योजनाएं लोगों तक नहीं पहुंच पा रही हैं, जिसका खामियाजा हमारी जनता भुगत रही है। मैं अपने प्रदेश के कुछ मुद्दों पर आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। सरकार रोजगार देने की बात करती है, लेकिन हमारे यहां लोगों के रोजगार छीने जा रहे है। कितनी सारी सैंक्शन्ड पोस्ट्स खाली पड़ी हुई हैं, लेकिन भरी नहीं जाती है। युवाओं को सालों साल कॉन्ट्रैक्ट पर काम करवाकर जॉब से निकाल दिया जाता है। जिन्होंने कोरोना काल की महामारी में अपनी जान की परवाह न करते हुए अपने परिवारों की जान की भी परवाह नहीं की, उनको सालों साल काम करवाकर नौकरी से निकाल दिया गया। सरकार टूरिज्म को बढ़ावा देने की बातें करती है, लेकिन हमारे प्रदेश दमन एवं दीव में बस स्टैंड तक नहीं है। हमारा पहला प्रदेश है, जहां बस स्टैंड तक नहीं है। क्या ऐसे पर्यटकों का सुधार होगा? क्या ऐसे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा?

महोदया, सरकार एफडीआई द्वारा विदेशी इन्वेस्टमेंट बढाना चाहती है, लेकिन हमारा प्रशासन हमारे ओसीआई पासपोर्ट धारक भाईयों के काम-धंधे बंद करवाने के नियम बनाता है। सरकार गरीबों को आवास देने की बात करती है और हमारा प्रशासन गरीबों के घर-मकान तोड़ने काम करता है। यहां तक कि प्रधान मंत्री आवास योजना में बनाए गए घर-मकान भी तोड़ दिए गए हैं। हमारी सरकार इंफ्रास्ट्रक्चर बढ़ाने की बात करती है, रोड, रास्तों को सुधारने की बातें करती है, लेकिन हमारे प्रशासन ने सारे प्रदेश के रोड को खोदने से नहीं बचाया, बल्कि सारे रास्तों को खोदकर रख दिया है। यहां तक कि प्रदेश में एकमात्र कॉस्टल हाइवे है, वह भी खेती करने का खेत जैसा बन गया है। सरकार बिजली के बढ़ते बिलों से लोगों को राहत देने के उपाय ढूंढ रही है और हमारा प्रदेश हमें पूरे भारत से सबसे सस्ती बिजली देने के बावजूद भी सरकारी विधुत विभाग सालाना 100 से 200 करोड़ का फायदा करता रहा था, लेकिन विभाग को निजी कंपनी टोरेंट को देकर सस्ती बिजली को दो से तीन गुना भाव बढ़ाकर भी विभाग को 500 करोड का सालाना नुकसान दिखाया जा रहा है। सरकार वित्तीय घाटा कम करने का प्रयास कर रही है, लेकिन हमारा प्रशासन विकास कार्य पर मूल लागत से 40 प्रतिशत से 50 प्रतिशत के ऊपर काम देने के बावजूद भी समय सीमा पर काम पूर्ण नही करवा रहा है और विकास कार्य की मूल कीमत को दो से तीन गुना बढ़ाकर विकास राशि का सत्यानाश कर वित्तीय घाटा बढ़ाने में अहम योगदान दे रहा है।

(1855/MM/RP)

सरकार हेल्थ सुविधा सुधारने की बात करती है। हमारे प्रदेश में गरीबों को सरकारी अस्पतालों में भी मुफ्त इलाज नहीं मिलता है। पैसे खर्च करने के बावजूद भी हमें छोटे-छोटे इलाज करवाने के लिए गुजरात और महाराष्ट्र जाना पड़ता है। सरकार शिक्षा में सुधार की बात करती है, लेकिन हमारे प्रदेश में आजादी के इतने साल बीत जाने के बावजूद एसएससी और एचएससी का बोर्ड तक नहीं बन पाया है। हमें पढ़ायी के लिए आज भी गुजरात और महाराष्ट्र पर निर्भर रहना पड़ता है। आज जीरो ऑवर में भी मैंने इस बात को उठाया है।

मैडम, सरकार रोजगार बढ़ाने की बात करती है। हमारे यहां रोजगार कैसे बढ़ेगा? फैक्ट्रियां हमारे यहां से पलायन कर रही हैं। बिल्डर्स की बिल्डिंग्स तोडी जा रही है। होटल वालों के होटल्स तोड़े जा रहे हैं। बार और रेस्टोरेंट वालों के लाइसेंस रद्द किए जा रहे हैं। छोटे से छोटे कामधंधे को बर्बाद किया जा रहा है। प्रशासन की

ऐसी नीतियों से हर कोई परेशान है। प्रदेश का रेवेन्यू कैसे बढ़ेगा? कैसे रोजगार बढ़ेगा? हमारी सरकार मछुआरों के लिए बहुत सारी योजनाएं लेकर आयी है, लेकिन मैं आपको बताना चाहता हूं कि हमारे यहां पिछले आठ सालों से मछुआरों की हालत बहुत ही दयनीय है। गुजरात और महाराष्ट्र में मछुआरों को अनेक योजनाओं में लाभ देती है, वैसा लाभ हमारे प्रदेश के मछुआरों को नहीं मिल पा रहा है। हमें बोट की खरीदी, नेट की खरीदी, वायरलेस की खरीदी, फ्रीज की खरीदी और इंजन की खरीदी पर और मछली पकड़ने के लिए जिस सामान की जरूरत पड़ती है, उस पर जो सब्सिडी मिलती थी, मछुआरों को राहत मिलती थी, हमारे प्रशासन उन सारी सब्सिडियों को बंद कर दिया है। इन सारी सुविधाओं को बंद कर दिया है। दुखद तो यह है कि भारत सरकार द्वारा मत्स्य संपदा योजना का लाभ हमारे मछुआरों को नहीं मिल पा रहा है। प्रशासनिक लापरवाही के चलते मछुआरों को वर्ष 2022-23 और 2023-24 में जो 14 महीने के डीजल के वैट की सब्सिडी का पैसा भी नहीं मिला है। तौकते तूफान से मछुआरों को जो नुकसान हुआ है, उसका भुगतान अभी तक नहीं किया गया है। मछुआरों के उत्थान के लिए जो कॉपरेटिव सोसायटी बनायी गयी है, उस पर भी प्रशासन ने कब्जा कर रखा है। क्या ऐसे मछुआरों का उद्धार होगा?

महोदया, सरकार लोगों के कल्याण के लिए बहुत सारी योजनाएं लायी है। इन सारी योजनाओं को धरातल तक पहुंचाने के लिए स्वराज्य संस्थाओं का, जैसे ग्राम पंचायत, जिला पंचायत और नगर पालिकाओं का अहम रोल होता है। मैं आपको बताना चाहता हूं कि हमारे यहां स्वराज्य संस्थाओं को संवैधानिक संशोधन 73 और 74 के द्वारा जो पावर दी गयी हैं, वह सारी पावर प्रशासन ने छीन ली है। वहां नौकरशाहों ने स्वराज्य संस्थाओं पर कब्जा कर रखा है। यहां तक की पिछले 6-7 साल से स्वराज्य संस्थाओं को बजट तक नहीं दिया जा रहा है। सालों से स्वराज्य संस्थाओं को बजट मिलता था, लेकिन पिछले 6-7 सालों से स्वराज्य संस्थाओं को बजट नहीं मिल रहा है।

मैडम, दो-तीन बातें और आपके समक्ष रखना चाहता हूं। मैडम, मैं कहां अपनी बात रखूंगा? हमारे यहां असेम्बली नहीं है। राज्य सभा में भी कोई नहीं है। मुझे सिर्फ दो मिनट का समय दीजिए। मैडम, एक-दो दफा तो ऐसा हुआ है कि मार्च के महीने के आखिरी दिनों में सुबह स्वराज्य संस्थाओं के एकाउंट में पैसे डाले गए और शाम को उनके पैसे निकाल दिए गए। मैडम, मैं आपसे निवेदन करना चाहता हूं कि हमारे पास असेम्बली नहीं है, हमारे पास सिर्फ स्वराज्य संस्थाओं के नाम पर ग्राम पंचायत, जिला पंचायत और नगर पालिकाएं हैं, जिनको पावरफुल बनाया जाए। उनको पूरा बजट देकर विकास करने का पूरा पावर उनको दिया जाए ताकि सरकार की सारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाया जा सके।

मैडम, बिल्डिंग बनाने का काम प्रशासन करता है। घोटाला भी प्रशासन के लोग ही करते हैं। दारू भी प्रशासन ही बेचता है। स्वराज्य संस्थाएं भी प्रशासन ही चलाएगा तो लोगों को रोजगार कहां से मिलेगा? रेवेन्यू कहां से जनरेट होगा? सरकार विभिन्न योजनाओं द्वारा फ्री में बिजली देने का संकल्प कर रहा है। हमारे यहां प्रदेश में अन्य राज्यों की तुलना में सस्ती बिजली मिलती थी, लेकिन उसको बेचकर हमारे यहां बिजली बिल बढ़ा दिए गए हैं।

मैडम, मैं यह कहना चाहता हूं कि हमारी सरकार रोजगार बढ़ाने का प्रयास कर रही है, लेकिन हमारा प्रदेश में बहुत सारी फैक्ट्रियां बंद हो रही हैं, जिनको बचाना बहुत जरूरी है। अन्य राज्य 50 परसेंट जीएसटी के रूप में केन्द्र को रेवेन्यू देते हैं, जबकि हम सौ प्रतिशत जीएसटी के रूप में रेवेन्यू देते हैं। मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि हमारे प्रदेश की फैक्ट्रियों को बचाने के लिए 50 प्रतिशत जीएसटी केन्द्र भले ही ले, लेकिन राज्य का 50 प्रतिशत जीएसटी माफ करने की कृपा करे। हमारे प्रदेश की फैक्ट्रियों को बचाकर हमारे कामधंधों और रोजगार को सुरक्षित करने की कृपा करें।

(इति)

(1900/NKL/YSH)

1900 hours

SHRI SALENG A. SANGMA (TURA): Madam Chairperson, I would like to thank you for giving me this opportunity. I also want to thank the Leader of Opposition, Shri Rahul Gandhi ji and also Madam Sonia Gandhi ji for allowing me to take part in this discussion.

Madam Chairperson, I do not want to repeat the argument. In fact, I was always positive with the development and policies. But this Government seems to neglect the Budget that was supposed to be pivotal, ensure the goodwill of the masses, and re-affirm the trust shown on $4^{th}$ June. It has been long, and the Government has proven that they are focussed on 'Sabka Naash, Apna Vikas'. It seems like they have not learnt the lesson from the Lok Sabha polls. Once again, the Budget has attempted to fix supply side factors without paying enough attention to firm up ways to bolster consumer demand. Instead, the whole Budget exercise for the Financial Year seems to concentrate solely on reducing the Fiscal Deficit from 5.1 per cent currently to targeted 4.9 per cent, for which now the maximum price will be paid by the taxpayer. The taxpayer bears the brunt. The tax on long-term capital gains have now been increased. It is something that our Finance Minister said would only simplify the tax structure.

Madam Chairperson, this Government, instead of rewarding all the other States like Tamil Nadu, Maharashtra, Telangana, West Bengal, etc., which have contributed most of their tax to the revenue of this Indian economy, have concentrated only on two States, that is, Bihar and Andhra Pradesh. The new tax rules for the LTCG are only beneficial if a citizen of India is earning close to the exempted value of Rs 1.25 lakh. However, as we move beyond the exempted figure, the tax on capital gains will increase disproportionately because 2.5 per cent increase in tax rate outweighs Rs. 25,000 exemption increase.

Now, why do we celebrate this Budget? This is a matter of great concern that has garnered significant attention in the recent years. There have been devastating results. There has been an increase in the number of Indian citizens renouncing their citizenship and an exodus of tax-paying employees of our nation who are relinquishing their citizenship from India. When you look at the MEA report, approximately 1.87 million Indians are renouncing. In 2022 post-COVID pandemic, about 2,25,000 individuals have renounced and relinquished their citizenship from India. In 2023, the figure was more than two lakh.

Now, when we come to the States like Meghalaya and Manipur in the North East, it seems to have been neglected in the Budget for irrigation and flood mitigation. The Government seems to have not even touched the North East as evidenced by the situation in Manipur. There has been a lack of initiative to ensure the health and the well-being of the women in the region despite Assam having the highest maternal mortality rate. The Government prioritizes expanding only the banking. When the women themselves will die, what is the purpose of banking? Therefore, I urge the Government to address this disparity, provide immediate aid to the riot-stricken people, and at the very least, establish well-equipped health care or hospitals to meet their needs.

(1905/VR/RAJ)

Ugly surprises and uncertainty occur with no hope of predicting them in real time. When you look at Manipur, there has not been much effort to weigh the situations. No common framework seems to exist to set the rules for doing so. The victims of Manipur could not have foreseen what was going to happen and how the Government was going to deal with the livelihood meltdown of thousands of Manipuris. The notion that livelihood meltdown are scarce and a mirage, since in no other State these kinds of incidents generally happen, have proven wrong. These are the failures of the Government and it is very much unfortunate.

Coming to Meghalaya, I would like to say that Meghalaya has adopted a Resolution on Garo-Khasi language to be included in the Eighth Schedule, where we could have portrayed the beautiful language in this wonderful diversified decorum of the country.

Another one is the Inner Line Permit (ILP) issue. A Resolution in that regard has also been taken up on the floor of the House.

Now, we know that in the North-East, the issue of illegal immigration has become quite alarming. We need to put a check on illegal immigration. Just a few days back, hundreds of Rohingya immigrants have already migrated to India. We do not have proper checking points. If we could do serious checking in the border region, such incidents could have been stopped.

Now, rampant smuggling is happening along the border. Not only Rohingyas, but other anti-social elements are also coming into our State. So, checking points can be put up in these border areas. Even smuggling of areca nuts, drugs, brown sugar and all other things is happening. That is why, the local people are facing a lot of problem. Thank you, Madam.

(ends)

1907 बजे

**श्री दर्शन सिंह चौधरी (होशंगाबाद) :** सभापति महोदया, आज आपने मुझे केन्द्रीय बजट पर बोलने का मौका दिया है, इसके लिए मैं संपूर्ण होशंगाबाद, नरसिंहपुर और रायसेन की जनता-जनार्दन एवं नर्मदा की माटी की ओर से आपका आभारी हूं। मोदी जी के नेतृत्व में निर्मला सीतारमण जी ने बजट प्रस्तुत किया है। यह विकासमुखी, सर्वव्यापी और सर्वव्यापक है। चाहे महिला हो, युवा हो, किसान हो या गरीब हो, यह हर वर्ग के कल्याण के लिए है। जो थीम बनाई गई है, उस पर विपक्ष ने आरोप लगाए हैं। 'हरो कमावे, खोटो खावे', हमारे यहां कहावत चलती है। इसको किसान ने साकार किया है, लेकिन एक देसी कहावत है कि

करे न खेती पड़े न फंद
इस कारण ये मुसरचंद।

इन्होंने कभी खेती नहीं की है। इस लिए इनको किसानों का दर्द पता नहीं था। एक वह हालत थी, जब कांग्रेस के पहले प्रधान मंत्री ने कहा था कि इस देश का विकास उद्योगों के माध्यम से संभव होगा। हम उद्योगों के विरोधी नहीं हैं, लेकिन … (अध्यक्षपीठ के आदेशानुसार कार्यवाही-वृत्तान्त में सम्मिलित नहीं किया गया।) उसने किसानों की खेती को घाटे में डालने का काम किया था। हमारी सरकार मूल चार थीम्स पर काम कर रही है – किसानों की लागत को कम करना, उनकी फसल के उत्पादन को बढ़ाना, उनकी फसल की मूल्य की गारंटी होना, जब उन पर कोई प्राकृति आपदा आ जाए, तो उस प्राकृतिक आपदा के समय सरकार उस संकट से उनकी रक्षा करे। इन चारों आयामों में माननीय मोदी जी ने सफलतम काम किया है, जिसके कारण अब मैं दावा कर रहा हूं कि कांग्रेस के जमाने में हमारे जो किसान खेती छोड़ चुके थे, वे खेती से दूर भाग रहे थे, कोई भी किसान अपनी बेटी का विवाद किसान के घर में नहीं करना चाह रहा था, कोई भी अपने बेटे को किसान नहीं बनाना चाह रहा था, लेकिन जब से मोदी जी किसान व्यापी और राष्ट्र व्यापी बजट लाए हैं, उसके बाद आईआईटी में पढ़ाई किए हुए बच्चे भी आज खेती की ओर लौट रहे हैं। मैं उनको धन्यवाद देना चाहता हूं। आज जो बजट आया है, वह आनंद से भरा हुआ बजट है। यह अमृतकाल का बजट है। यह दूरदर्शिता, विजन और भारत के संकल्प का बजट है। यह बजट वर्ष 2047 का मॉडल तैयार कर रहा है। यह भारत को सशक्त, समृद्धशाली, शक्तिशाली और आत्मनिर्भर बनाने का बजट है। आज इस बजट में कृषि की उत्पादकता हमारी पहली प्राथमिकता है। यह किसानों के लिए आज तक का सबसे बड़ा बजट है। इसके माध्यम से एक लाख, 52 हजार करोड़ रुपए केवल किसानों के लिए दिए गए हैं।

(1910/KN/SAN)

दलहन और तिलहन के लिए मिशन मोड तैयार किया है। अगले दो वर्षों में जिस आयाम को लेकर, क्योंकि मैं किसान मोर्चा का अध्यक्ष होने के नाते, मध्य प्रदेश में किसानों की सरकार लगातार बन रही है, डॉक्टर मोहन यादव जी के नेतृत्व में 5वीं बार और हमारे केन्द्रीय कृषि मंत्री जी ने लगातर इस काम को किया है। प्राकृतिक खेती के लिए जो बढ़ावा दिया है, एक करोड़ किसानों को दो वर्षों में जोड़ने का जो काम किया है, इसके लिए मैं उन्हें धन्यवाद देना चाहता हूं। खेती में उच्च पैदावार और जलवायु अनुकूल वाली 32 फसलों की 109 नई किस्में तैयार करने का जो लक्ष्य सरकार ने लिया है, इसके लिए मैं उन्हें धन्यवाद देता हूं। फसलों के उत्पादन, भंडारण, विपरण को और मजबूत बनाया जाएगा। सब्जी उत्पादन और आपूर्ति की श्रृंखला के लिए नए कलस्टर बनाए जा रहे हैं। राज्यों के साथ मिलकर कृषि के लिए

डिजिटल और जो विपक्ष आरोप लगाता है, यह किसी राज्य तक सीमित नहीं, बल्कि यह पूरे भारत का बजट है। वर्ष 2024 तक 400 जिलों में खरीफ का डिजिटल सर्वे किया जाएगा तथा उसको और उन्नत करने का काम किया जाएगा। आज प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में सामाजिक न्याय को चरितार्थ करने वाला, सर्वव्यापक, सर्वस्पर्शी और सर्वसमावेशी बजट है। वर्ष 2047 के रोडमैप में अर्थव्यवस्था सही दिशा में चल पड़ी है और हमारा सुनहरा भविष्य हमको दिख रहा है। भारत फिर से विश्व गुरु, इसी दीवाने खास में जो लिखा है कि –

"गर फिरदौस बर रुए ज़मीं अस्त;
हमीं अस्तो, हमीं अस्तो, हमीं अस्त।"

यदि संसार में कहीं पर स्वर्ग है तो वह केवल मेरे भारत में है, केवल मेरे भारत में है। लेकिन मैं अपने विपक्षी मित्रों को कहना चाहता हूं–

"ऊंगलियां छोटी पड़ गईं, नाखून इतने बड़ गए।
कुछ जुगनुओं के काफिले, मोदी जी के पीछे पड़ गए।।"

हमको समझना पड़ेगा। क्योंकि इन्होंने जो-जो करने का काम किया है।... (व्यवधान) माननीय विपक्ष के नेता कहते हैं कि हमको डर लगता है, तुमको लगना भी चाहिए। क्योंकि डर उनको लगता है, जिनके कर्मों में दाग हैं। हम तो किसान के बेटे हैं, हमारे सीने में आग है। इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि मेरे क्षेत्र में चूंकि नम्न माटी का क्षेत्र है, गन्ना क्षेत्र के लिए मैं चाहता हूं कि हमारे नरसिंहपुर को गन्ना क्षेत्र घोषित करते हुए सहकारिता मिल का वहां पर गठन किया जाए। मध्य प्रदेश में नर्मदांचल लोक बनाया जाए, लोकों की बाढ़ आ गई है। ओंकारेश्वर से लेकर महाकाल तक, नर्मदांचल लोक बनाया जाए। धान को जीआई टैग दिया जाए। हमारा गेहूं का क्षेत्र है, इसलिए हम चाहते हैं कि गेहूं और मूंग की प्रोसेसिंग के यूनिट्स वहां पर लगने चाहिए। हर खेत को पानी मिले। इसके लिए छोटे-छोटे स्टॉप डैम बढ़ने चाहिए। पर्यटन के विकास की दृष्टि से आगे काम बढ़ना चाहिए। इसके लिए पंचमढ़ी को ज्यादा ... (व्यवधान) नदी से नदी को जोड़ने का जो बहुआयामी, दूरगामी निर्णय अटल बिहारी वाजपेयी जी ने लिया था, मैं चाहता हूं कि हमारे यहां भी इस योजना को लागू करके हर खेत को पानी देने का काम करे। इसी के साथ जो यह बजट है, हमारा बजट इनोवेशन और प्रौद्योगिकी के माध्यम से कल्याणकारी बजट है। अभूतपूर्व स्पीड और स्केल का बजट है। समृद्धि और विरासत के समन्वय वाली सरकार का बजट है। वैश्विक पटल पर भारत को विश्व बंधुत्व बनाने का काम करने वाली सरकार है। इसलिए

सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास।
सबका ध्यान, सबका उत्थान,
यही है हमारे राष्ट्र का अनुष्ठान और मोदी जी का अनुष्ठान।

इसी के साथ मैं कहना चाहता हूं कि भारतमाता की जय। आपने मुझे बोलने का समय दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं।

जय जवान, जय किसान, वंदे मातरम, जय बलराम, नर्मदा मैया की जय।

(इति)

(1910-1920/PC/AK)

1914 hours

SHRI AMAR SHARADRAO KALE (WARDHA): Hon. Chairperson, Madam, this is my first term as a Member of Parliament. I would like to thank you for giving me an opportunity to speak on the Union Budget.

आज सर्वप्रथम मैं अपने वर्धा जिले के सभी मतदारों का यहां पर आभार मानना चाहूंगा। उन्होंने देश की सर्वोच्च सभागृह में अपना आशीर्वाद देकर मुझे यहां पर भेजा है। इसलिए सर्वप्रथम मैं उन सब मतदाताओं का यहां पर आभार मानूंगा। यहां पर जो बजट पेश किया गया है, वह देश के सभी किसानों के लिए घोर निराशा का बजट है। ऐसा हमारा मानना है।

(1915/VB/SNT)

*Hon. Chairperson, around 11% of funds were allocated for agriculture in the 2010-11 budget. In 2020-21 budget, around 9.5% funds were given for agriculture but in this 2024-25 budget only 3.15% funds are allocated and it is a grave injustice done to the farmers. I heard the views of many Hon. Members on this Union Budget.

I represent Vidarbha region of Maharashtra and few years back, this region was infamous for farmers' suicides. Our Hon. Prime Minister had also visited Yavatmal in 2014 and he organized Chai-pe-Charcha programme at Dabhadi Borgaon village. हाँ, हमारा देश कृषि प्रधान देश है। In that programme, he had promised to do something for the betterment of agriculture and these farmers. He had expressed his concern over farmers suicides. जब तक मैं यह परिस्थिति बदल नहीं दूँगा तब तक मैं चैन से नहीं बैठूँगा। He had also promised to offer MSP on the basis of production cost. उन्होंने हमको बताया था। He had also promised to double the income of farmers and implement the recommendations of Dr. Swaminathan Commission.

आने वाले 20 मार्च, 2025 को मोदी जी की सारी घोषणाओं के 11 साल पूरे हो रहे हैं। मैं यहाँ पर माननीय मोदी जी को आह्वान करता हूँ कि पिछली बार आपने चाय पर चर्चा का आयोजन यवतमाल के दाभाड़ी में किया था। इस बार भी आप एक 'चाय पर चर्चा' का आयोजन दाभाड़ी में कीजिए। इन 11 सालों में आपने देश के किसानों के लिए क्या उपलब्धियाँ दी है, इन 11 सालों में देश के किसानों के लिए आपने क्या किया है, उनके बारे में आप देश के किसानों को बताइए।

---

*Original in Marathi

Today, we are getting only Rs. 7000 per quintal for cotton and Rs. 4500 per quintal for soyabean. Had he fulfilled his promise, we would have been received Rs. 15000 per quintal for our cotton. But, his promises are found to be feeble and futile. I would like to request Modi ji to organize that 'Chai-pe-Charcha' programme once again at same village called Dabhadi and explain what he did for farmers during the last 11 years. Farmers' suicides have not stopped and few cases can be seen even today. माननीय मोदी जी ने जिस गांव में 'चाय पर चर्चा' की थी, वर्ष 2014 से आज 2024 है, वहाँ हर साल दो या तीन किसान आत्महत्या करते हैं। वास्तव में इसको कोई झुठला नहीं सकता। इसलिए देश और देश का किसान मोदी जी से उत्तर चाहता है कि पिछले 11 सालों में आपने देश को क्या दिया है?

I would like to raise few issues related to my constituency Wardha. Oranges are grown at large scale in my constituency. We used to export oranges to Bangladesh from Vidarbha. हमारा संतरा बांग्लादेश को भेजा जाता था। जिस क्षेत्र से मैं आता हूँ, वर्धा-अमरावती से, Around 1 lack hectare land in Wardha-Amravati region, 25 lac hectare in Nagpur region and 25 hectare of rest of Maharashtra which adds up to 1.5 lac hectares of land which is exclusively used for cultivation of oranges in Maharashtra.

(1920/PC/AK)

That is why, I would like to request you to kindly look into it. One last issue, I would like to raise. You have promised to construct 3 crore houses under PMAY, but you give only Rs. 1.20 lac for house construction in rural area.

तीन लाख हैक्टेयर संतरा हम बांग्लादेश को इम्पोर्ट करते थे। पिछले कुछ सालों में जिस तरह से इम्पोर्ट ड्यूटी बांग्लादेश ने बढ़ाई है, उसके बारे में मैं आपको बताना चाहता हूं। वर्ष 2019 में संतरे पर 20 टका इम्पोर्ट ड्यूटी थी, वर्ष 2020 में वह बढ़कर 30 टका हो गई, वर्ष 2021 में 51 टका हो गई, वर्ष 2022 में 63 टका हो गई, वर्ष 2024 में 88 टका हो गई और जुलाई, 2024 में फिर से बांग्लादेश ने इम्पोर्ट ड्यूटी बढ़ाकर 101 टका कर दी है।

मैं आपको बताना चाहता हूं कि हमारा सवा लाख मीट्रिक टन संतरा बांग्लादेश को जाता, परंतु आज की स्थिति में सिर्फ 25 हजार मीट्रिक टन संतरा … (व्यवधान) Madam, this is my maiden speech. … (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON (DR. KAKOLI GHOSH DASTIDAR): Please conclude in one minute.

… (*Interruptions*)

**श्री अमर शरदराव काले (वर्धा) :** मैं आपके माध्यम से इतना कहना चाहता हूं कि सरकार को इस बारे में सोचने की आवश्यकता है। हमारे वरुड, मोर्शी और नागपुर के जो संतरा उत्पादक कास्तकार हैं, वे सब लोग इस सदन से आशा लेकर बैठे हैं कि उनके संतरे के बारे में कुछ पॉजिटिव सॉल्यूशन निकले। हम पीएम आवास योजना में एक लाख 20 हजार रुपये देते हैं। This amount should be increased. एक टॉयलेट बनाने के लिए भी एक लाख बीस हजार रुपए कम पड़ते हैं। I would also like to mention that Smt. Nirmala Sitharaman has completely disappointed women of India. She has done nothing for them. Women working as part time Attendants (PTA) in Health Centres get Rs. 3000 per month The State share is about Rs. 2900 and Central Government is contributing only Rs. 100. That is needed to be increased.

Thank you.

(इति)

1923 hours

SHRI PHANI BHUSAN CHOUDHURY (BARPETA): Madam Chairperson, thank you for giving me the opportunity to speak a few lines.

Madam, I am a newcomer in this august House, but I was a Member of the Assam Legislative Assembly since 1985. Actually, I was MLA for 38 years and six months, and now I am a MP.I must support the Budget which was presented by the hon. Finance Minister and I must quote a line from this Budget speech. I quote:

> "Assam grapples with floods every year by the Brahmaputra River and its tributaries, originating outside India. We will provide assistance to Assam for flood management and related projects."

In this regard, I want to say something regarding floods and erosion of Assam.

(1925/UB/CS)

The geographical area of Assam is 78,438 sq.kms. out of which, flood prone area is 31,500 sq.kms., i.e., 39.5 per cent of total land of Assam is flood prone. If we go through the national statistics, in percentage terms, the flood prone area of Assam is four times the national mark of the flood prone area of the country. The report shows that the average annual area affected by flood is 9.31 lakh hectares. The flood affected area of the State of Assam is 16,500 sq.kms. till date.

*Respected Madam Chairperson,This year, two waves of flood have created havoc in Assam, resulting in the loss of 98 lives. Assam has 35 districts, and 34 districts have been affected by floods. The state has 26,395 villages, with 7,279 (27.5%) hit by recent floods. We are receiving financial assistance from the central government to address the flood situation, totaling Rs 4,600 crores so far. However, financial aid alone is insufficient to tackle the flood problem. The people of Assam demand a permanent solution to this perennial issue of flood and erosion. As a representative of the regional political party, Assam Gana Parishad, I convey the opinion of my party and the people of Assam. Even our Hon'ble Chief Minister has tweeted that, although we have received an amount of Rs. 4,600 crores as financial assistance from the central government, this will not help in solving the flood problem. We need a comprehensive project to find a permanent solution we want that to this critical issue. We want that the problem of floods and erosion be solved permanently, as mentioned in the budget. To address floods and erosion, we require a comprehensive project, including strengthening embankments, river training, watershed management and measures to enhance the depth of the Brahmaputra river. Through you, Madam, I request the Hon'ble Prime Minister and concerned minister to constitute a committee comprising technical experts to find a permanent solution to this serious problem of floods and erosion.Thank you for giving me the opportunity to speak. I conclude with these few words. (ends)

---

*Original in Assamese

(1930/IND/SRG)

1930 बजे

**श्री जयन्त बसुमतारी (कोकराझार) :** सभापति महोदया, आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए आपका आभारी हूं। मैं माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी को अपनी पार्टी यूपीपीएल की ओर से बहुत धन्यवाद और बधाई देता हूं कि उन्होंने इतना प्रगतिशील और आत्मविश्वास बढ़ाने वाला बजट पेश किया है। बजट में उत्तर-पूर्वी क्षेत्र के लिए 5900 करोड़ रुपये की बड़ी घोषणा की गई है जिसके लिए असम और बोड़ो लैंड के लोगों की ओर से धन्यवाद करता हूं। बजट में बोडो लैंड टेरेटेरी काउंसिल काउंसिल, जो कि सिक्स्थ शेड्यूल काउंसिल है, इसके लिए माननीय प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में वित्त मंत्री जी 174.66 करोड़ रुपये जारी किए हैं, जो कि पिछली बार से 74.66 करोड़ रुपये से अधिक है। देश में टी बोर्ड के लिए बजट को 5 गुना बढ़ाया गया है और इस वर्ष 721.50 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं जो असम के चाय उत्पादकों के लिए एक बड़ी मदद है। बजट में प्रधान मंत्री जी ने एक हजार करोड़ रुपये चाय वर्कर्स की वेलफेयर के लिए घोषणा की है। असम राज्य को 31174 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं जो कि राज्य के विकास में अधिक सहायक होंगे और असम के ट्राइबल इलाके के विकास के लिए प्रधान मंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम योजना लाई गई है, जिससे आदिवासी इलाकों में विकास तेजी से हो सकेगा। नरेन्द्र मोदी जी द्वारा सहकारी क्षेत्र में निरंतर विस्तार देकर ग्रामीण अर्थ तंत्र को मजबूत बनाने का काम किया जा रहा है। बजट में सहकारी नीति के निर्माण की घोषणा देश में सहकारी आंदोलन को सशक्त बनाने और जमीनी स्तर पर इसकी पहुंच को मजबूत करने का काम करेगी। इन निर्णयों के लिए मैं सभी भाइयों और बहनों की ओर से मोदी जी का आभार व्यक्त करता हूं।

सभापति महोदया, बजट में ग्रामीण विकास के लिए वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 2.66 लाख करोड़ रुपये का ऐलान किया है। बजट में इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स के लिए 11.11 करोड़ रुपये के बजट का एलोकेशन किया है जो देश की जीडीपी का 3.7 फीसदी है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट में कृषि और इससे जुड़े सेक्टर्स के लिए 1.52 लाख करोड़ रुपये आबंटित किए गए हैं। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में तीन करोड़ किफायती आवासों के निर्माण के लिए सहायता छोटे और मझोले उद्योगों को कर सहायता प्रदान की गई है। गरीबों के लिए तीन करोड़ नए घर बनाना तय हुआ है। जनजातीय उन्नत ग्राम विजन से नई अप्रोच के साथ पांच करोड़ आदिवासी परिवारों को मूलभूत सुविधाओं से जोड़ेगा। इसके अलावा ग्राम सड़क योजना 25 हजार नए ग्रामीण क्षेत्रों को ऑल वेदर रोड से जोड़ेगी। इसका लाभ देश के सभी राज्यों के दूर दराज गांवों को मिलेगा। केंद्रीय बजट में खेल मंत्रालय के लिए 3442.32 करोड़ रुपये में से खेलों इंडिया के लिए 900 करोड़ रुपये आबंटित किए हैं। खेल मंत्रालय के बजट में पिछले सत्र की तुलना में 45.36 करोड़ रुपये की वृद्धि की गई है। यह आम बजट अमृतकाल का महत्वपूर्ण बजट है। इसमें हर वर्ग का ख्याल रखा गया है। यह बजट पूरी तरह से समृद्धि और निष्पक्षता की ओर इशारा कर रहा है। यह बजट आत्मनिर्भर भारत की दिशा में उल्लेखनीय कदम साबित होगा। माननीय सभापति जी, बिना गारंटी के मुद्रा लोन की लिमिट को दस लाख से बढ़ाकर बीस लाख रुपये किया गया है। हर शहर, हर गांव, हर घर एंटरप्रोन्योर बनाना है। इसी उद्देश्य के बिना गारंटी के मुद्रा लोन की लिमिट को दस लाख रुपये से बढ़ाकर बीस लाख रुपये किया गया है। इससे छोटे कारोबारियों विशेष रूप से महिलाओं, दलित, पिछड़े आदिवासी परिवारों को स्वरोजगार मिलेगा।

(1935/RV/RCP)

महोदया, यह बजट समाज के हर वर्ग को शक्ति देने वाला बजट है। यह देश के गांव, गरीब, किसान को समृद्धि की राह पर ले जाने वाला बजट है। पिछले दस वर्षों में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। यह नौजवानों को अनगिनत नए अवसर देने वाला बजट है। यह मिडिल क्लास को नई ताकत देने वाला बजट है। यह बजट जनजातीय समाज, दलित, पिछड़ों को सशक्त करने के लिए मजबूत योजनाओं के साथ आया है। इस बजट से महिलाओं की आर्थिक भागीदारी सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी।… (व्यवधान)

मैडम, संसदीय कार्य मंत्री जी से मेरी बात हुई है। सिंगल मेम्बर वाली पार्टी के मेम्बर को समय मिलना चाहिए।… (व्यवधान)

(इति)

1936 बजे

**श्री मुरारी लाल मीना (दौसा) :** आदरणीय सभापति महोदया, सबसे पहले मैं अपने लोक सभा संसदीय क्षेत्र दौसा की जनता के प्रति आभार व्यक्त करना चाहता हूं, जिन्होंने मुझे इस सदन में भेजा। साथ ही, मैं आपको भी धन्यवाद देना चाहूंगा कि आपने मुझे बोलने का अवसर दिया।

सभापति महोदया, यह बजट विभाजनकारी, सत्ता बचाने का और कुछ पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने वाला बजट है। यह बजट सिर्फ अपने सहयोगियों को खुश करने वाला बजट है। देश के कई बी.जे.पी. शासित राज्य, जिसमें हमारा राजस्थान राज्य भी सम्मिलित है, इसके बारे में मुझे बड़े दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि जहां इनकी सत्ता है, विशेषकर राजस्थान के नेता रोज 'डबल इंजन की सरकार, डबल इंजन की सरकार' कहते थे, लेकिन इस बजट में राजस्थान का नाम एक बार भी नहीं आया।

सभापति महोदया, ये किसानों की बात करते हैं। हमारा देश कृषि प्रधान देश है। हमारा देश मजदूरों का देश है, युवाओं का देश है। ये किसान निधि की बात करते हैं, किसानों की आय दोगुनी करने की बात करते हैं। मेरा आपके माध्यम से निवेदन है कि इन्हें और कुछ करने की जरूरत नहीं है, ये केवल दो काम कर दें। जैसा कि हमारे नेता राहुल गांधी जी कह रहे थे, एक तो एम.एस.पी. को लीगल गारंटी दे दीजिए, जिससे हम ऑटोमैटिक अपने हिसाब से काम कर लेंगे। दूसरा काम, जो मेरा स्वयं का सुझाव है कि कृषि को मनरेगा से जोड़ दिया जाए। मनरेगा की मजदूरी दर, जो हमारी पार्टी के एजेंडे में भी था कि इसे 400 रुपये कर दीजिए। फिर किसान अपने आप ही सम्पन्न हो जाएगा। लेकिन, बड़ी सोची-समझी नीति के तहत, इनकी जो मूल भावना है, वह यह है कि ये कृषि का भी निजीकरण करना चाहते हैं। बजट में इन्होंने पूंजीपतियों को साथ लेकर उत्पादकता बढ़ाने का और अनुसंधान करने का मार्ग प्रशस्त किया है। उत्पादन बढ़ाने और अनुसंधान करने के नाम पर ये पूंजीपतियों को कृषि में शामिल करना चाहते हैं, ताकि किसानों की खेती का जो मामला है, वह भी धीरे-धीरे किसानों के हाथों से निकल जाए।

मान्यवर, इस देश में मुख्य समस्या बेरोजगारी की है। स्किल या कौशल के नाम पर ये चाहते हैं कि गरीबों, एस.सी., एस.टी. के जो बच्चे हैं, वे इतना ही रोजगार करें, जिससे वे कोई बड़ी बात सोच ही न सकें। वे बस 10,000-15,000 रुपये की ही नौकरी करें।

मान्यवर, ये सारे लोग अपने बच्चों को इसलिए पढ़ाते हैं कि इनके बच्चे पढ़-लिख कर सरकारी नौकरी करें, लेकिन ये बड़ी सोची-समझी नीति के तहत सरकारी नौकरियों को खत्म कर रहे हैं। आज की तारीख में मैं समझता हूं कि पूरे देश में करीब 30 लाख सरकारी नौकरियां बकाया हैं। यह अच्छा होता अगर ये कहते कि आने वाले समय में हम इन 30 लाख पदों को भरेंगे, जिससे किसानों के बच्चों को, एस.सी., एस.टी. के बच्चों को नौकरी मिलती और वे अपना जीवन-यापन करते। अगर ये बैकलॉग भरने की बात करते तो हम समझते कि ये हमारे पक्ष में हैं, किसानों के पक्ष में हैं।

सभापति महोदया, सबसे बड़ी बात निजीकरण की है। जब लोक सभा चुनाव शुरू हुए, तो प्रारम्भ में ये संविधान संशोधन की बात कर रहे थे, आरक्षण खत्म करने की बात कर रहे थे। लेकिन, जैसे ही इन्हें यह पता लगा कि जनता का मूड क्या है, तो इन्होंने तुरन्त ही 'यू-टर्न' लिया और फिर ये आरक्षण बचाने की बात करने लग गए। ये कहने लग गए कि हम आरक्षण के पक्ष में हैं। यदि आप आरक्षण के पक्ष में हैं तो आप इन सारे पब्लिक सेक्टर्स को खत्म क्यों कर रहे हैं? ये कहते हैं कि हम आरक्षण खत्म नहीं

करेंगे, पर ये पब्लिक सेक्टर्स को खत्म कर रहे हैं। इन्होंने एयर इंडिया को बेच दिया। इन्होंने हवाई अड्डे बेच दिए और पब्लिक सेक्टर्स को बेच दिया।

(1940/GG/PS)

सबसे बड़ी बात यह है कि इन्होंने बैंकों का मर्जर किया है। हमें, सबको और आपको पता है कि पूर्व प्रधान मंत्री इंदिरा गांधी जी ने बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया था। उससे पहले पूरा देश और किसान सूदखोरों के चक्कर में फंसे रहते थे। जैसे ही बैंकों का राष्ट्रीयकरण हुआ, देश के विकास में और रोज़गार के मामले में लाखों लोगों को फायदा हुआ। लेकिन आपने वापस बैंकों का मर्जर कर के प्राइवेट बैंकों को बढ़ावा दिया और लाखों नौकरियां खत्म कर दीं।

1940 बजे (माननीय अध्यक्ष पीठासीन हुए)

यह आपकी इस बात का द्योतक है कि आप चाहते नहीं हैं कि गरीब परिवारों के लोगों की नौकरियां लगें। आपने बंदरगाह बेच दिए। आपने एयर इंडिया बेच दिया। आप सारी सरकारी संपत्तियों को धीरे-धीरे बेचते जा रहे हो। … (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** मुरारी लाल जी, अब समाप्त करें।

… (व्यवधान)

**श्री मुरारी लाल मीना (दौसा) :** सर, अभी तो मेरी मूल बात रह ही गई है। … (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** आप मूल बात बोल दो, बाकी बातें छोड़ दो।

… (व्यवधान)

**श्री मुरारी लाल मीना (दौसा) :** सर, मैं आपके माध्यम से सरकार से कहना चाहता हूँ कि यदि आप वास्तव मे हमारा भला चाहते हैं तो एक तो जातिगत जनगणना करवाइए। दूसरा, कई विभाग ऐसे हैं, जिनमें अभी आरक्षण की व्यवस्था नहीं है। विशेषकर देश के जितने भी टॉप पद हैं, जैसे हाई कोर्ट, सुप्रीम कोर्ट, चीफ सैक्रेट्रीज़ एवं बड़े-बड़े पदों पर हमारे लोग नहीं हैं और कई जगहों पर आरक्षण की व्यवस्था है भी नहीं। इसलिए मैं आपके माध्यम से यह चाहता हूँ कि जिस तरह से आईएएस के एग्ज़ाम होते हैं, उसी तरह से भारतीय न्याय सेवा के एग्ज़ाम भी हों, ताकि जो गिने-चुने चार-पांच परिवार के लोग आज़ादी से ले कर आज तक हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के जज बनते आ रहे हैं, वह न हो। इसलिए न्यायिक सेवा भी होनी चाहिए, जिससे हमारे लोगों को इससे फायदा होगा। … (व्यवधान)

सर, मैं राजस्थान के मुद्दे पर कहना चाहता हूँ कि सरकार ने बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों का नाम लिया है, सूखाग्रस्त क्षेत्रों का नाम नहीं लिया है। हमारे राजस्थान में सबसे बड़ी समस्या तो पानी की है। पूरे राजस्थान के अंदर ईआरसीपी – ईस्टर्न राजस्थान कैनाल नाम से प्रोजेक्ट है, मेरा आपसे निवेदन है कि जब आपकी सरकार राजस्थान में थी, वर्ष 2016-17 में ईआरसीपी का प्रोजेक्ट बढ़ा कर भारत सरकार को भेजा गया था। पांच साल तक उसको राष्ट्रीय परियोजना घोषित नहीं किया गया। अभी थोड़े दिन पहले जैसे ही सरकार दोबारा बनी तब केपीसी नाम से उस प्रोजेक्ट का एमओयू हुआ है। उस एमओयू का आज तक हमको पता नहीं है। हमारा जो पहले प्रोजेक्ट था, वह 50 पर्सेंट डिपेंडेबिलिटी पर था। अभी जो एमओयू हुआ है, वह 75 पर्सेंट डिपेंडेबिलिटी पर हुआ है। उसमें हमको पीने का पानी नहीं मिलेगा, सिंचाई का पानी नहीं मिलेगा। आपसे निवेदन है कि उस प्रोजेक्ट को दोबारा बनवाया जाए, ताकि हमारे किसानों का भला हो सके।

धन्यवाद। (इति)

1944 बजे

**डॉ. शिव पाल सिंह पटेल (प्रतापगढ़) :** माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपका धन्यवाद देता हूँ कि आपने मुझे बजट पर बोलने का मौका दिया है। मैं आप सबका ध्यान वर्ष 2014 में एक साजिश के तहत चंद कॉर्पोरेट्स के द्वारा सारी मीडिया को हैक कर के एक प्रोपोगैंडा, जो झूठ का पुलिंदा था, जो पूरे देश में फैलाया गया था, उसकी तरफ दिलाना चाहता हूँ कि अच्छे दिन आएंगे, काला धन वापस आएगा, 15 लाख रुपये खाते में आएंगे, दो करोड़ नौकरियां मिलेंगी, किसानों की आय दोगुनी होगी। … (व्यवधान) लेकिन कुछ भी नहीं हुआ। वह सब झूठ का पुलिंदा था। … (व्यवधान) उसी पर मैं एक शेर कहना चाहूंगा कि

"वह झूठ भी सच की तरह बोलता है।
अगर धोखे से वह कभी सच भी बोले तो ऐतबार मत करना।"

… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय सदस्य, एक चीज़ का अंतर समझो। यह चर्चा बजट पर हो रही है, राष्ट्रपति अभिभाषण पर नहीं हो रही है। गौरव जी, सबको समझाओ।

… (व्यवधान)

**डॉ. शिव पाल सिंह पटेल (प्रतापगढ़) :** अध्यक्ष जी, बोल तो सभी ऐसे ही रहे हैं। सत्ता पक्ष से भी न जाने क्या-क्या नहीं बोला गय है। मैं यही कहना चाहूंगा कि यह किसान विरोधी, युवा विरोधी, पिछड़ा वर्ग विरोधी, और दलित विरोधी बजट है। आप देखें कि पिछड़ा वर्ग और दलित की अगर सबसे बड़ी उपेक्षा हुई है, अगर सबसे बड़ा नुकसान हुआ है, तो इस सरकार में हुआ है।

(1945/MY/SMN)

आप देंखे कि अभी पूरे देश में 27 परसेंट का आरक्षण है, लेकिन इस समय आँकड़े कहते हैं कि 17-18 परसेंट लोग ही पदों पर हैं। 10 परसेंट लोग कहाँ चले गए? बैकलॉग के जरिए उनको भरा जाए। इसी तरह से दलितों का भी यही हाल है। उनके भी बहुत से पद खाली हैं। उनके सभी पदों को बैकलॉग के जरिए भरा जाए।

महोदय, प्रतापगढ़ की जो भी समस्याएं हैं, विशेषकर मैं कहूंगा कि इस समय वहां जरा सा भी पानी बरसता है तो पूरे जिले में, विशेषकर मुख्यालय पूरा जलमग्न हो जाता है। इसके लिए अगर यू.पी. को कुछ बजट दिया जाए तो हमारे प्रतापगढ़ को भी पैसा मिल जाएगा। इससे वहां भी कुछ काम हो सकता है।… (व्यवधान)

महोदय, बस मैं एक संशोधन के लिए प्रस्ताव रखना चाहता हूं। आपने मुझे बोलने के लिए जरा सा ही समय दिया। नये बजट में एक प्रोविजन किया गया है कि पार्टनरशिप फर्म अब अपने भुगतान पर पार्टनर्स का टीडीएस काटेगा। यह हास्यास्पद बात है। सभी जानते हैं कि अपने पार्टनर्स के अलावा पार्टनरशिप फर्म में फर्म का अलग से कोई अस्तित्व नहीं है। तकनीकी रूप से कहा जाए कि पार्टनर्स अपने द्वारा प्राप्त भुगतान पर स्वयं ही टीडीएस काटे, जो कि गलत है और टीडीएस का रिटर्न दाखिल करे। यदि इनकम टैक्स देना ही होगा तो वह भरेगा ही, उस पर जो भी पैसा लेगा। इसमें अलग से टीडीएस काटते हैं। टीडीएस का मतलब होता है – टैक्स डिडक्शंस ऑन सर्विसेज। हम खुद पार्टनर हैं। पार्टनरशिप फर्म का अलग से कोई अस्तित्व नहीं है, इसलिए हम अपने खुद का टीडीएस काटें, यह गलत है। इससे ऊर्जा नष्ट होगी, समय की बर्बादी होगी और उन्हें टैन नंबर लेना होगा। उन्हें टीडीएस रिटर्न भी दाखिल करना होगा। इसके अलावा और कुछ नहीं है।… (व्यवधान)

महोदय, मुझे और एक मिनट का समय दे दीजिए। इसमें सबके हित की बात है। लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन्स पर और लोगों ने भी मुद्दा उठाया है। उसका मैं सपोर्ट करता हूं कि इंडेक्सेशन को हटाया जाए। इससे सभी का नुकसान होगा। इससे केवल ब्लैकमनी को बढ़ावा मिलेगा, और कुछ नहीं होगा। इंडेक्सेशन को जरूर हटाया जाए, बस यही आपसे निवेदन है। बहुत-बहुत धन्यवाद।

(इति)

**माननीय अध्यक्ष:** माननीय सदस्य, आप घड़ी देख लें और अपनी बात को तीन मिनट के अंदर समाप्त कर दें।

1947 hours

DR. NAMDEO KIRSAN (GADCHIROLI-CHIMUR): Thank you Speaker Sir for giving me this opportunity.

The Budget proposals are devoid of strategy to deal with any problem of unemployment, price rise and the farmers' distress. It grossly neglects education, health and other crucial public services.

Sir, inflation remains a big concern for most of the families. The Finance Minister glossed over the problem by claiming price rise was within the target and non-core inflation was low. But, in reality, in June, the food inflation crossed 9.5 per cent and the price rise is such that the vegetables and fruits are beyond the reach of the common people. After ten years, people expect more of strengthening of the supply chain to counter the price rise than platitudes. An analysis of household consumption survey shows that more than 80 per cent of the population are spending less than Rs. 200 per day while almost 34 per cent of the people spend less than Rs. 100 per day. The vast population has nothing to gain from this Budget.

Another thing is that this Budget is a tacit acknowledgement of the Government's failure over the last decade. Promises were made in the last decade that हम किसानों की आय दोगुनी करेंगे, लेकिन वह दोगुनी नहीं हुई। इस बारे में वर्ष 2022 तक का टारगेट दिया गया था। उसके बाद बोला गया कि किसानों की फसल को उसके उत्पादन खर्च से डेढ़ गुना एमएसपी दी जाएगी, लेकिन उनको ड़ेढ़ गुना तो दिया नहीं। अब जो उत्पादन खर्च था, उसमें खादों की कीमत बढ़ गई, पेस्टिसाइड की कीमत बढ़ा दी गई। डीजल की कीमत बढ़ने से खेती करने का खर्च बढ़ गया। आज खर्च डबल हो गया है, लेकिन आय डबल नहीं हुई है।

(1950/SM/CP)

It is a Naxalite-infested area. It is a very backward region in the State of Maharashtra. यहां 10 दिनों से बाढ़ की सिचुएशन के कारण लोगों का जीवन अस्त-व्यवस्त हो गया है। यहां हर साल ऐसा ही होता है। अभी परसों ही एक खटिया पर लिटाकर मरीज को दो लोग 18 किलोमीटर तक लेकर गए एक जगह पानी भरा हुआ था, तो जेसीबी के बकेट के माध्यम से गर्भवती महिला को पहुंचाया गया।

**माननीय अध्यक्ष:** आप राज्य सरकार को लिख दीजिएगा।

**डॉ. नामदेव किरसान (गड़चिरोली-चिमुर):** सर, वहां बहुत प्रॉब्लम्स है। अगर हमारे डिस्ट्रिक्ट के लिए डायरेक्ट फंडिंग हो और हर साल 5 से 10 हजार करोड़ रुपये दिए जाएं और एक डेवलपमेंट बोर्ड बनाया जाए तो इतना पिछड़ा हुआ क्षेत्र दुरुस्त हो सकता है। महोदय, अर्थ मंत्री, श्रीमती निर्मला सीतारमण जी अभी सदन में नहीं है। मैं आपके माध्यम से उन तक यह बात पहुंचाना चाहते हैं कि एक बोर्ड की स्थापना की जाए। ... (व्यवधान)

(इति)

1951 hours

SHRI G. KUMAR NAIK (RAICHUR): Thank you, Speaker, Sir, for giving me this opportunity. I would like to thank the people of Raichur and Yadgir districts and the leaders of my Party for giving me this opportunity to continue to serve the people beyond my retirement. Yes, Sir, it gives me joy to be joining the list of civil servants who had the opportunity to be Members of this august House.

Sir, I come from a very special land, Raichur and Yadgir. It is a land of gold. It has Hatti Gold Mines. It is the only operational large gold mines in India today. This region is called the rice bowl of Karnataka. It is a land of cotton. However, the dismaying fact of Raichur and Yadgir is also very, very distressing. I would like to come to that part in a minute.

I had been in my constituency in the last two days. There is a widespread dismay in my constituency. The common citizens are asking why this kind of ill-treatment is there with Karnataka and why this kind of partisan attitude is being shown by the Finance Minister. The Party, which has been in power for ten years, could have walked the talk. *Sabka saath sabka vikas* has been the slogan of this Government. However, everybody is feeling that it is *apno ke saath aur mitro ka vikas*.

Another Constitutional mandate which is often quoted is cooperative federalism. The feeling that one gets after listening to the Budget speech is that of whimsical and partisan centralism.

HON. SPEAKER: Hon. Member, please conclude.

SHRI G. KUMAR NAIK (RAICHUR): Sir, this is my first opportunity to speak. Kindly give me a couple of minutes more.

**माननीय अध्यक्ष :** सभी को पहली बार मौका मिल रहा है। आप कंक्लूड करिए। आपके और भी माननीय सदस्य है, सबको बुलायेंगे। आप अपनी डिमांड रखिए।

SHRI G. KUMAR NAIK (RAICHUR): Forget about the special status or special package. Does Karnataka get even fair and regular treatment?

We contribute a maximum share of GST to this country. But we get only 24 paise of every rupee which is being contributed. This kind of feeling could have been assuaged by the Budget proposition.

Sir, we have not got anything. Bangaluru requires investment for infrastructure. The Central Government is reluctant to support us in any way. Karnataka is a land of contrast. As I said, my constituency is called the rice bowl of Karnataka. But at the same time, we have very, very distressing statistics, which I would like to bring to the notice of this august House.

The per capita income of my constituency is less than 50 per cent of the average of the State. The stunting among the children under five years is 58 per cent in Yadgir and 40 per cent in Raichur. Anaemia among women of 15 to 18 years is 62 per cent in Yadgir and 64 per cent in Raichur. According to the Multidimensional Poverty Index, about 26 per cent poverty is there in Yadgir and 21 per cent is in Raichur. The State's average is just 7.5 per cent. My region is very backward.

We have only two specific demands which have already been realised but not been fructified. One is AIIMS. An AIIMS has already been granted by this Government in 2021-22. But still, it is not functional. It is high time that it is made functional. I request the Ministry to take it up immediately.

Another long-pending demand is for an airport. Our former Prime Minister Nehru ji made an emergency landing in our airport way back. We have enough available area. The Ministry of Civil Aviation could have announced it in the Budget.

(ends)

(1955/NK/RP)

1955 बजे

**श्रीमती कमलजीत सहरावत (पश्चिम दिल्ली) :** माननीय अध्यक्ष जी, आपने मुझे 18वीं लोक सभा में बजट के पक्ष में बोलने का मौका दिया, आपका धन्यवाद। मैं सर्वप्रथम पश्चिमी दिल्ली की जनता का बहुत धन्यवाद करती हूं, जिन्होंने मौका दिया कि मैं इस ऐतिहासिक लोक सभा का हिस्सा बन पायी। मैं दिल्ली की जनता का भी बहुत धन्यवाद करना चाहती हूं जिन्होंने राजधानी क्षेत्र के सातों सांसदों को तीसरी बार दिल्ली में जीता कर इस बात को साबित किया कि आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी देश को जिस दिशा में लेकर जा रहे हैं, देश उससे सहमत हैं।

आदरणीय अध्यक्ष जी, वित्त मंत्री जी ने ऐतिहासिक रूप से सातवीं बार बजट पेश किया है, लेकिन यह महत्वपूर्ण है कि बजट भी बहुत ऐतिहासिक है। देश 11वें नम्बर से 5वें नम्बर पर पहुंचा है। इन पिछले पांच सालों में उनके द्वारा प्रस्तुत बजट से हमारा देश स्टार्ट-अप का पांचवें नम्बर का सबसे बड़ा इको-सिस्टम बनकर विश्व के सामने आया है। मैं उनका बहुत धन्यवाद करना चाहती हूं।

एक महिला होने के नाते मैं आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का बहुत धन्यवाद करना चाहती हूं। आधी आबादी को अपने निर्णयों से आर्थिक विकास के साथ आत्मसम्मान दिलाने का प्रयास अगर किसी प्रधानमंत्री ने स्पष्ट रूप से दिखाया है तो वह देश के प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी हैं। अगर दस साल पहले महिला एवं बाल विकास मंत्रालय का बजट देखें तो वह मात्र 20 हजार करोड़ रुपये होता था, जिसे इन दस सालों में बढ़ाकर 26 हजार करोड़ रुपये कर दिया गया है। पहले फेज में आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने कहा कि वीमेन डेवलमेंट के ऊपर बात होगी, अब नया फेज है, इसमें वीमेन लेड डेवलपमेंट के ऊपर बात रखी गई है, केवल बात नहीं रखी गई है बल्कि अपने निर्णयों में उन्होंने इस बात को साफ किया है जिसे आदरणीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी ने रखा है।

मिनिस्ट्री ऑफ वीमेन चाइल्ड एंड डेवलपमेंट वर्किंग वूमेन हॉस्टल के साथ क्रेचेज भी बनेंगे, सेल्फ हेल्प ग्रुप में 83 लाख सेल्प हेल्प ग्रुप बने हैं। उसमें 9 करोड़ महिलाएं खुद को इन्वोल्व कर पायी हैं, इससे ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष वृद्धि हुई है। एक करोड़ बहनों को लखपति दीदी बनाने का प्रधानमंत्री जी का जो सपना है, उसे वित्त मंत्री जी ने रखा है। हमारा बजट उस तरफ अग्रसर है, यह हम देख पा रहे हैं। विश्व की सबसे बड़ी योजना स्वास्थ क्षेत्र की आयुषमान योजना है, उसमें आशा वर्कर्स और आंगनबाड़ी वर्कर्स, जिसमें सबसे ज्यादा महिलाएं थीं, 10 लाख महिला आशा वर्कर्स और 13 लाख आंगनबाड़ी

बहनों को इससे फायदा होगा। पीएम मुद्रा लोन योजना 10 लाख से 20 लाख की है, मैं विशेष रूप से प्रधानमंत्री जी का धन्यवाद करना चाहती हूं क्योंकि 27 लाख करोड़ रुपये का लोन दिया गया, उसमें 70 प्रतिशत महिलाओं ने इस लोन को खुद के लिए रजिस्टर किया है, उनका बहुत-बहुत धन्यवाद।

तीन करोड़ पीएम आवास योजना के अंतर्गत घर दिए गए और यह बहुत खुशी की बात है कि इसमें 70 प्रतिशत ज्वाइंट 26.6 अकेली महिलाओं के नाम घर का इंटाइटलमेंट हुआ है, जो महिलाओं को आत्मसम्मान की तरफ ले जाता है। एलपीजी कनेक्शन 10 करोड़ 33 लाख उज्ज्वला कनेक्शन मिला, जिसमें बचत और स्वास्थ्य भी है। अनेक ऐसे काम हुए हैं, पीएचडी की इनरॉलमेंट एक करोड़ हुई है, लेकिन मैं एक बात और कहना चाहूंगी, क्योंकि समय बहुत कम है, आपने जो समय दिया है, उसमें कन्कलूड करते हुए यह बात जरूर कहूंगी सिर्फ बजट में आर्थिक रूप से महिलाओं को सम्मान नहीं मिलता। आत्मसम्मान प्रधानमंत्री जी ने दिया है, हज पर हमारी मुस्लिम बहनें अकेले नहीं जा सकती थीं, उन्हें पुरुष और समूह में जाना कम्पलसरी था, इस कन्डीशन को हटाकर वर्ष 2023 में हमारे देश की मुस्लिम बहनें जो हज पर गई हैं, उनकी संख्या चार हजार है। लेडी विदाउट मेरहम स्कीम के अंतर्गत गई हैं, इसके लिए आदरणीय प्रधानमंत्री जी को बहुत धन्यवाद देती हूं।

(2000/SK/NKL)

दिल्ली में मोहल्ला क्लिनिक और अस्पताल के नाम पर दिल्ली सरकार ने लोगों को भगवान भरोसे छोड़ने का काम किया। दिल्ली में एम्स, आरएमएल, सफदरजंग आदि सात अस्पताल हैं, आदरणीय वित्त मंत्री जी ने इस संबंध में 10,500 करोड़ रुपये का बजट प्रोविजन किया है, मैं उनका धन्यवाद करती हूं। दिल्ली में 1080 सरकारी स्कूल हैं, जिनमें 300 में साईंस नहीं है, लेकिन दिल्ली वाले सौभाग्यशाली हैं कि छ: संस्थाओं के लिए, दिल्ली यूनिवर्सिटी आदि के लिए 5200 करोड़ रुपये दिए गए हैं।

महोदय, माननीय प्रधान मंत्री जी पर सामने से बहुत सवाल उठाए गए हैं। उनके किए हुए कर्मों से आज हम तीसरी बार यहां पर हैं। मैं एक बात कहना चाहती हूं-

शब्दों का एक सवेरा हूं, इंकलाब लिखता हूं,
अपने स्वर्ण हिंद के विकास का सच्चा ख्वाब लिखता हूं।
माना सवाल बहुत उठाते हैं मुझ पर ये सामने वाले,
लेकिन मैं अपने कर्मों से उनका जवाब लिखता हूं।

महोदय, मैं केवल दो बातें कहकर अपनी वाणी को विराम दूंगी। दिल्ली में प्रदूषण के जो हालात हैं, आदरणीय वित्त मंत्री जी ने जिस तरह से मेट्रो के लिए बजट दिया है, रेल के लिए 3000 करोड़ रुपये का बजट दिया है, मैं उनका धन्यवाद करना चाहती हूं।

महोदय, सामने से बोला गया कि सरकार ने क्या किया है। मैं आपके माध्यम से बताना चाहती हूं कि सामने वालों को पोलियो की दवाई लाने में 18 साल लग गए, लेकिन कोविड के दौरान कोविड की दवाई लाने का यह सदन गवाह बना, आप भी गवाह बने। हम भाग्यशाली हैं कि तीसरी बार मोदी सरकार के समय में तीन गुना शक्ति और तीन गुना गति से विश्व की तीसरी अर्थव्यस्था बनने की तरफ बढ़ेंगे। आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद।

(इति)

**माननीय अध्यक्ष**: सभा की कार्यवाही मंगलवार, दिनांक 30 जुलाई, 2024 को प्रात: 11 बजे तक के लिए स्थगित की जाती है।

2002 बजे

तत्पश्चात लोक सभा मंगलवार, 30 जुलाई 2024/ 8 श्रावण 1946 (शक) के ग्यारह बजे तक के लिए स्थगित हुई।